Vijaya™

# निर्देशन एवं परामर्श

## ( Guidance and Counselling )

Dr. MANJU JAIN
Mrs. SUDESH GUPTA

VIJAYA PUBLICATIONS
LUDHIANA

# निर्देशन एवं परामर्श

# (Guidance and Counselling)

**For B.Ed. & M.Ed. Students**

PT. SITA RAM ... COLLEGE
LIBRARY
Acc. No. 3917
BHIWANI

**Dr. Manju Jain**
Principal
Vaish College of Education
ROHTAK

**Mrs. Sudesh Gupta**
Assistant Professor
Vaish College of Education
ROHTAK

**VIJAYA PUBLICATIONS**
EDUCATIONAL PUBLISHERS
546, Books Market, LUDHIANA – 141008

*Published by :*
Vijay Kumar Tandon
Vijaya Publications
546, Books Market, Ludhiana (Pb.)
Contact : 98140-67258, 97793-68600
e-mail : vijayapublication@yahoo.in

**Copyright**

This book, or part thereof, may not be reproduced in any form without the written permission of the Publisher.

**ISBN : 978-93-84004-92-7**

**PRICE ₹ 200-00**

*Printed by*
**New Simran Offset Printers**
Jalandhar

# प्राक्कथन

हमें यह पुस्तक 'निर्देशन एवं परामर्श' विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इस पुस्तक की रचना करते समय पाठ्यक्रम के प्रत्येक बिन्दु को दृष्टिगोचर किया गया है पाठ्यक्रम में किसी भी आवश्यक तत्व को छोड़ा नहीं गया है। प्रत्येक विद्यार्थी के सतर को ध्यान में रखते हुए इस पुस्तक के सभी अनिवार्य तत्वों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया है और किसी अंश को अनदेखा नहीं किया गया है पुस्तक को रोचक बनाने के लिए जीवन से सम्बन्धित व्यावहारिक उदाहरणों को प्रयुक्त किया गया है।

प्रस्तुत पुस्तक 'निर्देशन एवं परामर्श' की रचना नवीनतम् पाठ्यक्रम के अनुसार की गई है हमें पूर्ण आशा है कि विद्यार्थी इस पुस्तक को पढ़कर कम से कम समय में अधिकतर ज्ञान अर्जित कर सकेंगे।

हम उन सभी विद्वानों के प्रति जिनकी रचनाओं और कार्यों को हमने अपनी सुविधानुसार प्रयोग किया है। आभार प्रदर्शित करना अपना प्रथम कर्त्तव्य समझते हैं हम इस पुस्तक के प्रकाशक श्री विजय कुमार टंडन (विजया पब्लिकेशन, लुधियाना) के प्रति भी आभारी हैं जिन्होंने पुस्तक को थोड़े समय में अति उत्तम ढंग से प्रस्तुत किया है पुस्तक के संशोधन सम्बन्धी सभी सुझावों पर अगले संस्करण में विचार किया जाएगा।

शुभ कामनाओं सहित

*लेखकगण*

P.S.R.S.C.E.
3917
AL-12
S-4

# SYLLABUS

## GUIDANCE AND COUNSELING

**M.D.U. Rohtak & C.R.S.U. Jind**

**Time: 1:30 Hours** **Max. Marks: 50**

**(Theory: 40, Internal: 10)**

### NOTE FOR PAPER SETTER

i) Paper setter will set 5 questions in all, out of which students will be required to attempt 3 questions.

ii) Q. No. 1 will be compulsory and will carry 16 marks. There will be 2 short-answer type questions of 4 marks each to be selected from the entire syllabus.

iii) Two long answer type questions will be set from each of the two units, out of which the students will be required to attempt one question from each unit. Long-answer type questions will carry 16 marks each.

iv) All questions will carry equal marks.

### OBJECTIVES

After completion of the course, student teachers will be able to:

- explain the concepts of guidance and counseling
- demonstrate an understanding of educational, vocational and personal guidance
- recognize the need of guidance and counseling in schools
- describe various testing and non- testing techniques
- explain various services in school guidance programme
- develop the skill of administration and interpretation of psychological tests
- understand the process of organization of guidance services in schools
- know the qualities required for good Counselor

## COURSE CONTENT

## UNIT 1

### Introduction to Guidance

- Meaning , Aims and Principles of guidance
- Need of guidance (Educational, Vocational and Psychological Needs)
- Types of guidance: Educational, Vocational and Personal

## Studying and Appraising an Individual

- Meaning, Need and Importance of Studying and Appraising Individuals in Guidance
- Principles of Studying and Appraisal of students
- Testing and Non-testing Techniques for Studying and Appraisal of students

a) Testing Techniques: Intelligence tests, Aptitude Tests, and Personality Tests

b) Non-testing Techniques: Cumulative Record Cards, Case Study, Interview, Observation

## Guidance Services

- Purposes and Principles of organization of guidance Services
- Organization of guidance services at Secondary Level
- Role of Guidance Personnel (Head of the Institution, Teacher and Counselor) in organization of guidance services in School

## UNIT-2

## Introduction to Counseling

- Meaning, Aims and Principles of Counseling
- Need of Counseling
- Types/ Approaches of Counseling: Directive, Non-directive, and Eclectic.
- Counseling Interview
- Difference between guidance and counseling

## The Counselor as a Person

- Characteristics/ Qualities of Counselor
- Counselor's Professional Ethics
- Functions of Counselor

**Task & Assignment: Any one of the following (5 marks)**

- To prepare a Case study and Analysis of Case study
- To prepare Cumulative Record Cards
- Any other project/assignment given by the institution.

# SYLLABUS

## GUIDANCE AND COUNSELING

### Kurukshetra University, Kurukshetra

**Time: 1.30 Hours** | **Max. Marks: 50**
**(Theory: 40, Internal: 10)**

**NOTE FOR PAPER SETTER**

i. Paper setter will set five questions in all, out of which students will be required to attempt three questions.

ii. Q.No 1 will be compulsory and will carry 8 marks. There will be two short -answer type Questions of 4 marks each to be selected from the entire syllabus.

iii. Two long answer type question will be set from each of the two units, out of which the student will be required to attempt one question from each unit. Long- answer type questions will carry 16 marks each.

**Rationale**

The course on "Guidance and Counselling" is designed to introduce the student teacher to the study of concept of Guidance and Counselling, assessing an individual with testing and non testing techniques of guidance and organization of guidance services in the schools.

**Learning Outcomes**

After transaction of the course, student teachers will be able to:

- explain the concepts of guidance and counseling.
- describe educational, vocational and personal guidance.
- understand the need of assessing an individual.
- familiarize with testing and non-testing devices of guidance.
- get aware of the organization of guidance services in the schools.

### Course Content

### UNIT-I

1. **INTRODUCTION TO GUIDANCE**
   - Meaning, Nature and Scope
   - Principles of Guidance

- Types of Guidance : Educational, Vocational and Personal Guidance (Meaning, Need and Importance, Objectives)

**2. COUNSELING**

- Concept of Counselling, Need & Importance of Counselling
- Types of Counselling : Directive, Non-Directive and Eclectic
- Meaning and Characteristics
- Process of Counselling

**UNIT-II**

**3. STUDYING AN INDIVIDUAL**

- Need and importance of Studying an individual
- Testing and Non-testing devices for the study of an individual
- Testing : Interest Inventories and aptitude tests
- Non-Testing : Interview, Questionnaire Cumulative record card, Anecdotal record, Rating scale

**4. GUIDANCE SERVICES AND THEIR ORGANIZATION IN THE SCHOOLS:**

- Types of Guidance services
- Role of School personnel in organizing guidance services
- Role of Teacher as a counselor.

**Practicum/Sessionals**

**Any one of the following**

i. Make a study of a guidance centre. Prepare a report.

ii. Prepare a cumulative record card of a student studying at secondary level.

Prepare a report on the guidance services organized by school personnel.

# विषय-सूची


1. निर्देशन
(Guidance)
2. निर्देशन की आवश्यकता
(Need of Guidance)
3. निर्देशन के प्रकार
(Types of Guidance)
4. व्यावसायिक निर्देशन
(Vocational Guidance)
5. व्यक्तिगत निर्देशन
(Personal Guidance)
6. व्यक्ति का अध्ययन एवं मूल्यांकन
(Studying and appraising an Individual)
7. सूचना प्राप्त करने एवं व्यक्ति अध्ययन की विधियाँ
(Methods of Studying and Appraising an Individual)
8. व्यक्ति इतिहास/एकल अध्ययन
(Case Study)
9. संचित अभिलीख पत्र
(Cumulative Records)
10. अवलोकन/निरीक्षण
(Observation)
11. उपलब्धि परीक्षाएँ
(Achievement Tests)
12. बुद्धि परीक्षाएँ
(Intelligence Tests)
13. अभिरुचि परीक्षण
(Aptitude Tests)
14. रुचि
(Interest)
15. व्यक्तित्व का मापन
(Personality)
16. निर्देशन सेवाएँ तथा उनका संगठन
(Guidance Services and their Organisation in Schools)
17. परामर्श तथा परामर्श साक्षात्कार का संप्रत्यय
(Concept of Counselling and Counselling Interview)
18. शैक्षिक एवं व्यावसायिक जानकारी की उपयोगिता
(Use of Educational and Occupational Information)
19. निर्देशन कार्यक्रम में अध्यापक की भूमिका
(Role of the Teacher in the Guidance Programme)

1

CHAPTER

# निर्देशन

## (Guidance)

"Guidance is a help or advice given to subject e.g. a child or a young person, especially by super in authority : Moral, Spiritual and Vocational."

"निर्देशन एक सलाह या सहायता है जो नैतिक, आध्यात्मिक एवं व्यवसायिक क्षेत्र में बड़ों के द्वारा छोटों को दी जाती है।"

मानव समाज के आरम्भ से लेकर अब तक के विकास पर दृष्टि डाली जाए तो हम पाएँगे कि व्यक्ति का जीवन इतना जटिल कभी भी नहीं रहा, जितना कि आज है। जैसे-जैसे मनुष्य समाज के सम्पर्क में आता है, वह अपने आप को अनेकों समस्याओं से घिरा हुआ पाता है। घर में, विद्यालय में, समाज में और अपने रोज़मर्रा के कार्यों में प्राय: वह निर्देशन की आवश्यकता अनुभव करता है। (अत: व्यक्ति के समुचित विकास एवं समाज के मध्य समायोजन के लिए निर्देशन एवं परामर्श की आवश्यकता पर काफी बल दिया जा रहा है।)

आधुनिक मानव, जीवन की व्यक्तिगत तथा सामाजिक जटिलताओं व समस्याओं से जूझ रहा है तथा अपने वातावरण के साथ सामंजस्य करने की कोशिश कर रहा है। अपनी समस्याओं को सुलझाने में मनुष्य दूसरों से निर्देशन प्राप्त करता है। निर्देशन किसी न किसी रूप में चला आ रहा है। महापुरुषों के उपदेश, धार्मिक व नैतिक कथाएँ, पंचतंत्र कहानियाँ आदि निर्देशन के ही उदाहरण हैं। प्राचीन समय में बुजुर्ग, मित्र एवं सहयोगी अनौपचारिक ढंग से निर्देशन दिया करते थे। निर्देशन का वर्तमान सुगठित एवं औपचारिक रूप 20वीं सदी की देन है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1947 ई० से भारतीय परिस्थितियों में भी काफी परिवर्तन हुआ है। स्वतंत्र भारत में शिक्षा एवं उचित व्यवसाय चुनने तथा अन्य क्षेत्रों में युवा वर्ग का मार्गदर्शन करने के लिए अनेक औपचारिक संस्थाएँ स्थापित की गई हैं। नई शिक्षा नीति तथा भारतीय सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रकाशित 'प्रोग्राम आफ एक्शन' के द्वारा भी निर्देशन की महत्ता की झलक मिलती है। आदिकाल में मानव जीवन का स्वरूप साधारण व सरल तथा आवश्यकताएँ सीमित थीं।

बच्चे घरों से अभिभावकों द्वारा ही हर क्षेत्र में निर्देशन प्राप्त कर लेते थे। परन्तु समय परिवर्तनशील है, शिक्षा के क्षेत्र में तथा मानव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में क्रान्ति आने से निर्देशन का स्वरूप व महत्व भी बदल गया है। आधुनिक समय में जीवन के हर पहलू में निर्देशन का अपना विशेष महत्व है। प्राथमिक स्तर की शिक्षा से लेकर उच्च स्तर की शिक्षा तक तथा विज्ञान, वाणिज्य, कला, इंजीनियरिंग तथा डाक्टरी क्षेत्र में चयन करने तथा रोज़गार उन्मुख शिक्षा प्राप्ति में निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। आज विश्व का हर विकसित एवं विकासशील राष्ट्र अपने नागरिकों तथा छात्रों को हर क्षेत्र में अधिक से अधिक निर्देशन देने की कोशिश कर रहा है।

## निदेशन का अर्थ
## (Meaning of Guidance)

निर्देशन का अर्थ है पथप्रदर्शन करना, निर्देशन करना या संकेत करना। यह एक व्यक्तिगत कार्य है, जो किसी व्यक्ति को उसकी समस्याओं के समाधान के लिए दिया जाता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें अनुभवी व्यक्ति अनुभव हीन प्राणी को निर्देशित करता है। यह आदेश से भिन्न है। आदेश में अधिकार होता है और निर्देशन में सलाह अर्थात् किसी व्यक्ति की रुचि, योग्यता व क्षमता को ध्यान में रखते हुए उसके आधार पर पथ-प्रदर्शन करना ही निर्देशन कहलाता है।

निर्देशन, व्यक्ति को बुद्धिमतापूर्ण चयन एवं समायोजन के लिए दी गई एक प्रकार की सहायता है। यह इस सिद्धान्त पर आधारित है कि सभी व्यक्तियों को अपना जीवन जीने की शैली का चयन करने का अधिकार है। यह चयन दूसरे के अधिकार क्षेत्र में अवरोध उत्पन्न करने वाला नहीं होना चाहिए। चयन की योग्यता जन्मजात नहीं होती। इस योग्यता का भी अन्य योग्यताओं के साथ विकास होता है।

## निर्देशन की परिभाषाएँ
## (Definitions of Guidance)

निर्देशन के विषय में विभिन्न शिक्षा-शास्त्रियों ने निम्नलिखित परिभाषाएँ दी हैं-

समाज के प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी रूप में निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है।

**स्किनर (Skinner) के अनुसार**–"निर्देशन नवयुवकों को अपने आप को, दूसरों से और परिस्थितियों से सामंजस्य करना सीखने के लिए सहायता देने की प्रक्रिया है।"

**क्रो और क्रो (Crow & Crow) के अनुसार**–"निर्देशन किसी को दी जाने वाली व्यक्तिगत सहायता है जो उसे अपने स्वयं के जीवन के कार्यों को, दृष्टिकोणों को, निर्णयों को और उत्तरदायित्वों को निभाने में सहायता देता है।"

"Guidance enables the individual to achieve maximum possibilities of self guidance and security both in economic field and in social field." **(Crow and Crow)**

**जोन्स (Jones) के अनुसार**–''निर्देशन किसी के द्वारा दी जाने वाली व्यक्तिगत सहायता है जो व्यक्ति को दिशा चुनने और जीवन की समस्याओं का समाधान करने में सहायता करती है।''

"Guidance involves personal help given by some one to assist a person to solve problems that arise in his life. It is the growth of the individual in self-direction." **(Arther J. Jones)**

**जेम्स (James) का कहना है**–''निर्देशन का केन्द्र बिन्दु व्यक्ति है न कि उसकी समस्यायें। इसका उद्देश्य व्यक्ति का स्वदिशा में विकास है।''

"The focus of guidance is the individual, not his problems. Its purpose is to promote the growth of the individual in selfdirection."

**कुप्पूस्वामी (Kuppuswamy) के अनुसार**–''निर्देशन व्यक्तियों को अपने समायोजन की समस्याओं में सहायता देने की प्रक्रिया है।''

"Guidance is the process of helping a person with his problems of adjustment."

**प्रौक्टर (Procter) के अनुसार**–''निर्देशन एक ऐसी सेवा है जो व्यक्ति को स्कूल या उसके बाहर के वातावरण में समायोजन करने के लिए दी जाती है।''

"Guidance is a service designed to help an individual or a group of individual in making necessary adjustment to the environment whether that be within the school or outside it."

**एमरीस्टूप्स (Emerystoops)**–''निर्देशन एक ऐसी निरन्तर क्रिया है जो व्यक्तिगत तथा सामाजिक दृष्टि से अधिकतम विकास करने में सहायता प्रदान करती है।''

**हसबैंड (Husband) के अनुसार**–''निर्देशन व्यक्ति को भावी जीवन के लिए तैयार करता है तथा समाज के साथ समायोजित करने में सहायता देता है।''

**कोठारी शिक्षा आयोग (Kothari Education Commission 1964-1966) ने भी कहा है**–''निर्देशन शिक्षा का एक अभिन्न अंग है। इसका अर्थ बड़ा व्यापक है। शैक्षिक तथा व्यावसायिक चुनाव के अतिरिक्त यह व्यक्ति को शिक्षण संस्थाओं की परिस्थितियों के साथ समंजन करने में सहायता प्रदान करता है। निर्देशन का उद्देश्य व्यक्तित्व का पूर्ण विकास करना है। निर्देशन एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य समय-समय पर निर्णय लेने में व्यक्ति की सहायता करना है।''

यदि हम निर्देशन की उपरोक्त सभी परिभाषाओं को ध्यानपूर्वक पढ़ें तो इन परिभाषाओं के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

–निर्देशन एक प्रक्रिया है जो एक व्यक्ति के माध्यम से दूसरे व्यक्ति को प्राप्त होती है।

–निर्देशन व्यक्ति को स्वनिर्देश देती है ताकि वह अपनी आन्तरिक शक्तियों को एवं

लक्ष्यों को जान सके तथा निर्णय ले सके। इस प्रक्रिया में अवलोकन, परीक्षण, साक्षात् आदि विधियाँ विद्यमान हैं।

–निर्देशन की प्रक्रिया समग्र जीवन से सम्बन्धित है।

–निर्देशन व्यक्ति को अपने पर्यावरण के साथ समायोजन करने में सहायता प्र करता है जिससे वह आत्मविकास की ओर अग्रसर रहता है।

–निर्देशन जीवनपर्यन्त सतत् चलने वाली प्रक्रिया है जिसके माध्यम से वह अधि सजग, सक्रिय, सन्तुलित एवं सामान्य तथा विशिष्ट सेवा का अवसर प्राप्त करता है।

–निर्देशन व्यक्ति और समाज के कल्याण के लिए दिया जाता है।

## निर्देशन की विशषताएँ

## (Characteristics of Guidance)

**निर्देशन की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–**

1. निर्देशन हमारा ध्यान व्यक्ति पर केन्द्रित करता है समस्याओं पर नहीं।

2. निर्देशन मनुष्य को भावी जीवन के लिए तैयार करता है।

3. निर्देशन एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है।

4. निर्देशन व्यक्ति की रुचि, क्षमता और योग्यता को ध्यान में रखकर दिया जाता है।

5. निर्देशन मनुष्य को आत्म विकास की ओर अग्रसर करता है।

6. निर्देशन व्यक्ति और समाज की भलाई के लिए विशिष्ट और सामान्य सेवा प्रदान करता है।

7. निर्देशन के द्वारा व्यक्ति का संतुलित विकास होता है।

8. निर्देशन व्यक्ति को अपने वातावरण के साथ समायोजन करने में सहायता प्रदान करता है।

9. निर्देशन व्यक्ति को शैक्षिक, व्यावसायिक तथा सामुदायिक क्रियाओं के चयन तथ प्रगति में सहायता प्रदान करता है।

10. निर्देशन वह प्रक्रिया है जो व्यक्तियों को उचित अवसर के लिए उचित स्थान प उचित समय पर उचित ढंग से सहायता देती है।

**निर्देशन की विशेषताएँ (Characteristics of Guidance)**

1. व्यक्ति पर ध्यान केन्द्रित
   (Focus on Individual)
2. भावी जीवन के लिए तैयारी
   (Preparation for future life)
3. निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया
   (Continues process)
4. व्यक्ति की रुचि एवं क्षमता का ध्यान
   (Take care of Interest and abilities of a person)
5. आत्म विकास पर बल
   (Focus on self development)
6. व्यक्ति एवं समाज की सेवा पर बल
   (Focus on social service)
7. संतुलित विकास को बढ़ावा
   (Harmonious development)
8. वातावरण के साथ समायोजन में सहायता
   (Adjustment with the environment)
9. प्रगति में सहायक
   (Helps in progress)
10. उचित सहायता प्रदान करना
    (Adequate Help)

संक्षिप्त में यह कहा जा सकता है कि निर्देशन जीवन के लक्ष्य निश्चित करने में, सामंजस्य स्थापित करने में तथा सभी तरह की समस्याओं को सुलझाने में सहायता करता है। यह एक प्रकार की निजी सहायता है जो एक व्यक्ति के द्वारा दूसरे व्यक्ति को दी जाती है। जैसे यदि एक पिता अपने पुत्र को उसकी किसी समस्या को सुलझाने में सहायता करता है तो इसे हम पिता के द्वारा पुत्र को दिया गया निर्देशन कहेंगे। निर्देशन एक परामर्श के रूप में होता है जिससे निर्देशित व्यक्ति को विभिन्न परिस्थितियों में अनुकूलन करने में सहायता मिलती है। जो व्यक्ति अपनी परिस्थितियों से समझौता नहीं कर पाता वह स्वयं भी दुःख उठाता है और दूसरों को भी दुःख देता है। निर्देशन व्यक्ति को भावी जीवन के लिए तैयार करके भविष्य में उत्तरदायित्व निभाने की योग्यता विकसित करता है। भिन्न-भिन्न समय में एक ही व्यक्ति पिता, पुत्र, पति, अध्यापक,

कार्य करता है। जो व्यक्ति समाज में अप मित्र तथा देश के नागरिक की स्थिति में कार्य करता है। जो व्यक्ति समाज में अप स्थिति के अनुकूल कार्य करता है उसे समाज में फिट समझा जाता है। निर्देशन के द्वा उसे यह पता लगता है कि उसे किस तरह की शिक्षा लेनी है, कौन से विषय चुनने तथा कौन-सा व्यवसाय अपनाकर अपने भावी जीवन को सुखमय बनाना है। सुयो नागरिक बनकर ही वह देश की सेवा कर सकता है। अत: हम देखते हैं कि निर्देश लक्ष्य की प्राप्ति में आने वाली समस्याओं को सुलझाने में सहायता करता है।

## निर्देशन एवं परामर्श में अन्तर

## (Difference between Guidance and Counselling)

विद्वानों ने निर्देशन तथा परामर्श को समानार्थी माना है। निर्देशन एक व्यापक शब्द है। परामर्श निर्देशन का एक भाग है जिसका सम्बन्ध विद्यार्थियों की समस्याओं से होता है।

निर्देशन एवं परामर्श के अन्तर को स्पष्ट करते हुए **ट्रैक्सलर (Traxler)** ने कहा है कि ''निर्देशन एवं परामर्श दोनों एकार्थवाची शब्द नहीं हैं। परामर्श निर्देशन में समाविष्ट है। परामर्श की प्रक्रिया में साक्षात्कार एवं मूल्यांकन का प्रयोग साधन के रूप में होता है।''

"The term guidance and counselling are not synonymous. Guidance includes counselling. In the process of counselling, testing and interviewing are the tools.

**ट्रैक्सलर (Traxler) के अनुसार**–''निर्देशन के अन्तर्गत वे सभी अनुभव एवं क्रिया-कलाप सम्मिलित हैं जो व्यक्ति को अपने को समझने तथा निर्णय लेने में सहायता देती है। परामर्श विद्यार्थियों में निहित सम्भावनाओं को उच्चतम स्तर तक विकसित करने में दी गई सहायता है।''

निर्देशन एक व्यापक प्रक्रिया है किन्तु परामर्श इसका महत्वपूर्ण अंग है। परामर्श के बिना निर्देशन का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। परामर्श में विभिन्न विधियों द्वारा व्यक्तियों का अध्ययन किया जाता है। परामर्श में केन्द्र बिन्दु विशिष्ट व्यक्ति है। परामर्श मुख्यत: व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावात्मक समस्याओं को हल करने में व्यक्ति को सहयोग देना है जबकि निर्देशन का सम्बन्ध व्यक्तिगत समस्याओं के साथ-साथ, शैक्षिक, व्यावसायिक एवं अन्य समस्याओं से भी होता है।

## निर्देशन एवं परामर्श में अन्तर
## (Difference b/w Guidance and Councelling)

| निर्देशन | परामर्श |
|---|---|
| 1. निर्देशन विस्तृत एवं सकलनात्मक है। | 1. परामर्श संकीर्ण एवं गहराई लिए होता है। |
| 2. निर्देशन बाह्य प्रक्रिया है तथा मनुष्य की उपलब्ध समाधानों को समझने एवं चुनने में सहायता करता है। | 2. परामर्श मनुष्य की स्वयं को समझने एवं आत्म विश्लेषण करने में सहायता करता है ताकि वह समस्या को समझ कर उचित समाधान का चयन कर सके। |
| 3. निर्देशन का व्यापक क्षेत्र है। | 3. परामर्श निर्देशन का एक भाग है। |
| 4. निर्देशन की प्रकृति बचावकारी एवं प्रगतिशील है। | 4. परामर्श बचावकारी एवं प्रगतिशील के साथ-साथ उपचारात्मक भी है। |
| 5. इसका सम्बन्ध विद्यार्थियों के बौद्धिक पक्ष से है। | 5. परामर्श का सम्बन्ध विद्यार्थियों के संवेगात्मक पक्ष से है। |
| 6. निर्देशन मुख्यत: शिक्षा कैरियर एवं व्यक्तिगत समस्याओं के लिए दिया जा सकता है। | 6. परामर्श आमतौर पर व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के लिए दिया जाता है। |

## निर्देशन की प्रकृति ( स्वरूप )
## (Nature of Guidance)

निर्देशन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक अनुभवी व्यक्ति अपने व्यक्तिगत, शैक्षिक, व्यावसायिक और सामाजिक ज्ञान से दूसरों की सहायता करता है। निर्देशन एक माली की भांति है जो अपने बगीचे के छात्र रूपी पौधे के विकास की प्रक्रिया में सहायता करता है। निर्देशन की प्रकृति दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक परिप्रेक्ष्य से आंकी जा सकती है। निर्देशन दार्शनिक रूप में व्यक्ति के पूर्ण विकास का संरक्षक है तथा जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। मनोवैज्ञानिक रूप में यह अन्त: क्रियात्मक व्यापार है जिसके द्वारा एक विशेषज्ञ अनुभवहीन व्यक्ति को ज्ञान देता है जो उसे सामाजिक, व्यावसायिक एवं शैक्षिक परिस्थितियों से समायोजित करने में सहायता कर सके।

सामाजिक रूप में निर्देशन एक सामाजिक कार्य है जिसके द्वारा एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का सहायक बन कर कल्याण करता है।

निर्देशन का सम्बन्ध व्यक्तियों के व्यक्तित्व सम्बन्धी शारीरिक, मानसिक, आत्मिक विकास से है। निर्देशन के द्वारा जब व्यक्ति को अपने बारे में जानकारी मिलती है तो

उसका वस्तुनिष्ठ स्वरूप निखरता है। जब व्यक्ति परामर्श करके व्यक्तिगत पूछताछ को प्राथमिकता, देते हैं तब उनका आत्मनिष्ठ रूप निखरता है। निर्देशन में व्यक्ति और समाज दोनों के कल्याण पर ध्यान दिया जाता है, इसलिए यह एक सामाजिक प्रक्रिया है। निर्देशन में व्यक्ति की समस्याओं का समाधान किया जाता है तथा उसकी आवश्यकता के अनुकूल परामर्श दिया जाता है। निर्देशन क्रिया बहुपक्षीय होती है इसमें साक्षात्कार, निदानात्मक मल्यांकन, सूचनाओं का संकलन आदि सभी पद्धतियाँ एक साथ प्रयुक्त होती हैं। निर्देशन की कार्य पद्धति व्यक्ति या समूह दोनों पर केन्द्रित होती है। हम देखते हैं निर्देशन किसी विशेष आयु वर्ग तक सीमित नहीं है। यह स्वभावत: सहायता परक, परामर्शदायिनी तथा निरोधात्मक प्रक्रिया है।

## निर्देशन का विषय क्षेत्र
## (Scope of Guidance)

निर्देशन का विषय क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। इसके अध्ययन क्षेत्र में शैक्षिक, व्यक्तिगत, सामाजिक, स्वास्थ्य तथा व्यावसायिक निर्देशन आता है। शैक्षिक निर्देशन द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा सम्बन्धी समायोजन और चुनाव के लिए सहायता दी जाती है। शैक्षिक निर्देशन द्वारा छात्रों को विद्यालय प्रवेश के समय उचित मार्गदर्शन देना, अध्ययन सम्बन्धी बातें वताना, शिक्षा की योजना बनाना सिखाना, अध्ययन की उचित विधियाँ बतलाना, पुस्तकालय का उत्तम प्रयोग करना सिखाना तथा उच्च शिक्षा संस्थाओं की सूचना देना इत्यादि सिखाया जाता है।

**व्यावसायिक निर्देशन (Vocational Guidance)**–व्यावसायिक निर्देशन से अभिप्राय छात्रों को किसी व्यवसाय के चुनाव की तैयारी तथा नौकरी में सफलता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन से है। व्यावसायिक निर्देशन द्वारा छात्रों को विभिन्न व्यवसायों के लाभ और हानि बतलाना, व्यवसाय चुनने में सहायता करना तथा व्यवसाय के प्रति उनकी विशेष रुचि उत्पन्न करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण देने वाले विद्यालयों की सूचना प्राप्त करने में सहायता देना है।

**व्यक्तिगत निर्देशन (Individual Guidance)**–इसका सम्बन्ध उन व्यक्तिगत कठिनाइयों से है जिनका अनुभव छात्र अपने अनुभवकाल में करते हैं। इस निर्देशन के अन्तर्गत छात्रों को अध्ययन में तथा व्यक्तित्व सम्बन्धी समस्याओं का समाधान करने में व्यक्तिगत रूप से पथ-प्रदर्शन किया जाता है। छात्रों को अपने वातावरण से समायोजन करने में व्यक्तिगत रूप से पथ-प्रदर्शन करना व्यक्तिगत निर्देशन का लक्ष्य है।

**स्वास्थ्य निर्देशन (Health Guidance)**–इसके अन्तर्गत छात्रों को उनके परिवार तथा समाज के स्वास्थ्य और सुरक्षा से सम्बन्धित ज्ञान देना है। छात्रों को स्वस्थ जीवन व्यतीत करने के लिए उचित आदतों का परामर्श देना, प्राथमिक उपचार की सूचना देना, शारीरिक दोषों को दूर करने के लिए प्रशिक्षण, यौन शिक्षा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करने में सहायता करना है।

**सामाजिक निर्देशन (Social Guidance)**–इसके अन्तर्गत छात्रों को समाज तथा नागरिकता सम्बन्धी बातों का निर्देशन दिया जाता है जैसे सामाजिक व्यवहार के बारे में सूचना प्रशिक्षण देना, नागरिकता के सम्बन्ध में परामर्श देना तथा सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करना। छात्रों को भावी जीवन सम्बन्धी ज्ञान देकर उसको सुयोग्य नागरिक बनाने में सामाजिक निर्देशन का बहुत बड़ा हाथ है।

निर्देशन के विषय क्षेत्र में विभिन्न सेवाएँ जैसे काउन्सेलिंग सर्विस, प्लेसमेंट, फालोअप, मूल्यांकन तथा अनुसंधान इत्यादि आते हैं। इनके अतिरिक्त निर्देशन के विषय क्षेत्र में समाज शास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शन, सांख्यकी, अर्थशास्त्र तथा विज्ञान आदि की विभिन्न विधियों का भी समावेश होता है। अतः देखा जाता है कि मानव जीवन का कोई भी पक्ष–सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक, भौतिक, वैज्ञानिक, शैक्षिक तथा व्यावसायिक निर्देशन के स्पर्श से अछूता नहीं रह पाया है। आज के इस व्यस्त जीवन की बढ़ती हुई जटिलताओं में हर प्रकार की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर पग पर, हर स्थल पर निर्देशन की महत्ता अनुभव की जाती है। इस प्रकार निर्देशन का क्षेत्र समुद्र की तरह अपार तथा असीमित है।

## निर्देशन के उद्देश्य
## (Aims of Guidance)

निर्देशन सेवाओं के उद्देश्य भी शिक्षा के उद्देश्यों के समान ही हैं। ये शैक्षिक कार्यक्रमों को मजबूत एवं अधिक गतिशील बनाने में सहायता करते हैं। निर्देशन एक प्रकार की सेवा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को उसकी योग्यता, रुचि और अवसर के अनुकूल चुनाव करने में सहायता देना है। छात्र क्योंकि अल्प आयु होते हैं, उन्हें जीवन का अनुभव नहीं होता न ही वे उचित चुनाव कर पाते हैं। चुनाव के साथ-साथ वे अपनी दैनिक समस्याओं का समाधान भी ठीक से नहीं कर पाते। छात्रों को व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान करने में निर्देशन सहायता करता है। निर्देशन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं–

**निर्देशन के उद्देश्य (Aims of Guidance)**

1. व्यक्ति का आत्म निर्देशन करना
2. अपनी योग्यताओं, रुचि एवं प्रतिभा को समझने में सहायता करना
3. सामाजिक जागरूकता लाना
4. समायोजन की समस्या का हल करना
5. निर्णय क्षमता का विकास करना
6. शैक्षिक एवं व्यवसायिक अवसरों की जानकारी
7. निहित योग्यताओं एवं शक्तियों से परिचित कराना
8. निहित विशेषताओं का विकास करना

**1. व्यक्ति का आत्म निर्देशन करना (Self direction or Guidance)**–निर्देशन का उद्देश्य व्यक्ति का आत्म निर्देशन करना है। निर्देशन के द्वारा व्यक्ति को अपनी क्षमता, रुचि व आवश्यकता का आत्म ज्ञान मिलता है। इसी के माध्यम से व्यक्ति अपनी छुपी हुई क्षमता, गुणों व प्रतिभा को पहचान कर आत्मविकास एवं वृद्धि के मार्ग पर बढ़ता है।

**2. अपनी योग्यताओं, रुचि एवं प्रतिभा को समझने में सहायता करना (It helps in understanding abilities interest of an individual)**–निर्देशन का उद्देश्य व्यक्ति को अपनी योग्यता के अनुकूल शैक्षिक एवं व्यावसायिक ज्ञान देना है, अर्थात् उपयुक्त व्यक्ति द्वारा व्यवसाय का चुनाव करने में सहायता करना है। निर्देशन का उद्देश्य प्रत्येक को अपनी आवश्यकता एवं क्षमता के अनुकूल अध्ययन विषय एवं पाठ्यक्रम चुनने में सहायता करना है। आज दसवीं कक्षा के पश्चात् विषयों में विभिन्नता पाई जाती है, निर्देशन छात्रों को उपयुक्त वैकल्पिक विषयों का चुनाव करने में सहायता करता है, क्योंकि हर छात्र की रुचि, आवश्यकता एवं क्षमता भिन्न-भिन्न होती हैं।

**3. सामाजिक जागरूकता लाना (To develop Social Awareness)**–आज समाज काफी जटिल बनता जा रहा है। निर्देशन का उद्देश्य सामाजिक जागरूकता द्वारा समाज कल्याण की भावना जागृत करके सामाजिक तनाव में कमी लाने के लिए मार्गदर्शन करना है।

**4. समायोजन की समस्या का हल करना (To help in solving the problem of adjustment)**–आज हमारे जीवन का हर पक्ष व्यक्तिगत, सामाजिक, शैक्षिक एवं व्यासायिक रूप से जटिल होता जा रहा है, इन सभी के साथ समायोजन की समस्याएं भी बढ़ती जा रही हैं, चाहे विद्यालय हो या कारखाना, घर हो या कार्यालय, चारों तरफ समस्याओं की विविधता बढ़ती जा रही है। निर्देशन का उद्देश्य व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, भावात्मक एवं सामाजिक उन्नति में सहायता करना है, जिससे वह अपने को वातावरण के साथ समायोजित कर सके।

**5. निर्णय क्षमता का विकास करना (To Develops Decision making power)**–निर्देशन का मुख्य कार्य व्यक्तियों में निर्णय क्षमता का विकास करना है। उचित निर्देशन के द्वारा व्यक्ति को उचित निर्णय लेने में बहुत सहायता मिलती है। इसके द्वारा ही वह अपने लिए उचित व्यवसाय, उचित शिक्षा का चयन कर सकता है।

**6. योग्यतानुसार शैक्षिक एवं व्यवसायिक अवसरों की जानकारी प्रदान करना (To provide information about educational and Vocational opportunities)**–निर्देशन द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षिक एवं व्यवसायिक अवसरों की जानकारी दी जा सकती है। इसके माध्यम से उन्हें यह बताया जा सकता है कि वे किस प्रकार के पाठ्यक्रम का चयन करें तथा किस प्रकार का व्यवसाय उनके लिए उपयुक्त रहेगा।

**7. व्यक्ति में निहित योग्यताओं एवं शक्तियों से परिचित कराना (To acquant with existing abilities and powers)**—जब तक किसी व्यक्ति को स्वयं में निहित शक्तियों का स्पष्ट ज्ञान न हो वह प्रगति नहीं कर सकता। निर्देशन का यह प्रमुख उद्देश्य स्वीकार किया गया है कि यह व्यक्ति में निहित योग्यताओं, क्षमताओं, कौशलों आदि से सम्बन्धित विशेषताओं से उसे परिचित कराए, जिससे वह अधिकतम वैयक्तिक एवं सामाजिक हित एवं विकास कर सके।

**8. व्यक्ति में निहित विशेषताओं के विकास में सहायता करना (To assist in the development of existing potentialities)**—निर्देशन का उद्देश्य न केवल व्यक्ति को उसमें निहित विशेषताओं से परिचित कराना है। बल्कि यह इन विशेषताओं के विकास में भी सहायता प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, शिक्षा के क्षेत्र में बालकों को विभिन्न शारीरिक प्रणालियों की क्रिया प्रणाली के साथ-साथ उचित व्यायाम एवं पौष्टिक भोजन द्वारा उन्हें कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है। यह भी बताया जा सकता है। इस प्रकार की जानकारी द्वारा वे अपने शरीर की उचित देखभाल कर सकेंगे।

**हमफरी और ट्रैक्सलर के अनुसार (Humphery and Traxler)**

निर्देशन व्यक्ति के लिए निम्नलिखित बातों में सहायक है।

1. अपने आपको समझने में।
2. अपनी रुचि, प्रतिभा, क्षमता, गुणों और योग्यता को समझने में।
3. विभिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करने में।
4. स्वयं निर्णय लेने की योग्यता का विकास करने में।
5. समाज के विकास में अपना पूरा सहयोग देने में।
6. व्यक्ति को योग्यता के अनुकूल शैक्षिक एवं व्यावसायिक अवसरों का ज्ञान देने में।
7. व्यक्ति को विभिन्न परिस्थितियों का समाधान व समायोजन करने के योग्य बनाने में।

अमेरिका की राष्ट्रीय निर्देशन समिति 1921 ने निर्देशन के निम्नलिखित उद्देश्य बताए हैं –

1. छात्रों को आवश्यकता के अनुकूल सहायता प्रदान करना।
2. छात्रों को व्यवसाय चयन, उसकी तैयारी, उसमें प्रवेश लेने और उसमें उन्नति प्राप्त करने में सहायता देना।
3. विभिन्न व्यवसायों तथा समस्याओं के बारे में ज्ञान देना।
4. सभी शिक्षण संस्थाओं में भिन्न-भिन्न शिक्षणों की व्यवस्था करना।

एन. सी. ई. आर. टी. (NCERT) द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'स्कूलों में निर्देशन' (Guidance in Schools) में बाकर मेहदी (Baqer Mehdi) ने निर्देशन के निम्न उद्देश्य बताए हैं–

**1. व्यक्ति का आत्म निर्देशन करना (Self direction or Guidance)**–निर्देशन का उद्देश्य व्यक्ति का आत्म निर्देशन करना है। निर्देशन के द्वारा व्यक्ति को अपनी क्षमता, रुचि व आवश्यकता का आत्म ज्ञान मिलता है। इसी के माध्यम से व्यक्ति अपनी छुपी हुई क्षमता, गुणों व प्रतिभा को पहचान कर आत्मविकास एवं वृद्धि के मार्ग पर बढ़ता है।

**2. अपनी योग्यताओं, रुचि एवं प्रतिभा को समझने में सहायता करना (It helps in understanding abilities interest of an individual)**–निर्देशन का उद्देश्य व्यक्ति को अपनी योग्यता के अनुकूल शैक्षिक एवं व्यावसायिक ज्ञान देना है, अर्थात् उपयुक्त व्यक्ति द्वारा व्यवसाय का चुनाव करने में सहायता करना है। निर्देशन का उद्देश्य प्रत्येक को अपनी आवश्यकता एवं क्षमता के अनुकूल अध्ययन विषय एवं पाठ्यक्रम चुनने में सहायता करना है। आज दसवीं कक्षा के पश्चात् विषयों में विभिन्नता पाई जाती है, निर्देशन छात्रों को उपयुक्त वैकल्पिक विषयों का चुनाव करने में सहायता करता है, क्योंकि हर छात्र की रुचि, आवश्यकता एवं क्षमता भिन्न-भिन्न होती हैं।

**3. सामाजिक जागरूकता लाना (To develop Social Awareness)**–आज समाज काफी जटिल बनता जा रहा है। निर्देशन का उद्देश्य सामाजिक जागरूकता द्वारा समाज कल्याण की भावना जागृत करके सामाजिक तनाव में कमी लाने के लिए मार्गदर्शन करना है।

**4. समायोजन की समस्या का हल करना (To help in solving the problem of adjustment)**–आज हमारे जीवन का हर पक्ष व्यक्तिगत, सामाजिक, शैक्षिक एवं व्यासायिक रूप से जटिल होता जा रहा है, इन सभी के साथ समायोजन की समस्याएं भी बढ़ती जा रही हैं, चाहे विद्यालय हो या कारखाना, घर हो या कार्यालय, चारों तरफ समस्याओं की विविधता बढ़ती जा रही है। निर्देशन का उद्देश्य व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, भावात्मक एवं सामाजिक उन्नति में सहायता करना है, जिससे वह अपने को वातावरण के साथ समायोजित कर सके।

**5. निर्णय क्षमता का विकास करना (To Develops Decision making power)**–निर्देशन का मुख्य कार्य व्यक्तियों में निर्णय क्षमता का विकास करना है। उचित निर्देशन के द्वारा व्यक्ति को उचित निर्णय लेने में बहुत सहायता मिलती है। इसके द्वारा ही वह अपने लिए उचित व्यवसाय, उचित शिक्षा का चयन कर सकता है।

**6. योग्यतानुसार शैक्षिक एवं व्यवसायिक अवसरों की जानकारी प्रदान करना (To provide information about educational and Vocational opportunities)**–निर्देशन द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षिक एवं व्यवसायिक अवसरों की जानकारी दी जा सकती है। इसके माध्यम से उन्हें यह बताया जा सकता है कि वे किस प्रकार के पाठ्यक्रम का चयन करें तथा किस प्रकार का व्यवसाय उनके लिए उपयुक्त रहेगा।

**7. व्यक्ति में निहित योग्यताओं एवं शक्तियों से परिचित कराना (To acquant with existing abilities and powers)**—जब तक किसी व्यक्ति को स्वयं में निहित शक्तियों का स्पष्ट ज्ञान न हो वह प्रगति नहीं कर सकता। निर्देशन का यह प्रमुख उद्देश्य स्वीकार किया गया है कि यह व्यक्ति में निहित योग्यताओं, क्षमताओं, कौशलों आदि से सम्बन्धित विशेषताओं से उसे परिचित कराए, जिससे वह अधिकतम वैयक्तिक एवं सामाजिक हित एवं विकास कर सके।

**8. व्यक्ति में निहित विशेषताओं के विकास में सहायता करना (To assist in the development of existing potentialities)**—निर्देशन का उद्देश्य न केवल व्यक्ति को उसमें निहित विशेषताओं से परिचित कराना है। बल्कि यह इन विशेषताओं के विकास में भी सहायता प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, शिक्षा के क्षेत्र में बालकों को विभिन्न शारीरिक प्रणालियों की क्रिया प्रणाली के साथ-साथ उचित व्यायाम एवं पौष्टिक भोजन द्वारा उन्हें कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है। यह भी बताया जा सकता है। इस प्रकार की जानकारी द्वारा वे अपने शरीर की उचित देखभाल कर सकेंगे।

**हमफरी और ट्रैक्सलर के अनुसार (Humphery and Traxler)**

निर्देशन व्यक्ति के लिए निम्नलिखित बातों में सहायक है।

1. अपने आपको समझने में।
2. अपनी रुचि, प्रतिभा, क्षमता, गुणों और योग्यता को समझने में।
3. विभिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करने में।
4. स्वयं निर्णय लेने की योग्यता का विकास करने में।
5. समाज के विकास में अपना पूरा सहयोग देने में।
6. व्यक्ति को योग्यता के अनुकूल शैक्षिक एवं व्यावसायिक अवसरों का ज्ञान देने में।
7. व्यक्ति को विभिन्न परिस्थितियों का समाधान व समायोजन करने के योग्य बनाने में।

अमेरिका की राष्ट्रीय निर्देशन समिति 1921 ने निर्देशन के निम्नलिखित उद्देश्य बताए हैं –

1. छात्रों को आवश्यकता के अनुकूल सहायता प्रदान करना।
2. छात्रों को व्यवसाय चयन, उसकी तैयारी, उसमें प्रवेश लेने और उसमें उन्नति प्राप्त करने में सहायता देना।
3. विभिन्न व्यवसायों तथा समस्याओं के बारे में ज्ञान देना।
4. सभी शिक्षण संस्थाओं में भिन्न-भिन्न शिक्षणों की व्यवस्था करना।

एन. सी. ई. आर. टी. (NCERT) द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'स्कूलों में निर्देशन' (Guidance in Schools) में बाकर मेहदी (Baqer Mehdi) ने निर्देशन के निम्न उद्देश्य बताए हैं–

(क) विद्यार्थियों को शिक्षा के नये उद्देश्यों से परिचित करवाने में सहायता करना।

(ख) अच्छे नियोजन की आवश्यकता से विद्यार्थियों को परिचित करवाने में सहायता करना।

(ग) विद्यार्थियों को उनकी रुचि के विषयों के चयन में सहायता देकर शिक्षा में समायोजन में सहायता करना।

(घ) विद्यार्थियों में, विषय से सम्बन्धित कठिनाइयों को दूर करके और अच्छे अध्ययन कौशलों का विकास करके शिक्षा में उन्नति करने में सहायता करना।

(ङ) विद्यार्थियों में अध्ययन के लिये उचित अभिप्रेरणा पैदा करना।

अतः हम देखते हैं कि निर्देशन का उद्देश्य व्यक्तियों का आत्मदर्शन करना, सामाजिक वातावरण में सामंजस्य करना, व्यवसाय सम्बन्धी ज्ञान देना, शैक्षिक कुशलता एवं समस्याओं के समाधान करने में सहायता प्रदान करना है।

## निर्देशन के सिद्धान्त
## (Principles of Guidance)

निर्देशन के सिद्धान्तों के बारे में अनेक विद्वानों के अलग-अलग मत हैं, क्योंकि निर्देशन एक लचीला प्रक्रम है। परन्तु कुछ सिद्धान्त ऐसे हैं जो सभी विद्वानों ने स्वीकार किए हैं। निर्देशन के मुख्य सिद्धान्त निम्नलिखित हैं–

**निर्देशन के सिद्धान्त**

1. निर्देशन सार्वभौमिक होता है।
2. निर्देशन पूर्वानुमानित होता है
3. विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता
4. कठोर नैतिक संहिता का अनुसरण
5. वैयक्तिक विभिन्नताओं का ध्यान
6. स्वनिर्देशन का विकास
7. समन्वय का सिद्धान्त
8. जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया
9. सम्पूर्ण व्यक्तित्व पर ध्यान
10. व्यक्ति के महत्त्व एवं प्रतिष्ठा की स्वीकृति
11. वस्तुगत विश्लेषण पर आधारित
12. तत्कालीन राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से परिचय
13. लचीलापन
14. सर्वांगीण विकास के सहायक
15. गोपनीयता बनाए रखना
16. व्यक्तिगत सेवा
17. निरन्तर प्रक्रिया
18. आत्म विकास पर बल
19. निर्देशन एक विशिष्ट कार्य है।
20. भविष्य के लिए नियोजन

**Diagram of Principles of Guidance**

**1. निर्देशन सार्वभौमिक होता है (Guidance is Universal)**–निर्देशन सार्वभौमिक होता है सभी विद्यार्थियों को चाहे वह किसी की जाति, मत या लिंग का हो, विकास के किसी भी स्तर पर हो, किसी भी श्रेणी जैसे प्रतिभाशाली, मन्दबुद्धि या अन्य कोई से सम्बन्ध रखता हो, उन्हें निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। निर्देशन सब के लिए होता है।

**2. निर्देशन पुर्वांनुमानित होता है (Guidance is anticipatory)**–जिस प्रकार कहा जाता है कि Prevention is better than care (इलाज से परहेज अच्छा)। उसी प्रकार निर्देशन भी पुर्वांनुमानित होता है तथा इसे किसी भी सुत्र, पाठ्यक्रम या परियोजना के शुरू होने से पहले प्रदान किया जाता है अन्त में नहीं।

**3. विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता (Special Training is required)**–जटिल मानव व्यवहार एवं जीवन की नई-नई समस्याओं को एक कुशल, दक्ष एवं प्रशिक्षित व्यक्ति ही समझ सकता है। साधारण अनुभव वाले व्यक्ति के बस का नहीं है कि वह इन समस्याओं के सम्बन्ध में उचित निर्देशन प्रदान कर सके। अत: कुशल निर्देशन के लिए निर्देशन कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए।

**4. कठोर नैतिक संहिता का अनुसरण (It follows a rigid code of ethics)**–निर्देशन एक कठोर नैतिक आचरण संहिता का अनुसरण करता है। किसी भी व्यक्ति को किसी भी कीमत पर गलत निर्देशन नहीं दिया जाना चाहिए। इसमें गोपनीयता, विश्वसनीयता, ईमानदारी आदि बातों का विशेष ध्यान रखा जाता है।

**5. वैयक्तिक विभिन्नताओं का ध्यान (Individual differences should be kept in mind)**–प्रत्येक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से भिन्न होता है। इन वैयक्तिक विभिन्नताओं के कारण ही व्यक्तियों की समस्याएँ एवं उनके कारण भी भिन्न होते हैं। अत: निर्देशन प्रदान करते समय इन वैयक्तिक विभिन्नताओं को ध्यान में रखना चाहिए। सभी व्यक्तियों के लिए समान निर्देशन उपयुक्त नहीं होता।

**6. स्वनिर्देशन का विकास (Guidance Assists the individual)**–निर्देशन कार्यकर्ता को निर्देशन प्राप्त करने वाले व्यक्ति की सहायता इस प्रकार करनी चाहिए कि वह अपनी परिस्थितियों को समझ कर स्वयं अपनी समस्याओं का समाधान कर सके एवं आत्मनिर्भर बन सके।

**7. समन्वय का सिद्धान्त (Principle of Co-ordination)**–निर्देशन कार्य में अनेक विशेषज्ञों की सेवाओं की आवश्यकता पड़ती है। उन सभी विशेषज्ञों के कार्यों में समन्वय स्थापित करके ही निर्देशन सेवाओं का संगठन किया जाना चाहिए। साथ ही अध्यापकों, माता-पिता एवं अन्य सूत्रों का सहयोग भी निर्देशन की सफलता के लिए आवश्यक है।

**8. जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया (Life-long Process)**–व्यक्ति के जीवन में हर स्तर पर नई-नई समस्याएँ विद्यमान रहती हैं। जीवन पर्यन्त वह इनको सुलझाने में लगा रहता है एवं हर समय उसे मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ती रहती है। अत: मार्गदर्शन जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है।

**9. सम्पूर्ण व्यक्तित्व पर ध्यान (Guidance deals with whole person)**–निर्देशन प्रदान करते समय सम्पूर्ण व्यक्तित्व को ध्यान में रखा जाना चाहिए, क्योंकि व्यक्ति की सभी समस्याएँ एक दूसरे से सम्बन्धित रहती हैं।

**10. व्यक्ति के महत्त्व एवं प्रतिष्ठा की स्वीकृति (Acceptance of the Dignity and Worth of Individual)**–व्यक्ति की प्रतिष्ठा एवं महत्त्व को ध्यान में रखना निर्देशन का आधारभूत सिद्धान्त है। व्यक्ति का पूर्ण विकास करना ही निर्देशन का लक्ष्य है।

**11. वस्तुगत विश्लेषण पर आधारित (Based on objective analysis)**–निर्देशन प्रदान करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि स्थिति एवं समस्या को गहराई से अध्ययन करना चाहिए। यदि ऐसा न किया जाए तो निर्देशन प्राप्त करने वाले को लाभ की बजाय हानि हो सकती है।

**12. लचीलापन (Flexibility)**–निर्देशन में लचीलापन होना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का परिवेश अलग-अलग होता है तथा इसी की वजह से उनकी समस्याएँ भी अलग-अलग होती हैं। अत: निर्देशन में आवश्यकतानुसार परिवर्तन भी किया जाना चाहिए।

**13. गोपनीयता बनाए रखना (Confidentiality)**–परामर्शदाता को निर्देशन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का विश्वास बनाए रखने के लिए उनके द्वारा ही दी गई सूचनाओं को सभी के सामने नहीं बताना चाहिए। उसे गोपनीयता के नैतिक मानदण्डों का पालन करना चाहिए।

**14. व्यक्तिगत सेवा (Guidance is personal service)**–निर्देशन एक व्यक्तिगत सेवा है। यह एक व्यक्ति के द्वारा दूसरे व्यक्ति को दी जाने वाली सेवा है ताकि वह स्वयं अपनी समस्याओं को समझ कर उनका समाधान कर सके।

**15. निर्देशन एक विशिष्ट कार्य है (Guidance is a specialized job)**–प्रत्येक व्यक्ति निर्देशन का कार्य नहीं कर सकता। कोई विशेषज्ञ ही इस कार्य को सही प्रकार से कर सकता है।

**16. भविष्य के लिए नियोजन (Guidance is a planning for future)**–निर्देशन व्यक्ति के भविष्य की तैयारी के लिए नियोजन है। यह व्यक्ति को अपने पाठ्यक्रमों, व्यवसायों आदि को चुनने एवं भावी समस्याओं को सुलझाने में सहायता प्रदान करता है।

## भारतीय संदर्भ में निर्देशन की समस्याएँ
## (Problems of Guidance in Indian Context)

स्वतन्त्रता के पश्चात् भारत में शिक्षित बेरोज़गारों की संख्या में वृद्धि, जनसंख्या विस्फोट तथा व्यवसाय के क्षेत्र में अनियन्त्रित विस्तार के कारण निर्देशन का महत्व बढ़ गया है और यह समस्या जटिल एवं चुनौतीपूर्ण बन गई है। भारत में निर्देशन कार्य का आयोजन माध्यमिक स्तरों को ध्यान में रखकर किया जाता है। प्राथमिक तथा उच्च स्तर पर निर्देशन का स्वरूप अपेक्षाकृत अस्पष्ट सा लगता है।

किसी भी देश का दर्शन एवं उसकी शिक्षा निर्देशन के द्वारा झलकती है। भारत में उपयुक्त निर्देशन की समस्या पाई जाती है जिस कारण शिक्षा के उद्देश्य सफलतापूर्वक प्राप्त नहीं हो पाते। भारत में शैक्षिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत क्षेत्रों में उपलब्ध निर्देशन सेवाओं का प्रबन्ध एवं उनकी व्यवस्था में आपसी तालमेल का अभाव पाया जाता है। हमारे देश में निर्देशन चेतना का भी अभाव है। केवल कुछ उच्च आर्थिक स्तर वाले अभिभावक ही अपने बच्चों के लिए निर्देशन के बारे में रुचि रखते हैं। भारत में निर्देशन से सम्बन्धित आवश्यक साधन तथा उपकरणों का भी अभाव है। हमारे विद्यालय, वोकेशनल ब्यूरो, कैरियर गाइडैंस केन्द्र, बुद्धिपरख परीक्षाएँ, व्यक्तित्व, रुचि एवं अभिवृत्ति मापनी तथा तालिका जैसे उपकरणों से वंचित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस जैसी संस्थाओं पर जोर तो दिया गया है परन्तु निर्देशन सेवाओं में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों का अभाव पाया गया है। हमारे देश में निर्देशन की सुविधाओं में विविधता, नमनियता तथा वास्तविकता का अभाव है। देश में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भिन्न-भिन्न पृष्ठभूमि वाले युवा वर्ग से सम्बन्धित होने के कारण उन्हें परो तरह संतुष्ट करना संभव नहीं है। भारत में शिक्षक, प्रधानाचार्य तथा शैक्षिक प्रशासकों में निर्देशन के लिए रुचि तथा प्रशिक्षण है ही नहीं, केवल बी.एड., एम. एड. और एम. फिल. के स्तर पर ही इसे वैकल्पिक विषय के रूप में लिया गया है। निर्देशन प्रक्रिया हेतु गोष्ठियाँ और कार्यशालाओं का आयोजन भी देखने को कम ही मिलता है। भारत में अनुवर्ती (Follow up) अध्ययन भी प्राय: न के बराबर ही है। हमारे देश में व्यवसाय एवं उद्यम के अवसरों का भी अभाव देखने को मिलता है। गाँव में रहने वाले युवकों के लिए स्वयं रोज़गार की योजनाएँ शुरू तो की गई हैं, परन्तु उनकी सहायता के लिए वैज्ञानिकों तथा विशेषज्ञों की भूमिका न के बराबर ही है। निर्देशन के क्षेत्र में क्रियात्मक शोधों का भी अत्यन्त अभाव है। अत: अन्त में कहा जा सकता है कि भारतीय सन्दर्भ में निर्देशन की समस्याएँ भारतीय शिक्षा की वर्तमान प्रणाली, सामाजिक एवं-आर्थिक संरचना तथा भारतीय मनोवैज्ञानिक व्यवस्थाओं से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। नई शिक्षा नीति में इन समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है परन्तु अभी इनका भविष्य अन्धकार में है।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. निर्देशन शब्द से क्या अभिप्राय है। निर्देशन की परिभाषा स्पष्ट करते हुए इसके अर्थ एवं विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

   Define Guidance. Explain its meaning and characteristics in detail.
2. निर्देशन क्या है ? यह परामर्श से किस प्रकार भिन्न है ?

   What is Guidance? How it in different from Counselling?
3. निर्देशन की प्रकृति (स्वरूप) तथा क्षेत्र की विवेचना कीजिए।

   Explain the nature and scope of Guidance.
4. निर्देशन का उद्देश्य एवं इसकी आवश्यकता का वर्णन कीजिए।

   Explain the need and objectives of Guidance.
5. निर्देशन के प्रकार तथा सिद्धान्तों पर टिप्पणी कीजिए।

   Explain the principles and types of Guidance.
6. भारतीय संदर्भ में निर्देशन की समस्याओं का वर्णन कीजिए।

   Explain in detail the various problems of Guidance in Indian Context.

* * *

# 2 CHAPTER निर्देशन की आवश्यकता
## (Need of Guidance)

### निर्देशन की आवश्यकता
### (Need for Guidance)

आज के भौतिकवादी युग में नैतिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक मूल्य बहुत तेज़ी से परिवर्तित हो रहे हैं। इसी कारण व्यक्तिगत तथा सामाजिक क्षेत्रों में भी परिवर्तन होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में मनुष्य का सही मार्ग दर्शन करने के लिए निर्देशन शिक्षा का एक आवश्यक अंग बन गया है। आज देखा जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति की रुचि, योग्यता, क्षमता तथा प्रतिभा अलग-अलग होती है। इसी प्रकार सभी व्यवसाय, पाठ्यक्रम तथा कार्य-पद्धित भी अलग-अलग होती है। वर्तमान सामाजिक ढाँचा काफी जटिल हो गया है। समाज की शैक्षिक तथा व्यावसायिक आवश्यकताओं में परिवर्तन आ गया है। सामाजिक न्याय एवं समता के विचारों की बढ़ोत्तरी हो रही है, शैक्षिक अवसरों की समानता दी जा रही है। विज्ञान, टेकनोलोजी तथा औद्योगिक विकास के कारण निर्देशन की आवश्यकता जीवन के हर क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। निम्नलिखित बातों के आधार पर निर्देशन की बढ़ती हुई आवश्यकता को अनुभव किया जा सकता है।

**सामाजिक दृष्टि से निर्देशन की आवश्यकता (Need for guidance from the point of view of society)**—आज के बदलते हुए समाज में सामाजिक दृष्टिकोण से व्यक्ति के विकास का सही मार्गदर्शन करने के लिए निर्देशन का स्थान महत्वपूर्ण समझा जाता है। इस दृष्टि से निर्देशन की आवश्यकता निम्नलिखित कारणों से है–

**1. जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के कारण से (Due to Basic needs of life)**—जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की दृष्टि से निर्देशन की आवश्यकता जीवन के हर क्षेत्र में महसूस की जाती है। मानवीय जीवन तथा मानवीय आवश्यकता की वास्तविकता पर ही निर्देशन की आधार-शिला टिकी हुई है। जीवन के हर विकास पथ पर मनुष्य किसी-न-किसी क्षण, किसी-न-किसी रूप में निर्देशन की आवश्यकता अनुभव करता है। रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएँ समझ जाती हैं। छात्रों को गुरु से ही निर्देशन के द्वारा ज्ञान दिया जाता है कि वे किस प्रकार अपनी

मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अध्ययन सम्बन्धी कौन सा विषय चुनें और अधिक से अधिक धन कमाने के लिए कौन-सा व्यवसाय चुनें।

**2. पारिवारिक परिवर्तनों के कारण से (Due to changes in families)**– पारिवारिक दृष्टि से भी निर्देशन का मूल्य देखा जा सकता है। पारिवारिक जीवन की धारणा में काफी परिवर्तन आ गए हैं। पहले संयुक्त परिवार होते थे। बच्चे घर से ही औद्योगिक और व्यावसायिक निर्देशन प्राप्त कर लेते थे। परन्तु अब संयुक्त परिवार टूटकर छोटे परिवार बनते जा रहे हैं जिनमें, पति, पत्नी तथा बच्चे शामिल हैं। आज के समय में निर्देशन का उत्तरदायित्व स्कूलों पर आ गया है। पहले लोग संयुक्त परिवारों में परम्परागत व्यवसायों को ही अपनाते थे परन्तु अब व्यवसायों में विशिष्टीकरण होता जा रहा है, कार्य प्रणाली भी विभिन्न प्रकार की होती जा रही है। निर्देशन के द्वारा व्यक्ति को उपयुक्त प्रणाली के बारे में जानकारी दी जाती है जिससे वह अपने व्यवसाय को भली-भाँति चला सके।

**3. जनसंख्या में वृद्धि के कारण से (Due to increasing population)**–दिन-प्रतिदिन जनसंख्या में तेज़ी से वृद्धि हो रही है जो कि अनेक आर्थिक समस्याओं जैसे बेरोज़गारी, भुखमरी, आवास समस्या, महँगाई इत्यादि का कारण है। इन समस्याओं के समाधान और अच्छा जीवनयापन के लिए जनसंख्या को नियन्त्रित रखना अनिवार्य है। यह तभी सम्भव है जब हम गाँवों और शहरों में हर आयु वर्ग के लोगों का इस सम्बन्ध में निर्देशन द्वारा मार्गदर्शन करें।

**4. बदलते सामाजिक तथा नैतिक मूल्यों के कारण से (Due to changing of social and moral values)**–देश में जहाँ एक ओर विभिन्न परिवर्तन हो रहे हैं, वहाँ दूसरी ओर सम्पूर्ण समाज भी परिवर्तनशील है। प्राचीन मूल्यों का स्थान नवीन मूल्यों ने ले लिया है। शारीरिक सुख और आराम प्राप्त करना सभी व्यक्तियों का लक्ष्य है। एक ओर प्राचीन मूल्यों में आस्था कम हो रही है तो दूसरी ओर नवीन मूल्य निर्धारित नहीं हो पा रहे। देश में व्यभिचार बढ़ता जा रहा है। सामाजिक परिवर्तनों का प्रभाव नैतिक तथा धार्मिक मूल्यों पर भी पड़ रहा है। आज का नवयुवक बुरी आदतों का शिकार हो रहा है। ऐसी परिस्थितियों में छात्रों को इन बुराइयों से बचाने के लिए निर्देशन की बहुत आवश्यकता है।

**5. स्त्रियों की सामाजिक स्थिति के कारण से (Due to social status of women)**–आज की नारी की स्थिति बहुत बदल गयी है। आज की नारी अबला न रहकर सबला बन गई है। सभी क्षेत्र–घर, दफ्तर, स्कूल, अस्पताल आदि नारी के चरण कदम से अछूते नहीं रह गए हैं। आज नारी सभी क्षेत्रों में पुरुष के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर काम कर रही है। आज की नारी आर्थिक दृष्टि से स्वावलम्बी बनती जा रही है। घरेलू तथा रोज़गार उत्तरदायित्वों के बीच संतुलन स्थापित करने में निर्देशन का महत्वपूर्ण योगदान है।

## शैक्षिक दृष्टि से निर्देशन की आवश्यकता
## (Need of guidance from Educational point of view)

निर्देशन की आवश्यकता शैक्षिक दृष्टि से भी अनुभव की गई है। शिक्षा की दृष्टि से निर्देशन की आवश्यकता निम्नलिखित कारणों से है–

**1. उचित पाठ्यक्रम के चयन के लिए (For the selection of appropriate curriculum)**–शैक्षिक क्षेत्र में हर व्यक्ति एक दूसरे से आगे बढ़ने में लगा हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक आकाक्षांओं को संतुष्ट करने के लिए विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम बनाए जा रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा आयोग तथा कोठारी शिक्षा आयोग ने विद्यालयों के पाठ्यक्रम में विविधता पर बल दिया है। विभिन्न विषय होने के कारण छात्रों को पाठ्यक्रम के चयन की समस्या का सामना करना पड़ता है। निर्देशन के द्वारा ही इस समस्या का समाधान करके पाठ्यक्रम से अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है।

**2. बढ़ती हुई अनुशासनहीनता के कारण से (Because of increasing indiscipline)**–शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर अनुशासनहीनता बढ़ती जा रही है। दिन प्रतिदिन हड़ताल, सार्वजनिक सम्पत्ति की तोड़–फोड़, नारेबाज़ी, घेराव आदि एक आम बात होती जा रही है। इन सबका कारण वर्तमान दोष पूर्ण शिक्षा प्रणाली है जो छात्रों की आवश्यकताओं को संतुष्ट करने में असमर्थ है। किसी भी देश के लिए विकास की चरम सीमा तक पहुँचने में अनुशासन का विशेष महत्त्व है। अनुशासन के द्वारा ही जनसामान्य उन्नति के शिखर तक पहुँच सकता है। छात्रों की शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक प्रगति के अवरोधक कारणों की खोज एवं निदान तथा बढ़ती हुई अनुशासनहीनता को कम करने के लिए निर्देशन की आवश्यकता अनुभव की गई है।

**3. अपव्यय तथा अवरोधन के कारण से (Due to wastage and stagnation)**–प्राइमरी कक्षाओं में बच्चे अपव्यय तथा अवरोधन के कारण अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ देते हैं जिससे शिक्षा पर किया गया खर्च व्यर्थ चला जाता है। बच्चों की कुसंगति, पारिवारिक वातावरण, पाठ्यक्रम के गलत चयन, अशिक्षित माता–पिता तथा अनेक सामाजिक बुराइयों के कारण अवरोधन और अपव्यय की समस्या उत्पन्न होती है। अपव्यय तथा अवरोधन की समस्या का समाधान निर्देशन सेवाओं द्वारा ही संभव है।

**4. प्रतिभाशाली तथा मन्दबुद्धि बच्चों के लिए (For gifted and mentally retarded children)**–प्रत्येक कक्षा में व्यक्तिगत विभिन्नता वाले छात्र देखने को मिलते हैं। कुछ बच्चे सामान्य बच्चों से अधिक बुद्धिमान तथा प्रतिभाशाली होते हैं जबकि कुछ दूसरे मन्दबुद्धि कहलाते हैं। इन बच्चों की अपनी कुछ समस्याएं होती हैं जिनके कारण ये अपने आपको कक्षा के साथ समायोजित नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में उनके लिए निर्देशन की प्रबल आवश्यकता होती है।

## राजनैतिक दृष्टिकोण से निर्देशन की आवश्यकता
## (Need of guidance from the point of view of politics)

राजनीतिक परिवर्तन हमारे सामाजिक, व्यावसायिक एवं शैक्षिक जीवन पर गहरा प्रभाव डालते हैं। इनसे हमारे सोचने के ढंग, कार्य संस्कृति तथा मूल्यों में भी परिवर्तन आता है। नई नीतियों को प्रभावशाली बनाने के लिए निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। भारतीयों के राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के लिए, भावात्मक राष्ट्रीय एकता स्थापित करने के लिए, धर्मनिरपेक्षता को सफल बनाने के लिए, कर्त्तव्य और अधिकारों का ज्ञान देने के लिए, उचित प्रतिनिधियों का चयन करने तथा देश के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की दृष्टि से निर्देशन की आवश्यकता बढ़ती जाती है। राजनीतिक दृष्टि से निर्देशन की आवश्यकता निम्न कारणों से है–

**धर्मनिरपेक्षता के कारण (Due to Secularism)**–भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है। यहाँ सभी धर्मों को समान महत्व दिया जाता है। ऐसे देश में लोगों को दूसरों के धर्म के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के लिए निर्देशन सहायक होता है।

**सहअस्तित्व तथा विश्वशान्ति के लिए (For Co-existence and World peace)**–मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य के व्यक्तित्व के पूर्ण विकास के लिए शान्ति का होना आवश्यक है। आज तृतीय महायुद्ध के बादल संसार के सभी देशों पर मण्डरा रहे हैं। ऐसे समय में विश्व शान्ति कायम करने के लिए तथा विभिन्न राष्ट्रों के बीच मधुर सम्बन्ध स्थापित करने के लिए यह आवश्यक है कि समाज तथा राष्ट्र के विभिन्न वर्गों के लोग अपने उत्तरदायित्व को पहचानें और आपस में अच्छे सम्बन्ध स्थापित करें। इस उद्देश्य की प्राप्ति में राज्यों के नेताओं द्वारा दिया गया निर्देशन बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

**प्रजातंत्र की रक्षा की दृष्टि से (For the protection of Democracy)**–भारत एक प्रजातांत्रिक देश है। प्रजातंत्र की सफलता उसके सुयोग्य नागरिकों पर निर्भर करती है। इसके लिए नागरिकों को अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों का ज्ञान, देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना, उचित प्रतिनिधियों का चयन, राजनीतिक जागरूकता, भावात्मक और राष्ट्रीय एकता, देश रक्षा तथा देश प्रेम की भावना को विकसित करने में निर्देशन विशेष रूप से सहायक है।

## मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से निर्देशन की आवश्यकता
## (Need of Guidance from Phychological point of view)

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से निर्देशन की आवश्यकता अग्रलिखित कारणों से है–

**1. व्यक्तित्व के विकास के लिए (For development of personality)**–प्रत्येक बालक के व्यक्तित्व का समुचित विकास करना शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है। इस उद्देश्य की प्राप्ति में निर्देशन सेवा शिक्षा की सहायक रहती है। वंशानुक्रम से प्राप्त गुणों को तथा विशेष समाज के बीच व्यक्ति के प्रभावशाली व्यवहार को विकसित करने में निर्देशन का महत्व है।

**2. अवकाश के समय के सदुपयोग की दृष्टि से (For better utilisation of leisure)**–हर व्यक्ति के पास थोड़ा बहुत खाली समय अवश्य होता है जैसे छात्रों

पास छुट्टियों में, गृहणियों के पास घर के काम के बाद, नौकरीवालों के पास रिटायर होने के बाद, जिसे भली प्रकार व्यतीत करने की समस्या केवल हमारे देश के लोगों की ही नहीं, बल्कि अन्य देशों के लोगों की भी है। निर्देशन द्वारा विभिन्न वर्गों के लोगों को अपने अवकाश को उचित ढंग से बिताने का मार्गदर्शन किया जाता है।

**3. समायोजन की दृष्टि से (For better adjustment)**—व्यक्तिगत विभिन्नता के कारण व्यक्ति में शारीरिक तथा मानसिक अन्तर होता है। भावों की अभिव्यक्ति एवं सामाजिक, व्यावसायिक तथा शैक्षिक समायोजना की प्रक्रिया एक जैसी नहीं होती। निर्देशन द्वारा व्यक्तिगत विभिन्नताओं का मूल्यांकन करके उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में समायोजित करने में सहायता दी जा सकती है जिसके द्वारा बच्चों के व्यक्तित्व का समुचित विकास हो सकता है।

**4. भावात्मक स्थिरता लाने के लिए (For emotional stability)**—भावात्मक समस्याएँ व्यक्ति के जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों के कारण जन्म लेती हैं। पाश्चात्य सभ्यता से प्रभावित होने के कारण आज का भारतीय नवयुवक भावात्मक समायोजन करने में असमर्थता अनुभव कर रहा है। पाश्चात्य सभ्यता से प्रभावित होने के कारण भारतीय नवयुवकों में शराब, चरस, गाँजा और नशीली वस्तुओं, होटल और क्लबों में नाच गाने और असंगत फैशन का शौक बढ़ता जा रहा है। भारत की सभ्यता पाश्चात्य देशों की सभ्यता से भिन्न है। भारतीय नवयुवक अपनी सभ्यता को छोड़कर पाश्चात्य सभ्यता का अन्धानुकरण कर रहा है। छात्रों और नवयुवकों का सही मार्ग-दर्शन करने के लिए निर्देशन की आवश्यकता है।

## व्यावसायिक दृष्टिकोण से निर्देशन की आवश्यकता
## (Need of Guidance from Vocational point of view)

व्यक्तिगत भिन्नताओं, व्यावसायिक विविधताओं, औद्योगीकरण तथा आधुनीकरण के कारण व्यावसायिक निर्देशन का महत्व बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक प्रगति, प्रगतिशील तकनालॉजी और वैज्ञानिक तथा वाणिज्यिक शोषों के फलस्वरूप नये-नये व्यवसाय और काम धन्धे पनपते जा रहे हैं जिससे व्यावसायिक निर्देशन का दायित्व भी जोर पकड़ता जा रहा है। इसी कारण से व्यावसायिक निर्देशन का महत्व दिन प्रतिदिन निम्नलिखित कारणों से बढ़ता जा रहा है।

**1. विशिष्टीकरण की दृष्टि से (Due to specialization)**—व्यवसायों की जटिलता के कारण विशिष्टीकरण अर्थात् एक ही कार्य या एक कार्य के केवल एक भाग में विशिष्टता प्राप्त करना अनिवार्य हो गया है। किसी कार्य में विशिष्टता प्राप्त करने के लिए व्यावसायिक निर्देशन बहुत अनिवार्य है। व्यावसायिक निर्देशन द्वारा ही कार्यकर्ता विशिष्टता प्राप्त करके अपनी कुशलता में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने में अपना योगदान देते हैं। इससे आर्थिक विकास के बड़े उद्देश्य की प्राप्ति में सहायता मिलती है।

**2. व्यवसाय के अवसरों की विविधता की दृष्टि से (Due to variety of vocational opportunities)**—आज व्यवसाय के अवसरों में काफी विविधता पाई जाती है और इनकी सफलता के लिए योग्य पात्रों की आश्यकता होती है। जितने व्यवसाय

अधिक होंगे और जितनी उनमें विविधता अधिक होगी उतना ही व्यावसायिक निर्देशन की आवश्यकता अधिक होगी। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि एक व्यक्ति अनेक व्यवसायों में पूर्ण रूप से दक्ष नहीं हो सकता और व्यक्ति को व्यवसाय विशेष में शिखर तक पहुँचने में समय-समय पर उस व्यवसाय से सम्बन्धित निर्देशन की आवश्यकता होती है जो अनेक रूपों में प्रदान किया जा सकता है।

**3. व्यवसाय के चयन तथा उसमें समंजन की दृष्टि से (Due to the selection and adjustment in any occupation)**—उच्च कक्षाओं में पहुँचकर छात्रों को व्यवसाय का चयन करना होता है। ऐसे समय पर व्यावसायिक निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। व्यवसाय में सफलता के लिए समंजन की आवश्यकता भी जरूरी है जो व्यावसायिक निर्देशन द्वारा ही सम्भव है।

**4. व्यावसायिक रुचि के मापन की दृष्टि से (Due to assesment of vocational interest)**—व्यावसायिक निर्देशन द्वारा छात्रों की व्यावसायिक रुचि व क्षमता का पता लगाया जाता है। छात्र सही व्यवसाय का चयन करके ही व्यावसायिक जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। व्यावसायिक निर्देशन द्वारा ही व्यावसायिक अभिक्षमता व रुचि का मापन हो सकता है।

**5. औद्योगिक एवं तकनीकी दृष्टि से (Industrial and technical point of view)**—स्वतन्त्रता उपरान्त काल में औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। पग-पग पर विज्ञान और तकनोलोजी का प्रयोग किया जा रहा है। स्कूलों में भी नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत व्यावसायोन्मुख शिक्षा दी जा रही है। निर्देशन के माध्यम से बच्चों को यह जानकारी दी जा सकती है कि व्यवसाय की दृष्टि से कौन से विषय अधिक उपयोगी है।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में निर्देशन की आवश्यकता का विस्तृत वर्णन करें।
   Explain in detail the need of guidance in various aspects of life.
2. व्यावसायिक दृष्टि से निर्देशन का क्या महत्त्व है?
   What is the importance of guidance for vocational purpose?
3. मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से निर्देशन की आवश्यकता का वर्णन करें।
   Explain the need of guidance according to psychological point of view.
4. शैक्षिक क्षेत्र में मार्गदर्शन की आवश्यकता का वर्णन कीजिए।
   Explain the need and importance of guidance in the field of education.
5. सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से निर्देशन की क्या आवश्यकता है? वर्णन करें।
   What is the need of guidance according to social and political point of view? Explain.

❋ ❋ ❋

# 3 CHAPTER

# निर्देशन के प्रकार
## (Types of Guidance)

निर्देशन का वर्गीकरण व्यक्ति में पायी जाने वाली विभिन्न योग्यताओं, क्षमताओं, मनुष्य की समस्याओं तथा आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है। निर्देशन के वर्गीकरण के विषय में अनेक मत पाए जाते हैं। निर्देशन के वर्गीकरण के कुछ आधार इस प्रकार हैं–

1. व्यक्तित्व संरचना एवं वैयक्तिक अभिप्रेरणा
2. व्यक्ति में निहित आन्तरिक योग्यताएँ एवं समताएँ
3. विद्यमान परिस्थितियाँ
4. व्यक्ति का विकास एवं व्यवसायिक विकल्प
5. अनुकुलीकरण या समायोजन

## निर्देशन के प्रकार
## (Types of Guidance)

जीवन के हर क्षेत्र में निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। जीवन में जितने प्रकार के कार्य मनुष्य करता है उन सबके लिए उतने ही प्रकार के निर्देशन की आवश्यकता होती है।

निर्देशन के प्रकारों के बारे में विभिन्न विद्वानों के विभिन्न मत हैं, जो निम्नलिखित हैं–

**पैटरसन का वर्गीकरण (Paterson's Classification)**

पैटरसन ने निर्देशन के पाँच प्रकार बताए हैं जो निम्नलिखित हैं–

1. शैक्षिक निर्देशन (Educational Guidance)
2. व्यावसायिक निर्देशन (Vocational Guidance)
3. व्यक्तिगत निर्देशन (Personal Guidance)–जिसमें सामाजिक, मनोवेगात्मक एवं अवकाश सम्बन्धी निर्देशन शामिल हैं।

4. स्वास्थ्य सम्बन्धी निर्देशन (Health Guidance)

5. आर्थिक निर्देशन (Econmic Guidance)

**प्राक्टर का वर्गीकरण (Classification as given by Proctor)**

प्राक्टर (Proctor) के अनुसार निर्देशन छः प्रकार का हो सकता है–

1. शैक्षिक निर्देशन (Educational Guidance)

2. व्यावसायिक निर्देशन (Vocational Guidance)

3. सामाजिक एवं नागरिक कार्यों में निर्देशन (Guidance in social and civil activities)

4. स्वास्थ्य एवं शारीरिक समस्याओं से सम्बन्धित निर्देशन (Guidance in health and physical activities)

5. अवकाश के उत्तम उपयोग के लिये निर्देशन (Guidance in worthy use of leisure)

6. चरित्र निर्माण के कार्यों में निर्देशन (Guidance in Character building activities)

**ब्रीवर का वर्गीकरण (Brewer's Classification)–**

ब्रीवर ने निर्देशन के 10 प्रकारों का उल्लेख किया है जो कि निम्नलिखित हैं–

1. शैक्षिक निर्देशन (Educational Guidance)

2. व्यावसायिक निर्देशन (Vocational Guidance)

3. धार्मिक निर्देशन (Religious Guidance)

4. घरेलू सम्बन्धों में निर्देशन (Guidance for home relationships)

5. नागरिकता के लिये निर्देशन (Guidance for citizenship)

6. अवकाश एवं मनोरंजन के लिये निर्देशन (Guidance for leisure and recreation)

7. वैयक्तिक उन्नति सम्बन्धी निर्देशन (Guidance in Personal well being)

8. उचित कार्य करने के लिये निर्देशन (Guidance in right doing)

9. सहयोग एवं विचार सम्बन्धी निर्देशन (Guidance in co-operation and thoughtfulness)

10. सांस्कृतिक कार्यों से सम्बद्ध निर्देशन (Guidance in wholesome and cultural activities)

विभिन्न वर्गीकरणों में निर्देशन के विभिन्न प्रकार बताये गये हैं। फिर भी विशेषज्ञों द्वारा निम्नलिखित प्रकार के निर्देशन बताए गए हैं–

1. व्यावसायिक निर्देशन (Vocational Guidance)

2. शैक्षिक निर्देशन (Educational Guidance)

3. व्यक्तिगत निर्देशन (Personal Guidance)

4. नैतिक और धार्मिक निर्देशन (Moral and Religious Guidance)

5. आध्यात्मिक निर्देशन (Spiritual Guidance)

6. नागरिकता सम्बन्धी निर्देशन (Guidance for Citizenship)

7. लिंग सम्बन्धी निर्देशन (Sex Guidance)

8. अवकाश व मनोरंजन से सम्बन्धित निर्देशन (Guidance for Leisure and Recreation)

9. संस्कृतिक कार्यों से सम्बन्धित निर्देशन (Guidance for cultural activities)

10. घरेलू सम्बन्धों के लिए निर्देशन (Guidance for Home Relationship)

प्रत्येक प्रकार के निर्देशन का अर्थ और उसका कार्यक्षेत्र निम्नलिखित है–

**1. व्यावसायिक निर्देशन (Vocational Guidance)**–व्यावसायिक निर्देशन से अभिप्राय छात्रों को किसी व्यवसाय के चुनाव के लिए तैयारी तथा नौकरी में सफलता प्राप्त करने के लिए दिये गये निर्देशन से है। व्यवसायिक निर्देशन द्वारा छात्रों को विभिन्न व्यवसायों से लाभ और हानि बतलाना, व्यवसाय चुनने में सहायता करना तथा व्यवसाय के प्रति उनकी विशेष रुचि उत्पन्न करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण देने वाले विद्यालयों की सूचना प्राप्त करने में सहायता देना है।

**2. शैक्षिक निर्देशन (Educational guidance)**–शैक्षिक निर्देशन विद्यार्थियों को स्कूलों, पाठ्यक्रमों, पाठ्यविषयों तथा विद्यालयों के जीवन से सम्बन्धित दी गई सहायता है। इसके अन्तर्गत शिक्षण, अनुशासन तथा स्कूल से सम्बन्धित सभी क्रियाएं सम्मिलित होती हैं। वर्तमान समय में शिक्षा का क्षेत्र दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बच्चों की रुचि, आवश्यकता, प्रतिभा तथा क्षमता की भिन्नता के कारण स्कूल के साथ सामंजस्य स्थापित करने में छात्रों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में शैक्षिक निर्देशन की सहायता से बच्चों को काफी लाभ पहुँचाया जा सकता है।

**3. व्यक्तिगत निर्देशन (Personal Guidance)**–इसका सम्बन्ध उन व्यक्तिगत कठिनाइयों से है जिनका अनुभव छात्र अपने अनुभवकाल में करते हैं। इस निर्देशन के अन्तर्गत छात्रों को अध्ययन में तथा व्यक्तित्व सम्बन्धी समस्याओं का समाधान करने में व्यक्तिगत रूप से पथ-प्रदर्शन करना है। छात्रों को अपने वातावरण से समायोजन करने में व्यक्तिगत रूप से पथ-प्रदर्शन करना व्यक्तिगत निर्देशन का लक्ष्य है।

**4. नैतिक और धार्मिक निर्देशन (Moral and Religious guidance)**–औद्योगिक व वैज्ञानिक परिवर्तनों का प्रभाव देश के नैतिक मूल्यों तथा धार्मिक स्तर पर

भी पड़ता है। देश में भ्रष्टाचार व व्यभिचार बढ़ता जा रहा है। निर्देशन के द्वारा बच्चों को इन बुराइयों से दूर रहने का परामर्श दिया जा सकता है।

**5. आध्यात्मिक निर्देशन (Spiritual guidance)**—आज के भौतिक युग में मानव आध्यात्मिकता की अपेक्षा भौतिकवाद की ओर बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप वह मानसिक, तनाव और अशान्ति से घिरा रहता है। सच्चे सुख की प्राप्ति के लिए आध्यात्मिकता का ज्ञान आवश्यक है। निर्देशन की सहायता से ही लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति कराना संभव है।

**6. नागरिकता सम्बन्धी निर्देशन (Guidance for citizenship)**—इसके अन्तर्गत छात्रों को समाज तथा नागरिकता सम्बन्धी बातों का निर्देशन दिया जाता है जैसे सामाजिक व्यवहार के बारे में सूचना प्रशिक्षण देना, नागरिकता के सम्बन्ध में परामर्श देना तथा सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करना। छात्रों को भावी जीवन सम्बन्धी ज्ञान देकर उनको सुयोग्य नागरिक बनाने में सामाजिक निर्देशन का बहुत बड़ा हाथ है।

**7. यौन सम्बन्धी निर्देशन (Sex guidance)**—वर्तमान समय में यौन शिक्षा की माँग काफी बढ़ती जा रही है। अपनी आयु के अनुकूल सभी व्यक्ति यौन सम्बन्धों की जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्सुक रहते हैं। चलचित्रों, सस्ते साहित्य तथा अपने मित्रों से यौन सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करके कई बार युवक और युवतियाँ पथ-भ्रष्ट होकर संकट में फँस जाते हैं। यौन सम्बन्धी उचित निर्देशन के द्वारा ही उनका सही मार्ग दर्शन किया जा सकता है।

**8. अवकाश और मनोरंजन सम्बन्धी निर्देशन (Guidance for leisure and recreation)**—हर व्यक्ति के पास थोड़ा बहुत खाली समय अवश्य होता है जैसे छात्रों के पास छुट्टियों में, गृहणियों के पास घर के काम के बाद, नौकरी वालों के पास रिटायर होने के बाद, जिसे भली प्रकार व्यतीत करने की समस्या केवल हमारे देश के लोगों की हो नहीं, बल्कि अन्य देशों के लोगों की भी है। निर्देशन द्वारा विभिन्न वर्गों के लोगों को अपने अवकाश को उचित ढंग से बिताने का मार्गदर्शन किया जाता है।

**9. सांस्कृतिक कार्यों से सम्बन्धित निर्देशन (Guidance for cultural activities)**—आज का नवयुवक अपनी सभ्यता और संस्कृति को छोड़कर पाश्चात्य संस्कृति के अन्धे अनुकरण में लगा हुआ है। इस दिशा में छात्रों और नवयुवकों का सही मार्गदर्शन करने के लिए निर्देशन की आश्यकता है।

**10. घरेलू सम्बन्धों में निर्देशन (Guidance for home relationship)**—वर्तमान समय में मनुष्य के घरेलू जीवन में काफी परिवर्तन आ गया है। पहले संयुक्त परिवार होते थे। बच्चे घर से ही औद्योगिक और व्यावसायिक निर्देशन प्राप्त कर लेते थे परन्तु अब संयुक्त परिवार टूटकर छोटे परिवार बनते जा रहे हैं जिसमें पति, पत्नी तथा बच्चे शामिल हैं। आज के समय में परिवार के सदस्यों में आपस में तालमेल एवं समायोजन का अभाव

बढ़ता जा रहा है। परिणामत: अधिकांश शादियाँ असफल रहती हैं एवं तलाक की समस्या बढ़ती जा रही है। घरेलू सम्बन्धों में बढ़ते तनाव को दूर करने के लिए निर्देशन बहुत महत्त्वपूर्ण है।

## 1. शैक्षिक निर्देशन
## (Educational Guidance)

"Success, come only through high ambition, strong will power, efforts and good guidance."

उपर्युक्त उक्ति में दृढ़ निश्चय, प्रयासों एवं मेहनत के साथ-साथ अच्छे मार्गदर्शन का सफलता में बहुत महत्व बताया गया है। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में अच्छे निर्देशन की बहुत अधिक आवश्यकता पड़ती है।

**निर्देशन**—शब्द का प्रयोग व्यावसायिक, शिक्षा सम्बन्धी तथा व्यक्तिगत क्षेत्र में किया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक निर्देशन, व्यवसाय के क्षेत्र में व्यावसायिक निर्देशन और निजी क्षेत्र में व्यक्तिगत निर्देशन की आवश्यकता होती है। शैक्षिक निर्देशन विद्यार्थियों को स्कूलों, पाठ्यक्रमों, पाठ्यविषयों तथा विद्यालयों के जीवन से सम्बन्धित दी गई सहायता है। इसके अन्तर्गत शिक्षण, अनुशासन तथा स्कूल से सम्बन्धित सभी क्रियाएं सम्मिलित होती हैं। वर्तमान समय में शिक्षा का क्षेत्र दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बच्चों की रुचि, आवश्यकता, प्रतिभा तथा क्षमता की भिन्नता के कारण स्कूल के साथ सामंजस्य स्थापित करने में छात्रों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में शैक्षिक निर्देशन की सहायता से बच्चों को काफी लाभ पहुंचाया जा सकता है। छात्रों की समस्याओं को सुलझाने के लिए एक विशेषज्ञ के रूप में मनोवैज्ञानिक की सहायता के द्वारा छात्रों को शैक्षिक निर्देशन दिया जाता है। शिक्षा के लिए छात्रों को अनेक प्रकार के चुनाव करने पड़ते हैं जैसे स्कूल, पाठ्यक्रम, पाठ्यविषय आदि। मनोवैज्ञानिक ही छात्रों को शैक्षिक निर्देशन द्वारा शिक्षा सम्बन्धी चुनाव में सहायता दे सकता है। शैक्षिक निर्देशन द्वारा शिक्षा सम्बन्धी समायोजन के लिए भी सहायता दी जाती है। शैक्षक निर्देशन छात्रों की योग्यताओं, रुचि तथा आवश्यकता का पता लगाने की विधि प्रदान करता है। शैक्षिक निर्देशन के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न लेखकों ने भिन्न-भिन्न परिभाषाएँ दी हैं।

**जी. ई. मायर्स (G.E. Myers) के अनुसार**—"शैक्षिक निर्देशन छात्र के विभिन्न गुणों एवं विकास के अवसरों के विभिन्न समूह के बीच सम्बन्ध स्थापित करने वाली प्रक्रिया है।"

**ई. ए. ट्रैक्सलर (E.A. Traxler) के अनुसार**—"शैक्षिक निर्देशन प्रत्येक व्यक्ति को परिपक्व स्वनिर्देशन की स्थिति तक पहुँचने के योग्य बनाता है।"

**जोन्स (Jones) के अनुसार**—"शैक्षिक निर्देशन का सम्बन्ध उस सहायता से है जो

छात्रों को उपयुक्त विद्यालय, पाठ्यक्रम, पाठ्यविषय तथा अन्य क्रियाओं का चयन करने तथा इनका स्कूल के साथ सामंजस्य करने में दी जाती है।''

**रुथ स्ट्रेग (Ruth Strang) के अनुसार**–''शैक्षिक निर्देशन का सम्बन्ध व्यक्ति को उचित कार्यक्रमों के चयन एवं उसकी प्रगति में सहायता देना है।''

**शिक्षा आयोग (Education Commission) के अनुसार**–''निर्देशन छात्रों को वास्तविक, शैक्षिक और व्यावसायिक चुनाव करने और योजना बनाने में सहायता देता है।''

**कार्टर (Carter) के अनुसार**–''शैक्षिक निर्देशन का सम्बन्ध मुख्य रूप से विद्यालय, पाठ्य विषय, पाठ्यक्रम तथा विद्यार्थियों से है न कि सामाजिक, व्यावसायिक या व्यक्तिगत बातों से।''

उपरोक्त परिबाषाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि शैक्षिक निर्देशन का सम्बन्ध विषयों के चुनाव, विद्यालय सम्बन्धी क्रियाओं, समायोजन सम्बन्धी समस्या तथा अध्यापक तथा परामर्शदाता द्वारा छात्र की सहायता करने से है।

**मिल्लर (Miller) के अनुसार**–''शैक्षिक निर्देशन का सम्बन्ध उन क्रियाओं से है जो विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास की आवश्यकताओं में सहयोग देने के उद्देश्य से की जाती है।''

**माध्यमिक शिक्षा आयोग (Secondary Education Commission) के अनुसार**–''निर्देशन से अभिप्राय छात्रों को सहायता प्रदान करने की कठिन कला से है। यह युवकों की सम्पूर्ण समस्याओं से सम्बन्धित है। अत: निर्देशन अभिभावक, अध्यापक तथा प्रधानाध्यापक के पूर्ण सहयोग द्वारा उपयुक्त ढ़ंग से दिया जाना चाहिए।''

## शैक्षिक निर्देशन की आवश्यकता एवं महत्व
## (Need & Importance of Educational Guidance)

### शैक्षिक निर्देशन की आवश्यकता (Need for Educational Guidance)

प्राचीन काल से जीवन के हर क्षेत्र में शिक्षा का विशेष महत्व रहा है। पहले शिक्षा विषय केन्द्रित होती थी लेकिन आजकल नये-नये अनुसंधानों के कारण शिक्षा बाल केन्द्रित बन गई है। इस प्रकार की शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षा के पाठ्यक्रम, विषय सामग्री तथा शिक्षण अधिगम विधियाँ, बालकों की आवश्यकता, योग्यता तथा रुचि को ध्यान में रखकर दी जाती है। आजकल के जटिल समाज में शैक्षिक निर्देशन का महत्व तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। आज के तेज़ी से बदलते हुए राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक वातावरण में शिक्षा क्षेत्र में भी तेज़ी से परिवर्तन हुए हैं। शिक्षा का उद्देश्य 3 R's अर्थात् लिखना, पढ़ना और गणित के सीखने तक ही सीमित नहीं रह गया है, इसका उद्देश्य 4 H's अर्थात् Head, Heart, Hand and Health (मानसिक, भावात्मक, क्रियात्मक तथा शारीरिक) शिक्षा देना है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। हर कोई एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ में लगा हुआ है। संसार

में वैज्ञानिक, तकनीकी, शैक्षिक, चिकित्सिक, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्चस्तरीय परिवर्तन हो रहे हैं। हर क्षेत्र में नई-नई तकनीकों की खोज हो रही है। छात्रों को इन सभी खोजों और आविष्कारों से परिचित कराने तथा इन क्षेत्रों में उनके भविष्य में योगदान प्राप्त करने के लिए शैक्षिक निर्देशन की आवश्यकता आज बहुत बढ़ गई है। शैक्षिक निर्देशन की आवश्यकता निम्न दृष्टियों से महसूस की जाती है।

**शैक्षिक निर्देशन की आवश्यकता एवं महत्व**

1. तकनीकी शिक्षा के महत्व की दृष्टि से
2. उपयुक्त पाठ्यविषयों का चयन करने के लिए
3. पाठ्यसहगामी क्रियाओं के चयन करने के लिए
4. अपव्यय एवं अवरोधन रोकने के लिए
5. रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए
6. अधिगम को प्रभावी बनाने के लिए
7. प्रदत्त कार्यों को सफलतापूर्वक करने के लिए
8. नैतिक शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता का विकास करने के लिए
9. प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए
10. विद्यालय में समायोजन करने के लिए
11. नए शिक्षण संस्थान एवं नए प्रकार का मूल्यांकन करने के लिए
12. अनुशासन की दृष्टि से
13. व्यक्तिगत विभिन्नता की दृष्टि से
14. भावी शिक्षा के लिए
15. छात्रों की विशेष समस्याओं के समाधान के लिए

**1. तकनीकी शिक्षा के महत्व की दृष्टि से**—आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक युग में विज्ञान तथा तकनीकी शिक्षा का महत्व काफी बढ़ता जा रहा है। शिक्षा रोज़गार उन्मुख होने के कारण सभी छात्रों का आकर्षण केन्द्र बनी हुई है। इस कारण इस क्षेत्र में शैक्षिक निर्देशन की आवश्यकता अनुभव की जा रही है।

**2. उपयुक्त पाठ्यविषयों का चयन करने की दृष्टि से**—प्रायः देखा जाता है कि छात्र अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता के अनुकूल विषयों का चयन नहीं कर पाते। इन्हें इस बात का ज्ञान भी नहीं होता कि भविष्य में किन विषयों की माँग अधिक है। इस प्रकार शैक्षिक निर्देशन इस सम्बन्ध में छात्रों का मार्ग दर्शन करता है।

**3. पाठ्यसहगामी क्रियाओं तथा नवीन पाठ्यक्रम का चुनाव करने की दृष्टि से**—समय-समय पर स्कूलों में अनेक सहगामी क्रियाएँ तथा नवीन शैक्षिक पाठ्यक्रम अपनाए जाते हैं। शैक्षिक निर्देशन द्वारा छात्रों को इनका ज्ञान दिया जाता है।

**4. अपव्यय तथा अवरोध की दृष्टि से**—बच्चे अधिकतर उच्च कक्षाओं तक पहुँचते पहुँचते या तो फेल हो जाते हैं या शिक्षा बीच में ही छोड़ देते हैं। कई अध्ययनों के आधार पर यह पता लगाया गया है कि भारत में अपव्यय और अवरोधन की समस्या काफी गम्भीर है। इससे समय, साधन, शक्ति और धन का अपव्यय होता है। इसलिए इस अपव्यय एवं अवरोध को कम करने और रोकने के लिए शैक्षिक निर्देशन की आवश्यकता है।

**5. रोज़गार उपलब्ध कराने और इस सम्बन्ध में तैयारी कराने की दृष्टि से**—प्रत्येक छात्र को भविष्य में कोई न कोई व्यवसाय अपनाता होता है। विभिन्न प्रकार के रोज़गारों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की योग्यता, क्षमता और अभिरुचि की आवश्यकता होती है, जिनके अनुकूल पाठ्यक्रम चुनकर निर्देशन द्वारा छात्रों को तैयार किया जाता है।

**6. अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने की दृष्टि से**—शैक्षिक निर्देशन की दृष्टि से यह देखा जाता है कि अधिगम प्रक्रिया में छात्र कितनी रुचि ले रहा है और उसकी उपलब्धि का स्तर क्या है। इसी के आधार पर अध्यापक प्रभावी शैक्षिक निर्देशन देकर छात्रों की अधिगम प्रक्रिया में रुचि को बढ़ावा देता है और उसकी उपलब्धि के स्तर को ऊंचा उठाने में योगदान देता है।

**7. प्रदत्त कार्यों को सफलतापूर्वक करने में सहायता की दृष्टि से**—औपचारिक और अनौपचारिक तथा पत्राचार के पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को अनेक प्रकार के प्रदत्त कार्य दिए जाते हैं जिन्हें बिना अध्यापक निर्देशन के पूरा करना छात्रों के लिए कई बार कठिन हो जाता है। शैक्षिक निर्देशन द्वारा इन कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने में सहायता प्रदान की जाती है।

**8. नैतिक एवं धार्मिक शिक्षा तथा राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से**—आज देश धर्म, जात-पात, भाषा के नाम पर बँटता जा रहा है। चारों ओर आतंकवाद पनप रहा है। देश में राष्ट्रीय एकता को खतरा बढ़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शैक्षिक निर्देशन की सहायता से इन कार्यक्रमों को सफल बनाकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया जा सकता है।

**9. प्रौढ़ शिक्षा के कार्यक्रमों को सफल बनाने की दृष्टि से**—नई शिक्षा नीति में प्रौढ़ शिक्षा को काफी महत्व दिया गया है। आज की शिक्षा का उद्देश्य घर-घर ज्ञान का दीपक जलाना है। प्रौढ़ शिक्षा के कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए अनेक औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। शैक्षिक निर्देशन की सहायता से इन कार्यक्रमों को सफल बनाया जा सकता है।

**10. नए प्रकार के टैस्ट तथा नई प्रकार की शैक्षिक संस्थाओं को कायम करने की दृष्टि से**—नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत नवोदय स्कूल, मुक्त स्कूल तथा ओपन विश्व-विद्यालय खोले जा रहे हैं। प्रतिभा परीक्षण, राष्ट्रीय छात्रवृत्तियाँ तथा 'नेशनल

टेस्टिंग सर्विस' नई प्रकार की परीक्षाएँ भी चालू की गई हैं। शैक्षिक निर्देशन के द्वारा इस दिशा में ठोस कदम उठाये जा रहे हैं।

11. **विद्यालय में समायोजन की दृष्टि से**—आधुनिक समय में शिक्षा के क्षेत्र में काफी परिवर्तन हुए हैं। पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियाँ तथा शिक्षा के उद्देश्य सब बदल रहे हैं। शैक्षिक निर्देशन के द्वारा छात्रों को नये वातावरण के साथ समायोजन करने में सहायता दी जाती है।

12. **अनुशासन की दृष्टि से**—बढ़ती हुई अनुशासनहीनता की भावना रोकने के लिए शैक्षिक निर्देशन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। शैक्षिक निर्देशन के द्वारा छात्रों की रुचि, प्रतिभा तथा क्षमता का पता लगाकर उन्हें विषय चयन में सहायता दी जाती है जिससे वे अपनी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन करके उपयुक्त व्यवसाय का चयन करने में सफल होते हैं। जब विद्यार्थी रुचि के अनुसार काम करेंगे तो अनुशासन अपने आप बन जायेगा।

13. **व्यक्तिगत विभिन्नता की दृष्टि से**—मनोविज्ञान के अनुसार कोई भी दो बालक एक समान नहीं होते। सभी बच्चों की रुचि, क्षमता, आवश्यकता व योग्यता अलग-अलग होती है। शैक्षिक निर्देशन द्वारा छात्रों को व्यक्तिगत विभिन्नता के आधार पर परख उसके अनुकूल विकसित होने के अवसर दिये जाते हैं।

14. **भावी शिक्षा की दृष्टि से**—बच्चे यह निश्चित नहीं कर पाते कि उनको भावी जीवन में कौन-सी शिक्षा को अपनाना चाहिए। शैक्षिक निर्देशन के द्वारा छात्रों को भावी शिक्षा सम्बन्धी जानकारी दी जाती है।

15. **विशेष समस्याओं की दृष्टि से**—शैक्षिक निर्देशन के द्वारा छात्रों की विशेष समस्याओं के समाधान में सहायता मिलती है।

## शैक्षिक निर्देशन के उद्देश्य
## (Aims of Education Guidance)

शैक्षिक निर्देशन का क्षेत्र व्यक्ति के शैक्षिक वातावरण से सम्बन्धित होता है। आजकल शैक्षिक पाठ्यक्रम व्यवस्था में तेज़ी से परिवर्तन आते जा रहे हैं, जिस कारण शैक्षिक निर्देशन का महत्व बढ़ता जा रहा है। शैक्षिक निर्देशन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं।

1. छात्रों को स्कूल के भीतर तथा बाहर से सम्बन्धित सभी साधनों से अवगत कराना।

2. छात्रों को पाठ्यक्रम तथा विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी देना।

3. विद्यालय के नवीन वातावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करने में सहायता देना।

4. छात्रों को विज्ञान, तकनीकी, वाणिज्य, चिक़ित्सा तथा इंजीनियरिंग आदि से सम्बन्धित नियमों व सूचनाओं से अवगत कराना।

5. छात्रों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुसार पाठ्यक्रम के चुनाव तथा परीक्षाओं के बारे में सूचना देना।

6. राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के बारे में सूचना देना।

7. छात्रों को स्वअध्ययन के लिए प्रेरित करना।


8. छात्रों की अधिक से अधिक आत्मबोध कराना जिससे वे अपनी रुचि, क्षमता, कमियों, आकांक्षाओं और योग्यताओं को समझ सकें।

9. छात्रों को नवीन शैक्षिक तकनीकी से परिचित कराना तथा छात्र नियमित अनुदेशन प्रणाली को बढ़ावा देना।

10. छात्रों को नवीन शिक्षा नीतियों, पाठ्यक्रमों तथा शिक्षण विधियों से परिचित कराना।

इस प्रकार शैक्षिक निर्देशन का लक्ष्य छात्रों में शैक्षिक जागृति लाना है जिससे अध्यापक शैक्षिक कार्यक्रमों को सफल बना सकें, शैक्षिक सम्भावनाओं की खोज कर सकें, आवश्यकता के अनुकूल पाठ्यक्रम में सुधार कर सकें तथा छात्रों की योग्यता, रुचि को ध्यान में रखकर पाठ्यक्रम के चयन में सहायता दे सकें तथा विद्यालय के वातावरण से सामंजस्य स्थापित कर सकें।

## शैक्षिक निर्देशन के सिद्धान्त
## (Principles of Educational Guidance)




**1. सभी के लिए शैक्षिक निर्देशन का सिद्धान्त**–अर्थात् इस सिद्धान्त के अनुसार शैक्षिक निर्देशन प्रतिभाशाली, मन्दबुद्धि या पिछड़े बालक सभी छात्रों के लिए आवश्यक है।

**2. सभी स्तरों के लिए निर्देशन का सिद्धान्त**–अर्थात् यह सिद्धान्त इस बात पर बल देता है कि शैक्षिक निर्देशन प्राइमरी, माध्यमिक तथा उच्च सभी स्तरों पर होना चाहिए।

**3. निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया का सिद्धान्त**—यह सिद्धान्त दर्शाता है कि शैक्षिक निर्देशन एक जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है।

**4. सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास का सिद्धान्त**—अर्थात् यह सिद्धान्त बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देता है।

**5. लचीलेपन का सिद्धान्त**—शैक्षिक निर्देशन में लचीलापन होना चाहिए ताकि बदलते हुए समय और परिस्थितियों के अनुसार इसमें परिवर्तन किए जा सकें।

**6. मूल्यांकन का सिद्धान्त**—शैक्षिक निर्देशन में मूल्यांकन का भी विशेष महत्त्व होना चाहिए जिससे अध्यापक तथा परामर्शदाता परामर्शप्राथीं का मूल्यांकन करके यंह जान सकें कि वे विद्यार्थियों का सही मार्ग दर्शन कर रहे हैं या नहीं।

**7. शिक्षा के अभिन्न अंग होने का सिद्धान्त**—अर्थात् इस सिद्धान्त के अनुसार निर्देशन को शिक्षा का अभिन्न अंग समझा जाता है।

**शैक्षिक निर्देशन के सोपान प्रक्रिया**

**(Steps process of Educational Guidance)**

1. प्रारम्भिक वार्ताएँ
↓
2. प्राथमिक साक्षात्कार
↓
3. छात्रों की विभिन्न स्थितियों का मूल्यांकन
↓
4. मनोवैज्ञानिक परीक्षण
↓
5. छात्रों की शैक्षिक संस्थाओं का अध्ययन
↓
6. स्वास्थ्य सम्बन्धी विवरण
↓
7. अंतिम साक्षात्कार
↓
8. खाका बनाना
↓
9. सम्मेलन
↓
10. प्रतिवेदन
↓
11. अनुवर्तन क्रिया

शैक्षिक निर्देशन की प्रक्रिया निम्नलिखित सोपानों द्वारा आयोजित की जाती है–

1. **प्रारम्भिक वार्ताएँ (Introductory talks)**–इसके द्वारा निर्देशक छात्रों को शैक्षिक निर्देशन की उपयोगिता, महत्व तथा आवश्यकता के बारे में बातचीत या भाषण द्वारा बताता है।

2. **प्राथमिक साक्षात्कार (First Interview)**–इसमें छात्रों से व्यक्तिगत ढंग से साक्षात्कार किया जाता है जिससे उनमें तथा निर्देशन कर्मियों के बीच अच्छे सम्बन्ध स्थापित करने में सहायता मिलती है।

3. **छात्रों की विभिन्न स्थितियों का मूल्यांकन (Evaluation of students various conditions)**–इसके अन्तर्गत छात्रों की सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक स्थिति का मूल्यांकन किया जाता है।

4. **मनोवैज्ञानिक परीक्षण (Psychological tests)**–इसमें छात्रों की बुद्धि, रुचि, क्षमता तथा उपलब्धि को मापने के लिए अनेक मनोवैज्ञानिक परीक्षण किये जाते हैं।

5. **छात्रों की शैक्षिक संस्थाओं का अध्ययन (Study of the educational Institutions of the Students)**–इसके अन्तर्गत यह देखा जाता है कि छात्रों ने किन शैक्षिक संस्थाओं में अध्ययन किया है, उनका शैक्षिक रिकार्ड क्या है तथा छात्र किस प्रकार की क्रियाओं में भाग लेता रहा है।

6. **स्वास्थ्य सम्बन्धी विवरण (Health details)**–इसके अन्तर्गत छात्रों के स्वास्थ्य सम्बन्धी विवरण का वर्णन होता है।

7. **अन्तिम साक्षात्कार (Last or Final Interview)**–इसमें छात्रों के सम्बन्ध में सभी बची-खुची आवश्यक सूचनाओं को रखा जाता है।

8. **खाका बनाना (Drafting)**–इसके अन्तर्गत सभी आवश्यक सूचनाओं को इकट्ठा करने के बाद उसकी विशेषताओं का खाका बनाया जाता है।

9. **सम्मेलन (Conference)**–इसमें सभी सूचनाओं पर विचार-विमर्श किया जाता है।

10. **प्रतिवेदन (Report)**–इसके अन्तर्गत एक विशेष रिपोर्ट सम्मेलन के परिणामों के आधार पर तैयार की जाती है और उसकी एक प्रतिलिपि छात्र, अभिभावक तथा शिक्षक को दी जाती है। इसके आधार पर छात्र आगे के लिए अध्ययन योजना तैयार करता है।

11. **अनुवर्तन क्रिया (Follow up Services)**–इसके द्वारा निर्देशक छात्रों द्वारा लिए गए निर्णयों तथा कार्यों की समीक्षा को देखता है कि उसका अनुसरण किस हद तक किया जा रहा है।

## विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक निर्देशन
## (Educational Guidance at Various stages)

निर्देशन एक गतिशील जीवन पर्यन्त प्रक्रिया है। शैक्षिक निर्देशन का उद्देश्य छात्रों को स्कूल के नवीन वातावरण से समायोजन करना सिखाना है। अतः स्कूल में हर स्तर पर शैक्षिक निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। निम्न स्तरों पर शैक्षिक निर्देशन का अध्ययन किया जा सकता है।

**1. किन्डरगार्टन स्तर पर शैक्षिक निर्देशन कार्य**—इस स्तर पर बच्चे बहुत छोटे होते हैं। अधिकतर बच्चे 2 से 3½ वर्ष की आयु के बीच के होते हैं। इन्हें अपने अच्छे बुरे का कोई ज्ञान नहीं होता और इस अवस्था में बच्चों का मस्तिष्क एक साफ स्लेट की तरह होता है, जो कुछ अध्यापक उस स्लेट पर लिखेगा वही हमेशा के लिए प्रिण्ट हो जायेगा। स्कूलों में वैसे भी बच्चे अधिकतर कक्षा अध्यापक के निकट रहते हैं। इस स्तर पर शैक्षिक निर्देशन का कार्य अध्यापक द्वारा ही किया जाता है। अध्यापक ही बच्चों के निकट रहने के कारण उनकी रुचि, योग्यता, गुण दोष तथा अच्छाई-बुराई को जानता है। अध्यापक ही छात्रों के अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित करके बच्चों के बारे में उन्हें निर्देशन देता है।

**2. प्राथमिक स्तर पर शैक्षिक निर्देशन**—इस स्तर पर अधिकतर बच्चे 4 से 10 वर्ष की आयु के बीच के होते हैं। बच्चे मानसिक, शारीरिक, आत्मिक तथा सामाजिक रूप से विकसित होने लगते हैं। इस स्तर पर शैक्षिक निर्देशन का कार्य छात्रों की योग्यता विकसित करना, शैक्षिक लाभ के अवसर प्रदान करना, स्वाध्याय की आदतों का विकास करना, छात्रों में उपयुक्त शैक्षिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा उनका पथ प्रदर्शन करना है।

**3. माध्यमिक स्तर पर शैक्षिक निर्देशन**—इस स्तर पर शैक्षिक निर्देशन का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के उद्देश्य से परिचित कराना है। छात्रों में अध्ययन सम्बन्धी अच्छी आदतों का विकास करना तथा उनकी शैक्षिक प्रगति में सहायता देना है। छात्रों को सहगामी क्रियाओं के चयन में सहायता देना, उनकी रुचि, क्षमता, योग्यता को जानकर उनके आधार पर उन्हें क्रियाओं के चयन में सहयोग देना तथा छात्रों का अध्ययन के प्रति उत्साह उत्पन्न करना है।

**4. उच्च माध्यमिक स्तर पर शैक्षिक निर्देशन**—छात्रों को उनकी रुचि, योग्यता व क्षमता के बारे में जानकारी देना तथा पाठ्य विषयों के चयन में सहायता करना शैक्षिक निर्देशन का उद्देश्य है। दसवीं से बारहवीं कक्षा के स्तर तक विद्यार्थी के सामने अनेक विषय होते हैं। शैक्षिक निर्देशन उनके चयन में सहायता देता है। इस स्तर पर शैक्षिक निर्देशन का कार्य छात्रों को शिक्षा के लक्ष्यों से परिचित कराना है। पुस्तकालय, स्टडी सर्कल (Study circle) द्वारा छात्रों की अध्ययन में रुचि उत्पन्न की जाती है। प्रतिभाशाली

छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है। छात्रों में स्वाध्ययन तथा नोट्स लेने की कला का विकास किया जाता है।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. शैक्षिक निर्देशन से क्या अभिप्राय है ? इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।
   What do you mean by Educational Guidance. Throw light on its importance.
2. शैक्षिक निर्देशन के उद्देश्य तथा सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए।
   Explain the objectives and principles of Educational Guidance.
3. शैक्षिक निर्देशन की प्रक्रिया से आप क्या समझते हैं। विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक निर्देशन के क्या कार्य हैं ?
   What do you mean by Educational Guidance process. What are the function of Eduational Guidance at various levels?
4. शैक्षिक निर्देशन की प्रक्रिया की विस्तृत व्याख्या करें। शैक्षिक निर्देशन में आप कौन-कौन से चरणों को अपनाएंगे?
   Explain the process of Educational Guidanee in detail. What steps would you follow for Educational Guidance?

* * *

4

CHAPTER

# व्यावसायिक निर्देशन
# (Vocational Guidance)

## व्यावसायिक निर्देशन के अर्थ और परिभाषाएँ
## (Meaning and Definition of Vocational Guidance)

व्यावसायिक निर्देशन शब्द का प्रयोग सबसे पहले फ्रैंक पारसन ने 1908 में किया था। व्यावसायिक निर्देशन से अभिप्राय उस सहायता से है जो व्यक्तियों को व्यावसायिक अवसर, चुनाव तथा प्रगति से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए दी जाती है। व्यावसायिक निर्देशन देते समय छात्रों की विशेषताओं, रुचियों, योग्यताओं और अभियोग्यताओं आदि को आधार बनाया जाता है। भिन्न-भिन्न कार्यों के लिए भिन्न-भिन्न योग्यता की आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी योग्यता के अनुसार ही व्यवसाय चुनना चाहिए जिससे वह उस व्यवसाय को कुशलतापूर्वक पूरा करके अपनी और राष्ट्रीय प्रगति में अधिक से अधिक योगदान दे सके। व्यावसायिक जीवन का आरम्भ स्कूल से ही हो जाता है। ग्यारवीं कक्षा में आते ही छात्र को अपने किसी न किसी व्यवसाय के बारे में निर्णय लेकर उसके अनुसार विशेष पाठ्य विषयों का चुनाव करना होता है। इसलिए उसे इस स्तर पर व्यवसाय सम्बन्धी निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। व्यवसायिक निर्देशन को व्यक्ति के पूर्ण विकास का आवश्यक अंग कहा जाता है। व्यावसायिक निर्देशन की निम्न परिभाषाएँ दी गई हैं।

**ब्लूम और बैलिंसकी के अनुसार**–''व्यावसायिक निर्देशन व्यक्ति के व्यवसाय चुनने, प्रवेश करने और उसमें उन्नति करने के लिए सहायता देने की प्रक्रिया है।''

**अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार**–''व्यावसायिक निर्देशन किसी व्यक्ति को उसकी व्यवसाय चयन सम्बन्धी समस्याओं के समाधान तथा उसकी प्रगति के लिए दी गई सहायता है।''

**मेयर्स के अनुसार**–''व्यावसायिक निर्देशन वह प्रक्रिया है जिसमें छात्र की प्रकृति, क्षमता, तथा विद्यालय में दिए गए प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जाता है।''

**नेशनल वोकेशनल गाइडेन्स एसोसिएशन के अनुसार**–"किसी भी व्यवसाय के चयन, प्रशिक्षण, उसमें प्रवेश और विकास के लिए उपयुक्त सलाह, अनुभव तथा सूचना प्रदान करना ही व्यवसायिक निर्देशन कहलाता है।"

**डोनाल्ड सुपर के अनुसार**–"व्यावसायिक निर्देशन व्यक्तियों को व्यवसाय में समायोजित होने में सहायता देना है तथा मानवीय शक्ति का प्रभावपूर्ण ढंग से उपयोग कर उपलब्ध सुविधाओं द्वारा समाज का आर्थिक विकास करने में सक्षम होना है।"

**क्रो और क्रो के अनुसार**–"व्यावसायिक निर्देशन से अभिप्राय उस सहायता से है जो छात्रों को किसी व्यवसाय को चुनने, उसके लिए तैयारी करने और उसको उन्नति करने के लिए दी जाती है।"

उपरोक्त परिभाषाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि व्यावसायिक निर्देशन एक ऐसी सेवा है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति को व्यावसायिक दृष्टि से अपने भावी जीवन की रूपरेखा निर्मित करने में सहायता मिलती है। व्यावसायिक निर्देशन एक गतिशील एवं जीवन पर्यन्त प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति का व्यावसायिक जीवन से सम्बन्ध जोड़ा जाता है। इसमें सही व्यवसाय को उचित पात्र तक पहुँचाने का प्रयत्न किया जाता है। यह व्यक्तियों की जन्मजात शक्तियों तथा प्रशिक्षण से अर्जित क्षमताओं को सुरक्षित रखने का मूल प्रयास है। व्यावसायिक निर्देशन व्यवसाय और उसकी प्रगति में आने वाली समस्याओं को सुलझाने में प्रदान की जाने वाली सहायता है।

## व्यावसायिक तथा शैक्षिक निर्देशन में अन्तर
## (Difference between Vocational and Educational Guidance)

व्यावसायिक तथा शैक्षिक निर्देशन के बीच परस्पर गहरा सम्बन्ध है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को आजीविका कमाने के योग्य बनाना है। व्यावसायिक निर्देशन का आधार शैक्षिक उपलब्धि है। शिक्षा शास्त्री दोनों के रूपों में कोई अन्तर नहीं मानते परन्तु फिर भी सूक्ष्मता की दृष्टि से दोनों में निम्नलिखित अन्तर पाया जाता है।


| शैक्षिक निर्देशन (Educational Guidance) | व्यावसायिक निर्देशन (Vocational Guidance) |
|---|---|
| 1. शैक्षिक निर्देशन में पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी जाती है। | 1. व्यावसायिक निर्देशन में व्यवसाय सम्बन्धी जानकारी दी जाती है। |
| 2. शैक्षिक निर्देशन उपयुक्त पाठ्यक्रम के चयन में सहायता देता है। | 2. व्यावसायिक निर्देशन उपयुक्त व्यवसाय के चयन में सहायता प्रदान करता है। |
| 3. शैक्षिक निर्देशन में छात्रों के बौद्धिक विकास पर अधिक बल दिया जाता है। | 3. व्यावसायिक निर्देशन में व्यावहारिक पक्ष पर अधिक बल दिया जाता है। |
| 4. शैक्षिक विकास में व्यक्तिगत भिन्नता तथा शैक्षिक अवसरों की विविधता में संतुलन रखा जाता है। | 4. व्यावसायिक निर्देशन में व्यावसायिक विकास पर जोर दिया जाता है। |

| | |
|---|---|
| 5. शैक्षिक निर्देशन का प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर पर विशेष महत्व है। | 5. व्यावसायिक निर्देशन उच्च माध्यमिक स्तर पर अधिक महत्वपूर्ण है। |
| 6. शैक्षिक निर्देशन सामान्य अध्यापकों के सहयोग से भी सफल हो सकता है। | 6. व्यावसायिक निर्देशन के लिए विशिष्ट प्रशिक्षित व्यक्तियों का योगदान आवश्यक है। |
| 7. शैक्षिक निर्देशन में छात्रों को विभिन्न शैक्षिक विषयों तथा संस्थाओं के बारे में जानकारी दी जाती है। | 7. व्यावसायिक निर्देशन में विभिन्न व्यावसायिक विषयों तथा व्यावसायिक संस्थाओं के बारे में जानकारी दी जाती है। |
| 8. शैक्षिक निर्देशन में अन्य विधियों के साथ निबन्धात्मक परीक्षा प्रणाली ही उपयुक्त होती है। | 8. व्यावसायिक निर्देशन मानकीकृत परीक्षा प्रणाली पर आधारित होता है। |

अत: निष्कर्ष में यह कहा जा सकता है कि शैक्षिक एवं व्यावसायिक निर्देशन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। निर्देशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दोनों ही महत्वपूर्ण अंग हैं। निर्देशन का कार्य किसी एक के द्वारा पूरा होना सम्भव नहीं है। दोनों को एक-दूसरे के लिए प्रयुक्त नहीं किया जा सकता, बल्कि दोनों एक दूसरे के पूरक हैं और दोनों का ही स्थान निर्देशन कार्य में महत्वपूर्ण है।

## व्यवसायिक निर्देशन का महत्व एवं आवश्यकता
## (Need of Importance of Vocational Guidance)

तेज़ी से हो रही वैज्ञानिक प्रगति के कारण अनेकों व्यवसाय उभर कर आ रहे हैं और इसी कारण से व्यावसायिक निर्देशन का महत्व दिन प्रतिदिन निम्नलिखित कारणों से बढ़ता जा रहा है।



**1. विशिष्टीकरण की दृष्टि से**—व्यवसायों की जटिलता के कारण विशिष्टीकरण अर्थात् एक ही कार्य या एक कार्य के केवल एक भाग में विशिष्टता प्राप्त करना अनिवार्य हो गया है। किसी कार्य में विशिष्टता प्राप्त करने के लिए व्यावसायिक निर्देशन बहुत अनिवार्य है। व्यावसायिक निर्देशन द्वारा ही कार्यकर्ता विशिष्टता प्राप्त करके, अपनी कुशलता में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने में अपना योगदान देते हैं। इससे आर्थिक विकास के बड़े उद्देश्य की प्राप्ति में सहायता मिलती है।

**2. व्यवसाय के अवसरों की विविधता की दृष्टि से**—आज व्यवसाय के अवसरों में काफी विविधता पाई जाती है और इनकी सफलता के लिए योग्य पात्रों की आवश्यकता होती है। जितने व्यवसाय अधिक होंगे और जितनी उनमें विविधता अधिक होगी और उतना ही व्यावसायिक निर्देशन की आवश्यकता अधिक होगी। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि एक व्यक्ति अनेक व्यवसायों में पूर्ण रूप से दक्ष नहीं हो सकता और व्यक्ति को व्यवसाय विशेष में शिखर तक पहुँचने में समय-समय पर उस व्यवसाय से सम्बन्धित निर्देशन की आवश्यकता होती है जिसको अनेक रूपों में प्रदान किया जा सकता है।

**3. व्यवसाय के चयन एवं समंजन की दृष्टि से**—उच्च कक्षाओं में पहुँचकर छात्रों को व्यवसाय का चयन करना होता है। ऐसे समय पर व्यावसायिक निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। व्यवसाय में सफलता के लिए समंजन की आवश्यकता भी जरूरी है जो व्यवसायिक निर्देशन द्वारा ही सम्भव है।

**4. व्यवसायिक रुचि के मापन की दृष्टि से**—व्यावसायिक निर्देशन द्वारा छात्रों की व्यावसायिक रुचि व क्षमता का पता लगता है। छात्र सही व्यवसाय का चयन करके ही व्यावसायिक जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। व्यावसायिक निर्देशन द्वारा ही व्यावसायिक अभिक्षमता व रुचि का मापन हो सकता है।

**5. मानवीय शक्ति एवं साधनों की दृष्टि से**—व्यावसायिक निर्देशन द्वारा छात्रों को प्राकृतिक सम्पदा जैसे—वन, कोयला, जल आदि से सम्बन्धित संसाधनों का ज्ञान दिया जाता है। इसके साथ ही मानवीय शक्ति तथा साधनों के उपयुक्त प्रयोग का भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

**6. सामुदायिक जीवन की दृष्टि से**—व्यावसायिक निर्देशन द्वारा व्यक्ति की चुने हुए व्यवसाय में समंजन करने की प्रवृत्ति को विकसित किया जाता है और यथार्थवादी ढंग से किये गये व्यवसाय के चयन करने से व्यक्ति को अपने सामुदायिक जीवन को उच्च कोटि का बनाने का अवसर मिलता है।

**7. श्रम एवं उद्योगों में परिवर्तन की दृष्टि से**—आज के औद्योगिक युग में श्रम बाज़ार में श्रम एवं उद्योगों की परिस्थितियों में काफी परिवर्तन आये हैं। विशेपज्ञों तथा प्रशिक्षित श्रमिकों द्वारा इन परिवर्तनों में आगे सुधार लाना सम्भव है। व्यावसायिक निर्देशन द्वारा ही छात्रों को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जा सकता है।

**8. व्यक्तिगत विभिन्नता की दृष्टि से**—आजकल काफी व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक विभिन्नताएं पायी जाती हैं। निर्देशन के द्वारा उपयुक्त व्यक्ति उपयुक्त व्यवसाय का चुनाव कर सकता है। व्यावसायिक निर्देशन व्यक्तियों की विभिन्नता और उनके लिए कार्यों की विभिन्नताओं के कारण आवश्यक समझा जाता है।

**9. आर्थिक दृष्टि से**—आर्थिक लाभ की दृष्टि से व्यावसायिक निर्देशन का विशेष महत्व है। किसी भी व्यवसाय में प्रवेश लेने के लिए काफी समय और धन खर्च करना पड़ता है। स्कूलों में व्यावसायिक निर्देशन के माध्यम से इस समस्या का समाधान आसानी से हो सकता है।

**10. भावी जीवन में स्थिरता लाने की दृष्टि से**—बढ़ती हुई व्यावसायिक दक्षता और विशिष्टीकरण के कारण आज किसी भी व्यवसाय में स्थिरता कायम रखने के लिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति अपने व्यवसाय की प्रगति से सम्बन्धित सभी समस्याओं के बारे में समय-समय पर पूरी जानकारी रखे। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो अपने व्यवसाय में पीछे रह जायेगा। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यवसाय और भावी जीवन में स्थिरता लाने के लिए समय-समय पर व्यवसायिक निर्देशन की आवश्यकता होती है।

## व्यावसायिक निर्देशन के उद्देश्य
## (Aims of Vocational Guidance)

व्यक्तिगत भिन्नताओं, व्यावसायिक विविधताओं, औद्योगीकरण तथा आधुनीकरण के कारण व्यावसायिक निर्देशन का महत्व बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक प्रगति, प्रगतिशील टेकनोलॉजी और वैज्ञानिक तथा वाणिज्यिक शोधों के फलस्वरूप नये-नये व्यवसाय और काम-धन्धे पनपते जा रहे हैं जिससे व्यावसायिक निर्देशन का दायित्व भी जोर पकड़ता जा रहा है। व्यावसायिक निर्देशन निम्नलिखित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए दिया जाता है।

1. व्यावसायिक निर्देशन का उद्देश्य व्यवसाय सम्बन्धी आवश्यक योग्यता तथा कुशलता से परिचित कराना है।

2. इसका उद्देश्य छात्रों की व्यावसायिक क्षमता, योग्यता, रचि और अभिरुचि आदि का मूल्यांकन करना है।

3. इसका उद्देश्य छात्रों को विशेष व्यवसाय सम्बन्धी जानकारी देना है।

4. इसका उद्देश्य छात्रों में व्यवसाय की परिस्थिति को समझने उसके साथ समायोजित करने तथा मानसिक तत्परता के विकास में सहायता करना है।

5. इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक सूचनाओं के विश्लेषण की विधियों से परिचित कराना है।

6. इसका उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से पिछड़े बालकों को व्यावसायिक योजना के अनुसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान करना है।

7. इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण सम्बन्धी विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं की जानकारी देना है।

8. इसका उद्देश्य छात्रों में व्यावसायिक सामंजस्य की भावना को विकसित करना तथा व्यवसाय में लगे अनेक विशेषज्ञों से सम्बन्ध स्थापित करने में सहायता करना है।

9. इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधाओं, प्रवेश के नियम प्रशिक्षण की अवधि तथा प्रशिक्षण के लिए आश्यक ज्ञान सम्बन्धी जानकारी देना है।

10. इसका उद्देश्य मानसिक एवं शारीरिक दृष्टि से अपंग लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार व्यवसाय सम्बन्धी जानकारी देना है।

## विभिन्न स्तरों पर व्यावसायिक निर्देशन
## (Vocational Guidance at Different Stages)

**1. प्राथमिक स्तर (Primary Level)**–इस स्तर पर छात्रों को हाथ द्वारा किये गये कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इन्हें वस्तुओं को ठीक ढंग से रखने व स्वच्छता तथा विधिपूर्वक कार्य करना सिखाया जाता है। छात्रों में परस्पर सहयोग और सहकारिता की भावना विकसित की जाती है। छात्रों में श्रम के प्रति आदर की भावना विकसित की जाती है।

**2. माध्यमिक स्तर पर (Middle Level)**–छात्रों को विभिन्न विषयों के व्यावसायिक मूल्यों, गुण–अवगुण तथा व्यावसायिक क्षेत्रों से परिचित कराया जाता है। उनको रुचि तथा क्षमता के आधार पर उपयुक्त कार्य करने की प्रेरणा दी जाती है।

**उच्चतर माध्यमिक स्तर (Senior Secondary Stage)**–इस स्तर पर छात्रों को पहले स्तर पर किये गये कार्यों की तीव्रता को बनाये रखने के लिए अवसर प्रदान करने का, उन्हें विभिन्न व्यवसाय तथा उनसे सम्बन्धित विभिन्न कोर्सों के बारे में जानकारी देने का तथा छात्र जिन व्यवसायों में अधिक रुचि लेते हैं उनके बारे में विस्तृत जानकारी देने का निर्देशन दिया जाता है। छात्रों को ऐसे सम्बन्ध स्थापित करने में सहायता की जाती है जिनके द्वारा उनकी भावी व्यवसाय योजना साकार हो सके।

## व्यावसायिक निर्देशन की प्रक्रिया
## (Process of Vocational Guidance)

1. व्यावसायिक निर्देशन के अन्तर्गत सबसे पहले सेवार्थी की रुचि, आकांक्षा तथा भावी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जाती है।

2. सेवार्थी को व्यावसायिक चार्ट तथा विवरण पत्रिका के माध्यम से उसकी रुचि के अनुकूल व्यवसाय के बारे में जानकारी दी जाती है।

3. निर्देशक मानकीकृत परीक्षाओं द्वारा सेवार्थी के व्यक्तित्व सम्बन्धी गुणों का पता लगाता है।

4. सेवार्थी को किसी विशेष व्यवसाय को चुनने और उसके लिए प्रशिक्षण लेने के लिए ठोस योजना बनायी जाती है।

5. सेवार्थी की व्यवसायिक जगत के साथ समंजन करने के लिए उचित सलाह दी जाती है।

6. व्यावसायिक जगत में प्रवेश करने के बाद अनुवर्ती अध्ययन किया जाता है।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. शैक्षिक एवं व्यावसायिक निर्देशन का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।

   Compare Educational and Vocational Guidance in detail.

2. व्यावसायिक निर्देशन से आप क्या समझते हैं ? इसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

   What do you mean by Vocational Guidance. Explain its importance.

3. व्यावसायिक निर्देशन के क्या उद्देश्य हैं ? विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर इसके क्या कार्य हैं ?

   What are the objectives of Vocational Guidance? What are its functions and various levels of Education?

***

5

CHAPTER

# व्यक्तिगत निर्देशन

## (Personal Guidance)

शैक्षिक एवं व्यवसायिक समस्याओं के अतिरिक्त विद्यार्थियों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन समस्याओं को व्यक्तिगत निर्देशन के अन्तर्गत शामिल किया जाता है। प्राय: व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन के मुख्य चार पक्षों–शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं के समाधान में सहायता प्रदान करना ही व्यक्तिगत निर्देशन कहलाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि व्यक्तिगत निर्देशन का क्षेत्र अपेक्षाकृत अधिक व्यापक है। जो जीवन के लगभग सभी पहलुओं से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान में सहायता करता है। व्यक्तिगत दृष्टि से समायोजन क्षमता का विकास करना ही व्यक्तिगत निर्देशन का उद्देश्य है। कुछ व्यक्तिगत समस्याएँ इतनी गंभीर होती हैं कि अगर उनका समाधान न किया जाए तो व्यक्ति शक्तिहीन हो जाता है। और उसके व्यक्तिगत जीवन की समस्याओं का प्रभाव उसके शैक्षिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों पर भी पड़ता है। व्यक्तिगत समस्याओं वाला व्यक्ति शैक्षिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में भी प्रगति नहीं कर पाता। इस प्रकार व्यक्तिगत निर्देशन, निर्देशन के अन्य क्षेत्रों के साथ भी सम्बन्धित है। हम व्यक्तिगत निर्देशन के महत्व की उपेक्षा नहीं कर सकते।

### व्यक्तिगत समस्याओं के प्रकार
### (Types of Personal Problems)

मनुष्य के व्यक्तिगत जीवन से सम्बन्धित समस्याओं का वर्गीकरण एवं अध्ययन करने के लिए अनेकों विद्वानों द्वारा प्रयास किए गए हैं। एल. मूनी एवं रेमर्स ने अपने मनोवैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर इन समस्याओं का गहन अध्ययन किया है। इन समस्याओं को सीताराम जायसवाल ने अपनी पुस्तक ''शिक्षा में निर्देशन और परामर्श'' में सात वर्गों में विभाजित किया है।

**व्यक्तिगत समस्याओं के प्रकार**

1. स्वास्थ्य एवं शारीरिक समस्याएँ
2. सामाजिक सम्बन्धों से जुड़ी समस्याएँ
3. संवेगात्मक व्यवहार से जुड़ी समस्याएँ
4. पारिवारिक जीवन एवं पारिवारिक सम्बन्धों से जुड़ी समस्याएँ
5. यौन प्रेम एवं विवाह सम्बन्धी समस्याएँ
6. आर्थिक जीवन से सम्बन्धी समस्याएँ
7. धर्म, चरित्र, आदर्शों एवं मूल्यों से सम्बन्धी समस्याएँ

**1. स्वास्थ्य एवं शारीरिक सम्बन्धी समस्याएँ (Problems related to the health and physical development)**–इनमें मनुष्य के स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास सम्बन्धी समस्याएँ आती हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति किसी बीमारी से पीड़ित है तो वह डाक्टर से सम्बन्धी परामर्श प्राप्त कर सकता है।

**2. सामाजिक सम्बन्धों से जुड़ी समस्याएँ (Problems Related to social relationship)**–इसमें मनुष्य के सामाजिक सम्बन्धों से जुड़ी समस्याएँ आती हैं। जैसे कि विभिन्न सामाजिक सम्बन्धों में आपसी सामंजस्य कैसे लाया जा सकता है। समाज में विभिन्न व्यक्तियों के साथ किस प्रकार मधुर सम्बन्ध स्थापित किए जा सकते हैं। आदि से सम्बन्धित निर्देशन दिया जा सकता है।

**3. संवेगात्मक व्यवहार से सम्बन्धित समस्याएँ (Problems related to emotional behaviour)**–इसके अन्तर्गत व्यक्ति का विभिन्न परिस्थितियों संवेगात्मक व्यवहार सम्बन्धी समस्याओं का अध्ययन किया जाता है। व्यक्ति का भावात्मक लहजा कैसा होना चाहिए, क्रोध, भय आदि संवेगों पर कैसे नियन्त्रण रखना है से सम्बन्धित निर्देशन दिया जा सकता है।

**4. पारिवारिक जीवन तथा पारिवारिक सम्बन्धों से सम्बन्धित समस्याएँ (Problems related to home and family relationship)**–इसमें पारिवारिक जीवन में आने वाली अनेक समस्याएँ जैसे पारिवारिक कलह, आपसी तालमेल, पारिवारिक विघटन, परिवार के सदस्यों में तनावपूर्ण सम्बन्ध आदि समस्याएँ आती हैं। विचारों एवं दृष्टिकोणों में टकराव के कारण परिवार के सदस्यों के सम्बन्धों में तनाव आ जाता है। इन सब समस्याओं को सुलझाने के लिए निर्देशन प्राप्त किया जा सकता है।

**5. यौन, प्रेम एवं विवाह सम्बन्धी समस्याएं (Problems related to sex, courtship and marriage)**–इनमें व्यक्ति की यौन समस्याएँ, आपसी प्रेम एवं वैवाहिक जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याएँ सम्मिलित हैं।

**6. आर्थिक जीवन से सम्बन्धित समस्याएँ (Problems related to economic life)**–इसमें व्यक्ति की आर्थिक समस्याएँ जैसे कैसे गुज़ारा चलाया जाए, आमदनी के

साधन कौन से हैं, कौन से व्यवसाय में जाना चाहिए आदि सम्मिलित हैं। परिवार का भरण पोषण कैसे किया जाए ये समस्या भी इसी में आती है।

**7. धर्म, चरित्र, आदर्शों एवं मूल्यों से सम्बन्धित समस्याएँ (Problems related to religion, moral, ideals and values)**–इसमें व्यक्ति के सम्मुख किस धर्म पर विश्वास करें, किन आदर्शों को अपनाएँ, अच्छे मूल्यों का विकास कैसे करें आदि समस्याएँ आती हैं। विद्यार्थियों में अच्छे आदर्शों एवं मूल्यों का विकास करने सम्बन्धी उचित निर्देशन प्रदान किया जा सकता है।

## व्यक्तिगत निर्देशन के उद्देश्य
## (Objectives of Personal Guidance)

प्रो. आर.ए. शर्मा ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ''शैक्षिक एवं व्यावसायिक निर्देशन एवं परामर्श में व्यक्तिगत निर्देशन के निम्नलिखित उद्देश्य बताए हैं–''

1. व्यक्ति में समायोजन की योग्यता का विकास करना।

2. पारस्परिक सम्बन्धों को बनाए रखने सम्बन्धी कौशल का विकास करना।

3. जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में विवेक एवं सूझबूझ पूर्ण व्यवहार का विकास करना।

4. व्यक्तिगत जीवन से सम्बन्धित समस्याओं के कारणों, प्रभावों तथा उनका समाधान खोजने में सहायता करना।

5. जीवन की विभिन्न व्यक्तिगत समस्याओं के सन्दर्भ में निर्णय क्षमता का विकास करना।

6. पारिवारिक सम्बन्धों के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाए रखने की योग्यता का विकास करना।

7. अपने स्वास्थ्य के प्रति निरन्तर सचेत रहने एवं मानसिक एवं संवेगात्मक संतुलन बनाए रखने में सहायता करना।

8. अपनी योग्यताओं एवं क्षमताओं का विकास करना।

9. परिवार, पड़ोस विद्यालय एवं समाज के मध्य समायोजन स्थापित करने में सहायता करना।

10. स्वतन्त्र निर्णय क्षमता एवं आत्म-विश्वास के साथ कार्य करने की योग्यता का विकास करना।

## व्यक्तिगत निर्देशन का महत्त्व एवं आवश्यकता
## (Need and Importance of Personal Guidance)

**व्यक्तिगत निर्देशन का महत्त्व एवं आवश्यकता**

1. आपसी तनावों को कम करने के लिए
2. व्यक्तिगत समायोजन की क्षमता का विकास करने के लिए
3. समायोजन की क्षमता का विकास करने के लिए
4. व्यक्तिगत जीवन में सुख शान्ति एवं संतोष का विकास करने के लिए
5. उचित निर्णय-क्षमता का विकास करने के लिए
6. व्यक्तिगत कौशलों का विकास करने के लिए।

**इन सभी आवश्यकताओं का वर्णन इस प्रकार है–**

**1. आपसी तनावों को कम करने के लिए (To Minimise the mutual Tensions)**–वर्तमान समय में व्यक्ति की आवश्यकताएँ, आकांक्षाएँ एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ती ही जा रही है, जिसके कारण अपने हित के लिए दूसरे का बुरा करने की प्रवृत्ति भी बढ़ती ही जा रही है। व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए दूसरों का बुरा करने में जरा भी संकोच नहीं करते। ऐसे समय में पारस्परिक सम्बन्धों में तनाव बढ़ रहा है तथा उन्हें सौहार्दपूर्ण बनाए रखना कठिन होता जा रहा है। इस प्रकार की स्थिति से समाज एवं व्यक्ति को छुटकारा दिलाने एवं आपसी तनावों को कम करने के लिए व्यक्तिगत निर्देशन का प्रभावी प्रयोग किया जा सकता है।

**2. व्यक्तिगत समायोजन की क्षमता का विकास करने के लिए (To develop the efficiency of personal Adjustment)**–वर्तमान समय में व्यक्तिगत समायोजन की क्षमता का बहुत अधिक महत्व है। जो व्यक्ति अपने परिवार, समाज तथा समुदाय में समायोजित नहीं हो पाता वह जीवन के प्राय: हर क्षेत्र में असमायोजित ही रहता है। जिसके कारण उसे अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वह दूसरों के साथ, परिवार के सदस्यों के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित नहीं कर पाता। इस समस्या को सुलझाने में व्यक्तिगत निर्देशन बहुत अधिक सहायक हो सकता है।

**3. पारिवारिक एवं व्यवसायिक समायोजन की क्षमता का विकास करने के लिए (To Establish Co-ordination between Vocational and familial life)**–व्यक्ति के व्यवसायिक एवं पारिवारिक जीवन में समायोजन स्थापित करने के लिए भी व्यक्तिगत निर्देशन का बहुत महत्व है। व्यक्ति की पारिवारिक परिस्थितियों का उसके व्यवसायिक जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ता है। जो व्यक्ति अपने परिवार में असंतुष्ट है या समायोजित नहीं है। तो इसका बुरा प्रभाव उसकी व्यवसायिक कुशलता पर भी पड़ेगा। इसी प्रकार व्यावसायिक जीवन की चिंता, असंतोष निराशा एवं उग्रता

आदि का प्रभाव उसके पारिवारिक जीवन पर पड़ेगा। इस असमायोजन की स्थिति से निपटने में व्यक्तिगत निर्देशन सहायक हो सकता है।

**4. व्यक्तिगत जीवन के सुख शांति एवं संतोष का विकास करने के लिए (To develop the feeling of happiness, peace and satisfaction)**—वर्तमान समय में व्यक्ति की इच्छाएँ बहुत अधिक बढ़ती जा रही हैं। प्राय: देखा जाता है कि जीवन में बहुत कुछ हासिल करने के बाद भी व्यक्ति संतुष्ट नहीं हो पाते और हमेशा कुछ न कुछ पाने की धुन में तनाव ग्रस्त रहते हैं। ऐसे व्यक्ति और अधिक पाने की लालसा में जो उनके पास उपलब्ध है उसका सुख भी नहीं भोग पाते। व्यक्तिगत निर्देशन के द्वारा व्यक्ति में आत्म बोध का विकास किया जा सकता है ताकि वे जो उनके पास उपलब्ध है उन्हें सन्तुष्ट होकर सुख-शान्ति से जीवन व्यतीत कर सके।

**5. उचित निर्णय-क्षमता का विकास करने के लिए (To Develop proper decision making ability)**—मनुष्य का जीवन ढेरों समस्याओं से भरा पड़ा है। जो व्यक्ति अपने जीवन की व्यक्तिगत समस्याओं के लिए उचित निर्णय लेने की क्षमता रखता है। नि: संदेह वही व्यक्ति अपेक्षाकृत अधिक सफलता प्राप्त करता है। व्यक्तिगत निर्देशन के द्वारा व्यक्ति को यह बताया जा सकता है कि उसे किस प्रकार अपनी क्षमता योग्यता समय एवं साधनों के संदर्भ में निर्णय लेना चाहिए तथा निर्णय लेते समय किस मानसिक प्रक्रिया का प्रयोग करना चाहिए।

**6. व्यक्तिगत्र कौशलों का विकास करने के लिए (To Develop the skills related to individual life)**—व्यक्तिगत निर्देशन कुछ व्यक्तिगत कौशलों के विकास में भी व्यक्ति की सहायता कर सकता है। व्यावसायिक जीवन एवं शैक्षिक जीवन के अतिरिक्त वैयक्तिक जीवन में भी अनेक कौशलों की आवश्यकता पड़ती है। जैसे किस प्रकार अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना है। अपने लक्ष्यों तक निर्धारण कैसे करना है। हमारी दिनचर्या कैसी होनी चाहिए, दूसरों के साथ किस प्रकार व्यवहार करना चाहिए आदि। व्यक्तिगत निर्देशन के द्वारा इस उद्देश्य की पूर्ति की जा सकती है।

## शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर वैयक्तिगत निर्देशन
## (Personal Guidance at the Various Stages of Education)

जैसे-जैसे व्यक्ति की आयु में परिवर्तन होते हैं। उसकी व्यक्तिगत समस्याओं में भी बदलाव आता रहता है। यही कारण है कि शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर व्यक्तिगत निर्देशन के उद्देश्यों एवं विधियों में भी अन्तर पाया जाता है। हर स्तर पर अलग-अलग भिन्न समस्याएँ होने के कारण निर्देशन का स्वरूप भी भिन्न-भिन्न होता है। भिन्न-भिन्न स्तरों पर प्रदान किए जाने वाले निर्देशन के स्वरूप का वर्णन निम्नलिखित है—

**1. पूर्व प्राथमिक स्तर पर व्यक्तिगत निर्देशन (Personal Guidance at Pre-primary Stage)**—व्यक्ति के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है—शैशवावस्था इस

अवस्था में डाली गई आदतें व्यक्ति की पूरी उम्र तक बनी रहती हैं। इस स्तर पर जो भी बातें बच्चा अपने घर-परिवार या विद्यालय में सीखता है वही बातें उसे व्यक्तिगत निर्देशन प्रदान करने का काम करती हैं-जैसे मित्रों के साथ सहयोग, मिलजुल कर खेलना, संवेगों पर नियन्त्रण रखना आदि का निर्देशन भी इसी स्तर पर बच्चों को प्रदान किया जा सकता है। इस स्तर पर व्यक्तिगत निर्देशन का उद्देश्य निम्नलिखित बातों को सीखने में सहायता करना है-

SITARAM SHIWANI LIBRARY Acc. No. ............

1. अच्छी आदतों के निर्माण में सहायता करना।

2. बालकों को अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने में सहायता करना।

3. कविता अथवा कहानी सुनाकर बालकों को आत्म अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करना।

4. बालकों में उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना जैसे अपने खिलौनों, पुस्तकों एवं अन्य सामान को यथा स्थान संभाल कर रखना आदि।

5. स्कूल में बच्चों को एक अच्छी शुरुआत करने में सहायता करना। बच्चे को प्यार देकर, व्यक्तिगत रूप से ध्यान देकर एवं स्कूल को आकर्षण के केन्द्र बनाकर बच्चों के स्कूल की अच्छी शुरुआत की जा सकती है ताकि समय पर उपस्थिति, कक्षा में लम्बे समय तक बैठे रहना आदि उसे भावात्मक रूप से अशान्त न कर सकें।

6. खेलों के द्वारा बच्चों में नेतृत्व की भावना एवं सहयोग की भावना का विकास करना।

**2. प्राथमिक स्तर पर व्यक्तिगत निर्देशन (Personal Guidance at Primary Stage)**-6 से 11 वर्ष की आयु तक के बच्चे प्राथमिक स्तर में होते हैं। अतः इस आयु वर्ग के बालकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही वैयक्तिक निर्देशन का कार्य किया जाना चाहिए। इस स्तर पर निर्देशन के निम्नलिखित उद्देश्य हो सकते हैं-

1. बालकों में भावात्मक असंतुलन को विकसित होने से रोकना।

2. बच्चों में शारीरिक स्वास्थय की देखरेख तथा स्वच्छता की आदतों का निर्माण करने में सहायता प्रदान करना।

3. बच्चों में आत्म अनुशासन की भावना का विकास करना।

4. विभिन्न विद्यालयी क्रियाओं में भाग लेने का अवर प्रदान करके अनुशासन का महत्व समझाना।

5. सृजनात्मक कार्यों में विद्यार्थियों की रुचि का विकास करने के लिए विभिन्न अवसर उपलब्ध कराना।

6. विभिन्न खेलों के द्वारा बालकों में विभिन्न सामाजिक मूल्यों का विकास करना।

**3. माध्यमिक स्तर पर व्यक्तिगत निर्देशन (Personal Guidance at the S ondary Stage)**–माध्यमिक स्तर में प्रवेश के समय बच्चा अपने जीवन के स कठिन काल "किशोरावस्था" में प्रवेश कर चुका होता है। यह व्यक्ति के जीवन की "संघर्ष एवं तूफान" की अवस्था मानी जाती है तथा इसकी अपनी अनेकों समस् होती हैं। बच्चों के अनेक समायोजन सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ता यदि उन समस्याओं को उपयुक्त निर्देशन के द्वारा हल न किया जाए तो ये जीवन क कर देती है। अत: इस अवस्था में व्यक्तिगत निर्देशन की सबसे अधिक आवश्यक होती है। यह स्कूल का कर्त्तव्य है कि निम्नलिखित समस्याओं के समाधान में बच्चों सहायता करें–

**1. सामाजिक समायोजन (Social Adjustment)**

(a) अच्छे मित्रों के चयन में सहायता।

(b) मनोरंजन साधनों का चयन कैसे किया जाए।

(c) सामाजिक समायोजन कैसे किया जाए।

(d) लड़कों या लड़कियों में किस प्रकार अच्छे मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बनाए जाएं।

**2. समय का सदुपयोग (Use of time)**

(a) विभिन्न क्रिया-कलापों के लिए समय का बँटवारा कैसे किया जाए।

(b) अवकाश के समय का सदुपयोग कैसे किया जाए।

(c) पढ़ाई के लिए समय कैसे दिया जाए।

**3. पारिवारिक सम्बन्ध (Family Relations)**

1. परिवारं के विभिन्न सदस्यों के मध्य संघर्ष।
2. रिश्तेदारों के साथ सम्बन्धों को स्थापित करने में असमर्थता।
3. माता-पिता एवं बालकों के मध्य विचारों का टकराव।
4. माता-पिता के साथ कम समय व्यतीत करना।

**4. भविष्य (Future)**

(a) औपचारिक शिक्षा में सफला कैसे प्राप्त की जाए।

(b) कौन सा व्यवसाय अपनाया जाए।

(c) चयनित व्यवसाय में सफलता कैसे प्राप्त की जाए।

**5. वित्तीय मामले (Financial Matters)**

(a) धन कैसे अर्जित किया जाए।

(b) धन को बुद्धिमता से किस प्रकार खर्च किया जाए।

(c) धन की बचत कैसे की जाए।

**6. व्यक्तित्व तथा यौन (Personality and the sex)**

1. संवेगों पर नियन्त्रण कैसे पाया जाए।
2. यौन समस्याएँ कैसे सुलझाई जाएं।
3. यौन स्वच्छता कैसे रखी जाए।
4. आकर्षक व्यक्तित्व कैसे बनाया जाए।

**7. स्वास्थ्य (Health)**

1. विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से कैसे निपटा जाए।
2. नशीले पदार्थों के सेवन से बचना।
3. पर्याप्त नींद एवं भोजन।
4. विभिन्न शारीरिक बदलाव।

**4. कालेज स्तर पर व्यक्तिगत निर्देशन (Personal Guidance at the College level)**—1. विद्यालय में प्रवेश लेने एवं लेने के बाद नए वातावरण में समायोजन करने में सहायता करना।

2. कॉलेज में विद्यार्थियों के विकास में बाधक समस्याओं को सुलझाने में सहायता करना।

3. विद्यार्थियों में उचित रुचियों, अभिवृत्तियों का विकास करना।

4. विद्यार्थियों की गलत महत्वाकांक्षाओं एवं आदतों को सुधारने में सहायता करना।

5. विद्यार्थियों में मूल्यों, आदर्शों एवं जीवन दर्शन का विकास करना।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. व्यक्तिगत निर्देशन के अर्थ, प्रकारों एवं उद्देश्यों का विस्तार से वर्णन करें।
   Discuss in detail the meaning, types and objectives of Personal guidance.
2. व्यक्तिगत निर्देशन की आवश्यकता एवं महत्व का वर्णन कीजिए।
   Explain the need and importance of personal guidance.
3. शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर व्यक्ति निर्देशन की व्याख्या करो।
   Discuss personal guidance at various stages of Education in detail.

***

6

CHAPTER

# व्यक्ति का अध्ययन एवं मूल्यांकन

## (Studying and appraising an Individual)

"To attempt to guide the development of the pupil without an intimate knowledge of his background and the sum total of his experiences is to attempt the impossible." **(W.C. Reavis and C.H. Judd)**

"विद्यार्थी की पृष्ठभूमि और उसके समस्त अनुभवों के गहन ज्ञान के बिना उसके निर्देशन का प्रयास असंभव है।" **( रेविस एंड जुड )**

उपरोक्त परिभाषा का अध्ययन करने पर हमें स्पष्ट पता चलता है कि किसी भी व्यक्ति से सम्बन्धित सभी प्रकार की सूचनाएँ प्राप्त किए बिना निर्देशन एवं परामर्श का कार्य असंभव है। निर्देशन तथा परामर्श व्यक्ति के लिए है तथा व्यक्ति ही परामर्श एवं निर्देशन का मुख्य केन्द्र है। किसी भी प्रकार के निर्देशन चाहे वह शैक्षिक हों, व्यावसायिक हों अथवा व्यक्तिगत तीनों के लिए अनेक साधनों एवं विविध सूचनाओं की आवश्यकता होती है। परन्तु इन सब की व्यवस्था होने पर भी हम जब तक सही निर्देशन को गठन नहीं कर सकते जब तक हम उस व्यक्ति के बारे में नहीं जानते। व्यक्ति का अध्ययन करते समय निर्देशन तथा परामर्श की दृष्टि से उसकी रुचियों, अभिरुचियों, योग्यताओं, शैक्षिक उपलब्धि, अभिवृत्ति, मूल्यों आदर्शों, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक तथ्यों के बारे में जानना आवश्यक है। तभी हम सही ढंग से उस व्यक्ति का मार्गदर्शन कर सकते हैं। शैक्षिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में छात्रों का सही मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक है कि अध्यापक परामर्शदाता तथा निर्देशन कार्यकर्ता को छात्रों से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रकार की सूचनाओं का ज्ञान होना चाहिए।

**सूचनाओं के प्रकार (Types of Informations)**

1. व्यक्तिगत सूचना
2. स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचना
3. परिवार सम्बन्धी सूचना
4. सामाजिक सूचना
5. शैक्षिक सूचना
6. मानसिक सूचना
7. रुचि सम्बन्धी सूचना
8. अभिरुचि सम्बन्धी सूचना
9. व्यक्तित्व एवं व्यक्तिगत समायोजन
10. भविष्य की योजना

## संकलित की जाने वाली सूचनाओं के प्रकार (Types of Informations to be Collected)

छात्रों का सही मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक है कि अध्यापक, परामर्शदाता तथा निर्देशन कार्यकर्ता को छात्रों से सम्बन्धित निम्नलिखित विभिन्न प्रकार की सूचनाओं का ज्ञान होना चाहिए।

**1. व्यक्तिगत सूचना (Individual Information)**—इसमें छात्र से सम्बन्धित व्यक्तिगत सूचनाएँ जैसे छात्र का नाम, पता, जन्म स्थान, जन्मतिथि तथा छात्र के निकट सम्बन्धी लोगों की व्यक्तिगत सूचनाएँ शामिल की जाती हैं।

**2. स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचना (Health Information)**—छात्र के स्वास्थ्य से सम्बन्धी सूचनाएँ जैसे उसकी दृष्टि, सुनने की क्षमता, बोलना, शारीरिक तथा मानसिक सम्बन्धी सूचना, दुर्घटना तथा छात्र की बीमारी आदि से सम्बन्धित स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचना छात्र के शैक्षिक तथा व्यावसायिक चयन को काफी प्रभावित करती है।

**3. परिवार सम्बन्धी सूचना (family Information)**—इसमें छात्र के परिवार तथा पड़ौस से सम्बन्धित सूचनाएँ आती हैं जो छात्र के जीवन पर विशेष प्रभाव डालती हैं। इसमें छात्र के माता-पिता की शैक्षिक तथा आर्थिक स्थिति, परिवार का आकार, छात्र के परिवार का समाज में क्या स्थान है, माता-पिता का व्यवसाय, धर्म, नागरिकता तथा उनके द्वारा बोली गई भाषा इत्यादि आते हैं।

**4. सामाजिक सूचना (Social Information)**—मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहना आवश्यक है। छात्र जिस समाज में रहता है उससे सम्बन्धित सामाजिक वातावरण का ज्ञान तथा उसके साथियों के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। उनका सामाजिक समायोजन तथा साथियों के प्रति व्यवहार कैसा है इसकी भी जानकारी होना चाहिए।

**5. शैक्षिक सूचना (Educational Information)**–छात्र कौन से स्कूल में पढ़ रहा है, अध्ययन सम्बन्धी उसकी आदतें कैसी हैं, विभिन्न विषयों में कितने अंक प्राप्त किए हैं, कौन से विषयों में रुचि है तथा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के प्रति क्या योगदान है, आदि बातें शैक्षिक सूचना के अन्तर्गत आती हैं।

**6. मानसिक सूचना (Mental Information)**–निर्देशक को छात्रों की बुद्धि के बारे में भी ज्ञान होना चाहिए। बुद्धि के द्वारा ही भावी योजना का निर्माण किया जा सकता है। बुद्धि परीक्षाओं के द्वारा ही छात्रों की बुद्धि को नापा जा सकता है। यदि उनकी बुद्धिलब्धि (I.Q.) ऊँची होगी, तभी वे उच्चशिक्षा और विशिष्ट व्यवसाय जैसे-डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि में शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

**7. रुचि सम्बन्धी सूचना (Interest Information)**–छात्रों को शैक्षिक तथा व्यावसायिक निर्देशन देने के लिए उनकी रुचियों को जानना आवश्यक है। रुचि पविर्तनशील होती है। रुचि सम्बन्धी सूचना प्रमाणीकृत परिसूचियों (Standardised Interest Inventories) द्वारा इकट्ठी की जाती हैं।

**8. अभिरुचि सम्बन्धी सूचना (Aptitude Information)**–अभियोग्यता या अभिरुचि द्वारा छात्र को किसी विशेष क्षेत्र में प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त की हुई सफलता तथा प्रगति के बारे में पता लगाया जा सकता है। यान्त्रिक, लिपिक, संगीतात्मक, कलात्मक, वैज्ञानिक अभियोग्यताओं के द्वारा सूचनाएँ इकट्ठी करके छात्रों के विभिन्न कार्यक्षेत्रों की क्षमता के बारे में पता लगाया जा सकता है और इसके द्वारा छात्रों को व्यावसायिक तथा शैक्षिक निर्देशन आसानी से दिया जा सकता है।

**9. व्यक्तित्व एवं व्यक्तिगत समायोजन (Personality and Personal Adjustment)**–छात्र के व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले गुणों की सूचना भी प्राप्त करनी चाहिये। छात्र के व्यक्तित्व के विकास पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही व्यक्तिगत समायोजन सम्बन्धी सूचनायें एकत्र करनी चाहिए। छात्र को अपने अध्यापक, मित्र, माता-पिता तथा अन्य छात्रों के साथ व्यक्तिगत सामाजिक, सांवेगिक सम्बन्ध स्थापित करने होते हैं। छात्र का इन सभी व्यक्तियों के साथ समायोजन किस प्रकार का है, इससे सम्बन्धित सूचनाओं का आलेखन (record) रखना चाहिये। विद्यालय की विभिन्न प्रकार की क्रियाओं में छात्रों द्वारा लिये जाने वाले भाग अंकित कर लेने चाहिएं। सभी सूचनाएँ छात्र के सामाजिक तथा सांवेगिक विकास का ज्ञान प्रदान करती हैं।

**10. भविष्य की योजना (Plan of the future)**–छात्र को अपने भविष्य के बारे में शैक्षिक तथा व्यावसायिक योजनायें बनानी होती हैं। यह सफल निर्देशन के लिये आवश्यक है। इन योजनाओं को बनाने में छात्र स्वयं या अपने माता-पिता की सहायता लेते हैं। निर्देशन कार्यकर्ता छात्रों की योग्यताओं, रुचियों या आकांक्षाओं के अनुकूल ही भविष्य की योजनाओं के निर्माण में सहायता देता है। इन सूचनाओं को एकत्रित करने के लिए प्रश्नावली या साक्षात्कार विधि प्रयोग की जा सकती है।

## निर्देशन में व्यक्ति का अध्ययन एवं मूल्यांकन

## (Need & Importance of studying and appraising individual in guidance)

### व्यक्ति मापन का महत्व

### (Importance of Appraising an individual)

निर्देशन की प्रक्रिया में छात्र की विशेपताओं का, विशेपतया उसकी उपलब्धियों, क्षमताओं तथा अर्जित गुणों का मूल्यांकन आवश्यक है। मूल्यांकन द्वारा छात्र में हुए परिवर्तन की मात्रा का निर्धारण, विशेपकर उसके शिक्षण, अनुदेशन तथा अधिगम के क्षेत्र में हुए परिवर्तन से किया जाता है। मूल्यांकन से अभिप्राय किसी वस्तु या प्रक्रिया का मूल्य निश्चित करने से है। शैक्षिक मूल्यांकन से अभिप्राय शिक्षण प्रक्रिया तथा अधिगम की क्रियाओं से उत्पन्न अनुभवों की उपयोगिता के सम्बन्ध में निर्णय देना है। शिक्षण प्रक्रिया से तात्पर्य शिक्षक, शिक्षार्थी तथा पाठ्यवस्तु के मध्य सम्बन्ध स्थापित करना है। आधुनिक शैक्षिक धारणा के अनुसार शिक्षण प्रक्रिया का केन्द्र बिन्दु छात्र है। शैक्षिक प्रक्रिया का उद्देश्य व्यवहार परिवर्तन के द्वारा छात्रों के ज्ञानात्मक (Cognitive), भावात्मक (Affective) तथा क्रियात्मक (Conative) तीनों मानसिक पक्षों में परिवर्तन लाना है। छात्र को शिक्षण प्रक्रिया का केन्द्रबिन्दु समझा जाा है इसलिए छात्र की रुचियों, आवश्यकताओं तथा रुझानों को ध्यान में रखकर शिक्षण की व्यवस्था करनी पड़ती है। शैक्षिक मूल्यांकन द्वारा यह पता लगाया जाता है कि यह व्यवस्था कहाँ तक उपयोगी सिद्ध हुई है।

मनोवैज्ञानिक अनुसंधान के द्वारा छात्रों की व्यक्तिगत भिन्नताओं योग्यताओं, रुचियों, अभिरुचियों आदि को जानना आवश्यक है। छात्रों का अध्ययन करके ही अध्यापक तथा परामर्शदाता उनका सही निर्देशन कर सकते हैं। उपयुक्त वातावरण के साथ समायोजित करने के लिए, सफलता और असफलता के कारणों को जानकर स्थिति को प्रभावशाली बनाने के लिए छात्र का व्यक्तिगत अध्ययन आवश्यक है। व्यक्तिगत अध्ययन के बिना सफल अध्ययन की कल्पना असम्भव है।

व्यक्ति अध्ययन एवं मापन की आवश्यकता एवं महत्व निम्नलिखित हैं :

1. उचित निर्देशन एवं परामर्श प्रदान करने के लिए सहायक
2. व्यक्ति के बारे में व्यक्तिगत, सामाजिक एवं उसके स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचना प्राप्त करने के लिए सहायक
3. व्यक्ति की रुचियों, अभिरुचियों, योग्यता, क्षमता आदि का पता लगाने के लिए सहायक
4. व्यक्ति में समायोजन क्षमता का विकास करने के लिए सहायक
5. व्यक्ति के जीवन की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने के लिए सहायक
6. व्यक्ति की उपलब्धियों का पता लगाने के लिए सहायक
7. व्यक्ति के भावी जीवन की योजनाओं को सफल बनाने में सहायक
8. व्यक्ति के व्यक्तित्व का संतुलित विकास करने में सहायक
9. उचित व्यवसाय का चयन करने में सहायक

## व्यक्ति मापन के सिद्धान्त
## (Principles of appraisal of an Individual)

किसी भी व्यक्ति का अध्ययन एवं मापन करते समय एक अध्यापक, परामर्शदाता एवं निर्देशन कार्यकर्ता को निम्नलिखित सिद्धान्तों को ध्यान में रखना चाहिए–

1. मापन व्यक्ति के हित के लिए किया जाना चाहिए
2. सभी विद्यार्थियों को समान समय पर तथा समान मात्रा में निर्देशन नहीं दिया जा सकता
3. सभी प्रकार की परिस्थितियों के लिए कोई एक मूल्यांकन तकनीक संभव नहीं।
4. मापन में व्यक्ति एवं उसके वातावरण का अध्ययन दोनों ही सम्मिलित है।
5. सभी सूचनाएँ सुरक्षित एवं गोपनीय रखनी चाहिएं
6. व्यक्ति के मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य स्वयं की समझ एवं निर्णय क्षमता को बढ़ाना होना चाहिए।

**1. मापन व्यक्ति की भलाई के लिए किया जाना चाहिए (Appraisal should be undertaken for the benefit of the individual)**–निर्देशन में व्यक्ति का मापन व्यक्ति की भलाई के लिए किया जाना चाहिए। व्यक्ति के मूल्यांकन का उद्देश्य उसकी कमियों, समस्याओं, योग्यताओं, रुचियों आदि का पता लगा कर उचित निर्देशन प्रदान करना है ताकि वह सुखमय जीवन व्यतीत कर सके।

**2. सभी विद्यार्थियों को एक ही समय पर एक समान मात्रा में निर्देशन प्रदान नहीं किया जा सकता (Appraisal is not required in the same amount or the same degree for all students at the same time)**–सभी विद्यार्थी किसी न किसी रूप में दूसरों से भिन्न होते हैं। सभी की भिन्न-भिन्न रुचियाँ, योग्यताएँ होती हैं। इन व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ध्यान में रखते हुए ही निर्देशन सेवाओं का गठन किया जाना चाहिए। समान समय पर, समान मात्रा में, एक ही प्रकार का निर्देशन प्रदान नहीं किया जा सकता।

**3. सभी प्रकार की परिस्थितियों के लिए एक ही मूल्यांकन तकनीक उपयुक्त नहीं (There are no single test application or procedure for use in every situation)**–मनुष्य को जीवन में विभिन्न परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। अलग-अलग परिस्थितियों से आवश्यकता पड़ती है। कोई भी ऐसी प्रक्रिया या तकनीक नहीं है जो सभी परिस्थितियों में काम में आ सके। अलग-अलग चीज़ों का मापन करने के लिए अलग-अलग तकनीक एवं प्रक्रिया अपनानी पड़ती है जैसे बुद्धि मापन के लिए बुद्धिलब्धि टैस्ट, रुचि के लिए रुचि अनुसूचि आदि का प्रयोग किया जाता है।

**4. मापन में व्यक्ति एवं उसके वातावरण दोनों का अध्ययन सम्मिलित है (Appraisal practices involve the study of both indvidual and their environment)**–व्यक्ति के जीवन पर उसके आसपास के वातावरण का बहुत अधिक

प्रभाव पड़ता है। मनुष्य जिस वातावरण में रहता है उसी के अनुसार उसको रुचियाँ, अभिवृत्तियाँ सामाजिक रहन सहन होता है। उसी प्रकार की उसकी समस्याएँ भी होती हैं। यदि हम व्यक्ति के बारे में सही अध्ययन करना चाहते हैं तो हमें उस वातावरण का अध्ययन भी अवश्य करना पड़ेगा जिसमें वह रहता है।

**5. व्यक्ति से सम्बन्धित सभी सूचनाएँ सुरक्षित एवं गोपनीय रखी जानी चाहिए (Appraisal Data must be properly safeguarded)**–व्यक्ति से सम्बन्धित सभी प्रकार की सूचनाएँ गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जानी चाहिएं। निर्देशन कार्यकर्ता केवल तभी व्यक्ति का विश्वास-पात्र बन सकता है जब वह व्यक्ति से सम्बन्धित सूचनाओं को सुरक्षित एवं गोपनीय रखे। और सही सूचनाएँ प्राप्त कर सकता है।

**6. व्यक्ति के मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य उसके स्वयं की समझ एवं निर्णय क्षमता को बढ़ाना होना चाहिए (The fundamental purpose of engaging in collecting appraisal data is to increase self-under standing and wise decision making)**–निर्देशन के व्यक्ति के मापन एवं मूल्यांकन का उद्देश्य उसे स्वयं को समझने में एवं उचित निर्णय क्षमता का विकास करना होना चाहिए। इसके द्वारा व्यक्ति को उसकी योग्यताओं, रुचियों, अभिवृत्तियों, क्षमताओं आदि का ज्ञान कराया जा सकता है ताकि वह उनके अनुसार अपने भावी जीवन से सम्बन्धित एवं विभिन्न समस्याओं को सुलझाने सम्बन्धी उचित निर्णय ले सके।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. किसी व्यक्ति के मूल्यांकन की आवश्यकता एवं महत्त्व की विवेचना कीजिए। निर्देशन के लिए आप अपने विद्यालय के बालक के बारे में सूचनाएँ एकत्रित करने के लिए किन विधियों का प्रयोग करेंगे।

   Discuss the need and importance of appraising an individual. Which methods will you adopt to collect information about the child in your school for providing guidance?

2. निर्देशन कार्य के लिए छात्रों से सम्बन्धित संकलित की जाने वाली सूचनाओं के प्रकारों का वर्णन करें।

   Explain the various types of informations about students to be collected for guidance programme.

3. निर्देशन कार्य के लिए व्यक्तिगत सूचनाओं का क्या महत्त्व है?

   Discuss the importance/use of individual informations for guidance programme.

***

7

CHAPTER

# सूचना प्राप्त करने एवं व्यक्ति अध्ययन की विधियाँ

## (Methods of Studying and Appraising an Individual)

सभी प्रकार के निर्देशन का केन्द्र बिन्दु व्यक्ति ही है। व्यक्ति के बारे में भली भाँति जाने बिना उसके लिए निर्देशन प्रदान किया जाना असंभव है। किसी भी समस्या से सम्बन्धित निर्देशन प्रदान करने के लिए पहले हमें व्यक्ति के व्यक्तिगत व सामाजिक जीवन, उसकी योग्यता, क्षमता, रुचि, अभिरुचि आदि का ज्ञान होना आवश्यक है।

व्यक्ति को भली-भांति जानने के लिए निर्देशक उपरोक्त लिखित सभी सूचनाएँ विभिन्न तरीकों से इकट्ठी करता है। सूचनाएँ इकट्ठी करने की बहुत सी विधियाँ हैं। केवल एक ही विधि पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। वही विधि श्रेष्ठ मानी जाती है जो विश्वसनीय तथा वस्तुनिष्ठ हो। सूचनाएँ प्राप्त करने की विधियाँ निम्नलिखित हैं।

**सूचना प्राप्त करने की विधियाँ**

**(Techniques of Collecting Information)**

**Testing**

**प्रमापीकृत परीक्षा**

**(Standardised Tests)**

1. व्यक्तत्व परीक्षा (Personality Test)
2. अभियोग्यता परीक्षा (Aptitude Test)
3. रुचि परीक्षा (Interest Test)
4. उपलब्धि/निष्पत्ति परीक्षा (Achievement Test)
5. बुद्धि परीक्षा (Intelligence Test)

**Non testing**

**अप्रमापीकृत परीक्षा**

**(Non-Standardised Tests)**

1. साक्षात्कार (Interview)
2. आत्मकथा (Autobiography)
3. व्यक्ति इतिहास (Case History)
4. प्रश्नावली (Questionnaire)
5. निर्धारण मापदण्ड (Rating Scale)
6. समाजमिति (Sociometry)
7. आकस्मिक अभिलेख (Anecdotal Record)
8. अवलोकन (Observation)
9. प्रक्षेपण विधियाँ (Projective Techniques)
10. संचित अभिलेख पत्र (Cumulative Record card)

छात्रों के मूल्यांकन के लिए दो प्रकार के उपागम–प्रमापीकृत/औपचारिक उपागम और अप्रमापीकृत/अनौपचारिक उपागम प्रयोग किए जाते हैं।

**प्रमापीकृत विधियाँ**–शिक्षा का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को उसकी क्षमता के अनुकूल ऐसी योजनाओं, परिस्थितियों, उपकरणों तथा प्रणालियों को प्राप्त कराना है जो उसे अपने जीवन के हर क्षेत्र में जिम्मेदारी निभाने में सहायता दे सकें। ये वे वस्तुनिष्ठ परीक्षाएँ हैं जिनके माध्यम से छात्रों की रुचि, उपलब्धि, अभियोग्यता, शैक्षिक अभिक्षमता तथा बुद्धि का विश्वसनीय ढंग से मापन और मूल्यांकन हो सकता है।

ये प्रविधियाँ वैज्ञानिक सिद्धान्तों के आधार पर निर्मित होती हैं। इनके द्वारा विश्वसनीय एवं प्रमाणिक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इन परीक्षाओं को इस प्रकार निर्मित किया जाता है कि इनको प्रयोग करना, स्कोरिंग करना, व्याख्या आदि पूर्व निर्धारित तरीके से किया जाता है। कोई भी परीक्षण जिसमें सभी विद्यार्थियों के लिए समान परीक्षा होती है। समान मूल्यांकन विधि होती है और एक समान तरीके, से लागू किया जाता है। प्रमापीकृत कहलाता है। इन प्रविधियों में बुद्धि परीक्षण, रुचि परीक्षण, अभिरुचि परीक्षण, उपलब्धि परीक्षण, व्यक्तित्व परीक्षण आदि शामिल होते हैं। यह समय धन एवं श्रम की दृष्टि से मितव्ययी होती हैं। इनको लागू करना, अंकन तथा व्याख्या करना सरल एवं सभी परिस्थितियों में समान होता है।

प्रमापीकृत एवं गैर-प्रमापीकृत प्रविधियों में अन्तर–

| प्रमापीकृत परीक्षाएँ | गैर-प्रमापीकृत परीक्षाएँ |
|---|---|
| 1. ये परीक्षाएँ निष्पक्ष एवं वस्तुनिष्ठ होती हैं। इनमें पक्षपात की संभावना नहीं होती। | 1. ये परीक्षाएँ व्यक्तिनिष्ठ होती हैं एवं पक्षपात की संभावना इनमें सदैव बनी रहती है। |
| 2. इन परीक्षणों में समय एवं श्रम कम लगता है। | 2. इनमें अपेक्षाकृत अधिक समय एवं श्रम की आवश्यकता होती है। |
| 3. इनको लागू करना आसान है। इनके द्वारा मूल्यांकन आसानी से किया जा सकता है। | 3. इनको लागू करना मुश्किल है। इनके द्वारा मूल्यांकन करना कठिन है। |
| 4. इन प्रविधियों में सूचनाओं को इस प्रकार एकत्रित किया जाता है कि प्रत्येक निर्देशन कार्यकर्ता समान निष्कर्ष निकालता है। | 4. इन प्रविधियों द्वारा एकत्रित सूचनाओं के आधार पर प्रत्येक निर्देशन कार्यकर्ता अलग-अलग निष्कर्ष निकालता है। |
| 5. ये परीक्षाएँ विशेषज्ञों द्वारा निर्मित होती है। | 5. ये अध्यापक या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा बनायी जा सकती है। |
| 6. ये अधिक विश्वसनीय होती हैं। | 6. ये अपेक्षाकृत कम विश्वसनीय होती है। |
| 7. इनमें अधिक धन की आवश्यकता होती है। | 7. ये अपेक्षाकृत कम महंगी होती है। |

## अप्रमापीकृत विधियाँ
## (Non-testing Techniques)

मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का अध्ययन करने पर हम देखते हैं कि केवल ये ही मूल्यांकन का अचूक साधन नहीं हो सकती। ये साक्ष्य नहीं, बल्कि लक्ष्य प्राप्ति का एक साधन मात्र है। ये व्यक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान नहीं करती। केवल उसी पहलू का मूल्यांकन करती हैं जिसको जाँचने के लिए इनका निर्माण किया जाता है। व्यक्ति के व्यवहार का विस्तृत अध्ययन करने के लिए गैर-प्रमाणीकृत प्रविधियाँ बहुत अधिक लाभदायक सिद्ध हुई हैं।

इन विधियों का स्वरूप मूलतः आत्मनिष्ठ होता है फिर भी ये छात्र में हुए व्यवहार परिवर्तन को स्पष्ट करने में सहायता देती है। इनके माध्यम से छात्रों की प्रदर्शित अभिवृत्तियों, व्यवहार, रुझान तथा कक्षा में अधिगम उपलब्धि का पता लगाकर शिक्षक छात्रों के बारे में जानकारी प्राप्त करके उन्हें उपयोगी निर्देशन देता है।

ये प्रमापीकृत प्रविधि के एक दम विपरीत है। इनमें अलग-अलग विद्यार्थियों को अलग-अलग टैस्ट दिए जाते हैं। या फिर समान टैस्ट अलग-अलग परिस्थितियों में दिया जाता है। उदाहरण के लिए समान टैस्ट के लिए विद्यार्थियों को अलग-अलग समय देना। किसी को कम, किसी को ज्यादा अथवा मूल्यांकन का तरीका भी अलग-अलग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए किसी विद्यार्थी के लिए एक प्रश्न सही तथा दूसरे के लिए वही प्रश्न गलत हो सकता है।

## साक्षात्कार
## (Interview)

**1. साक्षात्कार (Interview)**—साक्षात्कार किसी उद्देश्य विशेष के लिए किया गया गम्भीर वार्तालाप होता है। बच्चों का मूल्यांकन करने के लिए यह एक उपयोगी साधन है। शिक्षक इसका प्रयोग छात्र के व्यवहार का निदान करके उसकी सफलता का मूल्यांकन करने के लिए करता है। इसका स्वरूप मूलतः अनौपचारिक होता है। साक्षात्कार में शिक्षक अपने छात्रों से खुलकर बात करते हैं और छात्र भी विश्वास के आधार पर शिक्षक को अपनी सारी गतिविधियों से अवगत करा देते हैं। साक्षात्कार का अर्थ है- किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए दो व्यक्तियों का आमने-सामने बैठकर आपसी वार्तालाप। सूचना देने वाला तथा लेने वाला दोनों ही किस विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए आपस में वार्तालाप करते हैं।

**Definitions**—"साक्षात्कार वह क्रमबद्ध विधि है जिसके द्वारा एक व्यक्ति अपेक्षाकृत अजनबी व्यक्ति के जीवन में प्रवेश करता है।"—**पोलिंग यंग**

**2. बिंघम एवं मूर के अनुसार**—"साक्षात्कार वह गंभीर वार्तालाप है जिसका निश्चित उद्देश्य होता है न कि केवल संतोष के लिए बातचीत"।

"A serious conversation directed to a definite purpose other than satisfaction in the conversation itself is an interview." **(Binghan and Moor)**

"Interview is a situation which the client can gain better understanding to himself." **(John G. Darley)**

**जॉन जी. डार्ली**–"साक्षात्कार एक ऐसी परिस्थिति है जिसमें कि ग्राहक अपने आपको और अच्छी तरह समझ सके।"

## साक्षात्कार के प्रकार
## (Types of Interview)

साक्षात्कार के निम्न प्रकार होते हैं–

**1. प्रवेश साक्षात्कार (Admission Interview)**–यह साक्षात्कार प्रार्थी को किसी विशेष कोर्स में प्रवेश देने के लिए लिया जाता है।

**2. नियुक्ति साक्षात्कार (Employment Interview)**–यह साक्षात्कार जीविका विशेष के लिए व्यक्ति की उपयुक्तता निश्चित करता है।

**3. निदानात्मक साक्षात्कार (Diagnostic Interview)**–इस साक्षात्कार का उद्देश्य छात्रों के घर तथा वातावरण से सम्बन्धित सूचना प्राप्त करना है।

**4. अनुसंधान साक्षात्कार (Research Interview)**–इस साक्षात्कार में अनुसंधान सम्बन्धी आँकड़े तथा तथ्य इकट्ठे किये जाते हैं।

**5. सूचनात्मक साक्षात्कार (Informative Interview)**–इसके अन्तर्गत छात्रों की उपलब्धि तथा योग्यता से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की सूचनाएँ दी जाती हैं।

**6. परामर्श साक्षात्कार (Counselling Interview)**–इस साक्षात्कार के अन्तर्गत परामर्शदाता आपसी वार्तालाप द्वारा छात्रों में सूझ-बूझ विकसित करके उनको आत्मबोध प्राप्ति में सहायता करता है।

## साक्षात्कार के महत्व या लाभ
## (Importance and Advantages of Interview)

**साक्षात्कार का महत्व/लाभ (Importance and Advantages of Interview)**–वर्तमान शिक्षा प्रणाली मौखिक की अपेक्षा लिखित परीक्षा पर अधिक बल देती है। इससे छात्रों में रटने की प्रवृत्ति बढ़ती है। छात्र विषय को समझने का प्रयत्न कम करते हैं और किसी प्रकार रटकर परीक्षा पास कर लेने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। अत: छात्रों में विषय के गहन अध्ययन का अभाव पाया जाता है। साक्षात्कार के द्वारा ही यह जानना सम्भव है कि छात्र को किसी विषय के बारे में कितना गहन अध्ययन है। साक्षात्कार द्वारा छात्र की विषय गहनता, आत्म सूझ-बूझ, तर्क तथा चिंतन मननशक्ति, आत्मविश्वास तथा अभिव्यंजना शक्ति का पता चलता है। साक्षात्कार द्वारा छात्र के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है। साक्षात्कार एक सरल प्रणाली है जिससे कम

समय में अधिक-से-अधिक बच्चों के व्यक्तित्व को मापा जा सकता है। इस विधि के प्रयोग से छात्रों की अन्त:दृष्टि विकसित की जाती है। यह विधि बहुत अधिक प्रभावशाली है, क्योंकि इस विधि के आधार पर लगाए हुए अनुमान या लिए गए निर्णय काफी हद तक सही उतरते हैं।

## साक्षात्कार के लाभ
## (Advantages of Interview)

साक्षात्कार विधि के निम्नलिखित लाभ हैं–

1. व्यक्ति को सम्पूर्ण रूप से समझने की यह उत्तम विधि है।
2. इसको प्रयोग में लाना सरल है।
3. यह बातचीत की तरह प्राकृतिक है।
4. इस विधि का प्रयोग समस्याओं तथा उद्देश्यों के लिए किया जाता है।
5. यह छात्रों की अन्त:दृष्टि (Insight) को विकसित करने में सहायक होती है।
6. इसके परिणाम अच्छे निकलते हैं और यह अधिक प्रमाणित होती है।
7. साक्षात्कार के द्वारा हम व्यक्ति के व्यक्तित्व का अनुमान लगा सकते हैं।
8. शिक्षित एवं अशिक्षित दोनों ही तरह से इसका अभ्यास किया जा सकता है।
9. यह प्रकृति में लचीला होता है।
10. यह गोपनीयता को अधिक कायम रखता है।
11. यह मैत्रीपूर्ण वातावरण की स्थापना करता है।

## साक्षात्कार की प्रक्रिया
## (Process of Interview)

साक्षात्कार के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया को अपनाया जाना चाहिए–

1. साक्षात्कार की तैयारी

↓

2. साक्षात्कार का ढाँचा

↓

3. साक्षात्कार की समाप्ति

↓

4. अनुवर्तन सेवाएँ

**1. साक्षात्कार की तैयारी (Preparation for Interview)**–यह साक्षात्कार का प्रारम्भिक चरण है। यदि इस पग में अच्छे प्रकार से कार्य न किया जाये तो सम्पूर्ण

साक्षात्कार केवल एक मजाक बन कर रह जाएगा। इस पग में निम्नलिखित गतिविधियों को शामिल किया जाता है–

(a) **सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करना**–सबसे पहले साक्षात्कारकर्ता को साक्षात्कार दाता से मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करना चाहिए। इस चरण का मुख्य उद्देश्य साक्षात्कार देने वाले की हिचकिचाहट एवं भय को दूर करना है। नहीं तो वार्तालाप में कठिनाई आ सकती है। उसे साक्षात्कार देने वाले को आश्वासन देना चाहिए कि उसकी सूचनाएँ गोपनीय रखी जाएँगी। जरूरत पड़ने पर आश्चर्य, शोक प्रकट करना चाहिए।

(b) स्वतन्त्र वातावरण में साक्षात्कार को संचालित किया जाना चाहिए।

(c) साक्षात्कार दाता एवं साक्षात्कारकर्ता दोनों को एक समान समय प्रदान करना चाहिए।

**2. साक्षात्कार का ढाँचा (Body of the Interview)**–यह साक्षात्कार की अति संवेदनशील अवस्था है। इसका सीधा सम्बन्ध समस्या के किसी न किसी पक्ष से होता है। इसलिए इस भाग को प्रभावकारी बनाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। इसको प्रभावकारी बनाने के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए–

1. साक्षात्कारदाता को वार्तालाप के लिए प्रेरित करना चाहिए एवं प्रेरणादायक प्रश्न पूछे जाने चाहिए।

2. साक्षात्कार देने वाले की प्रवृत्ति एवं भावनाओं का पूरा महत्व दिया जाना चाहिए।

3. एक ही बार में सारी जानकारी प्राप्त करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। एक समय पर सीमित जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

4. साक्षात्कारदाता को स्वतन्त्रता दी जानी चाहिए परन्तु सीमित मात्रा में दी जानी चाहिए। अन्यथा साक्षात्कार के उद्देश्य में असफलता भी प्राप्त हो सकती है।

**3. साक्षात्कार की समाप्ति (The Closing of Interview)**–यह साक्षात्कार का अन्तिम चरण है साक्षात्कार की समाप्ति पर साक्षात्कार देने वाले को संतोष महसूस होना चाहिए। पहले साक्षात्कार के समाप्त होने से पहले ही दूसरे साक्षात्कार की घोषणा कर देनी चाहिए। एकदम से साक्षात्कार समाप्ति की घोषणा नहीं करनी चाहिए इससे उद्देश्य की प्राप्ति नहीं हो पाती।

**4. अनुवर्तन सेवाएँ (Follow up Services)**–इसे पश्च साक्षात्कार की अवस्था भी कहा जाता है। यह साक्षात्कार की समाप्ति के बाद उसके मूल्यांकन से सम्बन्धित चरण है जिसे साक्षात्कार के ढाँचे में शामिल नहीं किया जा सकता। यदि साक्षात्कार के वांछित उद्देश्य या परिणाम प्राप्त नहीं हो पाते तो इन असफलताओं पर विवेचन किया जाता है तथा अगले साक्षात्कार में इस विवेचन के आधार पर आवश्यक परिवर्तन लाए जा सकते हैं।

## अच्छे साक्षात्कारकर्ता के गुण
## (Qualities of a good Interviewer)

**एक अच्छे साक्षात्कारकर्ता में निम्नलिखित गुण होने चाहिएं–**

1. उसे अच्छा सुनने वाला होना चाहिए जिससे कि साक्षात्कार देने वाले के होठों पर बात आते ही समझ जाए कि वह क्या कहना चाहता है।

2. उसे स्पष्ट वक्ता होना चाहिए जिससे कि साक्षात्कार देने वाले की बात अच्छी तरह समझ में आ जाए।

3. साक्षात्कारकर्ता को चाहिए कि वह साक्षात्कार के समय ऐसा वातावरण बनाए रखे जिससे साक्षात्कार देने वाले का आत्मविश्वास बना रहे।

4. साक्षात्कारकर्ता को साक्षात्कार देने वाले के किसी वार्तालाप पर आवश्यक रूप से या बहुत अधिक आश्चर्य प्रकट नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से साक्षात्कार देने वाले का मनोबल गिर जाता है।

5. उसे साक्षात्कार तकनीक का पूरा ज्ञान होना चाहिए।

6. साक्षात्कार लेने वाले का दृष्टिकोण वस्तुनिष्ठ होना चाहिए।

7. उसमें संवेगात्मक परिपक्वता एवं संतुलित विचारों का होना आवश्यक है।

8. उसमें उचित वातावरण एवं आत्मीय सम्बन्ध स्थापित करने की योग्यता होनी चाहिए।

9. साक्षात्कार देने वाले के प्रति उसे मित्रतापूर्ण स्नेहपूर्ण एवं मधुर व्यवहार करना चाहिए।

10. यदि साक्षात्कार देने वाला बोल रहा हो तो उसे बीच में नहीं टोकना चाहिए।

11. व्यक्ति के व्यवहार का उचित विश्लेषण करने के लिए उसे मनोविज्ञान का ज्ञान होना भी आवश्यक है।

## 2. आत्मकथा
## (Autobiography)

**ए. ई. ट्रक्सर के अनुसार**–"आत्मकथा व्यक्ति के व्यक्तिगत गुणों के बारे में आँकड़े इकट्ठे करने वाला वह प्राकृतिक तथा तुरन्त उपलब्ध होने वाला साधन है जिससे वह अपने व्यक्तिगत एवं परामर्श हेतु पक्षों को प्रदर्शित करता है।" आत्म कथात्मक विवरणों द्वारा छात्र अपने को मूल्यांकित करने तथा वस्तुनिष्ट रूप में जानने और समझने का एक महत्वपूर्ण आधार प्राप्त कर लेता है। स्कूल में छात्र की रुचि क्या है उसकी दिनचर्या क्या है आदि बातों का पता लगाने के लिए अध्यापक छात्र को डायरी या आत्मकथा लिखने को कहता हैं। इस तरह के लेखों से छात्र के व्यक्तित्व के बारे में जाना जा सकता है। इससे छात्र को रचनात्मक शक्ति, कौशल एवं अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन तो मिलता ही

है, साथ-साथ उसके व्यक्तित्व के अदृश्य पक्षों पर भी प्रकाश पड़ता है। प्रायः देखा जाता है कि छात्र डायरी लिखने में न तो प्रशिक्षित होते हैं और न ही उनकी रुचि होती है और न ही इतना समय होता है। यदि वे आत्मकथा लिखते भी हैं तो केवल उन्हीं बातों का वर्णन करते हैं जो वांछनीय हैं। फिर भी देखा जाता है कि छात्रों का अध्ययन करने के लिए तथा उनके व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने के लिए आत्मकथा भी एक उपयुक्त विधि है।

## प्रश्नावली
## (Questionnaire)

मनोविज्ञान में प्रश्नावली का प्रयोग व्यक्ति के सामाजिक गुण जैसे सामाजिकता तथा आत्म प्रकाशन की परीक्षा के लिए किया जाता है। इसके अन्तर्गत कुछ ऐसे चुने हुए प्रश्नों की सूची होती है जिसके सामने हाँ या ना लिखकर व्यक्तित्व की विशेषताएँ जैसे आत्मविश्वास, सामाजिकता तथा अन्तर्मुखता आदि पर प्रकाश डाला जाता है।

प्रश्नावली शब्द प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने की योजना की ओर संकेत करता है। इसकी परिभाषा लिखित प्रश्नों की सूची के रूप में की जा सकती है अर्थात् प्रश्नावली में प्रश्नों की एक लम्बी सूची होती है जिसका सम्बन्ध किसी विशेष विषय से होता है।

इस विधि के दो रूप होते हैं-1. इनवैन्टरी (Inventory) 2. प्रश्नावली (Questionnaire)। इनवैन्टरी में व्यक्ति के विषय में विशिष्ट योग्यताओं से सम्बन्धित सूचनाएँ इकट्ठी की जाती हैं, जबकि प्रश्नावली में व्यक्ति के जीवन से सम्बन्धित साधारण सूचनाएँ इकट्ठी की जाती हैं। प्रश्नावली अनेक प्रकार की होती हैं। इनमें चार मुख्य हैं-

1. बन्द प्रश्नावली (Closed Questionnaire)
2. खुली प्रश्नावली (Open Questionnaire)
3. चित्रित प्रश्नावली (Pictorial Questionnaire)
4. मिश्रित प्रश्नावली (Mixed Questionnaire)

बन्द प्रश्नावली में व्यक्ति को केवल हाँ या ना में उत्तर देने होते हैं। उसे और कुछ नहीं लिखना होता। इस प्रकार की प्रश्नावली में वस्तुनिष्ठा होती है, समय कम लगता है, इसकी व्याख्या करनी सरल होती है तथा उत्तर देना भी आसान होता है, क्योंकि केवल हाँ या ना पर ही निशान लगाने होते हैं। उदाहरणार्थ-1. क्या आप खेलना अधिक पसन्द करते हैं (हाँ/नहीं)।

खुली प्रश्नावली में प्रश्नों के सामने उत्तर लिखने के लिए खाली स्थान होता है, जिसमें व्यक्ति को उत्तर लिखने होते हैं। इस प्रकार की प्रश्नावली में सारिणी बनाने तथा व्याख्या करने में समय अधिक लगता है, जैसे-

(क) भारत पर पाकिस्तान के आक्रमण के बारे में आपका क्या विचार है ?

(ख) बढ़ती हुई महँगाई की समस्या के क्या कारण हैं ?

चित्रित प्रश्नावली में कुछ चित्र दिए होते हैं जिन पर निशान लगाकर छात्र को प्रश्नों का उत्तर देना होता है जैसे दो फूलों के चित्र दिए हुए हैं–उनमें से यह बताना है कि गुलाब का फूल कौन सा है। छात्र गुलाब के फूल के चित्र पर निशान लगाएगा।

मिश्रित प्रश्नावली में उपरोक्त लिखित तीनों प्रकार के प्रश्नों का मिश्रण होता है।

निर्देशन कार्यक्रम में प्रश्नावली दो प्रकार की होती है। 1. अभिभावक द्वारा भरी जाने वाली प्रश्नावली और 2. छात्र द्वारा भरी जाने वाली प्रश्नावली। अभिभावकों द्वारा भरी जाने वाली प्रश्नावली छोटी कक्षाओं के लिए उपयुक्त होती है। बच्चों का भाषा पर अधिकार नहीं होता और उन्हें न ही अपने सम्बन्ध में इतनी जानकारी होती है कि वे अपने सभी प्रश्नों का उत्तर सही भर सकें, इसलिए इस प्रश्नावली भरने में उनके अभिभावक उनकी सहायता करते हैं। छात्र द्वारा भरी जाने वाली प्रश्नावली उच्च कक्षाओं के छात्रों के लिए उपयुक्त होती है।

**प्रश्नावली के लाभ (Advantages of Questionnaire)**

– प्रश्नावली के द्वारा छात्र की व्यक्तिगत स्थिति तथा पारिवारिक स्थिति का ज्ञान होता है और उसी के आधार पर माता-पिता को निर्देश दिया जा सकता है।

– प्रश्नावली के द्वारा छात्र की रुचि, अभिरुचि, योग्यता, क्षमता आदि के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

–, प्रश्नावली के द्वारा ही छात्रों को शैक्षिक तथा व्यावसायिक निर्देशन दिया जा सकता है।

– प्रश्नावली के आधार पर ही छात्रों को भावी योजना से सम्बन्धित आगामी अध्ययन के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

– इस विधि के द्वारा साक्षात्कार लेने में भी आसानी रहती है।

– इस विधि में विभिन्न परीक्षार्थियों द्वारा एक प्रश्न के अनेक उत्तर दिए जाने से छात्रों के तुलनात्मक अध्ययन में सहायता मिलती है। इस प्रश्नावली पर आधारित निर्णय तुलनात्मक के साथ-साथ संख्यात्मक भी होते हैं।

– इससे अनेक व्यक्तियों का परीक्षण एक साथ हो जाता है जिससे समय की बचत होती है।

**एक अच्छी प्रश्नावली की विशेषताएँ (Characteristics of a good Questionnaire)**

– प्रश्नावली न अधिक लम्बी और न ही अधिक छोटी होनी चाहिएँ।

- इसमें व्यक्ति के जीवन से सम्बन्धित सभी क्षेत्रों पर प्रश्न होने चाहिएँ।
- प्रश्नावली के प्रश्न पूर्ण और स्पष्ट होने चाहिएँ।
- प्रश्नावली के प्रश्न सरल और उद्देश्य के अनुसार होने चाहिएँ।
- प्रश्न स्पष्ट होने चाहिएँ जिससे कि उत्तर आसानी से दिए जा सकें।

**प्रश्नावली विधि की सीमाएं (Limitations of Questionnaire)**

- कभी-कभी प्रश्न इस प्रकार के होते हैं कि उनका अर्थ परीक्षक कुछ और लगाते हैं और परीक्षार्थी कुछ और।
- कई बार परीक्षार्थी गलत उत्तर दे देते हैं और सही उत्तर देने में हिचकिचाते हैं।
- विद्यार्थी कई बार बिना सोचे समझे प्रश्नों के उत्तर तुक्के से दे देते हैं।

उपरोक्त समस्याओं के बावजूद भी प्रश्नावली विधि व्यक्ति अध्ययन में व्यक्तित्व के गुणों की जाँच करने में उपयोगी सिद्ध हुई है।

**5. निर्धारण मापदण्ड (Rating Scale)**–निर्देशित निरीक्षण ही निर्धारण है। तथ्यों का सार निकालकर संख्यात्मक रूप में व्यक्त करना ही निर्धारण है। निर्धारण मापदण्ड वह विधि है जिसके द्वारा किसी विशेष लक्षण के बारे में अभिव्यक्ति को नियमित रूप दिया जाता है। निर्धारण मापदण्ड में कुछ चुने हुए शब्दों या वाक्यों की सूची होती है जिनके आगे अवलोकन करने वाला मूल्यों के वस्तुनिष्ठ मान के आधार पर कुछ मूल्य अंकित करता है और उसी के आधार पर मापदण्ड निर्धारित करता है।

**निर्धारण मापदण्ड के प्रकार (Types of Rating Scale)**

**1. पदक्रम मापदण्ड (Rank order Scale)**–इस विधि में व्यक्तियों को उनके गुणों के अनुसार क्रम में रखा जाता है तथा निर्णायक व्यक्ति की समूह में तुलना करके उचित स्थान पर रखा जाता है।

**2. वर्णात्मक मापदण्ड (Descriptive Rating Scale)**–इस विधि में मूल्य निर्धारक दिए हुए शब्दों में से किसी पर (√) का चिन्ह लगाकर उसके बारे में अपने विचार प्रकट करके मूल्य निर्धारित करता है। उदाहरण के तौर पर–

(क) इस छात्र में उत्तरदायित्व की भावना है।

(ख) इस छात्र में उत्तरदायित्व की भावना नहीं है।

(ग) यह छात्र दूसरों पर निर्भर है।

उपरोक्त उदाहरण में मूल्य निर्धारक इन तीनों वाक्यों में जो सही है उस पर सही का निशान लगाएगा।

**3. रेखांकित मापदण्ड (Graphic Rating Scale)**–इस माप दण्ड में एक-रेखा खींचकर उसको कई भागों में विशेषण शब्दों के आधार पर बाँटा जाता है। मूल्य निर्धारक

अपने निर्णय के आधार पर किसी भी शब्द पर सही का चिन्ह लगा देता है। उदाहरणार्थ–

**किसी छात्र में दूसरों की सहायता करने की भावना कितनी है।**

बहुत अधिक अधिक औसत कम बहुत कम बिल्कुल नहीं

**4. संख्यात्मक मापदण्ड (Numerical Rating Scale)**–इस विधि में प्रत्येक लक्षण के लिए दो से अधिक संख्या के पैमाने पर अंक निर्धारित किए जाते हैं और उसी के आधार पर मूल्य निर्धारित किया जाता है। **उदाहरणार्थ**–अंकों के आधार पर बुद्धि का मापन इस प्रकार किया जाएगा।

बुद्धिमान सामान्य बुद्धिमान कम बुद्धिमान मूर्ख

**निर्धारण मापदण्ड के लाभ (Advantages of Rating Scale)**

– छात्रों को विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए इस विधि का प्रयोग बहुत आवश्यक है।

– इस विधि से छात्रों को अपनी कमियों का पता लगता है जिससे भविष्य में वे इनको दूर कर सकें। इस प्रकार यह विधि छात्रों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होती है।

– इस विधि द्वारा छात्र के ज्ञान के स्तर की प्रगति का बोध होता है।

– यह विधि व्यक्ति अध्ययन की अन्य विधियों के पूरक में सहायक है।

– इस विधि द्वारा नियुक्ति करने वाला छात्र की योग्यता के बारे में अनुमान लगा कर यह निर्णय ले सकता है कि अमुक व्यक्ति किसी पद विशेष पर नियुक्ति के योग्य है या नहीं।

– इस विधि के आधार पर नियोक्ता को किसी व्यक्ति के गुणों या योग्यता के बारे में परिचित कराके उसकी सिफारिश की जा सकती है।

– यह विधि प्रशासकों और नियोक्ताओं के लिए व्यक्तियों की नियुक्ति, बदली, पदोन्नति आदि के बारे में निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होता है।

**6. समाजमिति (Sociometery)**–समाजमिति के द्वारा छात्र के आपसी सम्बन्धों, सामाजिक जीवन तथा उससे सम्बन्धित दायित्वों का वर्णन किया जाता है। समाजमिति एक ऐसा रेखांकन है जिसमें प्रतीकों एवं चिन्हों के माध्यम से किसी सामाजिक समूह के सदस्यों के मध्य स्वीकृत और अस्वीकृत माप के अनुकूल, समजिक स्तर, विकास की खोज तथा वर्णन एवं मूल्यांकन किया जाता है। यह किसी समूह के सदस्यों के बीच पारस्परिक सम्बन्धों को जानने का साधन है। इसके द्वारा यह जानने का प्रयत्न किया जाता है कि छात्र अपने साथियों से कितना सम्बन्ध स्थापित कर पाया है, उसके मित्र किस

प्रकार के हैं, उसे अपने सामाजिक जीवन को प्रभावशाली बनाने के लिए किन-किन बातों की आवश्यकता है, इन सभी बातों का अध्ययन करने के लिए समाजमिति का होना आवश्यक है। इसके द्वारा छात्र के सामाजिक जीवन के महत्त्वपूर्ण पक्षों के बारे में शिक्षक को संवेदनशील बनाया जा सकता है।

**समाजमिति के लाभ (Uses of Sociometery)**

– इसके द्वारा छात्रों में समान कौशल तथा आदर्श विकसित किए जा सकते हैं।

– इसके द्वारा अध्यापक छात्रों को समायोजन करने में सहायता कर सकता है।

– स्कूलों में अनेक छात्र समितियों का आयोजन किया जाता है और छात्रों को अपनी इच्छा के अनुकूल साथियों के साथ बैठने की पूरी स्वतन्त्रता होती है।

समाजमिति में प्रश्नावली विधि तथा निरीक्षण विधि का प्रयोग होता है। प्रश्नावली विधि में अध्यापक बच्चों से स्वीकारात्मक और नकारात्मक प्रश्न पूछता है। निरीक्षण विधि में अध्यापक बच्चों की गतिविधियों का अवलोकन करके उनका निरीक्षण करता है। समाजमिति के द्वारा यह जाना जा सकता है कि छात्र तटस्थ है, नायक है, किसी ग्रुप के साथ गुटबन्दी रखने वाला है या समूह से तिरस्कृत है।

**7. आकस्मिक अभिलेख (Anecdotal Record)**–आकस्मिक अभिलेख या वृतान्त अभिलेख ऐसे अभिलेख होते हैं जिनमें विद्यार्थियों की दिन प्रतिदिन की घटनाओं का वर्णन लिखा जाता है। इसके अन्तर्गत छात्र के प्रशंसनीय तथा दुर्व्यवहारों का वर्णन होता है। इसके द्वारा छात्रों के व्यवहार का वास्तविक रूप में मूल्यांकन होता है। ये अभिलेख शिक्षक, छात्र तथा उपबोधक सभी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इसके द्वारा छात्रों की विभिन्न परिस्थितियों में प्रतिक्रियाओं को समझने में सहायता मिलती है।

**स्ट्रैंग (Strang) के अनुसार**–''वास्तविक स्थिति में बच्चे के चरित्र तथा व्यक्तित्व से सम्बन्धित क्रियाओं के निरीक्षण का वर्णन ही आकस्मिक निरीक्षण अभिलेख कहलाता है।''

**जान. डी. विलार्ड (John D. Willard) के अनुसार**–''किसी छात्र के जीवन की घटना का, जिसको निरीक्षक महत्वपूर्ण समझता है, सरल वर्णन ही आकस्मिक निरीक्षण अभिलेख है।''

इस प्रकार यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आकस्मिक निरीक्षण से अभिप्राय घटनास्थल पर किए गये छात्र के व्यवहार के वर्णन से है।

**8. प्रक्षेपण विधियाँ (Protective Methods)**–प्रक्षेप का अर्थ अपनी आन्तरिक भावनाओं को किसी बाहरी पदार्थ के साथ जोड़ना है। प्रक्षेप विधि के अन्तर्गत छात्र अपनी चाह, विचार, इच्छा, आशा, डर तथा दमन इच्छा को किसी बाहरी पदार्थ के साथ जोड़ता है। कुछ प्रक्षेपण विधियाँ इस प्रकार हैं–

**1. रोरशा इंक ब्लाट टैस्ट (Rorschach Ink-Blot test)**—रोरशा इंक ब्लाट टैस्ट हरमन रोरशा ने 1921 में तैयार किया था। यह व्यक्तित्व के अध्ययन की बहुत ही लाभदायक विधियों में से है। प्रत्यक्षनिष्ठ तकनीक इस टैसट् का आधार है।

**2. वाक्य पूर्ति टैस्ट (Sentence Completion test)**—इस विधि में व्यक्ति को कुछ अपूर्ण वाक्य दिये जाते हैं और उसे कहा जाता है कि उस सूची को शीघ्र देखकर प्रत्येक वाक्य को पूरा करे। उदाहरणतया–मैं उन्हें पसन्द नहीं करता जो ...।

**3. खेल विधि (Play Technique)**—खेल द्वारा बच्चों के सामाजिक तथा असाधारण व्यवहार का पता लगाया जा सकता है, क्योंकि वे खेल द्वारा अपने तनाव, उग्रता, डर तथा निराशा की भावनाएँ उस सामान द्वारा, जो वे खेलने के लिए प्रयोग करते हैं, प्रकट करने की कोशिश करते हैं।

**4. थैमेटिक अपरसैपशन टैस्ट (Themetic Apperception test)**—मूरे (Muray) तथा मारगन (Morgan) ने यह टैस्ट दिया था। इसमें 30 चित्र होते हैं जो जीवन के भिन्न-भिन्न दृश्य पेश करते हैं। इनमें से 10 पुरुषों के लिए हैं, 10 स्त्रियों के लिए और 10 दोनों के लिए। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को 20 चित्र दिखाए जाते हैं।

**5. शब्द सम्पर्क टैस्ट (Word Association test)**—इस विधि में व्यक्ति को कहा जाता है कि वह उत्तेजक शब्द सुनने के बाद पहला शब्द जो उसके मन में आता है; बोले।

**6. मौलिक ड्राइंग तथा पेंटिंग (Original Drawing and Painting)**—यह देखा गया है कि ड्राइंग के विषय, प्रयोग किए गए रंग तथा रेखाओं की लम्बाई व्यक्ति के लक्षणों के सूचक हैं।

**7. लिखाई की विशेषताएं (Features of Hand-writing)**—लिखाई की विशेषताओं को व्यक्तित्व के लक्षणों से सम्बन्धित किया गया है। लिखाई में एकरूपता, अन्तर, दबाव, निरन्तरता आदि व्यक्ति के संवेगात्मक समायोजन की ओर काफी संकेत देते हैं।

कुछ और प्रक्षेपी विधियाँ हैं जो व्यक्तित्व के माप में प्रयोग की जाती हैं, जैसे-

1. बैलक तथा बैलक बच्चों का स्तुति टैस्ट (Children Apperception test by balluk and balluk)

2. कहानी कहने तथा कहानी पूरी करने का टैस्ट (Story telling and story completion test)

3. नाटक या पुतलियों का तमाशा (Dramatic and puppet show)

4. रोजनवेग का चित्र निराशा अध्ययन (Picture frustration study by Rosenweig)

**प्रक्षेपी विधियों के गुण** (Merits of Projective Methods)

- प्रक्षेपी विधियों का क्षेत्र काफी विस्तृत होता है।
- इनके द्वारा व्यक्ति के व्यक्तित्व के कई पक्षों का मूल्यांकन हो सकता है।

– अर्धचेतन और अचेतन व्यवहार का अध्ययन भी इनके द्वारा उचित प्रकार से हो सकता है।

– इन परीक्षणों में व्यक्ति कोई क्रिया करता है जो रचनाहीन (Unstructured) होती है।

– इन विधियों की प्रकृति काफी गुप्त होती है, व्यक्ति यह नहीं जान पता कि उसके व्यक्तित्व का कौन-सा पक्ष देखा जा रहा है।

**प्रक्षेपी विधियों के दोष (Demerits of Projective Techniques)**

– ये विधियाँ और इनमें प्रयुक्त परीक्षण सामग्री बहुत महंगी होती है।

– इनमें आंकने (Scoring) की प्रक्रिया बहुत अधिक समय लेती है।

– इन विधियों में वस्तुनिष्ठता (Objectivity) का अभाव रहता है।

– इनके संचालन (Administration) के लिए प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता होती है और ऐसे लोगों का अक्सर अभाव रहता है।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. व्यक्ति के बारे में सूचना प्राप्त करने की अप्रमापीकृत विधियों का वर्णन करो।
   Describe the Non-standardised techniques of collecting data about individual.

2. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए–
   1. संचयी अभिलेख 2. केस हिस्टरी 3. अवलोकन 4. साक्षात्कार 5. प्रश्नावली 6. आत्मकथा 7. निर्धारण मापनी।

   Write short notes on the following : 1. Cummulative record 2. Case history 3. Observation 4. Interview 5. Questionnaire 6. Autobiography 7. Rating Scale.

***

# 8 CHAPTER व्यक्ति इतिहास/एकल अध्ययन (Case Study)

व्यक्ति इतिहास से अभिप्राय छात्र को व्यक्तिगत रूप से समझने, उसके अतीत वर्तमान तथा भविष्य को वास्तविक रूप में प्रदर्शित करना है। इसका उद्देश्य व्यक्ति के सम्बन्ध में सर्वांगिक, गहन तथा निदानात्मक विश्लेषण के रूपों को विकसित करना है। क्रो तथा क्रो के अनुसार–व्यक्ति इतिहास मूल्यांकन का साधन नहीं है। यह उस व्यक्ति से सम्बन्धित सभी प्राप्त सूचनाओं का संकलन है जिनका गहन अध्ययन किया जाना आवश्यक है। इसके अन्तर्गत व्यक्ति के अतीत एवं वर्तमान से सम्बन्धित आधार सामग्रियों को इकट्ठी करके उनका गहराई से अध्ययन किया जाता है। इसके अन्तर्गत व्यक्ति के बारे में विस्तारपूर्वक वर्णन प्रस्तुत किया जाता है जिससे व्यक्ति के समंजन की परिस्थिति में सुधार लाया जा सके। व्यक्ति इतिहास की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए अनिवार्य है कि इसमें एकत्रित आधार सामग्री विश्वसनीय होनी चाहिए।

व्यक्ति इतिहास में अतीत एवं वर्तमान दोनों ही सम्मिलित होते हैं। इसका प्रयोग प्राय: विद्यार्थियों की गंभीर समस्याओं का समाधान करने के लिए किया जाता है। कई बार–एकल अध्ययन को विषय कोई संस्था, समूह राष्ट्र, धर्म आदि भी हो सकता है। प्राय: पुलिस में भी घटना की पूछताछ में जाँच करने के लिए किया जाता है। परन्तु निर्देशन में इसका उद्देश्य पूर्व सूचनाओं के आधार पर विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करना है।

## एकल अध्ययन की परिभाषा
## (Definitions of Case Study)

**1. पी० वी० यंग के अनुसार**–"किसी व्यक्ति अथवा समूह का गहन अध्ययन ही जीवन का ऐतिहासिक अध्ययन कहलाता है।"

"A fairly exhaustive study of a person or a group is called case history of a life" **(P.V. Young)**

**2. ट्रैक्सलर के अनुसार–**''व्यक्ति इतिहास व्यक्ति का वह अध्ययन है जो इस उद्देश्य से किया जाता है कि वह भली प्रकार समायोजित हो।''

"Case study is a detailed study of an individual, conducted for the purpose of bringing about better adjustment of the person."

**3. इंगलिश एवं इंगलिश के अनुसार–**''व्यक्तिवृत्त वह अध्ययन है जिसमें सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, शारीरिक, जीवन सम्बन्धी, पर्यावरण सम्बन्धी, तथा व्यवसायिक सूचनाओं को इस उद्देश्य से एकत्रित किया जाता है कि उनके प्रकाश में किसी व्यक्ति अथवा परिवार जैसी एक सामाजिक इकाई की सहायता की जा सके।''

According to English & English, "The case study is a collection of all available information—Social, psychological, biographical, environmental, vocational—that promises to help a single individual or a single social unit such as a family."

**4. क्रो एवं क्रो के अनुसार–**''व्यक्ति इतिहास में व्यक्ति का विगत इतिहास और वर्तमान स्थिति सम्मिलित रहते हैं। इसका प्रयोग प्राय: छात्र की गंभीर समस्याओं का समाधान करने के प्रयास तक ही सीमित है।''

According to another thinker, "Case history means systematic, complete and intensive history of the pupil–his family background, his physical, social, emotional and intellectual environment."

**एक अन्य विद्वान के अनुसार–**''व्यक्ति इतिहास से अभिप्राय विद्यार्थी का नियमित, पूर्ण तथा गहरा इतिहास है। अर्थात उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि, उसका शारीरिक, सामाजिक, संवेगात्मक तथा वातावरण का इतिहास।''

## व्यक्ति अध्ययन के प्रकार
## (Types of Case Study)

**व्यक्ति अध्ययन के प्रकार**

1. औपचारिक वृत्त अध्ययन
(Formal Case Study)
(औपचारिक वृत्त अध्ययन में व्यक्ति अथवा धात्र से सम्बन्धी सभी प्रकार की सूचनाओं को विधिवत् रूप से एकत्रित एवं लिखित रूप में रखा जाता है।)

2. अनौपचारिक वृत्त अध्ययन
(Informal Case Study)
(अनौपचारिक अध्ययन के अन्तर्गत सामान्य सूचनाएँ एकत्रित करके समय-समय पर आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए उनका प्रयोग कर लिया जाता है। जब भी उन सूचनाओं की आवश्यकता पड़ती है तभी उनका प्रयोग कर लिया जाता है।

## व्यक्ति इतिहास की विशेषताएँ
## (Characteristics of a good case History)

अच्छे व्यक्ति इतिहास में निम्नलिखित विशेषताएँ या गुण होने चाहिएं :-

1. व्यक्ति इतिहास के तथ्य पूर्ण होने चाहिएँ। (Completeness of data)

2. व्यक्ति इतिहास के सम्बन्ध में इकट्ठे किए गए तथ्यों में विश्वसनीयता होनी चाहिए (Reliability of data)

3. व्यक्ति इतिहास से सम्बन्धित संकलित तथ्यों को गुप्त रखना चाहिए (Confidential recording of data)

4. व्यक्ति इतिहास से सम्बन्धित संकलित तथ्यों में निरन्तरता होनी चाहिए (Continuity of data)

5. व्यक्ति इतिहास के सम्बन्ध में एकत्रित सभी तथ्यों में वैधता होनी चाहिए (Validity of data)

6. तथ्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाना चाहिए। (Scientific Analysis of Data)

## व्यक्ति इतिहास के लिए प्रयोग की जाने वाली विधियाँ यन्त्र एवं तकनीकें
## (Methods, tools and techniques of collecting data for case history)

व्यक्ति इतिहास के लिए अनेक सूचनाओं से सम्बन्धी तथ्य एकत्रित किए जाते हैं। ये तथ्य निम्नलिखित यन्त्रों, विधियों एवं तकनीकों के द्वारा एकत्रित किए जा सकते हैं–

1. **मनोवैज्ञानिक परीक्षण (Psychological tests)**–बुद्धि परीक्षण, उपलब्धि परीक्षण, रुचि सूचियाँ।

2. प्रत्यक्ष अवलोकन (Direct observation)

3. चैक लिस्ट (Check list)

4. घर जाना (Home Visits)

5. साक्षात्कार (Interview)

6. स्व रिपोर्ट/आत्म रिपोर्ट (Self Report)

7. माता-पिता, मित्रों एवं अध्यापकों द्वारा प्रदत्त रिपोर्ट (Report of parents, friends and teachers)

## एकल अध्ययन के उद्देश्य
## (Objectives of Case Study)

**एकल अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं–**

1. विद्यार्थियों से सम्बन्धित अनेक सूचनाएँ एकत्रित करना ताकि उन्हें परामर्श एवं निर्देशन प्रदान किया जा सके।

2. विद्यार्थियों की शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं से सम्बन्धित तथ्यों का अध्ययन करना।

3. विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके कारणों एवं उनकी कमजोरियों का पता लगाना। यह एकल अध्ययन का निदानात्मक उद्देश्य है।

4. निदानात्मक स्तर पर जो कमियाँ, समस्याएँ एवं बीमारियाँ पता चलती हैं। उनसे सम्बन्धित समाधान एवं उपचारात्मक कार्य करना भी एकल अध्ययन का मुख्य उद्देश्य है।

### व्यक्तिवृत अध्ययन की रूपरेखा
### (Outline of Case Study Method)

1. उद्देश्य
↓
2. सामान्य जानकारी
↓
3. पारिवारिक इतिहास
↓
4. व्यक्तित्व सम्बन्धी सूचनाएँ
↓
5. शैक्षिक इतिहास
↓
6. स्वास्थ्य सूचनाएँ
↓
7. व्यवसायिक विवरण
↓
8. सूचनाओं की व्याख्या
↓
9. निर्देशन तथा परामर्श
↓
10. अनुवर्तन

व्यक्तिवृत का अध्ययन करने के लिए निम्नलिखित रूपरेखा को ध्यान में रखना चाहिए–

**1. उद्देश्य (Objective)**–सबसे पहले उस उद्देश्य का वर्णन किया जाना चाहिए। उद्देश्यों के निर्धारण के बिना इस अध्ययन का कोई महत्व नहीं होगा।

**2. सामान्य जानकारी (General Information)**–इसके अन्तर्गत व्यक्ति का नाम, पता, आयु, लिंग आदि से सम्बन्धित सूचनाएँ आती हैं। जिस व्यक्ति का हम अध्ययन करना चाहते हैं उससे सम्बन्धित ये सभी सूचनाएँ एकत्रित की जानी चाहिएँ।

**3. पारिवारिक इतिहास (Family History)**—पारिवारिक इतिहास में व्यक्ति को घर, परिवार एवं आस-पड़ोस से सम्बन्धित जानकारी आती है। व्यक्ति का अपने परिवार के सदस्यों, और पड़ोस के लोगों के साथ कैसा सम्बन्ध है आदि का अध्ययन किया जाना चाहिए।

**4. व्यक्तित्व सम्बन्धी सूचनाएँ (Personality Informations)**—व्यक्तित्व सम्बन्धी सूचनाओं में व्यक्ति का अपने परिवार एवं पड़ोस के प्रति रवैया, उसका सामाजिक एवं भावात्मक समायोजन कैसा है आदि बातों का अध्ययन किया जाना चाहिए।

**5. शैक्षिक इतिहास (Educational History)**—इन सूचनाओं में व्यक्ति की शैक्षिक उपलब्धियाँ एवं उसकी वर्तमान शिक्षा से सम्बन्धित अनेक मनोवैज्ञानिक तथ्य जैसे मानसिक आयु, रुचियाँ, अभिरुचियाँ, उपलब्धि स्तर आदि का अध्ययन किया जाता है। इसी में उसके पहले के स्कूल के बारे में सूचनाएँ जैसे प्रवेश के आयु आदि की जानकारी सम्मिलित की जाती है।

**6. स्वास्थ्य सूचनाएँ (Health Information)**—इन सूचनाओं में व्यक्ति का स्वास्थ्य कैसा है उसको कोई बीमारी है या नहीं या उस बीमारी के कारण क्या हैं आदि विभिन्न बातों का अध्ययन किया जाता है।

**7. व्यवसायिक विवरण (Vocational History)**—इसमें व्यक्ति वर्तमान में किस व्यवसाय में कार्यरत है या अतीत में उसका कोई व्यवसाय था आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसमें उसकी व्यवसायिक रुचियों, इच्छाओं एवं विशिष्ट योग्यताओं आदि से सम्बन्धित जानकारी सम्मिलित है।

**8. सूचनाओं की व्याख्या (Interpretation of Information)**—उपरोक्त लिखित जो सूचनाएँ एकत्रित की गई हैं। उनकी विधिवत् व्याख्या के द्वारा समस्या को समझना चाहिए। तभी उसके समाधान के लिए सही निर्देशन की व्यवस्था की जा सकती है।

**9. निर्देशन तथा परामर्श (Guidance and Councelling)**—सूचनाओं की व्याख्या द्वारा समस्या को समझने के बाद ही उसको सुलझाने के लिए उचित निर्देशन एवं परामर्श दिया जाना चाहिए।

**10. अनुवर्तन (Follow up)**—समस्या के उपचार के लिए उचित निर्देशन की व्यवस्था के बाद ही उत्तरोत्तर अध्ययन की व्यवस्था की जाती है। और यह देखा जाता है कि निर्देशन प्रक्रिया व्यक्ति की समस्याओं को किस हद तक सुलझा सकी है। असफलता की स्थिति में आवश्यक परिवर्तन भी किए जा सकते हैं।

## एकल अध्ययन/व्यक्तिवृत्त विधि की सीमाएँ
## (Limitations of Case Study Method)

व्यक्ति अध्ययन विधि की कुछ निम्नलिखित सीमाएँ हैं जो इसके सफलतापूर्वक प्रयोग में बाधा बनती हैं–

**व्यक्ति इतिहास की सीमाएँ (Limitations of a case History)**–व्यक्ति इतिहास की विधि का प्रयोग हर अध्यापक तथा निर्देशक के वश की बात नहीं है। इसके लिए विशेष प्रकार से प्रशिक्षित एवं कुशल व्यक्ति की आवश्यकता होती है और ऐसे व्यक्ति प्राय: बहुत कम मिलते हैं। यह एक व्यक्तिनिष्ठ विधि है, इसके परिणामों की व्याख्या करना कठिन है। इसको तैयार करना भी कठिन है क्योंकि विश्वसनीय आधार सामग्री प्राप्त करने के लिए शिक्षक, चिकित्सक तथा अभिभावक सभी का सहयोग प्राप्त करना आवश्यक है। इसको तैयार करने में समय और धन अधिक खर्च होता है, क्योंकि व्यक्ति के जीवन से सम्बन्धित हर क्षेत्र के तथ्य इकट्ठे करने पड़ते हैं।

1. **व्यक्ति निष्ठ विधि (Subjective technique)**–यह एक व्यक्ति निष्ठ विधि है जिसके पक्षपात की संभावना सदैव बनी रहती है।

2. **अधिक समय (Takes more time)**–व्यक्ति के बारे में बहुत सारी सूचनाएँ एकत्रित करने, उनकी व्याख्या करने एवं समाधान खोजने में बहुत अधिक समय एवं श्रम की आवश्यकता होती है।

3. **अनुभवी एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों का अभाव (Lack of Experienced and trained people)**–इतनी सारी सूचनाएँ प्राप्त करने, व्याख्या करने एवं पूरा विवरण तैयार करने के लिए प्राय: प्रशिक्षित एवं अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता होती है। प्राय: ऐसे कुशल अनुभवी एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों का अभाव ही रहता है।

4. **व्याख्या कार्य कठिन है (Interpretation process is hard)**–तथ्यों की सही व्याख्या करना एक कठिन कार्य है जो हर व्यक्ति नहीं कर सकता।

5. **सूचनाएँ एकत्रित करने में परेशानी (Difficulty in Data Collection)**–एकल अध्ययन के लिए सूचनाएँ एकत्रित करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। कोई भी व्यक्ति या परिवार के सदस्य व्यक्ति की कमजोरियों एवं कमियों को उजागर नहीं करना चाहते।

6. **पक्षपात की संभावना (Possibility of Biasness)**–विभिन्न सूचनाओं को एकत्रित करने, उनकी व्याख्या करने में पक्षपात की संभावना बनी रहती है क्योंकि सूचना दाता एवं प्राप्तकर्ता दोनों का प्रभाव इसमें पड़ता है।

## व्यक्ति इतिहास के अध्ययन में सावधानियाँ
## (Precautions in the study of case History)

- किसी भी व्यक्ति का व्यक्ति इतिहास लिखते समय निम्नलिखित सावधानियाँ ध्यान में रखनी चाहिएँ।
- इसमें उतने ही व्यक्तियों का वृत अध्ययन करना चाहिए जो कि निश्चित समय में पूरा हो जाए।
- जिन व्यक्तियों का व्यक्ति इतिहास लिखना है वे शांत प्रकृति के होने चाहिएँ।
- उनके जीवन से सम्बन्धित हर क्षेत्र के तथ्य इकट्ठे किए जाने चाहिएँ।
- व्यक्ति इतिहास पक्षपात रहित होना चाहिए।
- इसमें विशिष्ट उदाहरणों का प्रयोग करना चाहिए तथा अप्रसांगिक प्रश्नों को हटा देना चाहिए।
- यदि किसी कठिनाई का उपचार किया जाए तो उसका अनुगामी अध्ययन भी करना चाहिए तथा उपचार की प्रगति के बारे में भी लिखना चाहिए।

### अभ्यास के लिए प्रश्न

1. व्यक्ति इतिहास से आप क्या समझते हैं? इसके प्रकारों का वर्णन करें।

   What do you mean by Case History? Explain its types.

2. व्यक्ति इतिहास को परिभाषित कीजिए। अच्छे व्यक्ति इतिहास की विशेषताओं का वर्णन करें।

   Define Case History/Case Study. What are the characteristics of a good Case Study/Case History.

3. व्यक्ति इतिहास के क्या उद्देश्य हैं? व्यक्ति इतिहास के लिए आंकड़े एकत्रित करने की विधियों एवं उपकरणों का वर्णन करो।

   Explain the objectives of a Case Study. Discuss about various tools, methods and techniques of Data Colection for Case Study.

4. व्यक्ति इतिहास की रूपरेखा बनाते समय आप किन-किन सूचनाओं को एकत्रित करेंगे। व्यक्ति इतिहास की सीमाओं का वर्णन करो।

   Which type of informations would you collect for Case History? Explain its limitations also.

*** 

9

CHAPTER

# संचित अभिलीख पत्र

## (Cumulative Records)

**Meaning of Cumulative Records :** संचयी अभिलेख पत्र छात्र के व्यक्तिगत इतिहास से प्राप्त मुख्य तथ्यों को सार रूप में प्रस्तुत करने का साधन है, जिससे छात्र के व्यक्तित्व विकास में सहायता मिलती है। यह उसकी उपलब्धियों, बुद्धि, रुचि, योग्यता तथा क्षमता आदि का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने वाला स्थाई रिकार्ड है। इसी के द्वारा छात्रों के बारे में पूर्ण जानकारी मिलती है, जिसके आधार पर उन्हें सही निर्देशन दिया जा सकता है। यह प्रत्येक छात्र के मानसिक, शारीरिक, शैक्षिक, सामाजिक तथा संवेगात्मक विकास की संक्षिप्त सूची है। संचयी अभिलेख विशेष प्रकार का रिकार्ड है जिसमें छात्र से सम्बन्धित सभी सूचनाएँ, तथ्य तथा आधार सामग्री को एकत्रित किया जाता है। ये सूचनाएँ एक प्रकार के कार्ड या फोल्डर में रखी जाती हैं।

संचयी अभिलेख पत्र शब्द का प्रयोग 1930 से आरम्भ हुआ। इस आलेख में छात्र से सम्बन्धित पारिवारिक जानकारी, स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचना, प्राप्त अंक, छात्र की रुचि, क्षमता आदि से सम्बन्धी सूचनाएँ इकट्ठी की जाती हैं।

**थामस के अनुसार**–''संचयी अभिलेख पत्र किसी छात्र के बारे में लम्बी अवधि में एकत्रित की गई सूचनाओं का रिकार्ड है।''

**ऐलन के अनुसार**–''संचयी अभिलेख पत्र में छात्र के मूल्यांकन से सम्बन्धित सूचनाओं का लेखा होता है।''

"The cumulative record card is defined as a record of information concerned with appraisal of the individual pupil, usually kept on a card kept in one place." **(Allen)**

**जोन्स (Jones) के अनुसार**–''संचित अभिलेख एक विद्यार्थी का स्थाई रिकार्ड है, जो स्कूल के द्वारा वर्तमान समय तक ठीक-ठाक रखा जाता है। यह उसका शैक्षिक इतिहास है, जिसमें उसकी स्कूल-उपलब्धियाँ, उपस्थिति, स्वास्थ्य, परीक्षण अंक और इस प्रकार की अन्य सम्बन्धित सूचनाएँ होती हैं।''

"A cumulative record is a permanent record of a student which is kept upto date by the school. It is his educational history with information about his school achievement, attendance, health, test scores, and similar pertinent data." **(Jones)**

**माध्यमिक शिक्षा आयोग के अनुसार**–"छात्रों के कार्यों का उचित मूल्यांकन विद्यालय की परीक्षाओं द्वारा सम्भव नहीं है, छात्रों को भविष्य में नवीन व्यवसाय का चुनाव करने में सहायता देने के लिए उसके विकास का पूर्ण आलेख रखना चाहिए। इन आलेखपत्रों में छात्रों के व्यक्तित्व सम्बन्धी गुण, रुचि, अभिवृत्ति तथा किए गए कार्यों का वर्णन होता है।"

इस प्रकार विद्यार्थी के जीवन से सम्बन्धित सभी प्रकार की सूचनाएँ जैसे–शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, चारित्रिक और मनोवैज्ञानिक आदि संचित अभिलेख पत्र में लिखी जाती हैं। प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने के समय से ही बालक का संचित अभिलेख पत्र (Cumulative Record Card) बनना शुरू हो जाता है।

## संचयी अभिलेख पत्रों के प्रकार
## (Types of Cumulative Record Cards)

संचयी अभिलेख पत्र निम्नलिखित तीन प्रकार के होते हैं–


**1. फोल्डर (Folder)**–ऐसे पत्र पूर्ण आकार के होते हैं। इनमें विभिन्न सूचनाओं वाले अनेक पत्र रखे जा सकते हैं।

**2. सिंगल कार्ड लेखा (Single Card Record)**–इस प्रकार के पत्र में एक ही कार्ड होता है जिसके दोनों ओर तथ्य लिखे जाते हैं।

**3. संचित फोल्डर (Cumulative Folder)**–एक पत्र के चार भाग होते हैं और इसमें अनेक सूचनाएं लिखी जा सकती हैं।

## संचयी अभिलेख पत्र की विशेषताएँ
## (Characteristics of Cumulative Record Card)

संचयी अभिलेख पत्र में संकलित सूचनाओं की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–



1. **वस्तुनिष्ठता (Objectivity)**—अभिलेख पत्र या कार्ड का स्थान सीमित होने के कारण सभी सूचनायें वस्तुनिष्ठ होनी चाहिएँ। इस आलेख में व्यक्तिगत विचारों को शामिल नहीं करना चाहिए।

2. **सत्य सूचनायें (True Informations)**—अभिलेख पत्रों में जो भी सूचनायें शामिल होती हैं उनमें वैद्यता (Validity) का होना अति आवश्यक है क्योंकि यदि सूचनाओं में वैद्यता का अभाव होगा तो परामर्शदाता को परामर्श प्रदान करने में कठिनाई होगी। कई बार तो असत्य सूचनाओं के कारण त्रुटिपूर्ण निर्देशन की भी संभावनायें रहती हैं।

3. **उपयोगिता (Usefulness)**—अभिलेख को प्रयोग में लाना भी सरल होना चाहिये तथा उसकी प्राप्ति भी सरल हो। यह ऐसा होना चाहिए कि सभी अध्यापक इसका प्रयोग सरलता से कर सकें।

4. **व्यापकता (Comprehensiveness)**—संचित अभिलेख पत्र का व्यापक होना आवश्यक है। इसके संकीर्ण होने से निर्देशन प्रदान करने वाले व्यक्ति को कठिनाई हो सकती है।

5. **लचीलापन (Flexibility)**—उत्तम संचित अभिलेख में लचीलापन होना भी इसकी एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन करते रहना चाहिए।

6. **नवीनता (Novelty)**—संचित अभिलेख पत्र में नये-नये तथ्यों का समावेश होते रहना चाहिये। पुरानी सूचनाओं से निर्देशन पर प्रभाव पड़ेगा।

7. **स्वतंत्र लेखन (Writing Independently)**—आलेख पत्र गुप्त रखने चाहिएँ। इसमें लिखी जाने वाली नवीन सूचना पूर्व लिखित सूचना से प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

8. **सरलता (Simplicity)**—उत्तम संचित अभिलेख पत्र की सबसे प्रमुख विशेषता यह होनी चाहिए कि यह अत्यधिक सरल (Simple) हो ताकि प्रत्येक व्यक्ति आवश्यकता पड़ने पर आसानी से इसका अध्ययन कर सके और वांछित सूचनायें प्राप्त कर सके।

9. **सामूहिक मूल्यांकन (Collective Evaluation)**—संचित अभिलेख पत्र को तैयार करते समय केवल एक ही व्यक्ति की सूचनाओं के आधार पर प्राप्त सूचनाओं को अभिलेख पत्र में शामिल नहीं करना चाहिए। विद्यालय के अनेक अध्यापकों के सामूहिक मूल्यांकन के आधार पर ही सूचना एकत्रित करनी चाहिए।

10. **पूर्णता (Completeness)**—विद्यार्थी के विकास से सम्बन्धित पूर्ण तथ्यों को ही अभिलेख पत्र में शामिल किया जाये। विद्यार्थी का सम्पूर्ण चित्र प्रस्तुत करने के लिये विद्यार्थी जीवन की सभी परिस्थितियों का संक्षिप्त वर्णन लिखना चाहिए।

## संचयी अभिलेख पत्र का प्रारुप या तथ्य
## (Design/Contents of Cumulative Records)

संचयी अभिलेख पत्र में निम्नलिखित सूचनाओं तथा तथ्यों का उल्लेख महत्वपूर्ण बताया गया है-

1. **परिचयात्मक तथ्य या विवरण**—इसमें छात्रों के नाम, उनकी आयु तथा माता-पिता से सम्बन्धित जानकारी मिलती है।

2. **स्वास्थ्य सम्बन्धी विवरण**—इसमें छात्रों की बीमारियों और सामान्य शारीरिक दशा जैसे उनके वजन, ऊंचाई, सामान्य स्वास्थ्य आदि से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त होती है।

3. **पारिवारिक तथ्य**—इसमें पिता का नाम, जन्मस्थान, व्यवसाय, पारिवारिक पृष्ठभूमि तथा घरेलू स्थिति के बारे में जानकारी दी जाती है।

4. **शैक्षिक तथ्य**—इसमें छात्रों की योग्यता, कमियाँ तथा अध्ययन सम्बन्धी कठिनाइयों का वर्णन होता है।

5. **पाठ्य सहगामी क्रियाएँ**—इसमें नाटक, खेलकूद, संगीत, वाद-विवाद गोष्ठी आदि का वर्णन होता है।

6. **व्यक्तिगत सम्बन्धी तथ्य**—इसमें छात्रों के चरित्र, उनकी ईमानदारी, सहयोग, आत्मविश्वास, नेतृत्व तथा उत्तरदायित्व का ज्ञान प्राप्त होता है।

7. **रुचि सम्बन्धी तत्व**—इसमें छात्रों की विशिष्ट रुचियाँ और उपलब्धियाँ जैसे-बौद्धिक, शैक्षिक व्यावसायिक, रचनात्मक तथा कलात्मक प्रवृत्तियों की जानकारी मिलती है।

8. **कार्य अनुभव सम्बन्धी तथ्य**—इसमें छात्र द्वारा किए गए सामाजिक एवं उत्पादक कार्यों का विवरण होता है।

9. **विशिष्ट घटनाओं का विवरण**—इसमें बालकों से सम्बन्धित विशिष्ट घटनाओं का वर्णन होता है।

10. विद्यालय जीवन के बाद की योजनाओं का वर्णन भी संचयी अभिलेख पत्र में किया जाता है। छात्र अपने भविष्य के लिए शिक्षा या आजीविका के क्षेत्र में क्या योजना बनाता है, इसका वर्णन भी इस पत्र में किया जाता है।

## संचयी अभिलेख पत्र सम्बन्धी सिद्धान्त
## (Principles of Cumulative Record Card)

अभिलेख पत्रों का निर्माण करते समय निम्नलिखित सिद्धान्तों को ध्यान में रखना चाहिए-

1. आलेख पत्र में संचित तथ्य विश्वसनीय तथा सत्य होने चाहिएँ।

2. आलेख पत्र लचीला होना चाहिए जिससे आवश्यकतानुसार उसमें परिवर्तन किया जा सके।

3. आलेख पत्र को प्रयोग में लाने के लिए एक नियमावली होनी चाहिए जिसके आधार पर सभी अध्यापक उसका सही ढंग से प्रयोग कर सके।

4. इसका प्रस्तुतीकरण सरल तथा व्यवस्थित होना चाहिए।

5. आलेख पत्र का स्वरूप विद्यालय के उद्देश्यों के अनुकूल होना चाहिए।

6. आलेख पत्र की विषय सूची व्यवस्थित होनी चाहिए जिससे छात्र के क्रमिक विकास को दर्शाया जा सके।

7. इसका प्रयोग यान्त्रिक रूप में न होकर सूझ-बूझ पर आधारित होना चाहिए।

8. आलेख पत्र सरल होना चाहिए और इसके रूप की योजना ऐसी होनी चाहिए जिससे इसको आसानी से पढ़ा-लिखा जा सके।

9. आलेख पत्र में लिखी जाने वाली सूचनाएँ गुप्त होनी चाहिएँ।

10. संचयी अभिलेख पत्र को बनाने की जिम्मेदारी व्यक्ति विशेष की न होकर एक टीम विशेष की होनी चाहिए।

## भारत में संचयी अभिलेख पत्र सम्बन्धी कठिनाइयाँ
## (Difficulties regarding Cumulative Record Cards in India)

भारत में संचयी आलेख पत्र निर्माण में निम्नलिखित कठिनाइयाँ देखी गई हैं–

1. स्कूलों में अध्यापकों के पास कार्य भाग अधिक होने के कारण वे आलेख पत्रों के निर्माण तथा प्रयोग में अधिक समय नहीं दे पाते।

2. आलेख पत्रों के निर्माण में प्रशिक्षित अध्यापकों का भी अभाव पाया जाता है।

3. बहुत से स्कूलों में आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण पाठ्य सहगामी क्रियाओं का सही विवरण नहीं लिखा जाता।

4. भारत में प्रमाणीकृत परीक्षाओं का अभाव पाया जाता है जिससे सभी बच्चों का वैज्ञानिक ढंग से मूल्यांकन नहीं हो सकता।

5. कक्षाओं में छात्रों की संख्या अधिक होने के कारण अध्यापक छात्रों से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित नहीं कर पाता।

6. स्थानाभाव तथा धनाभाव के कारण बहुत से स्कूलों में संचयी अभिलेख पत्र रखने के लिए अलमारियों का भी अभाव पाया जाता है।

7. अभिभावकों के अशिक्षित, अन्धविश्वासी तथा रुढ़िवादी होने के कारण अध्यापक को बच्चों के विवरण प्राप्ति में पूरा सहयोग नहीं मिलता।

8. स्कूल में कार्यकर्ता तथा परामर्शदाता के कार्य में सामंजस्य अभाव के कारण भी संचयी अभिलेख पत्र सम्बन्धी अनेक कठिनाइयाँ आती हैं।

9. भारतीय संदर्भ में संचयी अभिलेख का प्रचलन अभी बहुत कम है और यह अभी प्रारम्भिक अवस्था में है।

10. भारत में अधिकतर स्कूलों में इसके महत्व की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है जिससे यह अधिक लोकप्रिय नहीं बन पाया है। इसे लोकप्रिय बनाने के लिए सभी-शिक्षक, प्रधानाचार्य, परामर्शदाता और अभिभावकगण के सहयोग की आवश्यकता है।

## संचित अभिलेख पत्र का महत्व/आवश्यकता
## (Need & Importance of Cumulative Record Card)

संचित अभिलेख पत्र का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके द्वारा छात्र की वृद्धि एवं विकास, उसकी विषय तथा भावनात्मक सम्बन्धी समस्याओं का ज्ञान होता है तथा इन समस्याओं को हल करने के लिए उपचार भी सुझाये जाते हैं। यह छात्रों की व्यवहारिक कठिनाइयों को समझने के लिए, उनकी क्षमता तथा रुचियों का पता लगाकर उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने में अध्यापक की सहायता करता है। संचयी अभिलेख पत्र निर्देशन सेवाओं के लिए बड़ा महत्वपूर्ण साधन समझा जाता है। इस तथ्य की पुष्टि निम्नलिखित आधारों पर की जा सकती है–

**संचित अभिलेख पत्र का महत्व/आवश्यकता**

1. वस्तुनिष्ठ अध्ययन में सहायक
2. निश्चित धारणा बनाने में सहायक
3. आत्मविश्वास की भावना जाग्रत करने में सहायक
4. सर्वांगीण विकास में सहायक
5. छात्रों के बारे में पूरी जानकारी प्रदान करने में सहायक
6. बच्चों के भविष्य के लिए जानकारी देने में सहायक
7. नये अध्यापकों के लिये सहायक
8. बाल न्यायालयों के लिये सहायक
9. छात्रों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं की जानकारी में सहायक
10. हर प्रकार के निर्देशन में सहायक
11. वर्गीकरण करने में सहायक
12. प्रमाण पत्र लिखने में सहायक

**1. वस्तुनिष्ठ अध्ययन में सहायक**–संचयी अभिलेख पत्र के द्वारा छात्रों की विकास गति तथा वस्तुनिष्ठ अध्ययन करने में सहायता मिलती है।

**2. निश्चित धारणा बनाने में सहायक**–संचयी अभिलेख पत्र नियोक्ताओं को छात्र के बारे में निश्चित धारणा बनाने में सहायता देते हैं।

**3. आत्मविश्वास की भावना जाग्रत करने में सहायक**–ये आलेखन छात्रों को उनके गुण-दोषों के बारे में स्पष्ट जानकारी देते हैं, इससे उनमें आत्मविश्वास की भावना जाग्रत होती है।

**4. सर्वांगीण विकास में सहायक**—वर्तमान शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। छात्रों की रुचि, योग्यता और मानसिक तथा सृजनात्मक गुणों की जानकारी हो अध्यापक बच्चों को उचित ढंग से उनके सर्वांगीण विकास में सहायता दे सकते हैं। यह कार्य आलेख पत्रों द्वारा ही सम्भव है।

**5. छात्रों के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान करने में सहायक**—आलेख पत्र छात्रों की उपस्थिति, स्वास्थ्य, शैक्षिक उपलब्धि तथा अन्य सभी क्रियाओं का लेखा-जोखा होता है। देश के सभी विद्यालयों में आलेख पत्रों को रखना अनिवार्य होना चाहिए।

**6. बच्चों के भविष्य के लिए जानकारी देने में सहायक**—संचयी अभिलेख पत्रों द्वारा माता-पिता को बच्चों की शैक्षिक तथा व्यावसायिक प्रगति को जानने में सहायता मिलती है और इन्हीं के द्वारा वे बच्चों के भविष्य के बारे में सजग रह सकते हैं।

**7. नये अध्यापकों के लिये सहायक**—जब भी कोई नया अध्यापक किसी स्कूल में नियुक्त होता है, तब उसके सम्मुख विद्यार्थियों को तथा उनके व्यवहार को जानने की समस्या होती है। उनके लिये विद्यार्थियों का व्यवहार एक समस्या बन जाता है। संचित अभिलेख के माध्यम से नये अध्यापक यदि किसी विद्यार्थी के बारे में कुछ जानना चाहते हों तो वे सरलता से इन अभिलेखों का अध्ययन कर सकते हैं। इनसे अध्यापकों को विभिन्न सूचनाएँ एक ही स्थान पर मिल सकेंगी।

**8. बाल न्यायालयों के लिये सहायक**—बाल-अपराधियों के लिये बने न्यायालयों को बाल-अपराधियों से सम्बन्धित सूचनाएँ उपलब्ध कराने के लिये संचित अभिलेख पत्र का प्रयोग बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। जो बालक बाल अपराधी होते हैं, उनको बाल-न्यायालयों में भेजने या उनको उनसे सम्बन्धित सूचनाएँ प्रदान करने के लिये संचित अभिलेखों का प्रयोग सहायक रहता है।

**9. छात्रों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं की जानकारी में सहायक**—सभी छात्रों की आवश्यकता, रुचियों तथा योग्यताओं में व्यक्तिगत विभिन्नता पाई जाती है, इसका ज्ञान भी संचयी अभिलेख पत्रों द्वारा ही मिलता है।

**10. हर प्रकार के निर्देशन में सहायक**—संचयी अभिलेख पत्र छात्रों के शैक्षिक, व्यावसायिक तथा व्यक्तिगत निर्देशन में सहायता देता है।

**11. वर्गीकरण करने में सहायक**—यह तो सर्वविदित है कि सभी बच्चों में समान योग्यताएँ नहीं होतीं। सभी में व्यक्तिगत भिन्नताएँ देखने को मिलती हैं। विभिन्न प्रकार की योग्यताओं को धारण करने वाले विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न वर्गों में विभक्त कर उनकी शिक्षा का उचित प्रबन्ध अभिलेख पत्रों की सहायता से किया जा सकता है।

**12. प्रमाण पत्र लिखने में सहायक**—प्रधानाध्यापक विद्यार्थियों को चरित्र, आचरण या खेलों के बारे में प्रमाण पत्र प्रदान करते हैं। इन प्रमाण पत्रों को तैयार करने में संचित अभिलेख पत्र में शामिल सूचनाएँ प्रधानाध्यापक की सहायता कर सकती हैं।

## संचयी अभिलेख पत्र की उपयोगिता एवं लाभ
## (Uses and advantages of Cumulative Record-Card)

1. छात्रों को शैक्षिक तथा व्यावसायिक निर्देशन देने में आलेख पत्र काफी सहायक होता है।

2. इनके द्वारा छात्रों के बारे में अधिक-से-अधिक जानकारी प्राप्त करके इन्हें ठीक प्रकार से समझा जा सकता है।

3. ये आलेख छात्र को अपनी क्षमताएँ और त्रुटियाँ जानने में सहायता देकर आत्म अध्ययन की प्रवृत्ति को विकसित करते हैं।

4. इन आलेखों के द्वारा नये अध्यापक छात्रों के बारे में ज्ञान प्राप्त करके उनका सही मार्गदर्शन कर सकते हैं।

5. इन आलेखों के द्वारा अध्यापक छात्रों को योग्यता के आधार पर भिन्न-भिन्न श्रेणी जैसे सामान्य, औसते और प्रतिभाशाली में बाँटकर उनका मार्गदर्शन करता है।

6. इनके द्वारा ही अध्यापक छात्रों के माता-पिता से सम्पर्क स्थापित करके उन्हें बता सकता है कि कौन-सा बच्चा कितनी गति से उन्नति कर रहा है।

7. इन आलेखों के आधार पर ही प्रधानाध्यापक छात्रों को विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र जैसे चरित्र प्रमाण-पत्र, आचरण प्रमाण-पत्र, मैरिज प्रमाण-पत्र तथा खेल प्रमाण-पत्र देकर उनको प्रोत्साहित करता है।

8. ये प्रमाण-पत्र किसी दूसरे अच्छे स्कूल में प्रवेश के लिए या किसी और शैक्षिक संस्था या नौकरी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

9. इन आलेख पत्रों के द्वारा ही अध्यापक छात्रों के पिछड़े होने के कारण तथा उनसे सम्बन्धित समस्याओं को समझने तथा उन्हें दूर करने में सहायक होता है।

10. इन आलेख पत्रों द्वारा ही यह जाना जा सकता है कि छात्र की विज्ञान, कला या कृषि किसमें विशेष प्रतिभा है और इसी के आधार पर अध्यापक भावी जीवन में व्यवसाय चुनने में छात्रों का निर्देशन करता है।

## संचयी अभिलेख पत्र का नमूना
## (Specimen of cumulative Record Card)
## विद्यालय आलेख पत्र

छात्र का नाम ..............................................................

जन्म तिथि .............................. वर्ष ......... माह ......... दिन ............

पिता या संरक्षक का नाम ............................ व्यवसाय ......................

पता ..............................................................................

विद्यालय में प्रवेश तिथि ........................ प्रवेश पंजीकरण संख्या ............

**विद्यालय जिनमें शिक्षा प्राप्त की गई (Schools Attended)**

| स्कूल का नाम | वर्ष तथा मास जिसमें प्रवेश लिया गया | जिस श्रेणी में प्रवेश लिया | स्कूल छोड़ने का वर्ष तथा मास | स्कूल छोड़ने के कारण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

## शारीरिक और स्वास्थ्य सम्बन्धी विवरण (Physical Data)

| वर्ष | सीने का माप | | | कोई शारीरिक दोष | कोई भयंकर रोग | सामान्य रिपोर्ट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सामान्य | सिकोड़ने पर | फैलाने पर | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

## उपस्थिति (Attendance)

| वर्ष | कुल उपस्थिति संख्या | छात्र की वास्तविक उपस्थिति | दीर्घ उपस्थिति के कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## मनोवैज्ञानिक विवरण (Psychological Data)

| वर्ष | |
|---|---|
| 20 ... | |
| 20 ... | |
| 20 ... | |

## छात्र का उत्तरदायी कार्यों में स्थान (Positions of Responsibilities Held)

| वर्ष तथा कक्षा | छात्र सभा में | हाऊस अथवा कक्षा में | स्काउटिंग के ग्रुप में स्थान | खेलकूद में स्थान | सामाजिक सेवा में |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 ... कक्षा ... | | | | | |
| 20 ... कक्षा ... | | | | | |
| 20 ... कक्षा ... | | | | | |

10

CHAPTER

# अवलोकन/निरीक्षण

## (Observation)

### अवलोकन का अर्थ
### (Meaning of Observation)

**अवलोकन (Observation)**

**अवलोकन का अर्थ और महत्व**—अवलोकन का अर्थ निरीक्षण करने से है। यह एक ऐसी विधि है जिसमें एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की घटनाओं, आपसी सम्बन्धों तथा व्यवहारों को व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से लगातार क्रम से देखता है और उसके बारे में विशेष बातों का अभिलेखन करता है। इसमें प्रेक्षक (Observer) छात्रों से घुलमिल कर आपसी सम्बन्धों द्वारा वास्तविक तथ्यों तथा घटनाओं का वर्णन करता है।

निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अवलोकन एक महत्वपूर्ण तकनीक है। साक्षात्कार के समय विद्यार्थी द्वारा कुछ बातों को छिपाए जाने के कारण उनका पता नहीं चल पाता और विद्यार्थी की वास्तविक समस्या एवं उसके कारणों का पता न चल पाने के कारण मार्गदर्शन उचित प्रकार से नहीं हो पाता। अवलोकन के द्वारा इन बातों का भी पता लगाया जा सकता है तथा सही मार्गदर्शन किया जा सकता है। अवलोकनकर्ता विद्यार्थी के व्यवहार के हर पहलू का निरीक्षण करता है एवं उसके अवचेतन मन को भी समझ पाता है।

''ठोस अर्थ में निरीक्षण का अर्थ कानों एवं वाणी की अपेक्षा आँखों का अधिक प्रयोग है।''

**गुड तथा स्केटस के अनुसार**—''अवलोकन व्यक्तियों की विभिन्न परिस्थितियों में प्रदर्शित किए गए उन बाहरी व्यवहारों की खोज है, जिनका चयन सामान्य जीवन व्यतीत करने हेतु परिस्थितियों को चिन्हित करने के लिए किया जाता है।''

अवलोकन का महत्व प्राचीन काल से जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में चला आ रहा है। अध्यापक छात्रों का स्कूल में, कक्षा में, खेल के मैदान में, पुस्तकालय में तथा सभी स्थानों

पर अवलोकन करता है। घर पर माता-पिता बच्चे के व्यवहार का अवलोकन करते हैं। अवलोकन के द्वारा समय-समय पर छात्र की गतिविधियों का निरीक्षण होता रहता है और इसके आधार पर अध्यापक, माता-पिता तथा परामर्श दाता छात्रों का मार्गदर्शन करके निर्देशन देते हैं।

## अवलोकन के प्रकार
## (Types of Observations)

1. अनियंत्रित अवलोकन (Uncontrolled observations)
2. नियंत्रित अवलोकन (Controlled observations)
3. सहभागी अवलोकन (Participant observations)
4. असहभागी अवलोकन (Non-participant observations)
5. अर्द्धसहभागी अवलोकन (Quasi Participant observations)
6. सामूहिक अवलोकन (Mass observations)

**1. अनियंत्रित अवलोकन (Uncontrolled observations)**—अनियंत्रित निरीक्षण ऐसे निरीक्षण को कहा जाता है जब उन लोगों पर जिनका निरीक्षण किया जा रहा है, निरीक्षण करते समय किसी प्रकार का कोई नियन्त्रण न हो। अर्थात जब प्राकृतिक वातावरण एवं अवस्था में क्रियाओं का निरीक्षण किया जाता है एवं उन क्रियाओं पर किसी शक्ति का प्रभाव या नियन्त्रण न हो तो ऐसे स्वाभाविक रूप के निरीक्षण को अनियंत्रित अवलोकन कहा जाएगा।

**2. नियंत्रित अवलोकन (Controlled observations)**—इस पद्धति का विकास अनियंत्रित निरीक्षण के अनेक दोषों एवं कमियों के कारण हुआ। इस प्रविधि में अनेक साधनों के द्वारा निरीक्षण को नियन्त्रित किया जाता है। इसकी मुख्य विशेषता यह है कि इसमें निरीक्षणकर्ता पर नियन्त्रण के साथ-साथ निरीक्षण की जाने वाली सामाजिक घटना पर भी नियन्त्रण किया जाता है। पहले निरीक्षण की पूरी योजना तैयार की जाती है और फिर निरीक्षण किया जाता है।

**3. सहभागी अवलोकन (Participant observations)**—सहभागी अवलोकन में निरीक्षणकर्ता उस समूह का अंग बनकर रहता है। जिसका उसे अवलोकन करना है। इससे वह उसके जीवन के प्रत्येक पहलू की गहराई से छानबीन कर सकता है। सहभागी अवलोकन इस मान्यता पर आधारित है कि किसी घटना की व्याख्या तभी विश्वसनीय हो सकती है जब निरीक्षणकर्ता परिस्थिति की गहराई में पहुँच जाता है। इसमें यह सावधानी बरतनी पड़ती है कि वह जिन पक्षों का अवलोकन करता है वे अनुसन्धान की सामग्री के अनुसार हों।

**4. असहभागी अवलोकन (Non-participant observations)**—इस प्रकार के अवलोकन में अवलोकनकर्ता न तो समूह का अस्थायी सदस्य बनता है और न ही क्रियाओं में भागीदार बनता है। वह उस समूह का अवलोकन तटस्थ रह कर एवं वैज्ञानिक भावना से करता है। वह दूर से ही जो कुछ देखता है उसकी गहराई तक पहुँचने का प्रयास करता है। सामाजिक जीवन की ऐसी अनेक स्थितियाँ हैं जिनमें सहभागी अवलोकन संभव नहीं हो पाता जैसे शिशुओं के व्यवहार का अध्ययन करने के लिए अवलोकनकर्ता थोड़े समय के लिए वापस शिशु नहीं बन सकता।

**5. अर्द्धसहभागी अवलोकन (Quasi Participant observations)**—अर्द्ध सहभागी अवलोकन एक मिश्रित प्रणाली है जिसमें सहभागी एवं असहभागी अवलोकन का मिश्रित रूप विद्यमान होता है। इसमें समूह के दैनिक कार्यों में तो अध्ययनकर्ता सहभागी रहता है परन्तु किसी विशेष घटना के अवलोकन के समय असहभागी अवलोकनकर्ता बन कर उसका दूर से अवलोकन करता है।

**6. सामूहिक अवलोकन (Mass observations)**—जब एक ही समस्या या घटना का निरीक्षण कई अनुसंधानकर्ताओं के द्वारा किया जाता है जो उस सामाजिक घटना के विभिन्न पहलुओं के विशेषज्ञ होते हैं। सामूहिक अवलोकन कहलाता है। इसमें एक या कुछ निरीक्षणकर्ता पर बोझ न होकर अनेक विशेषज्ञ अनुसंधानकर्ता निरीक्षण कार्य करते हैं। यह अनुसंधान कार्य उत्तम होता है तथा इसमें अधिक धन की आवश्यकता पड़ती है।

**अवलोकन की विशेषताएँ (Characteristics of Observation)**

1. अवलोकन द्वारा छात्र, माता-पिता तथा शिक्षकों को परिस्थितियों को सुधारने के संकेत मिलते हैं।

2. अवलोकन का क्षेत्र काफी व्यापक है, इसका प्रयोग घर में माता-पिता, स्कूल में अध्यापक, परीक्षा में परीक्षक तथा साक्षात्कार लेते समय उपबोधक कर सकता है।

3. आडियो, वीडियो तथा तालिकाओं की सहायता से अवलोकन की विश्वसनीयता बढ़ाई जाती है।

4. अवलोकन के द्वारा व्यक्ति के भावात्मक एवं सामाजिक व्यवहारों का निरीक्षण आसानी से किया जा सकता है।

5. इस विधि का प्रयोग सभी स्थानों तथा सभी परिस्थितियों में किया जा सकता है।

6. लम्बे समय तक नियमित क्रियाओं में छात्रों का अवलोकन करके ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

7. अच्छे अवलोकन के व्यवहारों का अर्थ स्पष्ट होना चाहिए।

8. अच्छा अवलोकन करने के लिए निरीक्षक प्रशिक्षित होने चाहिएँ।

9. अच्छे अवलोकन में अलेख लिखने की विधि का भी विकास होना चाहिए।

10. अवलोकन करते समय पूर्ण स्थिति को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

क्रो और क्रो के अनुसार व्यक्तिगत रूप में छात्रों का अवलोकन करते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए-

-अपने साथियों की स्वीकृति प्राप्त करने की इच्छा।

-सहयोग भावना, प्रतिस्पर्धा भावना इत्यादि।

-अध्ययन सम्बन्धी आदत।

-सामाजिक सामंजस्यता की भावना।

-धोखा या झूठ बोलने की प्रवृत्ति।

-विद्यालय कार्य में रुचि की मात्रा।

-प्रश्नों के उत्तर में अभिव्यक्ति सम्बन्धी गुण और प्रवृत्ति।

**अवलोकन की सावधानियाँ (Precautions of Observations)**

अवलोकन में आत्मनिष्ठा की भावना अधिक होती है, इस दृष्टि से प्रेक्षक को पक्षपात रहित तथा पूर्वाग्रहों से वंचित होना चाहिए। अवलोकन की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि प्रेक्षक प्रशिक्षित हो। अवलोकन करते समय ऑडियो तथा वीडियो उपकरणों का प्रयोग परिस्थिति के अनुसार करना चाहिए। अवलोकन करते समय छात्र से सम्बन्धित ऐसे तथ्य आते हैं जिन्हें गुप्त रखना आवश्यक होता है। अवलोकन किए जाने वाले व्यक्ति के प्रति प्रेक्षक का व्यवहार सहानुभूतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण होना चाहिए।

**अवलोकन की सीमाएं (Limitations of Observation)**

क्रो और क्रो के अनुसार अवलोकन सम्बन्धी निम्नलिखित सीमाएँ हैं-

1. अवलोकन किए जाने वाली बातें सम्पूर्ण परिस्थिति से संगत नहीं हो सकती।

2. अपनी रिपोर्ट की दृष्टि से निरीक्षक में शुद्धता का अभाव पाया जाना स्वाभाविक है।

3. निरीक्षक का पक्षपाती होना स्वाभाविक है। वह अपने आपको पक्षपात से वंचित नहीं रख पाता।

4. कई बार अवलोकन करते समय निरीक्षक की व्याख्या गलत भी हो जाती है जिससे निष्कर्ष सही नहीं निकल पाते।

5. विशिष्ट सामाजिक घटनाओं जैसे ग्रह-कलेश, क्रोध आदि का निरीक्षण करना संभव नहीं हो पाता।

6. यह विधि समय धन एवं श्रम की दृष्टि से अत्यन्त खर्चीली है।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. अवलोकन के अर्थ एवं प्रकारों का विस्तृत वर्णन करें।

   Describe in detail the meaning and types of observation.

2. अवलोकन के अर्थ एवं विशेषताओं का वर्णन कीजिए। सूचना प्राप्त करने के लिए अवलोकन तकनीक का प्रयोग करते समय आप किन बातों को ध्यान में रखोगे।

   Explain the meaning and characteristics of observation. What points would you kept in mind while using observation technique for data collection.

*** 

11

CHAPTER

# उपलब्धि परीक्षाएँ
## (Achievement Tests)

**उपलब्धि परीक्षाएँ (Achievement tests)**—उपलब्धि परीक्षाओं से अभिप्राय उन परीक्षाओं से है, जिनकी सहायता से विद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विषयों तथा सिखाई जाने वाली कुशलताओं में छात्रों की सफलता का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। स्कूलों में विभिन्न कक्षाओं में, विभिन्न विषयों में तथा कुशलताओं में अनेक छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं। किस सीमा तक उन्होंने किस क्षेत्र में कितनी सफलता प्राप्त की है, इसका मूल्यांकन करने के लिए उपलब्धि परीक्षाओं को अपनाया गया है। उपलब्धि परीक्षण किसी एक विषय में व्यक्ति के द्वारा प्राप्त ज्ञान, सूझ-बूझ तथा कौशल और इस बात का मूल्यांकन करता है कि उसने विद्यालय में क्या सीखा है।

**रोविन्स**—''उपलब्धि परीक्षाओं का निर्माण मुख्य रूप से छात्रों के सीखने के स्वरूप और सीमा का माप करने के लिए किया जाता है।''

**गैरिसन**—''उपलब्धि परीक्षा बच्चे की वर्तमान योग्यता या किसी विशिष्ट विषय के क्षेत्र में उसके ज्ञान की सीमा का मूल्यांकन करती है।''

**थार्नडाइक**—''उपलब्धि परीक्षा के द्वारा इस बात का निश्चय किया जाता है कि एक विशिष्ट प्रकार की शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त व्यक्ति ने क्या सीखा है।''

**उपलब्धि परीक्षा के उद्देश्य (Aims of Achievement Tests)**

उपलब्धि परीक्षाओं के उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

1. इसका उद्देश्य बालकों की विभिन्न विषयों और क्रियाओं में वास्तविक स्थिति को जानना।

2. बालकों को ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए प्रशिक्षण के परिणामों का मूल्यांकन करना।

3. बालकों की सीखने से सम्बन्धित समस्याओं को जानना।

4. बालकों की उपलब्धि से सामान्य स्तर को निर्धारित करना।

5. उपलब्धि के द्वारा शिक्षक के अध्यापन की सफलता का अनुमान लगाना।
6. बालकों को पढ़ाए गए विषयों में उनके ज्ञान की सीमा का मूल्यांकन करना।
7. बालकों की पढ़ने-लिखने की कुशलता में गति और श्रेष्ठता को निर्धारित करना।
8. पाठ्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति की ओर बालकों की प्रगति की जानकारी करना।

**उपलब्धि परीक्षाओं की शिक्षा में उपयोगिता (Uses of Achievement Tests)**

ये परीक्षाएँ छात्रों को व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से अध्ययन करने के लिए प्रेरित करती हैं। इन परीक्षणों के द्वारा छात्रों को मानसिक स्तर के अनुकूल विभाजित किया जा सकता है। इन परीक्षाओं के द्वारा प्रतिभाशाली तथा मन्दबुद्धि वाले छात्रों को व्यक्तिगत आवश्यकता के अनुसार सहायता दी जाती है। इन परीक्षाओं के द्वारा छात्रों की रुचि और क्षमताओं को ध्यान में रखकर भावी जीवन से सम्बन्धित परामर्श दिया जाता है। इन परीक्षाओं के द्वारा छात्रों की कठिनाई को जानकर उन्हें दूर करने का प्रयत्न किया जाता है। बुद्धिमान अध्यापक को परीक्षाओं को अपने स्वयं कार्य का परीक्षण समझना चाहिए। ये परीक्षाएं अध्यापक के कार्य का परीक्षण करती हैं। यदि अधिकांश छात्रों को कम अंक प्राप्त होते हैं तो इससे यह पता लगता है कि अध्यापक की शिक्षण विधि, पाठ्यवस्तु और शिक्षा सामग्री छात्रों के मानसिक स्तर के अनुकूल नहीं थीं। उपलब्धि परीक्षा पूर्वप्राप्त किए हुए ज्ञान की कमियों का पता लगाने में सहायक है। इस परीक्षा के द्वारा संचयी आलेखपत्र बनाने में सुविधा प्राप्त होती है। यह व्यावसायिक निर्देशन के लिए काफी उपयोगी है। उपलब्धि परीक्षणों के अंकों के आधार पर व्यक्तियों की भावी सफलता का अनुमान लगाया जा सकता है।

**उपलब्धि परीक्षा के लाभ (Advantages of Achievement Tests)**

उपलब्धि परीक्षा के निम्नलिखित लाभ हैं–

**उपलब्धि परीक्षा के लाभ**

1. न्यूनतम स्तर को प्राप्त करने की योग्यता का परीक्षण
2. वैयक्तिक सहायता
3. पढ़ाई का मूल्यांकन पाठ्यक्रम तथा पढ़ाने की विधियों में सुधार
4. विशिष्ट औद्योगिक व्यवसायों के लिए प्रार्थियों का चयन
5. परामर्श में महत्वपूर्ण उपकरण
6. कठिनाइयों का निदान
7. अधिगम में सहायक
8. स्थानापन्न एवं वर्गीकरण में उपयोग
9. संचयी अभिलेख पत्र तैयार करने में सहायक
10. उन्नति में सहायक

**1. न्यूनतम स्तर को प्राप्त करने की योग्यता का परीक्षण (To check the attainment of minimum performance standards)**—उपलब्धि परीक्षणों के माध्यम से किसी छात्र की किसी भी शैक्षिक प्रमाण पत्र को प्राप्त करने की क्षमता या उपयुक्तता (fitness) का पता लगाया जा सकता है।

**2. वैयक्तिक सहायता (Individual Help)**—उपलब्धि परीक्षणों का प्रयोग कर सामान्य बुद्धि, मन्द बुद्धि एवं विशेष योग्यताओं वाले विद्यार्थियों का चयन करके उनके वैयक्तिक आवश्यकताओं के अनुसार सहायता दी जा सकती है।

**3. पढ़ाई का मूल्यांकन, पाठ्यक्रम तथा पढ़ाने की विधियों में सुधार (Helpful in the evaluation of teaching, the improvement of instructional techniques and revision of curriculum)**—उपलब्धि परीक्षण पढ़ाने की विधियों का मूल्यांकन करने में पाठ्यक्रम में सुधार के लिये तथा पढ़ाने की विधियों में संशोधन करने में सहायता प्रदान करते हैं।

**4. विशिष्ट औद्योगिक व्यवसायों के लिये प्रार्थियों का चयन (Selecting applicants for a wide variety of specialized industrial jobs)**—उपलब्धि परीक्षणों के द्वारा व्यावसायिक कोर्सिस (Courses) जैसे—चिकित्सा, इंजीनियरिंग आदि में प्रवेश के लिये योग्यता का पता लगाया जा सकता है।

**5. परामर्श में महत्वपूर्ण उपकरण (Important tests in Counselling)**—व्यक्ति की शैक्षिक एवं व्यावसायिक योजना का मूल्यांकन करने में उपलब्धि परीक्षणों का बहुत उपयोग है। इसी के आधार पर परामर्श सेवा में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

**6. कठिनाइयों का निदान (Diagnosis of difficulties)**—उपलब्धि परीक्षणों के द्वारा छात्रों की समायोजन की कठिनाइयों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करके इन कठिनाइयों को दूर किया जा सकता है।

**7. अधिगम में सहायक (They facilitate learning)**—उपलब्धि परीक्षण पूर्व सीखने में कमियों का पता लगाने में सहायक हैं। आगे सीखने तथा अभिप्रेरणा (Motivation) में भी इनका योगदान है।

**8. स्थानापन तथा वर्गीकरण में उपयोग (Helpful in the placement and classification)**—उपलब्धि परीक्षणों के द्वारा छात्रों की योग्यता के अनुसार समूहों में विभक्त करना तथा विभिन्न व्यवसायों में स्थापना की दृष्टि से उपयोग किया जा सकता है।

**9. संचयन आलेख-पत्र तैयार करना (Useful in preparing cumulative Record Card)**—उपलब्धि परीक्षा द्वारा संचयी आलेख-पत्र बनाने में सुविधा प्राप्त होती है। प्रत्येक विषय में छात्र कितनी सफलता प्राप्त करता है, इसका बोध इस प्रकार के पत्रों से होता है।

**10. उन्नति में सहायक (Helpful in promotion)**–छात्रों एवं श्रमिकों की उन्नति निश्चित करने में उपलब्धि परीक्षणों का बहुत उपयोग है।

ट्रैक्सलर ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा है–"उपलब्धि परीक्षणों के अंकों के आधार पर व्यक्तियों की आगामी सफलता का अनुमान लगाया जा सकता है। ये व्यावसायिक निर्देशन के लिये लाभदायक सिद्ध होते हैं तथा इनका अभियोग्यताओं तथा रुचियों के साथ सह-सम्बन्ध (Co-relation) पाया जाता है। ये परीक्षण प्रत्येक व्यक्ति का शैक्षिक सामान्य अभिरुचि के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। जो विद्यालय निर्देशन के कार्य को करना चाहता है उसके लिये उपलब्धि परीक्षण बहुत लाभदायक सिद्ध होते हैं।"

**उपलब्धि परीक्षणों के दोष (Limitations of Achievement Test)**

–उपलब्धि परीक्षण के द्वारा तथ्यों की केवल जानकारी मिलती है।

–इसके द्वारा सीखने के परिणामों को नहीं जाना जा सकता।

–इसके द्वारा तर्क शक्ति, विश्लेषण शक्ति, आलोचनात्मक विचार इत्यादि गुणों का विकास नहीं हो पाता।

1. इस प्रकार के परीक्षणों में मौलिकता और सृजनात्मकता का अभाव पाया जाता है।

2. उपलब्धि परीक्षा साहित्यिक सूझ-बूझ की अपेक्षा अधिक यांत्रिक है।

3. एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में परीक्षक का कार्य केवल आइटमज (items) का चयन करना तथा सही करना होता है। इस कार्य में मौलिकता, सृजनात्मकता (creativity) नहीं होती। व्यक्तिगत विचार कम ही होता है।

4. भाषा के उपलब्धि परीक्षण अपने प्रयोग तथा विस्तार में संकुचित तथा सीमित हैं। वार्टरज के अनुसार–उपलब्धि परीक्षण साहित्यिक सूझ-बूझ के बजाये अधिक यांत्रिक हैं।

5. बहुत से उपलब्धि परीक्षण तथ्यों की ही जानकारी देते हैं। ये व्यक्ति को अपनी योग्यताओं को ठीक प्रकार से प्रयोग में लाने में सहायता नहीं देते हैं।

6. वस्तुनिष्ठ उपलब्धि परीक्षण तर्क तथा विश्लेषण शक्ति को एक संगठित रूप में प्रकट नहीं करते।

7. यह भी देखा गया है कि उपलब्धि परीक्षण छात्र के कोर्स के ज्ञान का सही अनुमान नहीं लगा सकते और सीखने के परिणामों (Outcomes) को भी प्रकट करने में असमर्थ है।

8. उपलब्धि परीक्षण आलोचनात्मक विचार, तर्क तथा व्याख्या की परख नहीं कर सकते।

## उपलब्धि परीक्षा के प्रकार
## (Types of Achievement Tests)

उपलब्धि परीक्षणों का विभाजन निम्नलिखित तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया है।

**उपलब्धि परीक्षाएँ (Achievement Tests)**

- प्रमाणीकृत परीक्षण (Standardised Tests)
- शिक्षक निर्मित परीक्षण (Teacher made Tests)
  - आत्मनिष्ठ परीक्षण (Subjective Tests)
    - मौखिक परीक्षण (Oral Tests)
    - निबन्धात्मक परीक्षण (Essay Type Tests)
  - वस्तुनिष्ठ परीक्षण (Objective Tests)

**प्रमाणीकृत परीक्षण (Standardised Tests)**–प्रमाणीकृत परीक्षण से अभिप्राय उन परीक्षणों से है जिनमें सब छात्र निश्चित समय में समान प्रश्नों के उत्तर देते हैं। यह आधुनिक युग की देन है। ऐसे टैस्टों का निर्माण निश्चित नियम और सिद्धान्तों के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है। इनमें दिए गए प्रश्नों को निश्चित समय के अन्दर निश्चित निर्देशों के अनुसार करना पड़ता है। ऐसी परीक्षाओं का प्रकाशन विभिन्न संस्थाओं जैसे–C.I.E., N.C.E.R.T. Jamia Milia तथा ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा किया जाता है।

**शिक्षक निर्मित परीक्षण (Teacher Made Tests)**–शिक्षक निर्मित परीक्षण अध्यापक द्वारा तैयार किया जाता है। एक ही विषय पर दो शिक्षकों द्वारा निर्मित प्रश्नों के स्तर में अन्तर हो सकता है, इस कारण छात्रों के ज्ञान का ठीक मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है, इसलिए शिक्षक निर्मित परीक्षण को विश्वसनीय नहीं माना जाता है। शिक्षक निर्मित टैस्ट आत्मनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ दोनों प्रकार के होते हैं। कुछ समय पूर्व इनका रूप आत्मनिष्ठ था। अभी भी इस प्रकार के परीक्षणों का अधिक प्रचलन है, यद्यपि वस्तुनिष्ठ परीक्षणों के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाये जा रहे हैं।

## प्रमाणीकृत तथा शिक्षक निर्मित परीक्षा में तुलना
## (Comparison between Standardised and Teacher made Tests)

**प्रमाणीकृत परीक्षण (Standardised Tests)**

1. ये टैस्ट किसी भी विद्यालय की किसी भी कक्षा के लिए प्रयोग किए जा सकते हैं।

2. ये टैस्ट विशेषज्ञों द्वारा बनाये जाते हैं।

3. इनमें प्रश्न पत्र काफी लम्बे होते हैं। बच्चे इनमें अनुमान से उत्तर देना सीख जाते हैं।

4. ऐसे परीक्षणों में प्रयोग की जाने वाली परीक्षण सामग्री का व्यापक रूप में परीक्षण कर लिया जाता है।

5. ये टैस्ट कुछ विश्वसनीय होते हैं।

6. ये टैस्ट छात्रों तथा विद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाते।

7. इनको बनाने में समय तथा धन की आवश्यकता होती है इसलिए ये अधिक मँहगे पड़ते हैं।

8. इसमें अध्यापक इस बात का मापन नहीं कर सकता कि कक्षा में क्या पढ़ाया जाना चाहिए था और क्या पढ़ाया जा सकता था।

9. इसमें शैक्षिक लक्ष्यों का अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

10. इसके द्वारा अध्यापक तथा छात्रों की वास्तविक सफलता का मूल्यांकन नहीं कर सकते।

**शिक्षक निर्मित परीक्षण (Teacher made Tests)**

1. ये टैस्ट एक ही विद्यालय की विशेष कक्षा के लिए प्रयोग किये जा सकते हैं।

2. ये अध्यापक द्वारा ही बनाये जाते हैं।

3. इनमें प्रश्न पत्र अध्यापक द्वारा आलोचनात्मक ढंग से बनाये जाते हैं जिससे बच्चे सोच-समझकर ही उत्तर दे पाते हैं।

4. ये टैस्ट कम विश्वसनीय होते हैं।

5. ये टैस्ट विद्यालय तथा छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सफल होते हैं।

6. इनको बनाने में धन तथा समय कम लगता है, इसलिए ये कम खर्चीले हैं।

7. इसमें शैक्षिक लक्ष्यों का मापन किया जा सकता है।

8. इसके द्वारा अध्यापक तथा छात्रों की सफलता तथा असफलता का मूल्यांकन किया जा सकता है।

**मौखिक परीक्षा (Oral Tests)**–मौखिक परीक्षा से अभिप्राय मौखिक रूप से बच्चों की उपलब्धि का मूल्यांकन करना है। इसमें लिखित परीक्षाओं का कोई स्थान नहीं होता। अध्यापक पूर्व ज्ञान परीक्षा के लिए पाठ के मध्य किसी नवीन विचार को विकसित करने के लिए तथा पाठ के अन्त में पाठ की पुनरावृत्ति से सम्बन्धित प्रश्न पूछकर अध्यापक बच्चों की मौखिक परीक्षा लेता है। आधुनिक युग में लिखित परीक्षाओं का प्रचलन होने के कारण इनका महत्व कम होता जा रहा है। इनका प्रयोग अधिकतर छोटी कक्षाओं में, कविता, गिनती तथा कहानी सुनने के रूप में किया जाता है या उच्च कक्षाओं में प्रयोगात्मक परीक्षाओं एवं वायवा (VIVA-VOCE) के रूप में किया जाता है। मौखिक परीक्षा चाहे कितनी भी प्रभावशाली क्यों न हो फिर भी इसमें छात्रों को अंक प्रदान करते समय व्यक्तिनिष्ठता बढ़ जाती है।

**निबन्धात्मक परीक्षा तथा इसके गुण (Essay type Tests and its merits)**–निबन्धात्मक परीक्षा से अभिप्राय निश्चित समय में निश्चित प्रश्नों का लिखित रूप में उत्तर देने से है। इसमें छात्रों को प्रश्नों के उत्तर देने में पूरी स्वतन्त्रता होती है। यह प्रणाली सभी कक्षाओं और विषयों के लिए उपयुक्त समझी जाती है। इस परीक्षा के प्रश्नों की रचना अध्यापक थोड़े ही समय में बिना किसी विशेष प्रयास के कर सकता है। यह प्रणाली छात्रों के लिए भी आसान है क्योंकि इसमें उनको सीमित शब्दों या पंक्तियों में प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। इसके द्वारा बालकों के तथ्यात्मक ज्ञान की सरलता से परीक्षा ली जा सकती है। इसके द्वारा छात्रों की अभिव्यक्ति, चिन्तन, तार्किक, लेखन, विचार संगठन और विवेचन आदि योग्यताओं की परीक्षा ली जा सकती है। इसके द्वारा बालकों की प्रगति का वास्तविक ज्ञान होता है। ये परीक्षाएं छात्रों को मौलिक रूप से अपने विचारों को प्रकट करने का अवसर प्रदान करती हैं। उनकी तर्क शक्ति की जाँच करने के लिए ये परीक्षाएँ अधिक उपयुक्त हैं।

**निबन्धात्मक परीक्षा के दोष (Defects of Essay Type Tests)**

1. इसमें आत्मनिष्ठा की भावना अधिक पाई जाती है। कई परीक्षक सहृदय होने के कारण अधिक अंक दे देते हैं और कई अंक देने में काफी लापरवाही कर जाते हैं।

2. इन टैस्टों के परिणामों के आधार पर छात्रों के भविष्य के सम्बन्ध में निर्णय देना कठिन होता है।

3. ये परीक्षाएँ रटने की प्रवृत्ति व लेखन शक्ति पर अधिक बल देती है।

4. इस प्रणाली में विश्वसनीयता का अभाव पाया जाता है। यदि एक छात्र की एक ही उत्तर पुस्तिका को दो अलग-अलग अध्यापकों से जँचवाई जाए तो उनमें काफी अन्तर मिलता है।

5. यह परीक्षा छात्रों के गुणों, तथ्यों तथा कुशलताओं की जाँच न करके उनकी भाषा अभिव्यंजना शक्ति तथा सुलेख की जाँच करती है।

6. इसमें सम्पूर्ण पाठ्यक्रम से सम्बन्धी प्रश्न पूछना कठिन है और इसी कारण बच्चे सीमित संख्या में प्रश्नों को रट लेते हैं।

7. इन पर आलोचनात्मक दृष्टि से विचार करके यही कहा जा सकता है कि निबन्धात्मक प्रश्न का ठीक मूल्यांकन एक कठिन कार्य है और इसे उचित प्रकार से करने के लिए बुद्धि, परिश्रम तथा धैर्य की आवश्यकता है।

**वस्तुनिष्ठ परीक्षाएँ (Objective Type Tests)**–वस्तुनिष्ठ परीक्षा वह परीक्षा है जिसमें विभिन्न परीक्षक स्वतन्त्रतापूर्वक अंकों के सम्बन्ध में एक ही निष्कर्ष पर पहुंचते हैं या समान उत्तरों के लिए समान अंक प्रदान करते हैं। इसमें विस्तृत क्षेत्र की जानकारी थोड़े समय में ही प्राप्त कर ली जाती है। वस्तुनिष्ठ परीक्षा साधारणतया सत्य/असत्य उत्तर, बहुसंख्यक चुनाव, मिलान या पूरक प्रकार के प्रश्नों पर आधारित होती है जिसके सही उत्तरों को तालिका के अनुसार–अंकन किया जाता है। यदि कोई उत्तर तालिका के विपरीत होता है तो उसे गलत माना जाता है।

**वस्तुनिष्ठ परीक्षा के गुण (Merits of Objective Type Tests)**–वस्तुनिष्ठ परीक्षा प्रणाली में वैद्यता, वस्तुनिष्ठता तथा विश्वसनीयता पाई जाती है। चाहे कोई भी व्यक्ति ऐसी परीक्षा में अंक प्रदान करे उनमें किसी प्रकार का भी अन्तर नहीं होता। यह परीक्षा प्रतिभाशाली तथा मन्दबुद्धि छात्रों के अन्तर को स्पष्ट कर देती है। धन तथा समय की दृष्टि से यह प्रणाली काफी बचत वाली समझी जाती है। इसमें कम समय में ही छात्रों को दो या तीन पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका में अनेक प्रश्नों का उत्तर देना होता है। इन प्रश्नों को जाँचने में समय कम लगता है। यह परीक्षा प्रणाली विषय का विस्तृत प्रतिनिधित्व करती है। इसमें एक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर देना होता है। उत्तर सरल होता है क्योंकि छात्र को केवल हाँ या नहीं या सत्य या असत्य पर निशान लगाना होता है। इसके द्वारा छात्रों को ठीक अंक मिलने के कारण पूरा संतोष होता है और आगे परिश्रम करने की प्रेरणा प्राप्त होती है। इस प्रणाली में रटने की प्रवृत्ति का महत्व समाप्त हो जाता है। इसमें अंक देते समय परीक्षक के व्यक्तिगत निर्णय, विचारधारा, मानसिक स्तर तथा मनोदशा का कोई स्थान नहीं रहता। इस प्रकार वस्तुनिष्ठ परीक्षा प्रणाली में उपरोक्त सभी गुण पाये जाते हैं।

**वस्तुनिष्ठ परीक्षा के दोष (Demerits of Objective Type Tests)**–इस परीक्षा के द्वारा बच्चे बुद्धि का प्रयोग न करके अनुमान से या तुक्के से सत्य/असत्य पर निशान लगा देते हैं। इसके द्वारा छात्रों में अपने भावों को व्यक्त करने की क्षमता विकसित नहीं होती। इन परीक्षाओं से तर्क चिन्तन, मौलिक विचार तथा सृजनात्मक कल्पना शक्ति की कोई जाँच नहीं हो पाती। इससे बच्चों की भाषा शैली भी नहीं बन पाती। क्योंकि इस परीक्षा प्रणाली में प्रश्न पत्र लम्बे होते हैं इसलिए यह काफी खर्चीली होती है। ये परीक्षण शिक्षक पर अधिक भार डालते हैं क्योंकि इन प्रश्न–पत्रों को बनाने और जाँचने में समय और परिश्रम अधिक लगता है।

## वस्तुनिष्ठ परीक्षा के प्रकार
## (Types of Objective Type Tests)

वस्तुनिष्ठ परीक्षा के निम्नलिखित प्रकार हैं-

**1. खाली स्थान की पूर्ति (Completion Form)**—इस प्रकार की परीक्षा में अध्यापक वाक्य के बीच खाली स्थान छोड़ देता है, जिनको बच्चों द्वारा पूरा करके बच्चे के ज्ञान की जाँच की जाती है। जैसे-मुगलों ने भारत में ... वर्ष तक राज्य किया।

**2. प्रश्नोत्तर परीक्षा (Question Answer Form)**—इनमें एक ही प्रश्न पूछा जाता है और उसका एक ही निश्चित उत्तर होता है, जैसे-भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे ?

**3. हाँ नहीं वाले प्रश्न (True or False Form)**—इस प्रकार के प्रश्नों में सत्य कथन पर हाँ और असत्य कथन पर ना के निशान पर वृत्त बनाना होता है, जैसे-

बाबर मुगल वंश का संस्थापक था हाँ/नहीं

**4. मिलान पद प्रश्न (Matching Form)**—इन प्रश्नों में तथ्यों को व्यवस्थित रूप में रखा जाता है। बालकों को अव्यवस्थित रूप को व्यवस्थित से मिलाकर ठीक ढंग से लिखने के लिए कहा जाता है, जैसे-

| **अव्यवस्थित रूप** | **व्यवस्थित रूप** |
|---|---|
| भाखड़ा-भारत | भाखड़ा-पंजाब |
| दिल्ली-इंग्लैंड | दिल्ली-भारत |
| लन्दन-पंजाब | लंन्दन-इंग्लैंड |

**5. सर्वश्रेष्ठ प्रश्न उत्तर (Best Question Answer)**—इनमें प्रश्नों के साथ-साथ उत्तर भी दिये जाते हैं जिसमें सर्वश्रेष्ठ उत्तर को ही निशान लगाना होता है, जैसे-

गांधी जी ने अहिंसात्मक मार्ग चुना, क्योंकि

(1) वे शांति प्रिय थे।

(2) वे भारत को आजाद कराना चाहते थे।

(3) वे अहिंसा प्रिय थे।

**6. बहुचयन प्रश्न उत्तर (Multiple Choice Test)**—इस प्रकार की परीक्षा में प्रश्न के आगे कई शब्द दिये जाते हैं और छात्रों को सही उत्तर वाले शब्दों को रेखांकित करने को कहा जाता है, जैसे-लालकिला किसने बनवाया ? शाहजहाँ, बाबर, अकबर।

**7. पृथकीकरण परीक्षा (Classification Type Test)**—इस प्रकार की परीक्षा में कुछ शब्द रखे जाते हैं, इनमें केवल एक नाम पूरे समूह से पृथक होता है जिसे छात्र रेखांकित करके अपने ज्ञान का परिचय देते हैं, जैसे-तोता, मैना, बिल्ली।

8. **क्रमबद्ध परीक्षा (Systematic Test)**–ऐसी परीक्षा में घटनाओं को कालक्रम के अनुसार क्रमबद्ध करना होता है, जैसे–जलियाँवाला हत्याकांड, गांधी जी की मृत्यु, साइमन कमीशन।

## उपलब्धि और बुद्धि परीक्षण में अन्तर

## (Difference between Intelligence and Achievement Test)

यद्यपि बुद्धि परीक्षण और उपलब्धि परीक्षण का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विषयों, ...राओं तथा कुशलताओं में अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन करना है तथापि इनमें निम्नलिखित ...र पाया जाता है–

1. बुद्धि परीक्षण में बुद्धि उपलब्धि (I.Q.) नियमानुसार बुद्धि के स्तर का अनुमान ...या जाता है, किन्तु उपलब्धि परीक्षण में शैक्षिक लब्धि (E.Q) निकाल कर ज्ञान ...त का अनुमान लगाया जाता है।

2. बुद्धि परीक्षण के द्वारा छात्रों की भावी प्रगति के बारे में अनुमान लगाया जाता है और उपलब्धि परीक्षण में वर्तमान में अर्जित ज्ञान का परीक्षण किया जाता है।

3. बुद्धि परीक्षण में व्यक्ति की जन्म जात योग्यता का मूल्यांकन किया जाता है और ...लब्धि परीक्षण में अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन किया जाता है।

4. बुद्धि परीक्षण में आयु के अनुसार प्रश्न बनाएं जाते हैं और उपलब्धि परीक्षण में प्रश्नों की रचना अध्ययन के आधार पर की जाती है।

### अभ्यास के लिए प्रश्न

1. उपलब्धि परीक्षा से आप क्या समझते हैं ? इसकी उपयोगिता तथा दोषों का वर्णन कीजिए।

   What do you understand by Achievement test ? What is its utility? Also Explain its demerits.

2. उपलब्धि परीक्षा के अर्थ और उद्देश्यों का स्पष्टीकरण करते हुए इसके गुण दोषों पर प्रकाश डालिए।

   Explain the meaning and aims of Achievement test. Also throw light on its merits and demerits.

3. उपलब्धि परीक्षाएं कितने प्रकार की होती हैं ? प्रमापीकृत तथा अप्रमापीकृत या शिक्षक निर्मित परीक्षाओं में क्या अन्तर है ?

   What are the types of Achievement tests? What is the difference between standardized and non-standardized test?

***

12

CHAPTER

# बुद्धि परीक्षाएँ
# (Intelligence Tests)

## बुद्धि का अर्थ परिभाषा, एवं स्वरूप
## (Meaning Nature and definition of Intelligence)

बुद्धि से सामान्य अभिप्राय व्यक्ति की समस्या समाधान एवं नवीन परिस्थितियों में अनुक्रिया करने की योग्यता से लगाया जाता है। बुद्धि क्या है ? इस विषय में समय-समय पर विभिन्न मनोवैज्ञानिकों की कानफ्रेन्स हुई और वे यह निश्चित नहीं कर सके कि बुद्धि में स्मृति या कल्पना, भाषा या योग्यता या संवेदना सम्मिलित हैं या नहीं। अत: बुद्धि के सम्बन्ध में प्रत्येक मनोवैज्ञानिक की अपनी-अपनी धारणा है जो निम्नलिखित है-

**बिनेट (Binet) के अनुसार बुद्धि की व्याख्या–**

(क) यह एक निश्चित दिशा की ओर ले जाने वाली प्रवृत्ति है। ("A Capacity to take to and maintain a definite direction")

(ख) यह सुव्यवस्थित होकर निर्दिष्ट स्थान पर पहुँचने की योग्यता है। ("A Capacity to make adaptations for attaining a desired goal.")

(ग) यह आत्म-आलोचना करने की वृत्ति है। ("A power of self criticism.")

विभिन्न मनोवैज्ञानिकों के द्वारा बुद्धि की निम्न परिभाषाएँ दी गयी हैं। हम इन्हें तीन वर्गों में बाँट सकते हैं-

1. सामायोजित करने की क्षमता (Ability to adjust)
2. सीखने की क्षमता (Ability to learn)
3. अमूर्त चिन्तन की क्षमता (Ability to carry-on abstract thinking.)

**1. समायोजित करने की क्षमता (Ability to adjust)–**

बुद्धि समायोजित नहीं है बल्कि समायोजित करने की क्षमता है। (Intelligence is

not to adjust but it is the ability or capacity to adjust.)

निम्नलिखित वैज्ञानिकों के द्वारा इस परिभाषा को मान्यता मिली–

**वर्ट का विचार (View of Burt)**–बुद्धि लचीलें समायोजन की योग्यता है। ("It is the capacity of flexible adjustment.")

**रास का विचार (View of Ross)**–नयी स्थिति में समाज के प्रति सचेत रहना ही बुद्धि है। ("Conscious adaptation to new situation is Intelligence.")

**स्टर्न का विचार (View of Stern)**–"बुद्धि नयी स्थिति में समायोजित होने की योग्यता है।" ("Intelligence is the ability to adjust oneself into a new situation.")

**वुडवर्थ का विचार (View of woodworth)**–योग्यता प्राप्त करने की योग्यता बुद्धि है। ("Intelligence is an acquiring ability. It is Capacity to acquire Capacity.")

**2. सीखने की योग्यता (Ability to Learn)**

बुद्धि सीखने के लिए नहीं बल्कि यह तो एक सीखने की क्षमता है। (Intelligence is not to learn but a capacity or ability to learn.)

निम्नलिखित मनोवैज्ञानिकों के द्वारा इस परिभाषा को मान्यता मिली–

**बकिंघम का विचार (Buckingham's View)**–"बुद्धि सीखने की योग्यता है।" ("Intelligence is the ability to learn.")

**थार्नडाइक का विचार (Thorndike's View)**–"बुद्धि पिछले अनुभवों के उपयोगी प्रयोग की योग्यता है।" ("Intelligence is the ability to make profitable use of past experience.")

**वुडरो का विचार (View of Woodro)**–"बुद्धि अर्जन करने की क्षमता है।" ("Intelligence is an acquiring capacity.")

**डीयरबार्न का विचार (Dearborn's View)**–"यह अनुभव द्वारा सीखने का लाभ प्राप्त करने की योग्यता है।" ("It is the capacity to learn or profit by experiences.")

**3. अमूर्त चिन्तन की क्षमता (Ability to carry-on abstract thinking)**

बुद्धि अमूर्त चिन्तन की क्षमता है। ("Intelligence is the capacity to carry-on abstrack thinking.")

निम्नलिखित मनोवैज्ञानिकों के द्वारा इस परिभाषा को मान्यता मिली–

**स्पीयरमैन का विचार (Spearman's View)**–"सापेक्षित चिन्तन बुद्धि है।" ("Intelligence is relational thinking.")

**टर्मन का विचार (Terman's View)**–"बुद्धि अमूर्त विचारों के बारे में सोचने की योग्यता है।" ("Intelligence is the ability to think in terms of abstract ideas.")

**बर्ट का विचार (Burt's View)**–"अच्छे निर्णय अच्छी तरह समझने तथा अच्छा तर्क देने की योग्यता बुद्धि है।" ("Intelligence is the ability to Judge well, to comprehend well and to reason well.")

**बिनेट का विचार (Binet's View)**–"अच्छे चिन्तन, अच्छे निर्णय तथा आत्मालोचना की योग्यता बुद्धि है।" ("Intelligence is the capacity to think well, to judge well and to be self-critical.")

कुछ विद्वान बुद्धि को एक सार्वभौमिक शक्ति मानते हैं। इस दृष्टि से वे बुद्धि की व्यापक रूप से व्याख्या करते हैं।

**वैचस्लर की परिभाषा (According to Wechsler's Definition)**–"बुद्धि व्यक्ति की वह सार्वभौमिक योग्यता है जिसके द्वारा वह उद्देश्यपूर्ण कार्य करता है, तर्कपूर्ण चिन्तन करता है और वातावरण में प्रभावशाली ढंग से व्यवहार करता है।" ("Intelligence is aggregate or a global capacity of individual to act purposefully, to think rationally and to deal effectively with the environment.")

**बुद्धि के प्रकार (Kinds of Intelligence)**

**( क ) अमूर्त बुद्धि (Abstract intelligence)**–अमूर्त बुद्धि वह बुद्धि होती है जो चिन्हों, शब्दों, अंकों, फार्मूलों तथा शक्लों के रूप में पेश की गयी समस्याओं को हल करने की योग्यता रखती है।

**( ख ) मशीनी बुद्धि (Mechanical intelligence)**–मशीनी बुद्धि वह योग्यता है जिसके द्वारा हम मशीनों तथा मशीनी विधियों से आसान तथा प्रभावशाली ढंग से निपट सकते हैं।

**( ग ) सामाजिक बुद्धि (Social intelligence)**–यह वह योग्यता है जिसके द्वारा हम लोगों के साथ समायोजन प्राप्त कर सकते हैं।

**बुद्धि के लक्षण (Characteristics of Intelligence)**

–बुद्धि एक अर्जित शक्ति नहीं बल्कि जन्म-जात शक्ति है।

–बुद्धि की शक्ति भिन्न-भिन्न व्यक्तियों में भिन्न-भिन्न होती है।

–वंश का बुद्धि पर बहुत अधिक प्रभाव होता है।

–बुद्धि परीक्षायें बताती हैं कि आम तौर पर बच्चे कितनी बुद्धि तथा योग्यता के होते हैं।

5. स्थान सम्बन्धी योग्यता (Spatial Ability) 'S'
6. कंठ करने की योग्यता (Memory Ability) 'M'
7. अनुमानकारी योग्यता (Verbal Ability) (V)
8. वियोजिक योग्यता (Problem solving Ability) 'Ps'
9. अनुभव योग्यता (Realising Ability) 'RA'

अतः बुद्धि के सम्बन्ध में आधुनिक विचारधारा को व्यक्त करते हुए कहा जा सकता है कि इस बात में बहुत सन्देह है कि बुद्धि के समान कोई स्वतन्त्र इकाई है। यह कहने की बजाय कि व्यक्ति में बुद्धि है या नहीं, यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि वह अधिक बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार करता है या कम बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार करता है।

**बुद्धि का मापन (Measurement of Intelligence)**

सबसे पहले बुद्धि को मापने का प्रयास फ्रांस के मनोवैज्ञानिकों बिनेट (Binet) और साइमन (Simon) ने किया। सन् 1905 में बिनेट तथा साइमन ने बुद्धि परीक्षाओं का एक पैमाना तैयार किया। इस स्केल में 30 अंश (Items) थे। सन 1908 तथा सन् 1911 में इस स्केल का संशोधित संस्करण तैयार किया गया। इस स्केल में 3 से लेकर 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये परीक्षायें सम्मिलित थीं। बिनेट साइमन स्केल का अनुसरण यूरोप के अन्य देशों ने भी किया।

बिनेट साइमन की स्केल को आधार मानकर अमेरिका, फ्रांस एवं इंग्लैंड आदि देशों के मनोवैज्ञानिकों ने परीक्षणों का निर्माण किया।

यूरोप में 18वीं शताब्दी से बुद्धि मापन का कार्य आरम्भ हुआ। बिनेट ने 'बिनेट-साइमन' तथा टर्मन ने 'स्टेनफोर्ड बिने' मानक्रम नामक बुद्धि मापक क्रम का निर्माण किया।

**बुद्धिमापन के विभिन्न प्रयत्न (Different Approaches to measure intelligence)**

**1. कपाल विज्ञान प्रयत्न (Phsenological approach)**–गाल (Gall) ने बुद्धि को मापने के लिए कपाल विज्ञान प्रयत्न मालूम किया है। कपाल विज्ञान प्रयत्न के अनुसार बुद्धि का सम्बन्ध सिर के आकार के साथ सीधा है अर्थात जितना सिर बड़ा होगा उतनी ही बुद्धि–अधिक होगी। पीयरसन (Pearson) ने इस सिद्धान्त को रद्द कर दिया।

**2. मुख आकृति की अवस्था (Stage of Physiognamy)**–यह मत नाक-शिख का विज्ञान है। इसके अनुसार जिसका नाक जितना पतला और चमकदार होगा उतना ही वह बुद्धिमान होगा और इसके विपरीत जिसका चेहरा चमकदार नहीं होता वह बुद्धिमान नहीं होता, इस मत को भी अस्वीकार किया गया।

**3. ब्रास उपकरण अवस्था (Brass instrumental stage)**–बुद्धि को मापने के

लिए मनोवैज्ञानिकों ने संवेदन-मापी नामक यंत्र का प्रयोग किया। इस यंत्र की सहायता से मनोवैज्ञानिकों ने त्वचा का संवेदनमापी अंक (Aesthiesometric Index) मालूम किया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जितना संवेदनमापी अंक कम होगा वह उतना ही बुद्धिमान होगा। इस दृष्टिकोण को भी रद्द कर दिया गया क्योंकि भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का त्वचा अंक भिन्न-भिन्न होता है और त्वचा अंक (Resistence) एक ही व्यक्ति के शरीर के भिन्न-भिन्न अंगों पर भिन्न-भिन्न होता है।

**बुद्धिलब्धि (Intelligence Quotient I.Q.)**–बुद्धिलब्धि से अभिप्राय बालक की सामान्य योग्यता के विकास की गति से है। बुद्धिलब्धि यह बताती है कि बालक की मानसिक योग्यता में किस गति से विकास हो रहा है। संसार की सभी वस्तुएँ जब किसी संख्या में होती हैं तो उनका मापन हो सकता है। इसी प्रकार बुद्धि का मापन भी हो सकता है।

**बुद्धिलब्धि निकालने की विधि या सूत्र (Formula for measuring (I.Q.)**

$$\text{बुद्धि लब्धि} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100$$

$$\text{Intelligence Quotient} = \frac{\text{Mental age}}{\text{Chronological Age}} \times 100$$

$$\text{or I.Q.} = \frac{\text{M.A.}}{\text{C.A.}} \times 100$$

बुद्धि मापन करने से पूर्व हमें उसके प्राथमिक तत्वों को समझने का प्रयास करना चाहिए। ये तत्व निम्नलिखित हैं–

1. वास्तविक आयु (Chronological Age)
2. मानसिक आयु (Mental Age)
3. आधार आयु (Basal Age)
4. बुद्धि लब्धि (Intelligence Quoient) or I.Q.

**1. वास्तविक आयु (Chronological Age)**–इसमें हम वर्ष, महीने, दिन, घण्टों आदि से मनुष्य की वास्तविक आयु के बारे में पता लगा सकते हैं। इसे मनुष्य के जन्म लेने से गिना जाता है। इसलिए इसे हम C.A. भी लिखते हैं।

**2. मानसिक आयु (Mental Age)**–बुद्धि परीक्षण के परिणामों को आधारित करने के लिए 1908 में 'विने' ने मानसिक आयु शब्द को चलाया। यह मानसिक परिपक्वता से सम्बन्धित है। यदि कोई छः वर्ष का बच्चा नौ वर्ष के बच्चे के परीक्षण पर पूर्ण अंक प्राप्त करता है तो उस बच्चे की मानसिक आयु 9 वर्ष होगी यद्यपि उसकी वास्तविक

आयु 6 वर्ष ही है। किसी व्यक्ति के मानसिक परीक्षणों के अंकों को मानसिक आयु मापनी में रखें तो उसे आयु मापनी कहेंगे। सामान्यता मानसिक आयु व वास्तविक आयु समान होती है।

**3. आधार आयु (Basal Age)**—यह वह आयु है जिसमें वास्तविक आयु को आधार माना जाता है। इस आयु में मनुष्य पूर्ण प्रश्नों का हल कर सकता है। आधार आयु के बिना मानसिक आयु नहीं निकाली जा सकती। जैसे किसी बच्चे की वास्तविक आयु 5 वर्ष है, वह छः वर्ष के बच्चे के योग्य प्रश्नों का हल कर लेता है, और वह सात वर्ष के बच्चे के योग्य प्रश्न को हल कर लेता है और आठ वर्ष के बच्चे के योग्य छः में से तीन प्रश्नों को हल कर लेता है तो हम यह कह सकते हैं कि पाँच वर्ष के बच्चे की आधार आयु 7 वर्ष है क्योंकि वह इस आयु तक के योग्य सभी प्रश्नों को हल कर लेता है और उसकी मानसिक आयु साढ़े 7 वर्ष है।

मानसिक आयु = आधार आयु + अगले स्तर का लाभ
= 7 वर्ष + 6 मास (छः में से तीन प्रश्न ठीक)
= 7 1/2 वर्ष

**4. बुद्धि लब्धि (Intelligence Quotient)**—सन् 1969 में स्टर्न ने मनुष्य का I.Q. निकालने का एक फार्मूला (Formula) बताया जिससे मनुष्य की बुद्धि मापी जाती है।

$$\text{बुद्धि लब्धि} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100$$

$$\text{Intelligence Quotient} = \frac{\text{Mental age}}{\text{Chronological Age}} \times 100$$

$$\text{or I.Q.} = \frac{\text{M.A.}}{\text{C.A.}} \times 100$$

**बुद्धि लब्धि के अनुसार वर्गीकरण** (Classification according to I.Q.)

डॉ. मैरिल (Dr. Merile) ने बुद्धि लब्धि यानि I.Q. का वितरण निम्न प्रकार से दिया।

I.Q. Call
0–25 जड़ बद्धि (Idiot)
25–49 मन्द बुद्धि (Imbecile)
50–59 मूर्ख (Moron)
60–69 मूर्ख (Feeble minded)

70–79 सीमा पर (Border line)

80–89 निम्न सामान्य (Low normal)

90–109 सामान्य (Normal average)

110–119 उच्च सामान्य (High average)

120–139 श्रेष्ठ (Superior)

140–169 बहुत श्रेष्ठ (Very Superior)

169–upwards प्रतिभाशाली (Genius)

**बुद्धि लब्धि की स्थिरता (Constancy of I.Q.)**–बुद्धि लब्धि हर आयु में एक सी रहती है। बुद्धि लब्धि की स्थिरता से पता चलता है कि मन्द बुद्धि बालक मन्द बुद्धि बालक रहेगा और तीव्र बुद्धि बालक तीव्र बुद्धि बालक रहेगा। इस बात का अध्ययन करने के लिए निम्नलिखित वैज्ञानिकों के अध्ययन हैं–

1. **कैटल का सिद्धान्त (Cattle's study)**–कैटल के अनुसार बुद्धि लब्धि I.Q. में तीन बिन्दु से अधिक औसत परिवर्तन नहीं होता।

2. **स्टैनफर्ड का अध्ययन (स्टैनफर्ड ने स्टैनफोर्ड बिने परीक्षाओं) (Stanford Binet Examinations)** का अध्ययन किया जिसमें उसने पहले परीक्षण और दूसरे परीक्षण के मध्यान्तर में 1 महीने से 3 साल तक का अन्तर था और उसमें भी बुद्धि लब्धि में 5.1 तक का परिवर्तन बताया।

कुछ स्थितियों में बुद्धि लब्धि में व्यापक विभिन्नता पायी जाती है। यह विभिन्नता या तो असाधारण स्थितियों में परीक्षा होने के कारण या किसी गम्भीर, शारीरिक या मानसिक रोगग्रस्त होने के कारण होती है।

**बुद्धिलब्धि को प्रभावित करने वाले तत्व (Factors affecting I.Q.)**

1. शिक्षा और बुद्धि लब्धि (Education and Intelligence Quotient)

2. सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक तत्व (Socio-economic and Cultural factors)

3. घरेलू वातावरण (Home-Environment)

4. शहरी बनाम देहाती वातावरण (Urban Versus rural environment)

5. व्यवसाय एवं बुद्धि लब्धि (Occupation and I.Q.)

**बुद्धि परीक्षण (Intelligence Test)**

आधुनिक मनोविज्ञान शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण देन बुद्धिमापन के लिए बुद्धि परीक्षाएँ हैं। बुद्धि परीक्षण का अर्थ बालक की मानसिक योग्यता को मापना है। प्रत्येक बालक में कुछ जन्मजात योग्यताएँ होती हैं और इन्हीं योग्यताओं को मापने के लिए बुद्धि

परीक्षाएँ ली जाती हैं। बुद्धि परीक्षा के द्वारा व्यक्ति के मानसिक विकास के स्तर का अनुमान लगाया जा सकता है। बुद्धि परीक्षा बालकों में पाये जाने वाले अन्तर का ज्ञान प्रदान करके शिक्षा की समस्या का समाधान करने में सहायता देती है। विद्यालय में बुद्धि परीक्षाओं का प्रयोग व्यावहारिक कार्यों के लिए और साधारणतया यह ज्ञात करने के लिए किया जाता है कि बालक विद्यालय के कार्य में कितनी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

बुद्धि परीक्षाएँ प्राचीन काल से चली आ रही हैं। यूरोप में 18वीं शताब्दी में बुद्धि परीक्षा का काम आरम्भ हुआ। 'बिनेट-साईमन' तथा टरमन ने 'स्टेनफोर्डबिने' नामक बुद्धिमापक क्रम का निर्माण किया।

**बुद्धि परीक्षणों का वर्गीकरण (Classification of Intelligence Tests)**– बुद्धि मापन के लिए विभिन्न प्रकार की बुद्धि परीक्षाओं का प्रयोग किया जाता है। बुद्धि परीक्षाओं का वर्गीकरण निम्नलिखित है–

बुद्धि परीक्षाओं को दो प्रकारों में बाँटा हुआ है।

1. परीक्षा के प्रशासनिक दृष्टिकोण से ये दो प्रकार की होती हैं।

(क) व्यक्तिगत परीक्षायें, (ख) सामूहिक परीक्षायें

**(क) व्यक्तिगत परीक्षाएँ (Individual Tests)**–इनमें केवल एक व्यक्ति का test किया जाता है। इन परीक्षाओं में व्यक्तियों के निकट का सम्बन्ध होता है। इस test में objectivity and standardisation कम होता है।

**(ख) सामूहिक परीक्षाएँ (Group Tests)**–इनमें पूरे समूह की परीक्षा ली जाती है। इसमें व्यक्ति के निकट का सम्बन्ध नहीं होता परन्तु इसमें वस्तुनिष्ठता और प्रमाणिकता (objectivity and standardisation) के गुण अधिक मिलते हैं।

**2. परीक्षा के स्वरूप दृष्टिकोण से भी ये दो प्रकार की होती हैं–**

(क) शाब्दिक परीक्षाएँ, (ख) अशाब्दिक परीक्षाएँ

**(क) शाब्दिक परीक्षाएँ (Verbal Tests)**–इसमें भाषा या शब्द का प्रयोग किया जाता है। इस test के द्वारा अनपढ़ व्यक्तियों तथा छोटे बच्चों का परीक्षण नहीं हो सकता। इसमें व्यक्ति के विभिन्न गुणों की तुलना नहीं की जा सकती।

**(ख) अशाब्दिक परीक्षाएँ (Non-Verbal Tests)**–इसमें भाषा का कहीं प्रयोग नहीं होता, बल्कि क्रिया करवाई जाती है। इसे क्रिया-परीक्षा भी कहते हैं। इसका प्रयोग अनपढ़ों तथा छोटे बच्चों के लिए किया जाता है। इसके द्वारा व्यक्ति के विभिन्न गुणों की तुलना की जा सकती है।

**व्यक्तिगत भाषात्मक परीक्षण (Individual Verbal Test)**

**1. बिने साइमन परीक्षाएँ**–यह शाब्दिक (verbal) तथा व्यक्तिगत (Individual) Test है। बिने (Binet) और साइमन (Siman) दोनों ही फ्रांस के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक

थे। इन्होंने सन् 1905 में बुद्धि परीक्षण का एक संकेत (Scale) बनाया, जो बिनेट साइमन स्केल (Binet Siman Scale) के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यह छोटे बच्चों के लिए भी था। सन् 1908 में और 1911 में इन्हें परिवर्तन करके प्रकाशित किया गया। इस स्केल (Scale) में 3 वर्ष से 15 वर्ष तक की परीक्षा शामिल हैं।

**1. तीन वर्ष की आयु (At an age-3)**

(क) दो अंकों को दोहराना

(ख) नाक, कान और मुँह की ओर इशारा करना

(ग) परिवार का नाम बताना

(घ) किसी चित्र की वस्तुओं को गिनना

(ङ) छः शब्दों के वाक्य को दोहराना

(च) क्या तुम एक लड़के हो या लड़की, यह बताना,

**2. चार वर्ष की अवस्था (At an age-4)**

(क) अपना सैक्स (Sex) बताना

(ख) दो लाइनों की तुलना करना

(ग) तीन अंकों को दोहराना

(घ) चाबी, चाकू तथा सिक्के का नाम बताना

**3. आठ वर्ष की अवस्था (At an age-8)**

(क) 20 तक गिनना

(ख) दिन और तिथि (Date) बताना

(ग) चित्रों में कमी बताना

(घ) पाँच अंकों को दोहराना

**4. 12 वर्ष की अवस्था (At an age-12)**

(क) उल्टे-सीधे वाक्यों को पहचानना

(ख) तीन शब्दों की एक वाक्य में तुलना करना

(ग) शब्दों के वाक्य बनाना

(घ) तीन मिन्ट में 60 शब्दों को पढ़ना

**5. 15 वर्ष की अवस्था (At an age-15)**

(क) सात अंकों को दोहराना

(ख) तथ्यों की व्याख्या करना

(ग) चित्रों की व्याख्या करना

सन् 1966 में टरमन (Terman) ने जो स्टेनफोर्ड (Stanford) विश्वविद्यालय से सम्बन्धित (Related) था, स्केल का संशोधित रूप प्रस्तुत किया। 1937 में फिर मेरिल (Meril) ने इसका नया रूप तैयार किया जिसे टरमन मैरिल आवृत्ति (Terman Meril Revision) कहा जाता है। टरमन ने बिने-साइमन की त्रुटियाँ दूर करके संशोधित रूप का नाम स्टेनफोर्ड बिने रखा। इस स्केल में उसने 10 वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए प्रत्येक वर्ग के लिए 6 पद, 12 वर्ष के बच्चों के लिए 8 पद तथा 14 से 16 वर्ष की आयु के लिए 6 पद रखे।

सन 1922 में सी. एच. राइसी (Dr. C.H. Rice) ने हिन्दुस्तानी बिने क्रिया स्केल को प्रमाणित करवाया।

सन 1960 में स्टेनफोर्ड बिने स्केल में पुराने पद को काट कर नये पद शामिल किये गये।

**व्यक्तिगत अशाब्दिक परीक्षाएँ (Non-Verbal or Performance Tests)**

इस परीक्षण में भाषा का प्रयोग केवल सूचना के लिए किया जाता है। सभी सूचनाएं संकेत द्वारा दी जाती हैं। इनमें भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता है।

**(क) छेदों में ब्लाक लगाना**—इसमें बालक छेदों से सम्बन्धित ब्लाक लगाते हैं। इस प्रकार की परीक्षा में सैगुइनफार्म बोर्ड परीक्षा (Seguin form Board Test) का नाम उल्लेखनीय है।

**(ख) हेली चित्रपूर्ति परीक्षण (Healy's Picture Completion Test)**—इस परीक्षण में विद्यार्थियों को चित्रों को पूरा करना पड़ता है।

**(ग) पोर्टीयल भूल-भुल्लैया परीक्षा**—इस परीक्षा में भूल-भुल्लैया परीक्षा सम्मिलित है।

**(घ) भाटिया बुद्धि परीक्षण**—भारत में भाटिया निष्पादन परीक्षण प्रसिद्ध है। यह 11 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक की आयु के बालकों के लिए है। इसके अन्तर्गत पांच परीक्षण हैं।

**(च) मिनी सोटा का पूर्व स्कूल स्केल**—यह स्केल 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए है।

**सामूहिक भाषात्मक बुद्धि परीक्षाएँ (Group Verbal Intelligence Tests)**

**1. मानसिक योग्यता की टरमन-समूह परीक्षा**—इसका निर्माण 1920 ई. में हुआ। इसमें 10 उप-परीक्षा शामिल हैं।

**2. सैनिक एल्फा परीक्षाएँ (Army Alpha tests)**—इस परीक्षा का प्रयोग प्रथम महायुद्ध में अमेरिकन सेना में भर्ती होने वाले सैनिकों पर किया गया। इसकी आठ उप-परीक्षाएँ हैं।

**3. सैनिक सामान्य वर्गीकरण (Army general classification test)**—इस परीक्षा का निर्माण दूसरे विश्वयुद्ध में किया गया था।

**4. टरमन-मैकनिमर की मानसिक परीक्षा (Terman-Mcnemar test of Mental Ability)**—इसका निर्माण 1941 ई. में हुआ था। इसमें निम्न 5 उप-परीक्षाएँ हैं-

(क) आर्मी बीटा परीक्षा (Army Beta test)

(ख) रेविन का अनुक्रमणिक ढाँचा (Revin's Progressive Matice Scales)

(ग) कैटल का सांस्कृतिक-मुक्त परीक्षा (Cattle's Culture Free test)

(घ) शिकागो भाषा रहित परीक्षा (Chicago Non-Verbal test)

(च) सी. आई. ई. भाषा रहित सामूहिक परीक्षा (C. I. E. Non-Verbal Group Intelligence test)

**5. समय सीमा वाली परीक्षा (Timed tests)**—इस प्रकार की परीक्षाओं में कुछ अवधि निश्चित कर दी जाती है। परीक्षार्थी को प्रश्न का उत्तर लगभग पौने घण्टे में देना होता है और वह जितनी गति से चाहे, प्रश्नों का उत्तर दे सकता है। इन प्रश्नों के आधार पर व्यक्ति-विशेष की गति (Speed) की परीक्षा की जाती है।

**6. समय सीमा रहित परीक्षा (Untimed tests)**—इस प्रकार की परीक्षा में परीक्षार्थी को लगभग सभी प्रश्नों का उत्तर देना होता है। समय की कोई सीमा नहीं होती। वह जितना समय चाहे ले सकता है। यहाँ यह देखा जाता है कि व्यक्ति कितना ठीक (Accurate) काम कर सकता है।

दूसरी दृष्टि से हम मानसिक परीक्षाओं (Intellience tests) का वर्गीकरण निम्न प्रकार से दे सकते हैं-

**1. बुद्धि-मापन परीक्षा**—कुछ मानसिक परीक्षाएँ ऐसी होती हैं जिनके द्वारा व्यक्ति की सामान्य बुद्धि (general intelligence) मापी जाती है, जैसे-बिने साइमन परीक्षण (Binet-Siman-tests), टरमैन-मैरिल परीक्षण (Terman-Meril-tests)1

**2. विशेष योग्यता मापक परीक्षण (Aptitude tests)**—कई मानसिक परीक्षाओं के द्वारा व्यक्ति की विशेष योग्यताओं का मापन किया जाता है। इस प्रकार की परीक्षाएँ अध्यापन, इंजीनियरिंग तथा क्लर्की आदि व्यवसायों के लिए योग्यता मापन हेतु की गई हैं।

**3. शैक्षिक-सफलता-मापक परीक्षण (Educational Attainment or Achievement tests)**—इस प्रकार की परीक्षा का नियोजन पाठशालाओं में किया गया है। वर्ष भर तक विद्यार्थियों ने जो भिन्न-भिन्न विषयों का अध्ययन किया है, इसकी सफलता की जाँच इन परीक्षाओं के द्वारा की जाती है।

**4. रुचि मापक परीक्षाएँ (Interest Inventory Tests)**–अमेरिका के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक स्ट्रांग (Strong) ने इसमें महत्वपूर्ण कार्य किया है। व्यक्तियों की भिन्न-भिन्न रुचियों (Interests) का अध्ययन करने के लिए इस प्रकार की परीक्षाओं का आयोजन किया गया है।

**5. व्यक्तित्व-मापक परीक्षाएँ (Personality tests)**–हमारा व्यक्तित्व भिन्न-भिन्न तत्वों से मिलकर बना है। इन तत्वों तथा गुणों का अध्ययन करने के लिए जो मानसिक परीक्षाएँ तैयार की जाती हैं उन्हें व्यक्तित्व-मापक परीक्षाएँ कहते हैं, जैसे-टी. ए. टी. (T.A.T.) अथवा थैमेटिक एपरसैपशन (Thematic Apperception tests) तथा रोरशा (Rorschach tests) पहली परीक्षा में कुछ चित्रों का प्रयोग किया गया है और दूसरी में स्याही के धब्बों (Ink blots) का।

**शिक्षा में बुद्धि परीक्षणों का महत्व (Uses of Intelligence test in Education)**

निर्देशन के क्षेत्र में बुद्धि परीक्षणों का प्रयोग प्रायः किसी व्यवसाय में सफलता के लिए आवश्यक बौद्धिक स्तर के मापन हेतु किया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में बुद्धि मापक परीक्षाएँ अत्यन्त उपयोगी हैं और अध्यापक इनका उचित प्रयोग करके विशेष क्षेत्रों में इनसे बहुत लाभ उठा सकता है।

**शिक्षा में बुद्धि परीक्षणों का महत्व**

1. छात्रों का वर्गीकरण
2. भविष्य का अनुमान
3. कोर्सों का चुनाव
4. स्कूल के लिए विद्यार्थियों का चुनाव
5. भिन्न-भिन्न प्रकार के विद्यार्थियों का पता लगाना
6. छात्रवृत्तियाँ
7. विद्यार्थियों की तरक्की
8. अध्यापक के कार्य का मापन
9. यौन भेद का अध्ययन
10. विषय वस्तु की कठिनाइयों का निदान
11. शैक्षिक निर्देशन (Educational guidance)
12. व्यवसाय सम्बन्धी निर्देशन में उपयोगिता
13. सैनिक तथा असैनिक नौकरियों में उपयोगिता
14. अनुसंधान में उपयोगिता
15. दस्तकारी में उपयोगिता
16. राष्ट्रीय तथा जातीय अन्तर ज्ञात करने में उपयोगिता

**1. छात्रों का वर्गीकरण (Classification of Students)**—पाठशालाओं में भिन्न-भिन्न कक्षाओं में तीव्र बुद्धि वाले, औसत बुद्धि वाले तथा मन्द बुद्धि वाले सभी प्रकार के बालक एक साथ भर दिये जाते हैं। इससे प्रशिक्षण का कार्य ठीक प्रकार से नहीं हो सकता। इन मानसिक परीक्षाओं के द्वारा बालकों की बुद्धि के अनुसार उनका वर्गीकरण किया जा सकता है।

**2. भविष्य का अनुमान (Predictability)**—बुद्धि मापक परीक्षाओं द्वारा बालकों की भविष्य की उन्नति का अनुमान लगाया जा सकता है। इनसे हमें मालूम पड़ सकता है कि बच्चा भविष्य में कितना सफल होगा। इस प्रकार बुद्धि मापक परीक्षाओं के द्वारा बालकों की योग्यता की जाँच कर उनके भावी जीवन की सफलता का अनुमान लगाया जा सकता है।

**3. कोर्सों का चुनाव (Selection of Courses)**—बुद्धि परीक्षाएँ ही कोर्सों के चुनाव का आधार बन सकती हैं। किसी विषय में उच्च स्तर की बुद्धि की ज़रूरत होती है किसी में मन्द स्तर की।

**4. स्कूल के लिए विद्यार्थियों का चुनाव (Selection of pupils for school)**—अच्छे स्कूलों में सदा ही दाखिले का जोर होता है। जितने भी विद्यार्थी प्रवेश पत्र देते हैं सभी दाखिल नहीं किये जा सकते। बुद्धि परीक्षा इस कठिनाई को दूर कर सकती है।

**5. भिन्न-भिन्न प्रकार के विद्यार्थियों का पता लगाना (Detection of Various types of pupils)**—मेधावी बच्चों (Intelligent Children) का पता मानसिक बुद्धि परीक्षा से लगाया जा सकता है। इसके साथ-साथ पिछड़ेपन, तथा समस्या पूर्ण व्यवहार के कारण मालूम किये जा सकते हैं और उन्हें परिस्थितियों के अनुसार ढाला जा सकता है।

**6. छात्रवृत्तियाँ (Award of Scholarships)**—बुद्धि परीक्षाओं के आधार पर बच्चों को छात्रवृत्तियाँ (Scholarships) दी जा सकती हैं। भारत सरकार कुछ विद्यार्थियों को चुनकर छात्रवृत्तियाँ देती हैं ताकि वे बुद्धि परीक्षा के आधार पर पब्लिक (Public) स्कूलों में दाखिला (Admission) ले सकें।

**7. विद्यार्थियों की तरक्की (Promotion of Pupils)**—बच्चे को अगली श्रेणी में चढ़ाते समय बुद्धि मापक परीक्षा की सहायता ली जा सकती है। कई बार तीव्र बुद्धि वाले बच्चे भी कई अन्य कारणों से वार्षिक परीक्षा में असफल हो जाते हैं परन्तु जो बालक बुद्धि मापक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें पास करके आगामी श्रेणी में भेज देना चाहिए।

**8. अध्यापक के कार्य का मापन (Assessment of teacher's work)**—इन मानसिक परीक्षाओं के द्वारा अध्यापकों के काम की जाँच अच्छी प्रकार की जा सकती है।

यदि कोई बालक बुद्धि-मापक परीक्षा के अनुसार तीव्र बुद्धि वाला सिद्ध होता है और कक्षा में नम्बर कम प्राप्त करता है तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि या तो अध्यापकों ने अच्छी प्रकार से पढ़ाया नहीं अथवा बालक परिश्रम से दूर भागता है।

**9. यौन भेद का अध्ययन (Study of Sex-Difference)**—बुद्धि परीक्षणों के द्वारा लड़के और लड़कियों के निम्न भेदों का पता लगाया जा सकता है—

(क) यौन-भेद और बुद्धि का विकास

(ख) यौन-भेद और बुद्धि में अन्तर

(ग) यौन-भेद और विशिष्ट योग्यता

इन अन्तरों को ज्ञात करके अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

**10. विषय वस्तु की कठिनाइयों का निदान (Diagnosing subject matter difficulties)**—कई बार बालकों के सामने यह समस्या आ खड़ी होती है कि पाठ्यक्रम के भिन्न-भिन्न विषयों में से कौन-कौन से विषय अध्ययनु के हेतु लिए जाएँ ? हम बुद्धि मापक परीक्षाओं के द्वारा यह बता सकते हैं कि बच्चे को कौन-कौन से विषय लेने चाहिएँ।

**11. शैक्षिक निर्देशन (Educational guidance)**—बुद्धि परीक्षाओं के आधार पर शैक्षिक निर्देशन दिया जा सकता है।

**12. व्यवसाय सम्बन्धी निर्देशन में उपयोगिता (Uses in vocational guidance)**—आज देश के सामने बड़ी समस्या बेकारी की है। इन परीक्षाओं के आधार पर बालकों को यह बता सकते हैं कि उनके लिए कौन-सा व्यवसाय अच्छा सिद्ध होगा। इस प्रकार का व्यावसायिक निर्देशन (Vocational guidance) बुद्धि मापक परीक्षाओं के द्वारा दिया जा सकता है।

**13. सैनिक तथा असैनिक नौकरियों में उपयोगिता (Uses in army and civil services)**—सैनिकों को नौकरियाँ बुद्धि परीक्षा के आधार पर ही दी जाती हैं, जैसे-आर्मी अलफा (Army Alpha), आर्मी बीटा (Army Beta) तथा आर्मी जनरल क्लासीफिकेशन टैस्ट (Army general classification tests) ये टैस्ट (tests) लाखों व्यक्तियों पर किये जाते हैं। भारत में बुद्धि परीक्षाओं के आधार पर ही सैनिक अफसरों का चुनाव किया जाता है।

**14. अनुसंधान में उपयोगिता (Uses in Research)**—बुद्धि परीक्षाएँ अनुसंधान के लिए लाभदायक हैं।

**15. दस्तकारी में उपयोगिता (Uses in Industry)**—बुद्धि परीक्षाएँ दस्तकारी में बहुत लाभदायक हैं। इनके द्वारा हम दस्तकारी में कर्मचारियों का चुनाव कर सकते हैं और बता सकते हैं कि वे इस कार्य में कितने निपुण हैं।

16. राष्ट्रीय तथा जातीय अन्तर ज्ञात करने में उपयोगिता (Uses in the study of National and Racial Difference)—बुद्धि परीक्षाओं के आधार पर हम भिन्न-भिन्न राष्ट्रों का बौद्धिक स्तर जान सकते हैं। इन परीक्षाओं के आधार पर बता सकते हैं कि जापानियों, जर्मनों तथा अमरीकियों का बुद्धि अंक अफ्रीकियों तथा मैकसीकियों से ज्यादा है।

## बुद्धि परीक्षाओं के दोष (Limitations of Intelligence Tests)

बुद्धि के स्वरूप के बारे में अभी निश्चित रूप से तय नहीं हो पाया है कि आखिर बुद्धि है क्या ? इस अनिश्चित परिस्थिति में बुद्धि परीक्षाओं या परीक्षणों की आलोचना स्वाभाविक ही है, क्योंकि जिस चीज का स्वरूप ही ठीक से मालूम न हो तो उसका मापन भी ठीक तरह से सम्भव नहीं है। अतः मापन के सन्दर्भ में भी यही बात लागू होती है कि बुद्धि के स्वरूप के बारे में विभिन्न मत होने के कारण इसके परीक्षणों में विभिन्नताओं का होना स्वाभाविक है। इन्हीं विभिन्नताओं के कारण ही परीक्षण विश्वसनीय और प्रमाणिक (Reliable and Valid) नहीं होते। अतः बुद्धि परीक्षणों में दोष आ जाना स्वाभाविक है। बुद्धि-परीक्षणों के दोषों का वर्णन निम्नलिखित हैं–

**बुद्धि परीक्षाओं के दोष**

1. विश्वसनीयता का अभाव
2. उचित तथा विस्तृत नहीं होते
3. संस्कृति से प्रभावित
4. अध्यापकों का पक्षपातपूर्ण हो जाना
5. प्रमाणिक परीक्षाओं या परीक्षणों का अभाव
6. अनुमान का प्रदर्शन
7. भविष्यवाणी में असमर्थता
8. मतभेद
9. गति पर बल
10. यन्त्रों की अपूर्णता
11. असहयोग
12. विकास में विभिन्नतायें

**1. विश्वसनीयता का अभाव (Lack of Reliability)**—बुद्धि-परीक्षण आम तौर पर विश्वसनीय नहीं होते। विश्वसनीयता (Reliability) का अर्थ होता है वह परीक्षण जो बार-बार प्रयोग करने पर एक जैसे ही परिणाम दे। उदाहरण के लिये यदि किसी परीक्षण में किसी छात्र के आज 40 अंक हैं तो कुछ दिनों के बाद में उसी छात्र के उसी परीक्षण में लगभग उतने ही अंक होने चाहियें तभी उसे विश्वसनीय (Reliable) कहा

जायेगा। बुद्धि-परीक्षणों में इस योग्यता का अभाव रहता है। ये परीक्षण सदा ही एक जैसे परिणाम नहीं देते।

**2. उचित तथा विस्तृत नहीं होते (Not Accurate and Comprehensive)**–बुद्धि परीक्षण उचित तथा विस्तृत भी नहीं होते क्योंकि बुद्धि के स्वरूप के बारे में विद्वानों का अभी एकमत नहीं हैं। ये बुद्धि परीक्षण इसलिए उचित तथा विस्तृत नहीं हो सकते, क्योंकि बुद्धि-परीक्षणों में प्रयुक्त पद (items) बुद्धि के सभी पक्षों का मापन नहीं करते। प्रश्न फिर यही पैदा होता है कि बुद्धि के पक्ष हैं कितने? इसका उत्तर मिलने पर ही बुद्धि-परीक्षण उचित और विस्तृत हो सकेंगे।

**3. संस्कृति से प्रभावित (Affected by Culture)**–बुद्धि-परीक्षण संस्कृति से प्रभावित होते हैं, जैसे कई बार अच्छे घरेलू वातावरण में पले छात्र इन परीक्षणों में अच्छे अंक ले जाते हैं और पिछड़े वातावरण में पले छात्रों की उपलब्धि निराशजनक रहती है। संस्कृति के प्रभाव से रहित (Culture Free Tests) परीक्षणों का अभाव रहता है। कई बुद्धि परीक्षण दूसरे देशों की संस्कृति के आधार पर बने हुए हैं। यदि उनका प्रयोग भारतीय परिस्थितियों में किया जायेगा तो उनके परिणाम सत्य नहीं होगे।

**4. अध्यापकों का पक्षपातपूर्ण हो जाना (Teachers Become Biased)**–बुद्धि-परीक्षणों का प्रयोग कई बार अध्यापकों तथा अन्य विद्यार्थियों के रवैये को भी बदल देता है। अध्यापक अक्सर पक्षपातपूर्ण हो जाते हैं। उनकी रुचि बुद्धिमान बालकों तक ही सीमित हो जाती है। कई भार इससे उल्टा भी हो जाता है। अधिक बुद्धिमान बालकों से अध्यापक घबराता है। विद्यार्थी भी इन परीक्षणों से प्राप्त परिणामों के आधार पर स्वयं को अन्य विद्यार्थियों की तुलना में अधिक श्रेष्ठ और बुद्धिमान समझने लगते हैं। इस प्रकार कक्षा का वातावरण तनावपूर्ण बन सकता है।

**5. प्रमाणिक परीक्षाओं या परीक्षणों का अभाव (Lack of Standrdized Tests)**–बुद्धि की प्रमाणिक परीक्षाओं का सदा अभाव ही रहता है। प्रमाणिक परीक्षाओं का अर्थ उन परीक्षणों से है जिनकी विश्वसनीयता तथा सत्यता (Reliability and Validity) तथा जिनके मानकों (Norms) के बारे में हमें मालूम हो। इन प्रमाणिक परीक्षणों में निर्देशों को स्पष्ट रूप से अंकित किया गया होता है। प्रमाणिक परीक्षणों में किसी प्रकार के पक्षपात की सम्भावना नहीं होती।

**6. अनुमान का प्रदर्शन (Exhibition of Guess Work)**–बुद्धि-परीक्षणों में कई बार विद्यार्थी अनुमान से प्रश्नों का उत्तर देते हैं। जिसके परिणामस्वरूप बुद्धि का सही मापन नहीं हो पाता। अतः परीक्षण ऐसे होने चाहियें जिनमें अनुमान न लगाया जा सके।

**7. भविष्यवाणी में असमर्थता (Lack of Prediction)**–बुद्धि-परीक्षणों के परिणामों के आधार पर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। अतः बुद्धि-परीक्षण कई बार इस संदर्भ में निरर्थक महसूस होते हैं।

**8. मतभेद (Differences)**–जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि बुद्धि के प्रत्यय के बारे में मतभेदों का दायरा भी बहुत विस्तृत है। मनोवैज्ञानिकों का बुद्धि के प्रति

दृष्टिकोण भी सही नहीं है जिस कारण कोई भी व्यक्ति बुद्धि-परीक्षणों की रचना करने का प्रयत्न नहीं करता। इसलिये बुद्धि-परीक्षणों का अभाव सा बन गया है।

9. **गति पर बल (Emphasis on Speed)**—इन बुद्धि-परीक्षणों में गति पर अधिक बल दिया जाता है। लेकिन कई विद्यार्थी ऐसे भी होते हैं जो प्रश्नों के उत्तर देने में धीमे होते हैं लेकिन होते वे बुद्धिमान हैं। इस परिस्थिति में बुद्धिमान बालक बुद्धि-परीक्षणों में पिछड़ जाते हैं। अत: विद्यार्थियों के लिये इस तरह के परीक्षण अपने उद्देश्य में सफल नहीं रहते।

10. **यन्त्रों की अपूर्णता (Inadequate Apparatus)**—बुद्धि मापने के लिये आवश्यक यन्त्र भी कई बार प्रयोगशाला में अपूर्ण तथा खराब होते हैं जिसके कारण बुद्धि-परीक्षा ठीक ढंग से नहीं हो पाती।

11. **असहयोग (Non-Co-operation)**—जिन विद्यार्थियों की बुद्धि-परीक्षा करनी है, उनकी ओर से कई बार अध्यापक या मनोवैज्ञानिक को सहयोग नहीं मिलता। यह बात अक्सर छोटे बच्चों में अधिकतर पाई जाती है। जो-जो क्रियायें बच्चों को रोकने के लिये की जाती है वे उन क्रियाओं की ओर उचित ध्यान नहीं देते। इसी प्रकार बड़े बालक भी प्रश्नों का उत्तर पूरी सूझ-बूझ से नहीं देते। कई बार तो वे अपने बारे में सूचनायें छुपा भी लेते हैं ताकि शिक्षक या दूसरे लोग उनका मजाक न उड़ायें। अपनी बुद्धि कम निकलने के भय से भी कई विद्यार्थी बुद्धि परीक्षणों से कतराते हैं।

12. **विकास में विभिन्नतायें (Difference in Development)**—जैसा कि सर्वविदित है कि मानव का विकास होता ही रहता है किसी विशेष निश्चित आयु में मापी गई बुद्धि-लब्धि (Intelligence Quotient) आगे चलकर प्रमाणिक (Standard) नहीं हो सकती। इस परिस्थिति में बुद्धि-परीक्षणों में अन्तर आना स्वाभाविक होता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि सभी प्रकार के बुद्धि-परीक्षणों द्वारा सभी प्रकार के बुद्धि के पक्षों का मापन नहीं हो सकता।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. बुद्धि का अर्थ और स्वरूप क्या है ?

   Explain the meaning and nature of intelligence.

2. बुद्धि की परिभाषा कीजिए। इसे कैसे मापा जाता है ? बुद्धि लब्धि कैसे निश्चित की जाती है ?

   Define Intelligence. How is it measured ? How is intelligence quotient determined ?

3. बुद्धि परीक्षण से आप क्या समझते हैं। बुद्धि परीक्षणों का वर्गीकरण करते हुए निर्देशन में इनके शैक्षिक महत्व तथा सीमाओं पर प्रकाश डालिए।

   What do you mean by intelligence test ? Classify them and throw light upon their educational importance and limitations in guidance.

✻ ✻ ✻

# 13 CHAPTER

# अभिरुचि परीक्षण
## (Aptitude Tests)

### अभिरुचि का अर्थ
### (Meaning of Aptitude)

अभिरुचि से अभिप्राय किसी निश्चित परिस्थिति जैसे स्कूल में कार्य करना, कोई व्यवसाय करना, संगीत यंत्रों को बजाना, भाषा को सीखना आदि के लिए अभ्यास या प्रशिक्षण में सफलता की संभावना के मापन से है। दूसरे शब्दों में यह वह परीक्षा है जिसके द्वारा यह पता लगाया जाता है कि किसी विशिष्ट व्यक्ति में किसी विशिष्ट विषय या व्यवसाय को सीखने की कितनी क्षमता है। अभिरुचि का अर्थ व्यक्ति की जन्मजात क्षमताओं और योग्यताओं से है जो व्यक्ति की भविष्य की क्षमताओं की ओर संकेत करती है। प्राय: ऐसा कहा जाता है कि लता मंगेशकर एक जन्मजात गायिका है और मीना कुमारी एक जन्मजात नायिका है। इसी प्रकार रामानुजम एक जन्मजात गणितज्ञ, सी. वी. रमन तथा न्यूटन जन्मजात वैज्ञानिक तथा बहुत से व्यक्ति जन्मजात वक्ता होते हैं। ऐसा तभी कहा जा सकता है जब किसी बच्चे में इन क्षेत्रों में विशेष अभियोग्यता या अभिरुचि के लक्षण मौजूद हों। अभियोग्यता वर्तमान दशा है जो व्यक्ति की भावी क्षमताओं की ओर संकेत करता है। अभिरुचि व्यक्ति की एक तरफ उस योग्यता की ओर संकेत करती है जो भविष्य में प्रशिक्षण, दक्षता या ज्ञान प्राप्त करने के बाद सीखता है और दूसरी तरफ अभिरुचि बच्चों में जन्मजात और वंशागत रूप में भी प्राप्त होती है। अभिरुचि की निम्नलिखित परिभाषाएँ दी गई हैं-

**विंघम (Bingham) के अनुसार**–किसी व्यक्ति की अभिरुचि वर्तमान दशा या गुणों का समुच्चय है जो उसकी क्षमताओं की ओर संकेत करती है। अभिरुचि कोई वस्तु न होकर एक अमूर्त संज्ञा है। किसी भी व्यक्ति में किसी कार्य के लिए अभिरुचि उसकी सम्भाव्य योग्यता से भी अधिक होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त अभिरुचि वर्तमान में होने के साथ-साथ भविष्य की ओर भी निर्देश करती है।

**ट्रैक्सलर (Traxler) के अनुसार**—अभिरुचि वर्तमान दशा है जो व्यक्ति की किसी क्षेत्र में भविष्य क्षमताओं की ओर संकेत करती है।

(Aptitude is a present condition which is indicative of an individual's poentialities for the future.)

**सुपर (Super) के अनुसार**—अभिरुचि में चार विशेपताएँ पाई जानी चाहिएँ-

1. विशिष्टता (Specificity)
2. एकात्मक रचना (Unitary Composition)
3. सीखने में सुविधा (Facilitation of Learning)
4. स्थिरता (Constancy)

यदि हम अभिरुचि की ऊपरलिखित सभी परिभाषाओं का विश्लेषण करें तो इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अभिरुचि में निम्न विशेषताएँ होती हैं-

1. अभिरुचि किसी व्यक्ति की किसी विषय, क्षेत्र या व्यवसाय में कार्य करने की योग्यता की ओर संकेत करती है।

2. यह विशेषता किसी व्यक्ति के वर्तमान में पाई जाती है जिसका सम्बन्ध उसके भविष्य से होता है।

3. यह वंश और वातावरण दोनों तत्वों के गुणनफल का परिणाम होता है और इसलिए ये दोनों इसको प्रभावित करते हैं।

4. इसका विकास छात्रों में एक विशेष आयु स्तर से पहले करना सम्भव नहीं हैं।

5. यद्यपिं यह निश्चित होती है और इसमें जल्दी से परिवर्तन करना सम्भव नहीं होता, तथापि इस पर वातावरण, शिक्षा-परीक्षण और परिस्थितियों का थोड़ा बहुत प्रभाव पड़ सकता है।

**अभिरुचि की प्रकृति (Nature of Aptitude)**

अभिरुचि की प्रकृति को समझने के लिए निम्नलिखित बातों पर विचार करना पड़ेगा—

**(क) क्या अभिरुचि जन्मजात है या अर्जित की हुई (Whether aptitude is inborn or acquired)**—बीसवीं सदी के प्रारम्भ तक तो वैज्ञानिक यही मानते रहे हैं कि अभिरुचि आनुवंशिक (Hereditary) ही है, परन्तु हाल ही के अनुसंधानों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अभिरुचि के विकास में वंशानुक्रम के साथ-साथ वातावरण या परिस्थिति का योगदान भी रहता है।

**(ख) क्या अभिरुचियाँ परिवर्तनशील हैं या स्थिर हैं (Whether Aptitudes are changeable or stable)**—इस सम्बन्ध में अनुसंधान का अभाव है परन्तु यह माना जाने लगा है कि कुछ सीमा तक इन्हें प्रभावित किया जा सकता है।

**अभिरुचि के प्रकार (Types of Aptitude)**

स्पीयरमैन के अनुसार अभिरुचि दो प्रकार की होती है-

1. सामान्य विषयों में अभिरुचि रखने वाली योग्यता सामान्य कारक ('G' factor) से जानी जाती है।

2. विशिष्ट विषय या क्षेत्र की योग्यता विशिष्ट कारक ('S' factor) से जानी जाती है।

बिंघम ने विभिन्न व्यवसायों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की अभिरुचियों का वर्णन किया है, जैसे-

1. संगीत, नृत्य, अभिनय तथा नाट्य कला से सम्बन्धित अभिरुचि।
2. दस्तकारी, कढ़ाई, बुनाई तथा सिलाई के कार्यों से सम्बन्धित अभिरुचि।
3. अध्यापक, प्रधानाध्यापक तथा व्यवसाय से सम्बन्धित अभिरुचि।
4. क्लर्क, अधिकारी और प्रशासक के व्यवसाय से सम्बन्धित अभिरुचि।
5. डाक्टरी, वकालत और इंजीनियरिंग के व्यवसाय से सम्बन्धित अभिरुचि।

**कैले के अनुसार**—अभिरुचि को 1. संख्यात्मक (Numerical) 2. गति सम्बन्धी (Motor) 3. संगीतात्मक (Musical) 4. यान्त्रिक (Mechanical) 5. सामाजिक (Social) 6. मौखिक (Oral) 7. स्थान सम्बन्धी (Spatial) आदि वर्गों में बाँटा गया है।

**अभिरुचि मापन (Measurement of Aptitude)**

**बिंघम और फ्रीमैन (Bingham and Freeman) के अनुसार**—'अभिरुचि परीक्षण वे परीक्षण होते हैं जो कुछ हद तक सफलता की भविष्यवाणी करते हो।' (Aptitude tests are tests that will predict success to some degree.)

**अभिरुचि मापन (Measurement of Aptitude)**—मनोवैज्ञानिकों ने समय-समय पर विभिन्न प्रकार के परीक्षणों का निर्माण करके अभियोग्यता को मापने की व्यवस्था की है। अभिरुचि परीक्षण द्वारा यह देखा जा सकता है कि किसी व्यक्ति विशेष में किसी व्यवसाय को सीखने का कितना रुझान है। अभिरुचि परीक्षण द्वारा वर्तमान क्रिया को मापकर भावी योग्यता सम्बन्धी सम्भावनाओं का अनुमान लगाया जाता है। अभिरुचि परीक्षण द्वारा ही यह जाना जा सकता है कि बच्चे की रुचि किस प्रकार के व्यवसाय या विषय में है।

**अभिरुचि परीक्षणों के उद्देश्य (Purposes of Aptitude Testing)**

अभिरुचि परीक्षण के निम्नलिखित उद्देश्य होते हैं-

(क) उपयुक्त कोर्स और कैरियर के चयन में सहायक होते हैं। (To Help in the proper choice of courses and careers.)

(ख) भविष्य की सफलता की भष्यिवाणी के लिये सहायक (To help in Predicting future success.)

(ग) विद्यार्थियों में सामाजिक गुणों के विकास में सहायक होते हैं (To help the students in the development of social traits.)

(घ) अन्य मनोवैज्ञानिक परीक्षणों में सहायक (To supplement other psychological tests.)

**अभिरुचि परीक्षण के प्रकार (Types of Aptitude Tests)**

**1. विशेष क्षेत्रों का अभिरुचि परीक्षण (Aptitude test for specific areas)**—ये ऐसे परीक्षण हैं जो विशेष यांत्रिक क्षेत्रों में अभियोग्यता को मापने के लिए किए जाते हैं, जैसे यांत्रिक (Mechanical) और संगीत कला (Music) आदि। इनसे सम्बन्धित परीक्षण तीन है जो इस प्रकार हैं-

1. शर्मा मैकेनिकल परीक्षा बैट्री (Sharma's Mechanical Aptitude Test Battery)

2. मिनेस्रोटा कागज परीक्षा (Minnesota Paper form Test)

3. मिनिसोटा, मैकेनिकलयोग परीक्षा (Minnesota Mechanical Assembly Test)

**2. लिपिक या क्लर्क अभिरुचि को मापने के परीक्षण (Test for Measuring Clerical Aptitude)**—ये ऐसे अभियोग्यता परीक्षण हैं जो clerk या लिपिक अभिरुचि को मापने के लिए किए जाते हैं। इनमें निम्न परीक्षण आते हैं-

1. सामान्य लिपिक अभिरुचि परीक्षण (General clerical aptitude test)

2. मिनेसोटा लिपिक अभिरुचि परीक्षण (Minnesota clerical aptitude test)

3. क्लर्की अभियोग्यता परीक्षण फार्म A तथा B (Clerical aptitude test form A and form B)

**3. चिकित्सा सम्बन्धी विभिन्न परीक्षण (Tests Measuring Medical Aptitude)**

1. चिकित्सा सम्बन्धी विभिन्न परीक्षण अमेरिकन मैडिकल विद्यालयों की समिति द्वारा किये गये।

2. पूना के सशस्त्र मैडिकल विद्यालय द्वारा मैडिकल अभिरुचि परीक्षण मैडिकल में प्रवेश पाने वालों के लिए बनाया गया।

3. एन. सी. ई. आर. टी. (N.C.E.R.T.) द्वारा परीक्षण प्रत्येक वर्ष दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों की वैज्ञानिक अभिरुचि को मापने के लिए बनाया जाता है। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर वैज्ञानिक अभिरुचि का मापन करने के लिए चैटर्जी और मुखर्जी ने भी वैज्ञानिक अभिरुचि परीक्षण बनाया।

**4. सामान्य अभिरुचि परीक्षण (General Aptitude Test)**–बच्चों की सामान्य योग्यताओं को मापने के लिए अमेरिका की व्यवसाय सेवा ने सामान्य प्रतियोग्यता परीक्षण बैटरी का विकास किया। इसमें 11 परीक्षण रखे गये हैं तथा विभिन्न प्रकार के व्यवसायों के लिए नौ प्रकार की अभियोग्यताओं का मापन रखा गया है जो इस प्रकार हैं–

–शाब्दिक अभियोग्यता (Verbal aptitude)

–बुद्धि (Intelligence)

–स्थान सम्बन्धी योग्यता (Spatial aptitude)

–संख्यात्मक अभियोग्यता (Numerical aptitude)

–आकार पहचान (Form perception)

–क्लर्क की पहचान (Clerical perception)

–दस्तकारी कुशलता (Manual dexterity)

–अंगुली दक्षता (Finger Dexterity)

–गति सामंजस्य (Motor co-ordination)

**5. अन्तर बताने वाली अभियोग्यता परीक्षण (Differential Aptitude Test)**– ऐसी परीक्षाएँ विशेषत: शैक्षिक एवं व्यावसायिक परामर्श के लिए आठवीं से बारहवीं कक्षा के लिये प्रयोग में लाई जाती हैं। इनका विकास बैनेट, सीशोर तथा वैसमैन द्वारा किया गया। सब परीक्षण A तथा B फार्म में उपलब्ध होते हैं। इससे सम्बन्धित परीक्षण इस प्रकार हैं–

–संख्यात्मक योग्यता परीक्षण (Numerical Ability Test)

–स्थान सम्बन्धी परीक्षण (Space Aptitude Test)

–शाब्दिक तर्क परीक्षा (Verbal Reasoning Test)

–अमूर्त तर्क परीक्षण (Abstract Reasoning Test)

–यांत्रिक परीक्षा (Mechanical Reasoning Test)

–क्लर्क गति परीक्षा (Clerical Speed Test)

–भाषा प्रयोग परीक्षा (Language Test)

**अभिरुचि परीक्षणों के उपयोग (Uses of Aptitude Tests)**

अभिरुचि परीक्षणों का निर्देशन के क्षेत्र में विशेष महत्व है। परामर्शदाता किसी भी को इन्हीं के आधार पर व्यवसाय चयन में उचित परामर्श दे सकता है। इन परीक्षणों निम्नलिखित उपयोग हैं–

**1. शैक्षिक या प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए चयन**–स्कूल या किसी संस्था में प्रवेश पाने के लिए अभिरुचि परीक्षण के द्वारा बच्चों का चयन किया जाता है। विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश पाने के लिए भी ये परीक्षण लाभदायक हैं।

**2. योग्यताओं का चयन**–अभिरुचि परीक्षणों के द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं क्षमताओं का ज्ञान प्राप्त करने में भी ये परीक्षण सहायक सिद्ध होते हैं।

**3. काम करने वालों का चयन**–इन परीक्षणों के द्वारा विशेष कार्यों के लिए विशेष व्यक्तियों के चयन में सहायता मिलती है।

**4. विषयों का चयन**–अभिरुचि परीक्षणों के द्वारा ही विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता तथा सीमाओं को जानकर विषयों का चयन कर सकते हैं और उसी योग्यता के आधार पर ही पाठ्यक्रम की योजना बनाई जाती है।

**5. नौकरियों का चयन**–इन परीक्षणों के द्वारा ही विशेष नौकरियों के लिए उपयुक्त व्यक्तियों का चुनाव करके निर्देशन दिया जाता है।

**6. भावी सफलता की भविष्यवाणी**–ये परीक्षण किसी विशेष व्यवसाय में व्यक्ति की भावी सफलता की भविष्यवाणी करने में सहायक होते हैं।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. अभियोग्यता या अभिरुचि से क्या अभिप्राय है ? विभिन्न प्रकार की अभिरुचियों पर अभियोग्यताओं का वर्णन करो।

   What is meant by Aptitude? Describe various types of aptitudes.

2. अभिरुचि मापन कैसे किया जाता है ? अभिरुचि परीक्षाओं का निर्देशन में क्या उपयोग है ?

   How is Aptitude measured ? Discuss the use of Aptitude tests in Guidance.

* * *

# CHAPTER 14 रुचि (Interest)

## रुचि का अर्थ
## (Meaning of Interest)

रुचि से अभिप्राय किसी विशिष्ट वस्तु या परिस्थिति से जुड़ी प्रतिक्रिया के प्रति व्यक्ति की अपनी पसन्द की भावना से है। किसी भी छात्र या व्यक्ति की किसी विषय विशेष, खेल विशेष, व्यवसाय विशेष या कला विशेष के प्रति रुझान विशेष को रुचि की संज्ञा दी जा सकती है। रुचि किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व की विशेषता है जिसका व्यवसाय तथा शैक्षिक क्षेत्र में विशेष महत्व है। कोई व्यक्ति कौन सा कार्य अच्छी प्रकार से कर सकता है यह उसकी बुद्धि के अतिरिक्त उसकी रुचि पर भी निर्भर करता है। व्यक्ति अपनी रुचि के अनुसार ही शिक्षा तथा व्यवसाय सम्बन्धी पाठ्यक्रम का चुनाव करता है।

**ड्रेवर के अनुसार**–"रुचि किसी प्रवृत्ति का क्रियात्मक रूप है।"

(Interest is disposition in its dynamic aspect.) **(Drever)**

**स्ट्रांग के अनुसार**–"रुचि सफलता की मध्य सूचक है। यह पृथक इकाई न होकर समस्त मानव व्यवहार का एक पहलू है।"

(Interest is not a separate psychological entity, but merely one of the several aspects of behaviour)

**बिंघम के अनुसार**–"रुचि से अभिप्राय किसी भी कार्य में लीन होना तथा उसे जारी रखना है।"

(An interest is a tendency to become absorbed in an experience and to continue it)

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि रुचि में निम्न विशेषताएँ पाई जाती हैं–

–रुचि व्यक्तित्व का एक अंग है।

–रुचि वंशानुक्रम तथा वातावरण से प्रभावित होती है।

–व्यावसायिक एवं अव्यावसायिक रुचियाँ साथ-साथ चलती हैं।

–आयु बढ़ने के साथ-साथ रुचियों की विभिन्नता समाप्त हो जाती है।

–रुचि आवश्यक रूप से अभिरुचि एवं योग्यता से सम्बन्धित हो, ऐसी बात नहीं है।

## रुचि के प्रकार

## (Types of Interest)

**1. अभिव्यक्ति रुचि (Express Interest)**–जिन रुचियों को शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाए उन्हें अभिव्यक्ति रुचि कहते हैं।

**2. परीक्षित रुचि (Tested Interest)**–वह रुचि जिसे वस्तुनिष्ठ परीक्षा द्वारा व्यक्त किया जाता है।

**3. प्रपत्रित रुचि (Inventoried Interest)**–जिस रुचि के बारे में परीक्षणों के माध्यम से पता लगाया जा सकता है या जिसे प्रमापीकृत रुचि प्रपत्रों द्वारा मापा जा सकता हो।

**4. प्रदर्शित रुचि (Manifest Interest)**–जिस रुचि को शब्दों के द्वारा व्यक्त करना कठिन हो परन्तु व्यक्ति अपने व्यवहार द्वारा आसानी से प्रकट कर सकता हो प्रदर्शित रुचि कहलाती है।

**रुचि मापन (Measurement of Interest)**–लोगों की यह धारणा है कि किसी व्यक्ति से पूछकर उसकी रुचि का पता लगा लेना ही पर्याप्त है। परन्तु मनोविज्ञान में यह निश्चित करने के लिए कि अमुक व्यक्ति की किस विषय में क्या रुचि है, अनेक परीक्षण निकाले गए हैं। जिस परीक्षण का इस सम्बन्ध में सबसे अधिक प्रयोग किया जाता है वह यह है कि व्यक्ति से इस विषय में पूछा जाता है कि उसे क्या अच्छा लगता है। इसके अन्तर्गत शिक्षार्थी को व्यवसायों की एक लम्बी सूची दी जाती है और उसे अपनी रुचि के अनुसार व्यवसाय के आगे निशान लगाने के लिए कहा जाता है और इस आधार पर यह जान लिया जाता है कि उसकी किस व्यवसाय में विशेष रुचि है। इस प्रकार की सामान्य सूचियों में होपोक की व्यवसायों की 'चैकलिस्ट' उल्लेखनीय सूची है। रुचि परीक्षण उन्हीं लोगों के लिए विशेष महत्वपूर्ण है जो किसी ऊंचे या विशेष व्यवसाय में जाना चाहते हैं, जैसे डाक्टरी, इंजिनियरिंग आदि। रुचि परीक्षण किसी व्यक्ति की विशेष कार्य में संतुष्टि या असंतुष्टि को व्यक्त करते हैं।

रुचियों की पहचान और मापन निम्नलिखित विधियों से किया जाता है–

## अवलोकन

## (Observation)

**1. अवलोकन एक ऐसी विधि है** जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति की रुचियों का अनुमान लगाया जा सकता है। व्यक्ति अध्ययन के विषय में कुछ विधियों का प्रयोग

किया जाता है। उनके द्वारा ही व्यक्ति की रुचियों तथा अन्य विशेषताओं का पता लगाया जाता है। इन विधियों में व्यक्ति इतिहास (Case History), आत्म-कथा (Autobiography), आकस्मिक निरीक्षण अभिलेख (Anecdotal Record), माता-पिता का मत तथा संचित अभिलेख पत्र (Cumulative Record Card) समाहित हैं। इस प्रकार छोटे बच्चों की रुचियों का अवलोकन उनकी क्रियाओं तथा व्यवहार से किया जाता है। खेल रुचि, स्वाध्याय रुचि, रेडियो, टी. वी. तथा सिनेमा में रुचियों का पता बच्चों के व्यवहार से लगाया जाता है।

**2. परामर्श लेने वाला (Counsellee)** भी पूछने पर अपनी रुचियों की अभिव्यक्ति कर सकता है।

**3. रुचि परिसूची (Interest Inventory)** के माध्यम से भी रुचियों का पता लगाया जा सकता है।

## निर्देशन में रुचि मापन का महत्व

## (Use of Interest measurement in guidance)

निर्देशन एवं परामर्श प्रक्रियाओं में रुचि एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। निर्देशन में रुचि का प्रयोग इस प्रकार है :

(क) व्यक्ति की रुचि तथा उसकी योग्यताओं में सह-सम्बन्ध (Correlation) जाने बिना निर्देशन का कार्य अधूरा है। व्यक्ति की रुचि तथा योग्यताओं में कोई सम्बन्ध हो तो रुचि को विकसित करने का प्रयत्न करना चाहिए।

(ख) बहुत से व्यवसाय रुचि सम्बन्धी सह-सम्बन्ध रखते हैं। इसका विचार कर व्यक्तियों को उनकी रुचि की मात्रा के अनुसार सदा निर्देशित करना चाहिए।

(ग) शिक्षा निर्देशन में भी रुचि मापन का महत्व कम नहीं। अध्यापक के लिये यह आवश्यक है कि वह छात्रों की रुचियों को ध्यान में रखे।

(घ) रुचि छात्रों को अध्ययन में प्रेरणा देती है। अध्यापक छात्रों में वाँछित रुचियाँ पैदा कर सकता है। रुचि कॉलेज जीवन में विषय चुनने में अत्यन्त सहायक होती है। विद्यालय जीवन में छात्रों की रुचियों का पता लगाने के उपरान्त उन्हीं के आधार पर उच्च शिक्षा का चयन किया जा सकता है।

## रुचि तालिकाएँ

## (Interest Inventoies)

रुचि परीक्षा व्यक्ति की पसन्द या ना पसन्द को मापने की एक विधि है। रुचि मापन के लिए रुचि तालिका का प्रयोग किया जाता है। इस तालिका में कई पद होते हैं जिनके द्वारा व्यक्तियों के विभिन्न व्यवसाय, मनोरंजन क्रियाओं तथा विषयों से सम्बन्धित अनेक

रुचियों व अरुचियों का पता लगता है। रुचि तालिका से सम्बन्धित महत्वपूर्ण परिसूचियाँ निम्नलिखित हैं–

1. स्ट्रांग की व्यावसायिक परिसूची (Strong's Vocational Interest Inventory)
2. थर्स्टन का व्यवसाय रुचि का कार्यक्रम (Thurstone's Vocational Interest Schedule)
3. क्यूडर का अधिमान रिकार्ड (Cudder's Preference Record)
4. आर. पी. सिंह का रुचि अभिलेख पत्र (R.P. Singh's Interest Record Card)

**1. स्ट्रांग की व्यावसायिक परिसूची**–इस सूची में व्यवसाय के साथ-साथ व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षों को व्यक्त करने का अवसर दिया जाता है। इसमें स्त्री, पुरुष तथा लड़के और लड़कियों को अलग-अलग रिक्त पत्र भरने के लिए दिए जाते हैं। इन रिक्त पत्रों से उनके व्यवसाय, स्कूल विषय, मनोरंजन, विभिन्न कार्य, व्यक्तित्व की विशेषताएँ, दो कार्यों में रुचि की तुलना तथा वर्तमान गुणों तथा योग्यताओं का मूल्यांकन किया जाता है। इनसे यह पता लगाने की कोशिश की जाती है कि पत्र भरने वाले की रुचि किस व्यवसाय में सफल व्यक्ति की रुचि से मेल खाती है। यह परिसूची विभिन्न व्यवसायों में सफल व्यक्तियों के तुलनात्मक अध्ययन पर आधारित है।

**2. थर्स्टन का व्यवसाय रुचि का कार्यक्रम**–थर्स्टन के व्यवसाय रुचि कार्यक्रम में विभिन्न व्यवसायों से सम्बन्धित रुचि ग्रोग्राम बनाया जाता है। इसमें भी व्यक्ति अपनी पसन्द या नापसन्द (Liking or Disliking) के लिए चिन्ह लगाकर रुचि को प्रकट करता है। इसके द्वारा व्यक्तियों को आत्म विशलेषण के लिए प्रोत्साहन मिलता है तथा श्रम व धन की बचत होती है।

**3. क्यूडर का अधिमान रिकार्ड**–क्यूडर के अधिमान रिकार्ड में 168 पद हैं। प्रत्येक पदसमूह को तीन भागों में बाँटा गया है। इनमें से सबसे अधिक और सबसे कम पसन्द वाले पदों को चुनना होता है। यह परीक्षण पद्धति सरल है और हाई स्कूल के लिए उपयुक्त है। इसमें कलात्मक, साहित्यिक, संगीतात्मक, गणनात्मक, यांत्रिक, वैज्ञानिक, समाजसेवा, अनुनयात्मक, लिपिक तथा बाहरी क्षेत्र की क्रियाओं से सम्बन्धित व्यावसायिक रुचियाँ दी गई हैं। परीक्षाओं को जिस प्रकार के व्यवसाय से सम्बन्धित क्षेत्र में सबसे अधिक अंक मिलते हैं, उसकी उसी प्रकार की व्यावसायिक रुचि मानी जाती है।

**4. आर. पी. सिंह का रुचि अभिलेख पत्र**–इस रुचि अभिलेख पत्र द्वारा भी व्यक्तियों की व्यावसायिक रुचि को मापा जाता है। इस रुचि क्षेत्र में वैज्ञानिक, सौन्दर्यात्मक, सामाजिक, लिपिक, व्यापारिक, यांत्रिक तथा बाहरी क्षेत्र की क्रियाओं से सम्बन्धित विभिन्न विषय होते हैं जिनको व्यक्ति अपनी पसन्द या नापसन्द के आधार पर चिन्ह लगाकर अपनी रुचि प्रकट करते हैं।

उपरोक्त रुचि मापन परीक्षणों के अतिरिक्त भारत में कुछ और भी रुचि मापन परीक्षणों का प्रयोग किया जाता है जो निम्नलिखित हैं–

5. स्टीवार्ड एवं बेनार्ड की विशिष्ट रुचि तालिका।

6. हेपनर की व्यावसायिक रुचि-लब्धि।

7. क्लीटन की व्यावसायिक रुचि-तालिका।

8. पी. एस. एम. रुचि परिसूची।

9. कुलश्रेष्ठ का शैक्षिक एवं व्यावसायिक रुचि अभिलेख पत्र।

10. भारद्वाज का रुचि अभिलेख पत्र।

## निर्देशन में रुचि तालिका का प्रयोग
## (Uses of Interest Inventories in Guidance)

निर्देशन में रुचि तालिका का महत्व निम्नलिखित है–

**विद्यार्थियों के लिए (For students)**–रुचि छात्रों को सीखने के अध्ययन में प्रेरणा देती है तथा उन्हें सक्रिय बनाती है। विद्यालय का प्रमुख कार्य छात्रों की रुचि को जानकर उनको विकसित करने का अवसर देना है। परिसूचियाँ विद्यार्थियों को अपने व्यवसायिक चुनाव का निर्णय करने का अवसर देती हैं।

**अध्यापक के लिए (For teachers)**–इनके द्वारा अध्यापक छात्रों की रुचियों का पता लगाकर उनका मार्गदर्शन करता है।

**परामर्शता के लिए (For counsellor)**–परामर्शदाता छात्रों को उनकी रुचियों से परिचित कराएं, उनकी संकीर्ण रुचियों को समाप्त करके नयी रुचियों को विकसित करें और उनकी रुचियों का पता लगाकर उनके आधार पर उनको विषयों का चयन करने का अवसर दें। परिसूचियों के माध्यम से परामर्शदाता छात्रों की समस्याओं का आसानी से समाधान करने में सहायता देते हैं। रुचि तालिकाएँ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की सामान्य और विशिष्ट रुचियों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण उपकरण सिद्ध हुई हैं।

**नियोक्ताओं के लिए (For Employers)**–इनकी सहायता से नौकरी के लिए आए हुए व्यक्तियों का चुनाव करने के लिए नियोक्ताओं को सहायता मिलती है।

## निर्देशन में रुचि तालिका की सीमाएं
## (Limitations of Interest Inventories in Guidance)

1. कई बार देखा जाता है कि आरम्भ में बच्चों की किसी व्यवसाय में रुचि नहीं होती परन्तु कुछ समय पश्चात् रुचि उत्पन्न हो जाती है, इसी कारण विशिष्ट रुचि को विशिष्ट व्यवसाय का प्रतीक नहीं माना जा सकता।

2. बच्चे अनुभवहीन होते हैं, अनुभव न होने के कारण वे कार्य ठीक से नहीं कर पाते और इस कारण वे अपनी रुचि नहीं बता पाते। बालकों की रुचियों को निर्देशन का

आधार नहीं माना जा सकता क्योंकि समय-समय पर रुचि बदलती और विकसित होती रहती है।

3. रुचि पत्रिका में व्यवसायों का वर्गीकरण अवैज्ञानिक होता है। व्यवसायों की सूची बनाना और उनका विवरण देना कठिन है।

4. रुचि और सफलता में सम्बन्ध का होना अनिवार्य नहीं है। व्यवसाय में सफलता व्यक्ति की रुचि से अधिक उसकी योग्यता पर आधारित है। किसी व्यक्ति की किसी व्यवसाय में रुचि होने पर यह जरूरी नहीं कि उस व्यक्ति को उस व्यवसाय में सफलता अवश्य मिलेगी। अधिकतर M.A. करने वाले विद्यार्थी I.A.S. इत्यादि प्रशासनिक सेवाओं में रुचि रखते हैं, परन्तु यह जरूरी नहीं कि उन्हें उस परीक्षा और प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त हो।

5. रुचि तालिका में व्यवसाय का विवरण इकट्ठा करने में कठिनाई होती है तथा उत्तरों की विश्वसनीयता में संदेह बना रहता है।

6. रुचि तथा योग्यता दो भिन्न-भिन्न विचार हैं। कई परिसूचियाँ रुचि की अपेक्षा योग्यता को प्रकट करती हैं। भिन्न-भिन्न श्रेणियों के छात्रों की रुचियाँ भिन्न-भिन्न होती हैं। रुचियों के स्थाई न होने के कारण भावी व्यवसाय का चयन नहीं हो सकता।

उपरोक्त दोषों से यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि रुचि तालिकाएँ उपयोगी नहीं हैं। वास्तविकता में रुचि का विषय ऐसा है कि उस पर आधारित निर्णय पर अधिक विश्वास नहीं किया जा सकता। साधारणतया ये रुचि पत्रियाँ बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं परन्तु इनका प्रयोग करते समय इनकी ऊपर लिखित सीमाओं को ध्यान में अवश्य रखना चाहिए।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. रुचि से क्या अभिप्राय है। यह कितने प्रकार की है। इसको मापने की विधियाँ कौन-कौन सी हैं।

   What is interest ? What are its types ? What are the different techniques of measuring it.

2. रुचि तालिका से आप क्या समझते हैं। निर्देशन में रुचि तालिका के लाभ और सीमाओं की विवेचना कीजिए।

   What do you understand by Interest Inventories. Explain their merits and demerits.

***

# 15 CHAPTER

# व्यक्तित्व का मापन

## (Personality)

**व्यक्तित्व का अर्थ (Meaning of Personality)**—हम जो कुछ हैं या जो कुछ बनना चाहते हैं यही हमारा व्यक्तित्व है। (What we are and what we hope or aspire to become is our personality) यह जीवन के प्रत्येक पक्ष में व्यापक है। यह हमारे व्यवहार को प्रभावित करता है। इसे व्यक्ति के समूचे व्यवहार का दर्पण कहा जाता है। यह व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक, सामाजिक आचरण के ढाँचे का योग है जो व्यवहारों, अनुभवों, तौर-तरीकों, निश्चयों, इच्छाओं, आदर्शों, रुचियों, आदतों, स्वभावों तथा लक्षणों के रूप में प्रकट किया जाता है। व्यक्तित्व में मनुष्य के केवल शारीरिक व मानसिक गुणों का ही वर्णन नहीं किया जाता अपितु सामाजिक गुणों का भी समावेश होता है। व्यक्तित्व में आन्तरिक तथा बाहरी दोनों तत्व आते हैं। व्यक्तित्व एक गतिशील प्रक्रिया है। प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यक्तित्व के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार का व्यवहार करता है। व्यक्तित्व व्यक्ति की सभी प्रकार की जन्मजात प्रकृति, प्रवृत्ति तथा अनुभवों द्वारा अर्जित बातों का योग है। क्रियाएँ करने के पश्चात् व्यक्ति का व्यवहार दृष्टिगत होता है, वही उसका व्यक्तित्व होता है।

अब व्यक्तित्व शब्द की प्रकृति तथा सम्बन्धित अर्थ को जानना होगा। व्यक्तित्व शब्द अंग्रेजी भाषा के (Personality) शब्द का रुपान्तर है। इस 'पर्सनेल्टी' शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'परसोना' (Persona) शब्द से हुई है जिसका अर्थ 'वेशभषा' या नकाब है, जिसे नाटक के समय उसके पात्र पहनते है। परन्तु यह व्यक्तित्व का संकुचित अर्थ है क्योंकि (Persona) का स्वरूप एक बाहरी चीज है और इसमें आन्तरिक लक्षण शामिल नहीं है।

व्यक्तित्व के शाब्दिक अर्थ के अतिरिक्त कुछ अन्य दृष्टिकोण भी हैं जिनसे व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षों की व्याख्या होती है। ये दृष्टिकोण निम्नलिखित हैं—

**1. सामान्य दृष्टिकोण (General View)**—सामान्य दृष्टिकोण से व्यक्तित्व सर्वांगीण विकास का स्वरूप है।

**2. दार्शनिक दृष्टिकोण (Philosophical View)**–दार्शनिक दृष्टिकोण के अनुसार व्यक्तित्व सम्पूर्ण रूप से एक आदर्श रूप है।

**3. समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण (Sociological View)**–समाजशास्त्रीय दृष्टि से व्यक्तित्व सामाजिक क्षेत्र में कुछ गुणों का संगठन पात्र है।

**4. मनोविश्लेषणात्मक दृष्टिकोण (Psychological View)**–मनोविश्लेषणात्मक व्याख्या के अनुसार व्यक्तित्व इदम् (Id), अहम् (Ego) तथा नैतिक मन (Super Ego) का स्वरूप है।

व्यक्तित्व के सम्बन्ध में विभिन्न दृष्टिकोण व्यक्तित्व शब्द की परिभाषा की ओर संकेत करते हैं। अत: व्यक्तित्व की विभिन्न परिभाषाएँ प्रस्तुत हैं–

**मेयर हैड** के अनुसार, ''व्यक्तित्व सम्पूर्ण व्यक्ति का समावेश है। यह व्यक्ति के गठन, रुचि, अभिरुचि, क्षमता तथा योग्यताओं और अभिवृत्तियों का विशेषण संगठन है।''

**Accordng to Mayoor Head**—"Personality is the whole individual considered as a whole. It may be defined as the most characteristic integration of an individual's structures, modes of interest, behaviour, capacities and attitudes."

**वुडवर्थ** के अनुसार, ''व्यक्तित्व व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यवहार की विशेषता है जिसका प्रदर्शन उसके विचारों की आदत, व्यक्त करने के ढंग, अभिवृत्ति तथा रुचि, कार्य करने के ढंग तथा जीवन के प्रति उसकी दार्शनिक विचारधारा के रूप में परिभाषित किया जाता है।''

**According to Woodworth**—"Personality can be broadly defined as the total quality of an individual's behaviour as it is revealed in his habits of thought and expression, his attitudes and interests, his manner of acting and his personal philosophy of Life."

**बोरिंग** के अनुसार, ''व्यक्तित्व व्यक्ति का उसके वातावरण के साथ अपूर्व और स्थायी समायोजन है।''

**Accordng to Boring**—"Personality is an individual's consistent adjustment to his environment."

**कैटल** के अनुसार–''व्यक्तित्व वह है जिसके द्वारा यह भविष्यवाणी की जा सकती है कि एक व्यक्ति किसी दी हुई परिस्थिति में क्या करेगा।''

"Personality is that which permits a prediction of what a person will do in a given situation."

आइज़ैंक के अनुसार, "व्यक्तित्व व्यक्ति के चरित्र, स्वभाव, बुद्धि और शारीरिक बनावट का थोड़ा बहुत ऐसा स्थायी और स्थिर संगठन है जो वातावरण के साथ उसके अपूर्व समायोजन का निर्धारण करता है।"

**Accordng to Eysenck**—"Personality is more or less stable and enduring organisation of person's character, temperament, intellect and physique which determine his unique adjustment to the environment."

व्यक्तित्व के सम्पूर्ण रूप की परिभाषा करने में उपर्युक्त परिभाषाएँ आंशिक हैं। किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व चाहे कितने ही मानसिक गुणों का योग मात्र हो, कितना ही ज्ञानी और चिन्तनशील हो, परन्तु उसके व्यवहार में गतिशीलता न होने पर उसका व्यवहार अधूरा रह जाता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु आलपोर्ट ने अपने विचारों को व्यक्त करके व्यक्तित्व की परिभाषा को अति समीचीन बनाने का पूर्ण एवं सफल प्रयास किया है। निम्न परिभाषा अधिकांश मनोवैज्ञानिकों द्वारा पूर्ण परिभाषा के रूप में स्वीकार्य है–

व्यक्तित्व के क्षेत्र में आलपोर्ट (G.W. Allport 1939) का महत्वपूर्ण योगदान है।

**According to Allport**—"Personality is the dynamic organization within the individual of those psycho-physical systems that determines his unique adjustments to his environment.

"व्यक्तित्व व्यक्ति के मनो-शारीरिक स्वरूपों का वह गत्यात्मक संगठन है जो उसके वातावरण के अपूर्व समायोजन को निर्धारित करता है।"

आलपोर्ट की परिभाषा उन सभी सीमाओं को दूर कर देती है जो सामाजिक मूल्य के रूप में व्यक्तित्व को परिभाषित करने से उत्पन्न होती है। इस परिभाषा की कुछ महत्वपूर्ण विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

1. इस परिभाषा में व्यक्तित्व को गत्यात्मक संगठन के रूप में स्वीकार किया गया है।

2. इस परिभाषा की दूसरी महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें व्यक्तित्व को मनोदैहिक गुणों के रूप में स्वीकार किया गया है। मनोदैहिक गुणों में मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार के गुण सम्मिलित हैं।


3. इस परिभाषा में व्यक्तित्व को निर्धारक के रूप में स्वीकार किया गया है। व्यक्तित्व व्यक्ति की अनुक्रियाओं को प्रभावित करता है। व्यक्तित्व व्यक्ति के समायोजन आदि को भी प्रभावित करता है।

4. व्यक्तित्व व्यक्ति के वातावरण के प्रति समायोजन को अपूर्व (unique) ढंग से करवाता है।

## व्यक्तित्व के लक्षण

### (Characteristics of personality)

ऊपर दी गई परिभाषाओं के प्रकाश में हम व्यक्तित्व के लक्षण इस प्रकार दे सकते हैं-




१. **गतिशील (Dynamic)**—व्यक्तित्व शक्तिमान, परिवर्तनशील तथा सदा विकसित होने वाली चीज है। यदि व्यक्तित्व की वृद्धि रुक जाती है तो सब समझो कि सभ्यता का अन्त आ गया है।

2. **संगठित तथा संकलित (Organised and Integrated)**—व्यक्तित्व भिन्न-भिन्न प्रणालियों का संगठन तथा संकलन है।

3. **अपूर्वता (Uniqueness)**—व्यक्तित्व अपने आप में अपूर्व एवं विशिष्ट होता है। हम सभी अपने आप में अपूर्व एवं दूसरे से भिन्न होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तित्व अन्य लोगों से भिन्न होता है। उसकी अपनी कुछ अलग विशेषताएँ होती हैं।

4. **मनोभौतिक (Psycho-physical)**—व्यक्तित्व भौतिक भी है और मानसिक भी।

5. **सामाजिक (Social)**—व्यक्तित्व अन्त तक सामाजिक है। यह आपसी सामाजिक क्रिया द्वारा विकसित होता है। किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व बनाने में समाज का प्रमुख हाथ है।

6. **निर्धारक (Determinant)**—व्यक्तित्व हमारे विचारों तथा कार्यों को निर्धारित करता है और हमारे निश्चित लक्ष्यों को मोड़ देता है।

7. **स्व-चेतन (Self-Conscious)**—व्यक्तित्व स्व-चेतन होता है (स्वचेतनता व्यक्तित्व की महत्त्वपूर्ण विशेषता है)। हम कौवे को व्यक्तित्व नहीं कह सकते और छोटे बच्चे को भी व्यक्तित्व नहीं कहा जा सकता क्योंकि व्यक्तित्व के साथ निजी

पहचान का भाव जुड़ा हुआ है। बच्चों में अभी यह रूप धारण कर रहा होता है।

**8. वातावरण के साथ समायोजन (Adjustment with environment)**– व्यक्तित्व अपने भीतरी जीवन के वातावरण के अनुसार ढलता रहता है।

9. व्यक्तित्व एक पूर्ण इकाई है।

## व्यक्तित्व के विकास को प्रभावित करने वाले कारक (Factors affecting development of personality)

व्यक्तित्व को प्रभावित करने वाले कारकों को हम तीन श्रेणियों में बाँट सकते हैं–

1. वंशानुक्रम सम्बन्धी कारक (Hereditary Factors)
2. वातावरण सम्बन्धी कारक (Environment Factors)
3. मनोवैज्ञानिक कारक (Psychological Factors)

**1. वंशानुक्रम सम्बन्धी कारक (Hereditary Factors)**

इस श्रेणी को हम व्यक्तिगत कारक (Personal Factors) का नाम भी दे सकते हैं। इसमें निम्नलिखित कारक व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं।

**(क) शारीरिक रचना एवं सामान्य स्वास्थ्य (Physical structure and general health)**–व्यक्तित्व का बाहरी पर्दा शारीरिक रचना पर निर्भर करता है। सुन्दर तथा स्वस्थ शरीर आकर्षक व्यक्तित्व का स्वामी होता है।

**(ख) बुद्धि (Intelligence)**–व्यक्ति की बुद्धि का स्तर भी व्यक्तित्व के कई पक्षों को प्रभावित करता है। बुद्धिमान व्यक्ति समाज में उचित ढंग से समायोजित हो जाता है, लेकिन मन्दबुद्धि बालक को समायोजन में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**(ग) ऊंचाई तथा भार (Height and Weight)**–व्यक्ति का व्यक्तित्व व्यक्ति की ऊंचाई तथा सन्तुलित भार से आकर्षक दिखाई देता है। सन्तुलित ऊंचाई तथा भार से व्यक्ति में आत्म-विश्वास झलकता है और किसी प्रकार की हीन भावना उत्पन्न नहीं होती।

**(घ) लैंगिक भेद (Sex difference)**–व्यक्तित्व का विकास लैंगिक अन्तरों पर बहुत निर्भर करता है। लड़के प्रायः लड़कियों से अधिक हठता वाले, कठोर दिल तथा साहसी होते हैं। लड़कियाँ निजी, संवेगात्मक तथा सामाजिक समस्याओं से अधिक चोट खाती हैं।

**(ङ) प्रणाली विहीन ग्रन्थियों का विकास (Development of Ductless Glands)**–प्रणाली विहीन ग्रन्थियों के उचित विकास से व्यक्ति का विकास संतुलित रहता है। इन ग्रन्थियों में प्रमुख हैं–(क) उपवृक्क ग्रन्थि (Adernal Glands)

(ख) गल ग्रन्थि (Thyroid Glands) (ग) उप-गल ग्रन्थि (Para-thyroid Glands) (घ) पिचुटरी ग्रन्थि (Pituitary Glands) (च) यौन-ग्रन्थियाँ (Sex Glands)

## वातावरण सम्बन्धी कारक
## (Environmental Factors)

**1. पारिवारिक वातावरण (Family Environment)**—अच्छा तथा सहानुभूतिपूर्ण पारिवारिक वातावरण व्यक्तित्व के विकास के लिए अनिवार्य है। परिवार में यदि बालकों पर नियन्त्रण न रखा जाये तो वे बाल-अपराधी बन सकते हैं। परिवार में यदि बालक के साथ पक्षपात किया जाए तो इसका प्रभाव इस पक्षपात के शिकार बच्चों पर अनुशासनहीनता के रूप में पड़ता है।

**2. पारिवारिक जीवन का नमूना (Family life pattern)**—पारिवारिक जीवन, माता-पिता के लक्ष्य, आशाएँ, उनकी संवेगात्मक स्थिरता तथा अस्थिरता, उनके द्वारा बच्चों की आवश्यकता से अधिक अथवा आवश्यकता से कम रखवाली—ये सभी बातें व्यक्तित्व के विकास पर प्रकाश डालते हैं।

**3. बचपन के प्रारम्भ में प्राप्त किए गए अनुभव तथा व्यक्तित्व**—बचपन के अनुभव का व्यक्तित्व के विकास पर बहुत प्रभाव पड़ता है। आरम्भिक जीवन के खिंचाव तथा संवेगात्मक गड़बड़ी व्यक्तित्व के विकास पर प्रभाव डालते हैं।

**4. भौतिक और भौगोलिक वातावरण (Physical and Geographical Environment)**—भौतिक तथा भौगोलिक परिस्थितियाँ मनुष्य के व्यक्तित्व पर प्रभाव डालती हैं। भिन्न-भिन्न जलवायु में रहने वाले लोगों का व्यक्तित्व भी भिन्न-भिन्न होता है।

**5. आस-पड़ोस का वातावरण (Neighbourhood Environment)**—बालकों के आस-पड़ोस के वातावरण का भी व्यक्तित्व पर प्रभाव पड़ता है। यदि पड़ोसी पढ़े-लिखे तथा सभ्य हों तो बच्चा भी भला व्यक्ति बनेगा। उसके व्यक्तित्व पर मित्र-मण्डली का भी प्रभाव पड़ता है।

**6. सामाजिक वातावरण (Social Environment)**—व्यक्ति जिस समाज में रहता है उसका सीधा प्रभाव उसके व्यक्तित्व पर पड़ता है। इन प्रभावों से व्यक्ति के खाने-पीने का ढंग, रहने का ढंग, बोलचाल का ढंग आदि प्रभावित होते हैं।

**7. स्कूल वातावरण (School Environment)**—बालकों के व्यक्तित्व को निखारने में स्कूल भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। अध्यापक का व्यक्तित्व, स्कूल का पाठ्यक्रम तथा शिक्षण की विधियाँ विशेष रूप से बालकों को प्रभावित करती हैं।

**8. सांस्कृतिक वातावरण (Cultural Environment)**—व्यक्तित्व को संस्कृति का दर्पण या प्रतिबिम्ब कहा जाता है। प्रत्येक देश की अपनी-अपनी संस्कृति होती है

और उसके परिणास्वरूप व्यक्तियों का व्यक्तित्व प्रभावित होता है। संस्कृति भौतिक (Material) और अभौतिक (Non-Material) हो सकती है। भौतिक संस्कृति में भौतिक वस्तुओं का आविष्कार तथा अभौतिक संस्कृति में प्रचलित रीति-रिवाज (Folk-ways), रुढ़ियाँ (Modes) आदि शामिल होती हैं।

## मनोवैज्ञानिक कारक
## (Psychological Factors)

व्यक्तित्व को प्रभावित करने वाले मुख्य कारकों में मनोवैज्ञानिक कारक भी शामिल हैं। इन कारकों में अभिप्रेरणा (Motivation), चरित्र (Character), बौद्धिक क्षमताएँ (Intellectual Capacities) अभिवृत्तियाँ (Attitudes), रुचियाँ (Interests) आदि व्यक्तित्व के विकास में भूमिका निभाते हैं।

इस प्रकार निष्कर्ष यह है कि मनोवैज्ञानिक कारकों पर वंश तथा वातावरण का प्रभाव पड़ता है। वंश कच्चा माल है, संस्कृति नमूना प्रदान करती है और परिवार कारीगर का कार्य करता है, क्योंकि माता-पिता ही समाज की संस्कृति को बच्चों तक पहुँचाते हैं।

## व्यक्तित्व का मापन
## (Measurement of Personality)

व्यक्तित्व एक ऐसा शब्द है जिसके लिए मापन (Measurement) शब्द का प्रयोग उपयुक्त नहीं लगता। क्योंकि विकास को 'मापा' नहीं जा सकता, उसका तो केवल मूल्यांकन (Evaluation or Appraisal) ही किया जा सकता है। हम व्यक्तित्व का मूल्यांकन करते हैं क्योंकि उसके द्वारा हम व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक तथा सामाजिक व्यवहार जान सकते हैं। यह हमारे अचेत मन को जानने में सहायता देता है। व्यक्तित्व के माप के लिए निम्नलिखित तीन मुख्य विधियाँ हैं-

(क) व्यक्तिनिष्ठ विधियाँ (Subjective Methods)

(ख) वस्तुनिष्ठ विधियाँ (Objective Methods)

(ग) प्रक्षेप विधियाँ (Projective Methods)

**(क) व्यक्तिनिष्ठ विधियाँ (Subjective Methods)**—किसी मनुष्य के व्यक्तित्व को मापने की व्यक्तिनिष्ठ विधियों में उसे अपने आपको मापने के लिए कहा जाता है। व्यक्तित्व के माप के लिए कुछ व्यक्तिनिष्ठ विधियाँ निम्नलिखित हैं-

**(i) आत्मकथा (Autobiography)**—आत्मकथा में व्यक्ति स्वयं अपनी जीवन गाथा लिखता है और दूसरे व्यक्ति उसे पढ़कर आत्म-कथा लिखने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व का मूल्यांकन करते हैं। आत्मकथा में लेखक भूतकाल का अधिक वर्णन करता है। व्यक्ति उस आत्मकथा में अपने अनुभवों, रुचियों, इच्छाओं तथा लक्ष्यों का अप्रत्यक्ष रूप में वर्णन करता है। इस विधि का दोष यह है कि इसे अधिक विश्वसनीय तथा

प्रामाणिक नहीं समझा जा सकता क्योंकि इसमें बहुत सी बातें स्मरण शक्ति के आधार पर लिखी जाती हैं और स्मरण शक्ति कई बार धोखा दे जाती है। इसमें लेखक अपने गुणों को बढ़ा-चढ़ाकर और अवगुणों को छिपाने की कोशिश करता है।

**(ii) साक्षात्कार विधि (Interview technique)**–मुलाकात करने वाले तथा मुलाकात किये जाने वाले के बीच (Face to Face relationship) का नाम साक्षात्कार है। साक्षात्कार करने वाला जानकारी के लिए कुछ प्रश्न पूछता है। उसे जो उत्तर मिलते हैं इकट्ठे करता जाता है उसके भिन्न-भिन्न लक्षणों के बारे में जानता जाता है। इस प्रकार उस व्यक्ति की रुचियों, आशाओं, इच्छाओं, सामाजिकता तथा लक्षणों का पता लगता है। इस विधि की कमी यह है कि यह व्यक्तिगत होने के कारण काफी महंगी है। इन्टरव्यू लेने के लिए प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता होती है जिनका अभाव होता है।

**(iii) केस-हिस्टरी विधि (Case History Method)**–यह विधि व्यक्तिनिष्ठ कहलाती है। इस विधि द्वारा हम व्यक्ति की पिछली जिन्दगी के तथ्यों को रिकार्ड करते हैं। इस विधि द्वारा हम व्यक्ति की पिछली जिन्दगी के तथ्यों को इकट्ठा करके उनका विश्लेषण करते हैं। यह एक प्रकार से व्यक्ति का पूर्ण इतिहास होता है। इस विधि द्वारा अधिकांश समायोजन क्षमताओं (Adjustment Capacities) का अध्ययन किया जा सकता है। इस विधि के अन्तर्गत आधार सामग्री को इकट्ठा करना कठिन हो जाता है। इसके सफल प्रयोग के लिए प्रशिक्षित व्यक्तियों का अभाव पाया जाता है।

**(iv) प्रश्नावली (Questionnaire)**–किसी व्यक्ति अथवा बहुत से व्यक्तियों को जिनके व्यक्तित्व का मूल्यांकन करना है, प्रश्नों की एक सूची (list) दे दी जाती है। हम उन प्रश्नों के दिये गये उत्तरों से उसके व्यक्तित्व का अनुमान लगा सकते हैं। व्यक्तित्व के मापन में प्रश्नावली व्यक्ति का किसी विशेष वस्तु या स्थिति के प्रति दृष्टिकोण और उसके ज्ञान के भण्डार को जानने का साधन है। प्रश्नावली विधि के द्वारा व्यक्ति की चिन्ताओं, आर्थिक-सामाजिक विचारों, संगीत, साहित्य तथा व्यवसाय आदि में रुचि का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। बन्द, खुली, सचित्र तथा मिश्रित प्रश्नावली द्वारा अनेक प्रश्न पूछे जाते हैं। इस विधि के द्वारा व्यक्तियों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है। एक ही साथ अनेक व्यक्तियों की परीक्षा ली जा सकती है जिससे समय की बचत होती है तथा इसके द्वारा व्यक्तित्व के किसी भी गुण का मापन किया जा सकता है। इस विधि में व्यक्ति सभी प्रश्नों का उत्तर सही ढंग से नहीं दे पाते या लापरवाही के कारण गलत उत्तर दे देते हैं और सभी प्रश्नों का उत्तर देना भी कठिन होता है। फिर भी कहा जा सकता है कि यदि प्रश्नों की रचना सावधानीपूर्वक की जाए तो प्रश्नावली को कुछ सीमा तक विश्वसनीय समझा जा सकता है।

**( ख ) वस्तुनिष्ठ विधियाँ (Objective Techniques)**–वस्तुनिष्ठ विधियों में हम व्यक्ति के अपने बयान या उत्तर पर भरोसा नहीं करते हैं। वस्तुनिष्ठ विधियों को

वैज्ञानिक कहा जाता है क्योंकि ये वस्तुनिष्ठ विधियाँ आधार सामग्री पर निर्भर हैं। व्यक्तित्व का अनुमान लगाने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली वस्तुनिष्ठ विधियाँ निम्नलिखित हैं-

**(i) अवलोकन विधि (Observation Method)**—इस विधि में व्यक्ति को कोई कार्य करने के लिए कहा जाता है और मनोवैज्ञानिक उसका व्यवहार देखता है। वह उन लक्षणों का, जो उस व्यक्ति के होते हैं, दर्जा देखने की कोशिश करता है। परन्तु इस विधि में बहुत देर लगती है और बच्चे के अवलोकन में गलती हो सकती है।

**(ii) समाजमिति विधि (Sociometric Method)**—इस विधि द्वारा व्यक्ति के व्यक्तित्व के सामाजिक पहलू का मूल्यांकन किया जाता है। सर्वप्रथम इस विधि का जे. एल. मोरिनो (J.L. Morino) ने पता लगाया। इस विधि में बालकों से उसकी पसन्द पूछी जाती है। इन तथ्यों के आधार पर सोशियोग्राम (Sociogram) खींचा जाता है। इस (Sociogram) का विश्लेषण करके व्यक्ति के व्यक्तित्व का अध्ययन किया जाता है।

**(iii) शारीरिक विज्ञान के यंत्र (Physiological Instruments)**—वैज्ञानिकों ने किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व की स्वास्थ्य-सम्बन्धी परिस्थितियों को जानने के लिए भिन्न यंत्र बनाए हैं-

**1. नाड़ी-लेखी (Sphygmograph)**—इस यन्त्र की सहायता से नाड़ी की रफ्तार या गति देखी जाती है।

**2. रक्त दबाव लेखी (Plenthy somograph)**—इस यंत्र की सहायता से रक्त का दबाव देखा जाता है।

**3. बिजली की हृदय लेखी (Electro-Cardiograph)**—इस उपकरण द्वारा हृदय की गति मापी या रिकार्ड की जाती है।

**4. स्नायुलेखी (Pneumograph)**—इस यंत्र की सहायता से स्नायु संस्थान का अध्ययन किया जाता है।

**5. साइको गैलवेनोमीटर (Psycho-Galvanometer)**—इसकी सहायता से त्वचा के रासायनिक परिवर्तन देखे जाते हैं।

**(iv) क्रम निर्धारण मान (Rating Scales)**—क्रम निर्धारण मान से आशय एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति के बारे में अनुमान लगाना है। यह वह विधि है जिसमें हम विशेष लक्षण के बारे में राय की अभिव्यक्ति करते हैं। क्रम निर्धारण माता-पिता, मित्रों, अध्यापकों, मुलाकात करने वाले बोर्ड, परीक्षकों तथा जजों द्वारा किया जाता है। मापदण्ड निर्धारित करने के लिए रेटिंग स्केल तीन, पाँच, सात श्रेणियों का बनाया जाता है जैसे- सबसे अच्छा, बहुत अच्छा, अच्छा, सामान्य, घटिया, बहुत घटिया और सबसे घटिया। इस प्रकार के रेटिंग स्केल के आधार पर निर्णायक बच्चों के व्यक्तित्व का मापन करते हैं।

ह विधि इसलिए लाभदायक है क्योंकि इसके द्वारा हमारा व्यक्तिनिष्ठ निर्णय बताया जाता है।

**(ग) प्रक्षेपी विधियाँ (Projective Methods)**–प्रक्षेपण का अर्थ है अपनी चाहों, विचारों, इच्छाओं, आशाओं, डरों तथा दमन इच्छाओं को किसी बाह्य पदार्थ के साथ जोड़ना। **शमलर (Schmuller) के अनुसार**–प्रक्षेपी विधि ऐसा साधन है जिसके द्वारा उद्दीपकों के प्रति व्यक्ति की प्रतिक्रियाओं के आधार पर व्यक्ति के व्यवहार का वर्णन किया जाता है। "Projective method is a means for describing the individual's pattern of behaviour on the basis of his responses to stimuli." कुछ प्रक्षेपी विधियाँ इस प्रकार हैं–

**1. रोरशा इंक ब्लाट टैस्ट (Rorschch Ink-Blot test)**–रोरशा इंक ब्लाट टैस्ट हरमन रोरशा ने 1921 में तैयार किया था। यह व्यक्तित्व के अध्ययन की बहुत ही लाभदायक विधियों में से है। इसमें बच्चों को पाँच कार्डों पर भिन्न-भिन्न रंग वाले धब्बे तथा पाँच कार्डों पर काली स्याही वाले धब्बे दिखाए जाते हैं और फिर उनसे पूछा जाता है कि वे इन धब्बों में क्या देखते हैं। उनकी उस कल्पना के आधार पर ही जो प्रतिक्रिया होती है उसे 33 भागों में बाँटा गया है और फिर उनके आधार पर बच्चों का विश्लेषण किया जाता है। यह विधि नियमबद्ध होती है परन्तु इसका प्रयोग करने के लिए योग्य तथा प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता होती है जिनका अभाव पाया जाता है। इसलिए यह विधि अधिक व्यवहारिक नहीं हो पाई। यह विधि छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं समझी जाती क्योंकि वे ठीक ढंग से उत्तर नहीं दे पाते। इस विधि के लिए समय और मेहनत अधिक लगानी पड़ती है। इसमें यह देखा जाता है कि परीक्षार्थी धब्बे को समग्र रूप में देखता है या कोई विशेष अंग उसको प्रोत्साहित करता है। इसमें यह भी देखा जाता है कि परीक्षार्थी पर प्रतिक्रिया किस कारण हुई–धब्बे की बनावट के कारण धब्बे के रंगों के कारण या धब्बे की गति के कारण। इसमें यह भी देखा जाता है कि परीक्षार्थी को धब्बे में क्या वस्तु दिखाई दी–मनुष्य, पशु, निर्जीव या सजीव इत्यादि। इसमें परीक्षार्थी की संवेगात्मक प्रकृति, उसकी पर्यवेक्षण शक्ति, मन की भावना एवं बौद्धिक स्तर इत्यादि का पूरा-पूरा ज्ञान हो जाता है।

**2. वाक्य पूर्ति टैस्ट (Sentence Completion test)**–इस विधि में व्यक्ति को कुछ अपूर्ण वाक्य दिये जाते हैं और उसे कहा जाता है कि उस सूची को शीघ्र देखकर प्रत्येक वाक्य को पूरा करे। उदाहरणार्थ मैं उन्हें पसन्द नहीं करता जो ...। वाक्य पूर्ति परीक्षण विधि का सर्वप्रथम प्रयोग पाइन (Pyne) ने 1930 में किया। इसमें 20 वाक्य होते हैं। इसमें यह माना जाता है कि वाक्य पूर्ति में परीक्षार्थी उन्हीं शब्दों का प्रयोग करता है जो उसके, भय, डर आदि को व्यक्त करते हों। इस प्रकार यह व्यक्तित्व गुणों का बोध कराता है।

**3. खेल विधि (Play Technique)**—खेल द्वारा बच्चों के सामाजिक तथा असाधारण व्यवहार का पता लगाया जा सकता है, क्योंकि वे खेल द्वारा अपने तनाव, उग्रता, डर तथा निराशा की भावनाएँ उस सामान द्वारा, जो वे खेलने के लिए प्रयोग करते हैं, प्रकट करने की कोशिश करते हैं। खेल तथा 'ड्रामा' व्यक्तित्व मापन की अच्छी विधि मानी जाती है क्योंकि इसमें परीक्षार्थी अपनी भावनाओं का स्वतन्त्र प्रदर्शन कर सकता है। इस विधि के निर्माता प्रसिद्ध मनो-वैज्ञानिक जे. एल. मोरोनो थे जिन्होंने अपने प्रयोग वियना (Vienna) में किए। इसमें बच्चों को स्वतन्त्र रूप से खिलौनों से खेलने दिया जाता है। निरीक्षक इस बात का ध्यान करता है कि परीक्षार्थी किस प्रकार विभिन्न प्रकार के खिलौनों से खेलता है। परीक्षार्थी जब नाटक खेलता है तो अपनी भावनाओं को प्रदर्शित करता है, अपनी समस्याओं को दिखाता है, जिससे वह उनके समाधान हेतु कोई रास्ता पा सके।

**4. थैमेटिक एपरसैपशन टैस्ट ( टी. ए. टी. ) (Themetic Apperception Test T.A.T.)**—मूरे (Murray) तथा मारगन (Morgan) ने यह टैस्ट दिया था। इसमें 30 चित्र होते हैं जो जीवन के भिन्न-भिन्न दृश्य पेश करते हैं। इनमें से 10 पुरुषों के लिए हैं, 10 स्त्रियों के लिए और 10 दोनों के लिए। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को 20 चित्र दिखाए जाते हैं। इसके पश्चात उनको उन चित्रों के आधार पर कहानी लिखने के लिए कहा जाता है। यह क्रिया रोरशा परीक्षा से अधिक सुगम है। कहानी के द्वारा व्यक्ति अपने विचारों, समस्याओं और भावनाओं को व्यक्त करता है। यह कहानी उसके जीवन से काफी मिलती-जुलती है। इस कहानी के विश्लेषण के पश्चात ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का मूल्याकन किया जाता है। इस परीक्षण द्वारा व्यक्ति की रुचि, अभिरुचि, आवश्यकता तथा इच्छाओं को जानकर उसके व्यक्तित्व का मापन किया जाता है। परीक्षार्थी को कहानी का मध्य भाग दर्शाया जाता है और उसे प्रारम्भ तथा अन्त की खोज करनी होती है। टी.ए.टी. का हिन्दी संस्करण कलकत्ता की उमा चौधरी के द्वारा तैयार किया गया है।

**5. शब्द सहचर्य टैस्ट (Word Association test)**—इस विधि का सर्वप्रथम प्रयोग गाल्टन (Galton) ने अपनी मनोविज्ञान प्रयोगशाला में 1879 में किया। गाल्टन के पश्चात् यंग (Yang) ने भी इसी विधि का प्रयोग किया और 100 शब्दों की एक सूची तैयार की। इस विधि में व्यक्ति को कहा जाता है कि वह उद्दीपक शब्द सुनने के बाद पहला शब्द जो उसके मन में आता है, उसे बोले। उस शब्द के आधार पर ही व्यक्तित्व का मापन किया जाता है। उदाहरण के लिये, मान लो कि उद्दीपक शब्द 'प्यार' (Love) है एवं प्रतिक्रिया शब्द 'माँ' है तो दोनों शब्द का एक अर्थ है। यह परीक्षार्थी की माँ के प्रति प्रतिक्रिया बताता है।

**6. मौलिक-ड्राइंग तथा पेंटिंग (Original Drawing and Painting)**—यह देखा गया है कि ड्राइंग के विषय, प्रयोग किए गए रंग तथा रेखाओं की लम्बाई व्यक्ति के लक्षणों के सूचक हैं। बच्चे ने जिस ढंग से ड्राइंग का विषय चुना है तथा उसमें अपनी

इच्छा से जिन रंगों का प्रयोग किया है तथा जिस प्रकार और आकार की रेखाएँ खींचो हैं उसके आधार पर मनोवैज्ञानिक बच्चे के व्यक्तित्व का मूल्यांकन करते हैं।

**7. लिखाई की विशेषताएँ (Features of Hand-writing)**–लिखाई की विशेषताओं को व्यक्तित्व के लक्षणों से सम्बन्धित किया गया है। लिखाई में एकरूपता, अन्तर, रफ्तार, दबाव, निरन्तरता आदि व्यक्ति के संवेगात्मक समायोजन की ओर काफी संकेत देते हैं। बच्चा जिस ढंग से, जिस रफ्तार तथा दबाव से लिखता है उसी के आधार पर बच्चे के व्यक्तित्व का मापन किया जाता है। शब्दों का आकार, शब्दों का झुकाव, शब्दों का स्थान, दो शब्दों में अन्तर विभिन्न प्रकार के शब्दों पर दबाव आदि व्यक्तित्व के कई पक्षों की सूचना देते हैं। शब्दों की बनावट से कई बार यह भी पता चल जाता है कि लिखने वाला पुरुष है या नारी, जवान है या बूढ़ा, बच्चा है या प्रौढ़।

कुछ और प्रक्षेप विधियाँ हैं जो व्यक्तित्व के माप में प्रयोग की जाती हैं, जैसे–

**1. बैलक तथा बैलक का एपरसैपशन टैस्ट (Children Apperception test by Balluk and Balluk)**–इस टैस्ट का प्रतिपादन बैलक तथा बैलक ने किया। इसमें बच्चों को जानवर के चित्र बने हुए 10 कार्ड दिखाए जाते हैं और उनसे सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाते हैं तथा उनके द्वारा दिए गए उत्तरों के आधार पर बच्चों के व्यक्तित्व का मापन किया जाता है।

**2. कहानी कहने तथा कहानी पूरा करने का टैस्ट (Story telling and story completion test)**–इस टैस्ट के अन्तर्गत बच्चे को कहानी सुनाने के लिए कहा जाता है या किसी अधूरी कहानी को पूरी करने के लिए कहा जाता है। कहानी के द्वारा बच्चे अपनी आन्तरिक भावनाओं को व्यक्त करते हैं और उनकी इसी अभिव्यक्ति के ढंग के आधार पर बच्चों के व्यक्तित्व का मापन किया जाता है।

**3. नाटक या पुतलियों का तमाशा (Dramatic and puppet show)**–इसके अन्तर्गत देखकर या खेलकर तथा कठपुतलियों का तमाशा देखकर बच्चे अपने डर, निराशा तथा तनाव के भावों को व्यक्त करते हैं जिसके आधार पर उनके व्यक्तित्व का मापन किया जाता है।

**4. रोजनवेग का चित्र निराशा अध्ययन (Picture frustration study by Rosenweig)**–इसके आधार पर भी बच्चों के व्यक्तित्व का मापन किया जा सकता है।

## व्यक्तित्व मापन परिसूचियां
## (The Personality Inventories)

इनको 'कागज तथा पैन्सिल' परीक्षण भी कहते हैं। इनके द्वारा व्यक्तित्व का स्व-मापन होता है। व्यक्तित्व मापन की कुछ महत्वपूर्ण परिसूचियाँ निम्नलिखित हैं–

**1. बैल समायोजन परिसूची (Bell's Djustment Inventory)**–यह परिसूची 'कागज तथा पैन्सिल' की प्रश्नावली का समूह है–एक वयस्क के लिये तथा दूसरा विद्यार्थियों के लिए। विद्यार्थी भाग में 140 प्रश्न हैं जिनका उत्तर 'हाँ', 'ना' द्वारा दिया जाता है। समायोजन के चार क्षेत्रों का मापन होता है। प्रत्येक क्षेत्र में 35 प्रश्न होते हैं। यह क्षेत्र हैं–परिवार, स्वास्थ्य, सामाजिक और संवेगात्मक।

**2. मिनेसोटा बहुमुखी व्यक्तित्व परिसूची (Minnesota Multi-phasic Inventory (MMPI))**–इस परिसूची में 550 पद हैं जिनमें रुचियाँ, सामाजिक दृष्टिकोण आदि गुण समाहित हैं। यह प्राय: व्यक्ति को भिन्न कार्डों पर प्रस्तुत किये जाते हैं। उनका प्रयोग 16 वर्ष या इससे बड़ी आयु वाले व्यक्तियों के लिये होता है। परीक्षार्थी को 'सच है' (True), झूठ है (False) या 'नहीं कह सकता' (Cannot say) में उत्तर देना होता है। MMPI का सम्बन्ध चिकित्सात्मक एवं निदानात्मक है।

**3. मित्तल समायोजन परिसूची (Mittal's Adjustment Inventory)**–इसका निर्माण वी. के. मित्तल ने किया था और यह चार क्षेत्रों–परिवार, स्वास्थ्य, संवेग–का मापन करती है। यह स्कूल तथा कॉलिजों में विद्यार्थियों का समायोजन मापती है। प्रत्येक क्षेत्र के लिए 20 प्रश्न हैं।

## अभ्यास के लिए प्रश्न

1. व्यक्तित्व का अर्थ और परिभाषा दीजिए। वे कौन-से कारक हैं जो व्यक्तित्व के विकास को प्रभावित करते हैं।

   Define the meaning and nature of personality. What are the factors affecting the development of personality ?

2. व्यक्तित्व को कैसे मापा जा सकता है ? इसका मू .कन करने वाली आवश्यक विधियों का वर्णन करो।

   How can Personality be measured ? Describe the essential methods of personality assessment.

3. व्यक्तित्व के विभिन्न लक्षणों की व्याख्या कीजिए।

   Explain various characteristics of Personality.

❋ ❋ ❋

ISBN 978-93-84004-92-7
9 789384 004927

**VIJAYA PUBLICATIONS**
***Educational Publishers***
Books Market, Ludhiana-141 008
Mobile : 9814067258, 9779368600
Email : vijayapublication@yahoo.in
http://www.facebook.com/Vijaya Publications Ludhiana